CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

234
7.6

जीवराज जैन ग्रन्थमाला पुष्प (४ अ)

श्री-त्रिविक्रम विरचित

प्राकृतशब्दानुशासन

[हिन्दी अनुवाद]

5443

स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंदजी

: प्रकाशक :

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापूर

वि. स. २०३०] [किं. १२ रु.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

5443

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जीवराज जैन ग्रन्थमाला पुष्प (४ अ)

ग्रन्थमाला-संपादक

डॉ. आदिनाथ उपाध्ये * डॉ. हीरालाल जैन

श्री-त्रिविक्रम-विरचित

प्राकृतशब्दानुशासन

हिन्दी अनुवाद

5443

हिन्दी अनुवादक

डॉ. केशव वामन आपटे, एम्. ए., पीएच्. डी.

संस्कृत अर्धमागधीके प्राध्यापक, विलिंग्डन् कॉलेज,

सांगली

प्रकाशक

लालचंद हिराचंदजी

जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापूर

वि. स. २०३०] वी. नि. सं. २४९९ [इ. स. १९७३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रथम आवृत्ति
प्रती १०००
मूल्य प्रत्येक प्रति रु. १२ (पोस्टेज अलाहिदा)

श्री जीवराज जैन ग्रंथमालाका परिचय

सोलापूर निवासी स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंद दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्मकार्यमें अपनी वृत्ति लगा रहे थे। सन १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित संपत्तिका उपयोग विशेषरूपसे धर्म और समाजके कार्यमें करें। तदनुसार उन्होंने समस्त देशका परिभ्रमण कर जैन विद्वानोंसे साक्षात् और लिखित संमतियां इस बातकी संग्रह कीं कि कौनसे कार्यमें संपत्तिका विनियोग किया जाय। स्फुट मतसंचय कर लेनेके पश्चात् सन १९४१ में ग्रीष्मकालमें ब्रम्हचारीजीने तीर्थक्षेत्र श्रीगजपंथाजी (नासिक) के शीतल वातावरणमें विद्वानोंकी समाज एकत्र की और ऊहापोहपूर्वक निर्णयके लिये उक्त विषय प्रस्तुत किया गया।

विद्वान्‌संमेलनके फलस्वरूप ब्रम्हचारीजीने जैन संस्कृति तथा साहित्यके समस्त अंगोंके संरक्षण, उद्धार और प्रचारके हेतुसे 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' की स्थापना की। और उसके लिये रु. ३०००० के दानकी घोषणा कर दी। उनकी परिग्रहनिवृत्ति बढती गई और सन १९४४ में उन्होने लगभग दो लाख की अपनी संपूर्ण संपत्ति संघको ट्रस्ट रूपसे अर्पण कर दी। इसतरह आपने अपने सर्वस्वका त्याग कर दिनांक १६-१-१९५७ को अत्यन्त सावधानी और समाधानसे समाधिमरणकी आराधना की।

इसी संघके अंतर्गत 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' का संचालन हो रहा है। प्रस्तुत ग्रंथ इसी ग्रंथमालाका पुष्प है।

प्रकाशक:
लालचंद हीराचंद
अध्यक्ष
जैन संस्कृति संरक्षक संघ,
सोलापूर.

मुद्रक:
सौ. शैलजा बर्वे,
वेद-विद्या मुद्रणालय,
४१ बुधवार पेठ,
पुणें २.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंद दोशी

स्व. ता. १६-१-५७ पौष शु. १५

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विषयानुक्रमणिका

१	प्रधान संपादकीय	१–२
२	प्रस्तावना	३–६
३	मूलसूत्र तथा हिन्दी अनुवाद	१–३०८
४	सूत्र–सूची (अकारानुक्रमसे)	३०९–३२७
५	टिप्पणियाँ	३२८–३४०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रधान संपादकीय

दक्षिण भारतमें प्राकृत-व्याकरणोंके अध्ययनका एक नया युग त्रिविक्रमका प्राकृत-व्याकरण सूचित करता है। इस व्याकरणपर सिंहराज, लक्ष्मीधर तथा अप्पय्य दीक्षित जैसे पंडितोंने टीकाएँ लिखी हैं। इस व्याकरणका चिकित्सापूर्ण संपादन डॉ. पी. एल्. वैद्यजीने किया है। आप भारतमें गत चालीस वरसोंसे अधिक समय प्राकृत अध्ययनके अग्रणी रहे हैं। आप प्राकृत और अपभ्रंश रचनाओंके संपादन कार्यके सचमुच पथिकृत् हैं। खिस्ताब्द १९५४ में, इस ग्रंथमालामें जब डॉ. वैद्यजीद्वारा संपादित त्रिविक्रमके व्याकरणका संस्करण प्रकाशित हुआ, तब स्व. ब्रह्मचारी गौतमजीने कामना प्रदर्शित की थी कि इसका हिंदीमेंभी अनुवाद प्रकाशित हो। इस संबंधमें प्रधान संपादकोंने अपनी टिप्पणीमें इस प्रकारका अभिवचनभी दिया था—'इस संपादित ग्रंथका पूरक ग्रंथके रूपमें हिंदी अनुवाद प्रकाशित करनेका आयोजन किया जा रहा है'। परंतु कुछ अनिवार्य कारणोंसे इस हिंदी अनुवादका प्रकाशन होनेमें लगभग बीस वरसोंका काल बीत गया है।

यहाँ प्रस्तुत किया गया त्रिविक्रम व्याकरणका हिंदी अनुवाद मेरे मित्र डॉ. के. वा. आपटे, संस्कृत–अर्धमागधीके प्राध्यापक, विलिंग्डन महाविद्यालय, सांगली, महोदयजीने किया है। मैं उनका अत्यंत कृतज्ञ हूँ। इस अनुवादका आधार डॉ. वैद्यजीसंपादित मूल ग्रंथ है; प्रस्तुत अनुवाद उसका पूरक ग्रंथ है। यह दिखाई देगा कि इस ग्रंथमें सूत्र यथा-मूल दिए हैं; और उदाहरणोंके साथ वृत्तिका हिंदी अनुवाद प्रस्तुत किया है। पाद-टिप्पणी तथा अन्य चिकित्सापूर्ण सामग्रीके लिये पाठकगण इस मालामें प्रकाशित डॉ. वैद्यजीका मूल संपादित ग्रंथ देखें। डॉ. वैद्यजीके ग्रंथमेंसे सब सामग्री इस पूरक ग्रंथमें देना आवश्यक नहीं था। किंतु प्रस्तुत हिंदी अनुवाद स्वतंत्र रूपसेभी उपयुक्त होनेके लिए इसमें हिंदीमें संक्षिप्त प्रस्तावना तथा अंतमें अकारानुक्रमसे सूत्रोंकी सूची दी गयी है। इस ग्रंथमें और एक विशेषता यह है कि कुछ आवश्यक व्याकरणीय टिप्पणियाँ अंतमें दी गई हैं।

त्रिविक्रमके प्राकृत व्याकरणका सुव्यवस्थित अनुवाद डॉ. के. वा. आपटेजीने प्रस्तुत किया है; अतः हम उनके आभारी हैं। मेरा यह विश्वास है कि यह हिंदी अनुवाद हिंदी जाननेवाले पाठकोंमें त्रिविक्रमके व्याकरणको औरही लोकप्रिय करेगा।

इस ग्रंथके बारेमें विशेष रस लेनेके कारण हमारे अध्यक्षमहोदय श्रीमान् लालचंद हिराचंदजीको हम धन्यवाद देते हैं। इस ग्रंथमालाके प्रकाशनकार्यमें श्रीमान् वालचंद देवचंदजी हमारी सर्वतोपरी सक्रिय सहायता कर रहे हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस निवेदनके लिखते समयही मुझे शोकसंदेश मिला कि इस ग्रंथमालाके मेरे सह-संपादक डॉ. हिरालाल जैनजीका देहान्त हुआ। उनके रूपमें यह ग्रंथमाला ऐसे उपकार-कर्ताको खो बैठी है कि जिन्होंने गत ३० वर्षोंतक उसकी सामान्य नीतिको रूप दिया था। जहाँतक मेरा संबंध है मेरे लिए तो उनका अभाव अपूरणीय है। शोकाकुल हृदयसे मैं अकेलाही इस निवेदनपर हस्ताक्षर कर रहा हूँ।

१७-३-१९७३ आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रस्तावना

त्रिविक्रम

प्रस्तुत व्याकरणका रचयिता त्रिविक्रम माना जाता है। सामान्यतया प्राचीन भारतीय ग्रंथकारोंके बारेमें अधिकृत ज्यादा जानकारी विशेष उपलब्ध नहीं होती। बिल्कुल थोडे ग्रंथकारोंने अपने बारेमें स्वयं जानकारी प्रस्तुत की है। ऐसे थोडे लोगोंमेंसे एक है त्रिविक्रम। प्रस्तुत व्याकरणके प्रारंभ तथा अंतमें प्रास्ताविक तथा उपसंहारपरक कुछ श्लोक हैं। ये उपसंहारपरक श्लोक इस व्याकरणकी कुछ पांडुलिपियोंमें नहीं मिलते हैं। फिरभी डॉ. प. ल. वैद्यजीके मतानुसार, यह निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि ये श्लोक त्रिविक्रमकेही हैं। इन श्लोकोंमेंसे प्राप्त जानकारीको आगेके अनुसार कहा जा सकता है।

त्रिविक्रमका जन्म वाण नामक व्यक्तिके सत् परिवारमें हुआ था। उसके पितामहका नाम था आदित्यवर्मन्। उसके मातापिताके नाम क्रमशः लक्ष्मी तथा मल्लिनाथ थे। उसके भाईका नाम था भाम (पाठभेदसे–सोम, राम, वाम, चाम) जो सदाचार और ज्ञानके बारेमें बडा प्रसिद्ध था। दिखाई देता है कि अर्हन्नंदिके पास त्रिविक्रमका अध्ययन हुआ था। अर्हन्नंदि जैन धर्मग्रंथोंपर प्रभुत्व रखनेवाला तथा तीनों विद्याओंका ज्ञाता मुनि था (प्रास्ताविक २–३)। त्रिविक्रम अपने आपको सुकवि कहलाता है (प्रास्ताविक ३)। इस प्रकार त्रिविक्रम अपने बारेमें जानकारी देता है।

त्रिविक्रमके धर्म, स्थान तथा समयके बारेमें डॉ. प. ल. वैद्यजीने इसप्रकार अनुमान किये हैं:—

त्रिविक्रमका धर्म

यह निश्चित रूपसे कहा जा सकता है कि त्रिविक्रम जैन धर्मका अनुयायी था। प्रास्ताविकके पहलेही श्लोकसे यह बात स्पष्ट होती है जिसमें वीर याने महावीरको वंदन किया गया है। उसी प्रकार प्रास्ताविकके चौथे श्लोकके वीरसेन तथा जिनसेनके उल्लेखोंसे त्रिविक्रमका उनके बारेमें आदरभाव सूचित होता है, तथा यह भी मालूम होता है कि वह जैनोंके दिगंबरपंथका अनुयायी था। प्रास्ताविकके ग्यारहवें श्लोकमें हेमचंद्रका उल्लेख मिलता है जिससे ज्ञात होता है कि त्रिविक्रम पंथीय पूर्वग्रहोंसे परे आसानीसे पहुँच सकता था।

त्रिविक्रमका स्थान

त्रिविक्रम भारतके किस प्रदेशका निवासी था यह बतानेके लिए निश्चित सामग्री उपलब्ध नहीं है। फिरभी, उसका जैन दिगंबर पंथ, उसके पिता, भाई तथा गुरुके

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नाम, और सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह कि उसके प्राकृत व्याकरणकी लोकप्रियता और उसके व्याकरणकी पांडुलिपियोंका प्राप्तिस्थान, इन बातोंसे यह स्पष्ट होता है त्रिविक्रम दाक्षिणात्य (दक्षिण भारतीय) था–संभवतः कर्नाटकसे संबंध रखनेवाला आंध्रनिवासी था। इसके बारेमें समर्थक प्रमाण यह दिया जा सकता है कि 'दोडि सायंभोजनम्' जैसे कुछ शब्दोंका अंतर्भाव त्रिविक्रम देश्य शब्दोंमें करता है जबकि ये शब्द हेमचंद्रकी देशीनाममालामें मिलते नहीं पर द्राविडी भाषाओंमें मिलते हैं।

त्रिविक्रमका समय

वीरसेन तथा जिनसेन इन दोनोंका उल्लेख त्रिविक्रम करता है। ये दोनों ई. स. की नवीं शतीके मध्यके थे। हेमचंद्रकाभी उल्लेख त्रिविक्रम करता है। हेमचंद्रकी मृत्यु ई. स. ११७२ में हुई। इससे यह दिखाई देता है कि बारहवीं शतीके अंतिम चरणके बाद, पर हेमचंद्रके बाद अधिक समयसे नहीं, त्रिविक्रम हो गया। त्रिविक्रमके व्याकरणके बादके सिंहराजकृत प्राकृतरूपावतार, लक्ष्मीधरकृत षड्भाषाचंद्रिका तथा अप्पय्य दीक्षितकृत प्राकृत-मणिदीप ये ग्रंथ उपलब्ध हैं। अप्पय्य दीक्षितकी मृत्यु उम्रके ७२ वें सालमें–ई. स. १६२६ में–हुई थी। अप्पय्यके ग्रंथमें लक्ष्मीधरका उल्लेख विशेषरूपसे मिलता है। अतएव लक्ष्मी-धरका समय साधारणतया ई. स. १४७५ – ई. स. १५२५ के बीचका हो सकता है। यद्यपि लक्ष्मीधर या अप्पय्यके द्वारा सिंहराजका उल्लेख हुआ नहीं, फिरभी वह उनके पूर्व या उनका ज्येष्ठ समकालीन रहा होगा; उसका समय पंद्रहवीं शतीका पूर्वार्ध होगा। इसलिए तेरहवीं शतीके उत्तरार्धको त्रिविक्रमके समयके रूपमें माना जा सकता है। डॉ. आ. ने. उपाध्येजीके मतानुसार, ई. स. १२३६ के बाद जल्दही त्रिविक्रमद्वारा अपना प्राकृत व्याकरण रचा गया।

त्रिविक्रमके ग्रंथ

कुछ लोगोंका मत ऐसा है कि त्रिविक्रमके प्राकृत व्याकरणमेंसे सूत्रभाग वाल्मीकिका है और उसका टीकाभाग त्रिविक्रमद्वारा रचित है। पर डॉ. प. ल. वैद्यजी तथा अन्य पंडित इस मतको नहीं मान्य करते। उनके अनुसार सूत्र तथा टीका ये दोनों भाग त्रिविक्रमकेही रचे हुए हैं।

प्राकृत व्याकरणकी अपनी टीकाके बारेमें त्रिविक्रम प्रास्ताविकके श्लोकोंमें कहता है:–इस (प्राकृत व्याकरण –) विषयपर अभ्यासकोंको अधिकार प्राप्त हो इसी हेतुसे यह टीका मैंने रची है। परंपरागत पद्धतिके अनुसार यह टीका है। (इस टीकामें) यद्यपि बहुत कम शब्दोंका प्रयोग है तो भी वे दर्पणके समान काम देंगे; इस प्रकार इस टीकाकी श्रेष्ठता है। त्रिविक्रम आगे कहता है :– प्राकृत रूपोंकी चर्चा करते समय जिस पारंपरिक पद्धतिका अवलंबन हेमचंद्रतकके पूर्व आचार्योंद्वारा किया गया था उसी पद्ध-तिका प्रयोग मैंने इस व्याकरणमें किया है (श्लोक ९–११)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उपसंहारके पहले श्लोकमें अपने प्राकृत-व्याकरणके बारेमें त्रिविक्रम कहता है:- अपने प्रयोजनकी सिद्धिके लिए (अर्थसिद्धये) मंत्रके समान इस त्रिविक्रमरचित प्राकृत व्याकरणका जप किया जाय।

उपसंहारके दूसरे तथा तीसरे श्लोकोंमें अपने काव्यके बारेमें त्रिविक्रम कहता है:- त्रिविक्रमके काव्यको पढकर रसिकों तथा नैयायिकोंको आनंद मिलता है कारण पदोंका माधुर्य अंदर प्रवेश करके कानोंको पुष्ट करता है, प्रत्येक शब्दका नया अर्थ उचित शब्दके प्रयोग करनेवाले मनुष्यको तुष्ट करता है, और मानो (इस काव्य-) कृतिकी श्रेष्ठतासे, रस संपूर्ण भुवनको व्याप्त करता है। अपनी कल्पना व्यक्त कर सकनेवाले भलेही सभी हों, पर अपनी तथा दूसरोंकी कल्पना उचित शब्दोंमें व्यक्त करनेवाला त्रिविक्रम एकही (= एकमेव, अद्वितीय) है। इससे यह दिखाई देता है कि त्रिविक्रमने एक या अनेक काव्योंकी रचना की थी; पर ये काव्यरचनाएँ अभी तो उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए उपर्युक्त त्रिविक्रमके कथनकी सत्यताकी जाँचपडताल नहीं की जा सकती।

त्रिविक्रमका प्राकृतविषयक मत

प्राकृत (= माहाराष्ट्री प्राकृत, मुख्य प्राकृत) और आर्ष (श्वेतांबरपंथी जैनियोंके आगमोंकी) अर्धमागधी, इन दोनोंमें थोडासा भेद हेमचंद्र दिखाता है। तो त्रिविक्रम प्रास्ताविकके सातवें श्लोकमें आर्षका उल्लेख करके कहता है कि आर्ष तथा देश्य ये दोनों भाषाके रूढ रूप हैं और ये दोनों बिलकुल स्वतंत्र हैं और इस कारण उन्हें व्याकरणकी आवश्यकता नहीं, उनके बारेमें जानकारी केवल परंपराद्वाराही प्राप्त की जा सकती है। इसके विपरीत, उन प्राकृत भाषाओंकोही व्याकरणके नियम लागू पडते हैं जिनमेंसे शब्दोंकी जडसे खोज सिद्ध और साध्यमान संस्कृततक की जा सकती है। और ऐसे शब्दोंकीही चर्चा त्रिविक्रमके प्राकृत व्याकरणमें है।

* * *

हिंदी अनुवादकी पद्धति

त्रिविक्रमरचित प्राकृत व्याकरणका मूलग्रंथ डॉ. प. ल. वैद्यजीने संपादित किया है। उसका हिंदी अनुवाद करनेका कार्य डॉ. आ. ने. उपाध्येजीकी सूचनानुसार मैंने स्वीकृत किया। वह कार्य संपूर्ण होकर आज प्रकाशमें आ रहा है, यह तो बडे आनंदकी बात है।

इस अनुवादको पढते समय निम्नलिखित मुद्दे यादमें रखे जायँ:—(१) मूलग्रंथकी छापेकी गलतियोंको तत्रतत्र सुधारकर ग्रंथके मूल रूपको लेकर, यह अनुवाद किया गया है। (२) अनुवादमें मूल सूत्रोंका स्वतंत्र रूपसे भाषांतर नहीं दिया गया है क्योंकि मूलसूत्रोंका अर्थ वृत्तिमें आताही है; इसलिए केवल वृत्तिका अनुवादही दिया है। कहींकहीं ऐसा हुआ है कि मूल सूत्रमें आये हुए शब्दोंकी सूचियाँ वृत्तिमें नहीं आयी हैं; उन्हें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनुवाद करते समय कोष्टकमें रखा गया है। (३) क्वचित् वृत्तिमें (प्राकृत शब्दोंके) मूल संस्कृत शब्द नहीं दिये गए हैं; ऐसे शब्द अनुवादमें कोष्टकमें दे दिये हैं। (४) मूलमें न होनेवाले परंतु अर्थके स्पष्ट होनेके लिए आवश्यक शब्द अनुवादमें कोष्टकमें रखे गए हैं। (५) अपभ्रंश श्लोकोंकी संस्कृत छायाके अनंतर तुरंत उसका अनुवाद दिया है। (६) अपभ्रंश श्लोकके प्रथम आनेपर उसका अनुवाद वहींपर दिया गया है; पर उसी श्लोकके फिरसे आगे आनेपर, उसका अनुवाद पुनः नहीं दिया है। (७) कुछ शब्दोंके आगे (=) इस चिन्हको रखकर उन शब्दोंका स्पष्टीकरण दिया गया है। (८) भाषांतरमें आवश्यक स्थलोंपर अगले पिछले सूत्रोंके संदर्भ प्रस्तुत किये हैं। (९) अनुवादमें क्वचित् फूटनोट्स दिये हैं। (१०) प्रत्येक सूत्रके अनुवादके अनंतर सूत्रोंके क्रमांक मूलानुसार दे दिये हैं।

मूलमेंसे पारिभाषिक शब्दोंका संक्षिप्त स्पष्टीकरण अंतकी टिप्पणियोंमें किया है। यहाँपरभी जिस शब्दपर पहलेही टिप्पणी दे दी गई है उसपर उसके फिरसे आनेपर पुनः टिप्पणी नहीं दी गयी है।

आभारप्रदर्शन

गु. डॉ. उपाध्येजीका मैं इसलिए आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे इस अनुवादको प्रस्तुत करनेका अवसर दे दिया। मेरे इस अनुवादमेंसे हिंदी भाषाका सुधार और जाँच कार्य हमारे विलिंग्डन महाविद्यालयके हिंदीके प्राध्यापक अ. अ. दातारजी तथा प्रा. सु. ल. जोशीजीने बडी आस्थापूर्वक किया है जिसके लिए मैं उनकाभी अत्यंत आभारी हूँ। सूत्रसूचीके कार्यमें सहायता करनेवाले मेरे पुत्र यशवंतकाभी मैं आभारी हूँ।

विलिंग्डन महाविद्यालय, सांगली. के. वा. आपटे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री

त्रिविक्रमदेव - विरचित

प्राकृतशब्दानुशासन

(मूलसूत्र व स्वोपज्ञवृत्ति)

हिन्दी अनुवाद

5443

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

5443

॥ श्रीः ॥

श्रीत्रिविक्रमदेवविरचितं

प्राकृतशब्दानुशासनम्

(हिन्दी अनुवाद)

श्री (महा) वीर रूप पूर्वगिरिसे उदित हुए, सब (वस्तुओं) को प्रकाशित करनेवाले, दिव्य ध्वनिरूप सूर्यको मैं अक्षरोंकी पद्धति (मार्ग) की प्राप्तिके लिये वंदन करता हूँ ॥ १ ॥

अर्हनंदि जो कि त्रैविद्यमुनि तथा जिनागमके स्वामी थे, उनके पदकमलोंमें भ्रमर (के समान), श्रीबाणके शोभन कुलरूप कमलको सूर्य (के समान) आदित्यवर्माका पोता, श्रीमल्लिनाथका पुत्र, लक्ष्मी (माता) के गर्भरूप अमृतसागरमें चंद्रमा (के समान जन्म लेनेवाला), आचार और विद्याका स्थान होनेवाले भामका भाई, प्रकृतिसेही निपुण, ऐसा त्रिविक्रम (नामक) सुकवि, श्रीवीरसेनार्य और जिनसेनार्य आदिके वचन-रूप समुद्रके ज्वारसे कुछ प्राकृतशब्दरूप रत्न सुकृति (= शोभन ग्रंथ या तज्ज्ञ) के भूषणके लिये संगृहीत करता है ॥ २-४ ॥

बहुत अर्थसे संपन्न, सुलभरूपसे जिसका उच्चारण किया जाता है, और जो साहित्यका जीवन है ऐसा जो शब्द वह प्राकृत (शब्द) ही है, ऐसा सूत्रानुसारी (विद्वान) लोगोंका मत है ॥ ५ ॥

यह प्राकृत (शब्द) तत्सम, देश्य और तद्भव एवं तीन प्रकारका है। तत्सम यानी संस्कृतसम (प्राकृतशब्द), संस्कृत (व्याकरण) के लक्षणों-सेही जानना है ॥ ६ ॥

देश्य और आर्ष (प्राकृत) रूढ तथा बहुशः स्वतंत्ररूप होनेसे, उन्हें लक्षणोंकी अपेक्षा नहीं है; उसका बोध संप्रदाय (परंपरा) ही कर सकता है ॥ ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकृतिभूत ऐसे साध्यमान और सिद्ध संस्कृतसे जो होगा वह इस प्राकृतका लक्षण, हम लक्ष्यके अनुसार (यहाँ) कहते हैं ॥ ८ ॥

निजी सूत्रोंके मार्गको अनुसरण करनेकी इच्छा रखनेवालोंको प्राकृत-शब्दोंकी अर्थसहित प्राप्ति होनेके लिये तथा यथार्थ सिद्धिके लिये, त्रिविक्रमसे (यह) वृत्ति (टीका) आगमक्रमसे की जाती है ॥ ९ ॥

तद्भव, तत्सम और देश्य (एवं त्रिविध) प्राकृतरूप देखनेवाले विद्वानोंको जो आयनेके समान है, ऐसी यह त्रिविक्रमरचित वृत्ति भूतलपर विजयी है ॥ १० ॥

हेमचंद्रार्यतक प्राचीन वैयाकरणोंने प्राकृतरूपोंका जैसा विवरण किया है उन सबका वैसाही प्रतिबिंब यहाँ (इस ग्रंथमें) पडा है ॥ ११ ॥

सिद्धिर्लोकाच्च ॥ १ ॥

यहाँ प्रस्तुत (की जानेवाली) सिद्धि प्राकृत शब्दोंके संबंधमें ली गई है। और वह सिद्धि लोगोंसे होती है। क्यों कि (यस्मात्) ऋवर्ण, ऌवर्ण, ऐकार, औकार, असंयुक्त ङकार तथा ञकार, श् और ष्, तथा द्विवचन, इत्यादिसे रहित, ऐसा शब्दोंका उच्चार लोगोंके व्यवहारसे जाना जाता है; तथा देशी शब्दभी (लोकव्यवहारसे उपलब्ध होते हैं); इसलिये (तस्मात्) 'लोगोंसे सिद्धि' ऐसा जाना जाय। और (सूत्रमेंसे) चकार (और) के कारण, (इस ग्रंथमें) आगे कहे जानेवाले और अनैकान्तिक (अनिश्चित) लक्षणोंसे (प्राकृतशब्दविषयक सिद्धि होती है, ऐसा जानें) ॥ १ ॥

अनुक्तमन्यशब्दानुशासनवत् ॥ २ ॥

यहाँ (इस ग्रन्थमें) स्वरादि संज्ञा और संधि, इत्यादि कार्यके बारेमें जो नहीं कहा गया है, वह अन्य व्याकरणोंमें बताये गए कार्यके अनुसारही (होता है, ऐसा) मानना है। (अर्थात्) कौमार, जैनेन्द्र,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पाणिनीय इत्यादि व्याकरणोंमें जैसा (कार्य) कहा गया है, उसी प्रकार यहाँभी है, ऐसा समझ लेना है ॥ २ ॥

संज्ञा प्रत्याहारमयी वा ॥ ३ ॥

यहाँ अर्थात् इस प्राकृत व्याकरणमें, प्रत्याहार जिसका स्वरूप है ऐसी संज्ञा व्यवहृत की गयी है। (सूत्रमें) 'वा' ऐसा कहा जानेसे, आगे कहे जानेवाले भागोंसे भी (संज्ञा जाननी है)। (सूत्रमें) फिर 'प्रत्याहार' शब्दका जो ग्रहण (निर्देश) है वह यह दिखानेके लिये है कि सामान्यतः या बहुधा (भूयः) प्रयोग (व्यवहार) होता है। उदा०–स्वर अच्। ए ओ एङ्। ऐ औ ऐच्। व्यञ्जन हल्। स्वादि सुप्। त्यादि तिङ्। इत्यादि ॥ ३ ॥

सुप्स्वादिरन्त्यहला ॥ ४ ॥

सुप् में यानी सु, इत्यादि विभक्तियोंमें आदि वर्ण अथवा वचन अन्त्य व्यंजनके साथ इत्-संज्ञक होता है। उदा०–सु औ जस्, सुस्। अम् औट् शस्, अस्। इसी प्रकारः–टास्, ङेस्, ङसिस्, ङम्, ङिप्। पंचमी (विभक्ति)के बारेमें, ङस् ऐसा कहनेके बदले ङसिस् ऐसे कहनेका कारण षष्ठी एकवचन ङस्से उसकी भ्रान्ति न हो ॥ ४ ॥

ह्रो ह्रस्वः ॥ ५ ॥

एक मात्रा होनेवाला जो वर्ण ह्रस्व ऐसा प्रसिद्ध है उसकी ह ऐसी संज्ञा (इस ग्रंथमें प्रयुक्त की गयी है) ॥ ५ ॥

दिर्दीर्घः ॥ ६ ॥

दो मात्राएँ होनेवाला, दीर्घ ऐसा रूढिमें प्रचलित, जो वर्ण, उसकी दि ऐसी संज्ञा (इस ग्रंथमें प्रयुक्त की गयी है) ॥ ६ ॥

शषसाः शुः ॥ ७ ॥

श्, ष्, और स् ये वर्ण शु-संज्ञावाले होते हैं ॥ ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सः समासः ॥ ८ ॥

समास 'स' संज्ञावाला होता है ॥ ८ ॥

आदिः खुः ॥ ९ ॥

(शब्दमें) आदि (प्रथम) रहनेवाला वर्ण खु-संज्ञक होता है ॥ ९ ॥

गो गणपरः ॥ १० ॥

(इस सूत्रमें १.१.९ से) आदिः पद (अध्याहृत) है। (शब्दोंके) गणोंमें प्रधान होनेवाला जो शब्द आदि होता है, वह ग-संज्ञक होता है। उदा०—गुणादिः, इत्यादिमें 'गुणग' इत्यादि शब्द (उपयोगमें लाये जाएंगे) ॥ १० ॥

द्वितीयः फुः ॥११॥

शब्दका द्वितीय वर्ण फु-संज्ञक होता है ॥ ११ ॥

संयुक्तं स्तु ॥ १२ ॥

जो व्यंजनसे युक्त अर्थात् संयुक्त है, उसको स्तु ऐसी संज्ञा होती है ॥ १२ ॥

तु विकल्पे ॥ १३ ॥

विकल्प अथवा विभाषा दिखानेके लिए, 'वा' शब्दके समान 'तु' शब्दभी उपयोगमें लाया गया है ॥ १३ ॥

प्रायो लिति न विकल्पः ॥ १४ ॥

कुछ कार्योंके लिए जो (वर्ण) सूत्रमें कहा जाता है, (परंतु) प्रयोगमें मात्र (उपयोगमें लाया हुआ) दिखाई नहीं देता, वह इत् (वर्ण है)। उसीकोही अन्य व्याकरणोंमें अनुबंध यह संज्ञा है। (सूत्रमेंसे) लित् यानी जिसमें लकार इत् है, ऐसा। लित् का कार्य होते (समय) प्रायः विकल्प नहीं होता ॥ १४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शिति दीर्घः ॥ १५ ॥

(शित् अर्थात् जिसमें श् अनुबंध (=इत्) है, वह।) शानुबंधका कार्य होते समय, (जिसके बारेमें शित् है, उसके पीछे रहनेवाला) पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.–'शि श्लुङ् नपुनरि तु' (१·१·२८) यह सूत्र। इस स्थानपर, 'नपुनः' शब्दमें, अन्त्य व्यंजनके बारेमें जब शानुबंध ऐसे इकार और लोप होते हैं, तब (उसके) पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.–णउणाइ, णउणा ॥ १५ ॥

सानुनासिकोच्चारं ङित् ॥ १६ ॥

(जहाँ) ङकार-अनुबंध ऐसा कार्य होता है, (वहाँ) सानुनासिक उच्चार होता है। उदा.–'कामुकयमुनाचामुण्डातिमुक्तके मो ङ्लुङ्' (१·३·११) इस सूत्रमें – काउँओ। जउँणा। यहाँ मकारका ङानुबंध लोप जब होता है, तब शेष स्वरका उच्चारण सानुनासिक होता है ॥ १६ ॥

बहुलम् ॥ १७ ॥

(यह अधिकारसूत्र है।) इस शास्त्रके परिसमाप्तितक इस सूत्रका अधिकार है। (इसका अर्थ यह है)–प्राकृतमें जो लक्षण कहा जाता है, वह बहुलत्वसे (यानी प्रायः, सामान्यतया) होता है, ऐसा समझना है। और इसलिए क्वचित् नियमोंकी योग्य प्रकारसे कार्यप्रवृत्ति, क्वचित् उसका अभाव (अप्रवृत्ति), क्वचित् विकल्प, क्वचित् कुछ औरही हो जाता है। और वह (हम) योग्य स्थानपर दिखायेंगे ॥ १७ ॥

दिहौ मिथः से ॥१८॥

(सूत्रमेंसे) से अर्थात् स में यानी समासमें, (पहले पद के अन्त्य स्वरका) मिथः यानी परस्परमें ऱ्हस्व और दीर्घ बहुलत्वसे होता है। उसमें ऱ्हस्व का दीर्घ होना-अन्तर्वेदिः अन्तावेई। सप्तविंशतिः सत्तावीसा। क्वचित् विकल्प होता है। वारिमती वारीमई वारिमई। पतिगृहम् पईहरं पइहरं। युवतिजनः जुवईजणो जुवइजणो। वेणुवनम् वेणूवणं वेणुवणं। दीर्घका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्हस्त्र होना—णिअम्बसिलखलिअवीइमालस्स, नितम्बशिलास्खलितवीचि-मालस्य। यमुनातटम् जउँणअडं जउँणाअडं। नदीस्रोतः णइसोत्तं णईसोत्तं। गौरीगृहम् गोरिघरं गोरीघरं। वधूमुखम् वहुमुहं वहूमुहं ॥१८॥

सन्धिस्त्वपदे ॥ १९ ॥

संस्कृतमें कहीं हुई सर्व संधियाँ प्राकृतमें विकल्पसे होती हैं। अपदे यानी एकही पदमें (संधि) नहीं होतीं। (सूत्रमें) 'तु' शब्द विकल्प दिखानेके लिए है। उदा.—व्यासर्षिः वासेसी वासइसी। विष-मातपः विसमाअवो विसमआअवो। कवीश्वरः कईसरो कइईसरो। स्वादूदकम् साऊअअं साउउअअं। एकही पदमें नहीं होती, ऐसा क्यों कहा है? (कारण एकही पदके दो स्वरोंमें प्रायः संधि नहीं होती।) उदा.—मुद्धाए मुद्धाइ मुग्धायाः। वच्छाओ वच्छाउ वृक्षात्। महइ महति (यानी) पूजन करता है, ऐसा अर्थ। (तथापि) बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् एकही पदमेंभी (संधि होती है। उदा.)—करिष्यति काही काहिइ। द्वितीयः बीओ बिइओ ॥ १९ ॥

न यण् ॥ २० ॥

(इस सूत्रमें १·१·१९ से) संधिः पदकी अनुवृत्ति है। 'इको यणचि' (पा. ६·१·७७) सूत्रके अनुसार संस्कृतमें जो यणादेश संधि कही गयी है, वह प्राकृतमें नहीं होती। यानी इ-वर्णका यत्व और उ-वर्णका वत्व नहीं होता, ऐसा अर्थ (होता है)। यण् प्रत्याहारसे यद्यपि य्, व्, र् और ल् वर्णोंका ग्रहण होता है, तथापि प्राकृतमें ऋ-वर्ण और ऌ-वर्ण इनका उपयोग न होनेसे, यत्व और वत्व इनकाही यह निषेध है। उदा.—नखप्रभावल्यरुणः णहप्पहावलिअरुणो। सन्ध्यावध्ववगूढः संझावहु-अवऊढो। (सूत्रमें) यण् ऐसा क्यों कहा है? (कारण जहाँ यण् आदेश होता है, वहीं यह निषेध है, अन्यत्र नहीं, यह दिखानेके लिए।) उदा. गूढोदरतामरसानुसारिणी गूढोअरतामरसाणुसारिणी ॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एङः ॥ २१ ॥

(इस सूत्रमें १·१·२० से) न शब्दकी अनुवत्ति है। एङ् यानी ए (एत्) और ओ (ओत्) ये स्वर। ए और ओ इनकी संस्कृतमें कही हुई संधि प्राकृतमें नहीं होती। उदा.—देवीए आसणं। पंचालादो आगओ। देवो अहिंणदणो। अहो अच्छरिअं, इत्यादि (उदाहरण) संस्कृत जैसे हैं ॥ २१ ॥

शेषेऽच्यचः ॥ २२ ॥

(स्वरसे) संयुक्त रहनेवाले व्यंजनके लोप होनेपर जो स्वर शेष रहता है, उसको शेष कहा है। यह शेष स्वर आगे रहे तो उससे अन्य (पिछले या अगले) स्वरकी संधि नहीं होती। उदा.—गगन एव गन्धकुटीं कुर्वन्ति, गअणे च्चिअ गंधउडिं कुणन्ति। फणामणिप्रदीपाः, फणामणिप्पईवा। ज्योत्स्नापूरितकोशः, जोण्हाऊरिअकोसो। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् विकल्पसे संधि होती है। उदा.—कुम्भकारः कुम्भआरो कुम्भारो। सुपुरुषः सुउरिसो सूरिसो। क्वचित् संधिही होती है। उदा.—शातवाहनः सालाहणो। चक्रवाकः चक्काओ। प्रायोग्रहण होनेसे, (इन शब्दोंमें) व का लोप न हुआ तो, सालवाहणो और चक्कवाओ, ऐसे रूप होते हैं; किंतु व् का लोप होनेपर, संधि होती ही है ॥ २२ ॥

तिङः ॥ २३ ॥

(इस सूत्रमें १·१·२२ से) अचः और अचि इन पदोंकी अनुवृत्ति है। तिङ यानी धातुको लगनेवाले तिप्, इत्यादि प्रत्यय। तिङ्से संबंध रखनेवाले स्वर की, आगे स्वर रहे तो, संधि नहीं होती। उदा.—भवतीह होइ इह। पिबतूदकं पिबउ उदअं ॥ २३ ॥

लोपः ॥ २४ ॥

स्वर के आगे स्वर रहे तो बहुलत्वसे लोप होता है। उदा.—त्रिदशेशः तिअसीसो। निश्वासोच्छ्वासौ णीसासूसासा ॥ २४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्त्यहलोऽश्रदुदी ॥ २५ ॥

(इस सूत्रमें १.१.२४ से) लोपः पदकी अनुवृत्ति है। शब्दोंमें अन्त्य हल् का यानी व्यंजनका लोप होता है। (सूत्रमेंसे) अश्रदुदी यानी श्रत् इस अव्यय तथा उत् इस उपसर्ग को छोडकर। उदा.—यावत् जाव। यशस् जसो। तमस् तमो। जन्मन् जम्मो। (सूत्रमें) श्रत् और उत् को छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इन शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका लोप नहीं होता। उदा.)—श्रद्धा सध्दा। श्रद्दधाति सद्दहइ। श्रद्धानम् सद्दहणं। उद्गतम् उग्गअं। उन्नतम् उण्णअं। किंतु समासमें, वाक्यविभक्ति-की अपेक्षासे (पहले पदका अन्त्य व्यंजन) कभी अन्त्य माना जाता है, तो कभी अनन्त्य माना जाता है; इसलिए दोनोंभी (यानी कभी उसका लोप तो कभी उसका वर्णान्तर) हो जाते हैं। उदा.—सद्भिक्षुः सब्भिक्खू सभिक्खू। सज्जनः सज्जणो सजणो। एतद्गुणाः एअग्गुणा एअगुणा। तद्गुणाः तग्गुणा तगुणा ॥ २५ ॥

निर्दुरि वा ॥ २६ ॥

निस् और दुस् इन उपसर्गोंमें, अन्त्य व्यंजनका विकल्पसे लोप होता है। उदा.—निःसहम् णिस्सहं णिसहं। निर्घोषः णिग्घोसो णिघोसो। दुःसहः दुस्सहो दूसहो। दुःखितः दुक्खिओ दुहिओ। दुर्भगः दुब्भओ दूहवो ॥ २६ ॥

अन्तरि च नाचि ॥ २७ ॥

अन्तर् शब्दमें, तथा (सूत्रमेंसे) चकारसे नि् और दुर् इन शब्दोंमें, अन्त्य व्यंजनका, आगे स्वर रहे तो, लोप नहीं होता। उदा.—अन्तरंगो। णिरवसेसं। दुरुत्तरं। दुरवगाहं। क्वचित् 'अन्ताउवरि' ऐसा भी (वर्णान्तर) दिखाई देता है ॥ २७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शि श्लुङ् नपुनरि तु ॥ २८ ॥

'नपुनर्' शब्दमें, अन्त्य व्यंजनके शानुबंध इकार और लोप विकल्पसे होते हैं। श इत् होनेसे, पिछला (पूर्व) स्वर दीर्घ होता है। उदा.—णउणाइ णउणा। विकल्पपक्षमें णउण। पुनर शब्दमेंभी पुणाइ ऐसा (वर्णान्तर) दिखाई देता है ॥ २८ ॥

अविद्युति स्त्रियामाल् ॥ २९ ॥

स्त्रीलिंगमें रहनेवाले (शब्दोंके) अन्त्य व्यंजनका आ होता है। (सूत्रमेंसे आल् शब्दमें) ल् अनुबंध होनेके कारण, (यह वर्णान्तर) नित्य होता है। अविद्युति यानी विद्युत् शब्दको छोडकर (अन्य स्त्रीलिंगी शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका आकार हो जाता है)। (शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका) लोप होता है (देखिए :—१.१.२५), इस नियमका प्रस्तुत नियम अपवाद है। उदा.—सरित् सरिआ। प्रतिपद् पडिवआ। संपद् संपआ। बहुल (१.१.१७) का अधिकार होनेके कारण, (इस आ के स्थानपर) ईषत्-स्पृष्ट—यश्रुतिभी होती है। उदा.—सरिया। पडिवया। संपया। (सूत्रमें) विद्युत् शब्दको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण विद्युत् शब्दमें अन्त्य व्यंजनका आकार नहीं होता।) उदा.—विज्जू। विज्जुला ॥२९॥

रो रा ॥ ३० ॥

स्त्रीलिंगमें रहनेवाले (शब्दोंके) अन्त्य रेफ (र) को रा ऐसा आदेश होता है। उदा.—गिर् गिरा। पुर् पुरा। धुर् धुरा ॥ ३० ॥

हः क्षुत्ककुभि ॥ ३१ ॥

क्षुध् और ककुभ् इन शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका हकार होता है। उदा.—छुहा। कउहा ॥ ३१ ॥

धनुषि वा ॥ ३२ ॥

(इस सूत्रमें १.१.३१ से) हः पदकी अनुवृत्ति है। धनुस् शब्दमें अन्त्य व्यंजनका ह विकल्पसे होता है। उदा.—धणुहं धणू ॥ ३२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सशाशिषि ॥ ३३ ॥

(इस सूत्रमें १.१.३२ से) वा शब्दकी अनुवृत्ति है। आशिष् शब्दमें अन्त्य व्यंजनको सश् ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। (सूत्रके सश् में) श् इत् होनेके कारण, पूर्व (पिछला) स्वर दीर्घ होता है। उदा.—आसीसा आसी ॥ ३३ ॥

स आयुरप्सरसोः ॥ ३४ ॥

(इस सूत्रमें १.१.३२ से) वा शब्दकी अनुवृत्ति है। आयुष्, अप्सरस् इन शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका सकार विकल्पसे होता है। उदा.—दीहाउसो दीहाऊ। अच्छरसा अच्छरा ॥ ३४ ॥

दिक्प्रावृषि ॥ ३५ ॥

(इस सूत्रमें १.१.३४ से) सः पद (अध्याहृत) है। दिक्, प्रावृष् इन शब्दोंमें अन्त्य व्यंजनका स होता है। (१.१.३४ से) यह सूत्र पृथक् कहे जानेसे, (यह स) नित्य होता है। उदा.—दिसा। पाउसो ॥ ३५ ॥

शरदामत् ॥ ३६ ॥

शरद् प्रकारके शब्दोंके अन्त्य व्यंजनका अ होता है। उदा.—शरद् सरओ। भिषक् भिसओ ॥ ३६ ॥

तु सक्खिणभवन्तजम्मणमहन्ताः ॥ ३७ ॥

जिनमें अन्त्य व्यंजनोंको कहे हुए आदेश हो गये हैं, ऐसे साक्षिन्, इत्यादि (साक्षिन्, भवत्, जन्मन्, महत्) शब्द निपात (के रूपमें) विकल्पसे आते हैं। उदा.—सक्खिणो सक्खी। भवन्तो भवं। जम्मणं जम्मो। महन्तो महं ॥ ३७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यत्तत्सम्यग्विष्वक्पृथको मल् ॥ ३८ ॥

यद्, इत्यादि (यद्, तद्, सम्यक्, विष्वक्, पृथक्) अव्ययोंके अन्त्य हल् (व्यंजन) का मकार होता है। (सूत्रके मल्में) ल् इत् होनेके कारण, (यह मकार) नित्य होता है। उदा.—यत् जं। तत् तं। सम्यक् सम्मं। विष्वक् वीसुं। पृथक् पिहं ॥ ३८ ॥

मोऽचि वा ॥ ३९ ॥

(इस सूत्रमें) मः पद (अध्याहृत) है। अन्त्य मकारका, स्वर आगे हो तो, मकार विकल्पसे होता है। (शब्दोंके अन्त्य व्यंजनका) लोप होता है (१.१.२५) इस नियमका प्रस्तुत नियम अपवाद है। उदा.—उसहमजिअं च वन्दे। वन्दे उसहं अजिअं ॥ ३९ ॥

बिन्दुल् ॥ ४० ॥

शब्दोंके अन्त्य मकारका बिंदु (अनुस्वार) होता है। (सूत्रके बिंदुल्में) ल् इत् होनेसे, (यह अनुस्वार) नित्य होता है। उदा.—फलं। वच्छं। सव्वं। गिरिं। वहुं ॥ ४० ॥

हलि ङञणनाम् ॥ ४१ ॥

(अब) म शब्दकी निवृत्ति हुई है। ङ, ञ, ण और न इन केआगे हल (व्यंजन) हो तो उनका बिंदु (अनुस्वार) हो जाता है। उदा.—ङ का (अनुस्वार)—पङ्क्तिः पंती। पराङ्मुखः परंमुहो। ञ का (अनुस्वार)—कञ्चुकः कंचुओ। लाञ्छनम् लंछणं। ण का (अनुस्वार)—षण्मुखः छंमुहो। उत्कण्ठा उक्कंठा। न का (अनुस्वार)—सन्ध्या संझा। विन्ध्यः विंझो ॥ ४१ ॥

स्वरेभ्यो वक्रादौ ॥ ४२ ॥

वक्र, इत्यादि शब्दोंमें, प्रथम, (द्वितीय), इत्यादि स्वरोंके आगे, (वाङ्मयमें जैसा) दिखाई देता है वैसा, बिंदु (अनुस्वार) आता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उदा.—वंकं वक्रम्। कुंमलं कुड्मलम्। बुंधणं बुध्नम्। पुंछं पुच्छम्। मुंढा मूर्धा। गुंछं गुच्छम्। कंकोडो कर्कोटः। गिंठी गृष्टिः। दंसणं दर्शनम्। फंसो स्पर्शः। अंसू अश्रु। मंसू श्मश्रु। तंसं त्र्यश्रम्। मंजारो मार्जारः। विंछिओ वृश्चिकः। इन शब्दोंमें पहले स्वरके आगे अनुस्वार आया है। मणंसिणी मनस्विनी। मणंसिला मनःशिला। वअंसो वयस्यः। पंसत्थं पार्श्वस्थम्। पडिंसुआ प्रतिश्रुत्। इन शब्दोंमें दूसरे स्वरके आगे अनुस्वार आया है। उआरिं उपरि। अणिउंतअं अतिमुक्तकम्। इन शब्दोंमें तीसरे स्वरके बाद अनुस्वार आया है। क्वचित् वृत्त-पूरणके लिए भी अनुस्वार आता है। उदा.—देवंणाअसुवत्तं देवनागसुवक्त्रम्। और क्वचित् गिट्ठी, मज्जारो, मणसिला, मणोसिला, ऐसेभी रूप दिखाई देते हैं॥ ४२॥

क्त्वासुपोस्तु सुणात्॥ ४३॥

क्त्वा-प्रत्यय और सुप् (प्रत्यय) इनसे संबंधित रहनेवाले जो सुकार और णकार, उनके आगे बिंदु (अनुस्वार) विकल्पसे आता है। उदा.-सुकारके आगे अनुस्वार—वच्छेसुं वच्छेसु। अम्हेसुं अम्हेसु। तुम्हेसुं तुम्हेसु। क्त्वा प्रत्ययके णकारके आगे अनुस्वार-काऊणं काऊण। काउआणं काउआण। सुप् से संबंधित रहनेवाले णकारके आगे अनुस्वार—वच्छेणं वच्छेण। वच्छाणं वच्छाण। ममाणं ममाण। तुम्हाणं तुम्हाण। अम्हाणं अम्हाण। सुकार और णकार इनके आगे, ऐसा क्यों कहा है? (कारण सुकार और णकार न होते तो विकल्पसे अनुस्वार नहीं आता।उदा.)—करिअ। अग्गिणो॥ ४३॥

लुङ् मांसादौ॥ ४४॥

(इस सूत्रमें) वा शब्द (अध्याहृत) है। बिन्दु (१.१.४०) पदका अधिकार हैही। (उस बिन्दु शब्दमें) बिन्दुका (बिन्दोः) ऐसा षष्ठयन्त परिणाम होता है (यानी यहाँ बिंदुका ऐसा षष्ठयन्त रूप लेना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है।) मांस इत्यादि शब्दोंमें बिंदु (अनुस्वार) का लोप विकल्पसे होता है। उदा.—मासं मंसं। मासलं मंसलं। पासू पंसू। कासं कंसं। कह कहं। इआणि इआणिं। दाणि दाणिं। कि करेमि किं करेमि। समुहं संमुहं। नूण नूणं। एव एवं ॥ ४४ ॥

संस्कृतसंस्कारे ॥ ४५ ॥

(इस सूत्रमें १.१.४४ से) लुक् पद (अध्याहृत) है। संस्कृत और संस्कार शब्दोंमें बिंदु (अनुस्वार) का लोप होता है। यह सूत्र (१·१·४४ से) पृथक् कहा जानेके कारण, (अनुस्वारका लोप) नित्य होता है। उदा.–सक्कअं सक्कारो ॥ ४५ ॥

डे तु किंशुके ॥ ४६ ॥

किंशुक शब्दमें बिंदु (अनुस्वार) का एकार-जिसमें ड् अनुबंध है-विकल्पसे होता है। उदा.—केसुओ किंसुओ ॥ ४६ ॥

वर्गेऽन्त्यः ॥ ४७ ॥

(इस सूत्रमें १.१.४६ से) तु शब्दकी अनुवृत्ति है। बिंदुके आगे वर्गीय व्यंजन हो तो उस वर्गकाही संनिध (रहनेवाला) अन्त्य व्यंजन विकल्पसे होता है। उदा.—पङ्को पंको। अङ्गणं अंगणं। लञ्छणं लंछणं। सञ्झा संझा। कण्टओ कंटओ। मण्डणं मंडणं। अन्तरं अंतरं। पन्थो पंथो। छन्दो छंदो। बन्धू बंधू। कम्पइ कंपइ। आरम्भो आरंभो। (सूत्रमें) वर्गीय व्यंजन, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वर्गीय व्यंजन न हो तो केवल अनुस्वार ही होगा।) उदा.—संसओ। (वर्गीय व्यंजन आगे हो तो अनुस्वारका उस वर्गका अन्त्य व्यंजन) नित्य होता है, ऐसा कोई लोग मानते हैं ॥ ४७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विंशतिषु त्या श्लोपल् ॥ ४८ ॥

विंशति प्रकारके शब्दोंमें 'ति' अवयवके साथ बिंदुका लोप होता है। (सूत्रके श्लोपल् में) श् इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ होता है। (तथा श्लोपल् में) ल् इत् होनेके कारण, (यहाँका कार्य) नित्य हो जाता है। उदा.–वीसा विंशतिः। तीसा त्रिंशत्। तेवीसा त्रयोविंशतिः। तेत्तीसा त्रयस्त्रिंशत्। दाढा दंष्ट्रा। सीहो सिंहः। (सिंह शब्दके) सिंह तथा सिंघ ऐसेभी रूप दिखाई देते हैं। संज्ञाओंमें (सिंह शब्द होनेपर) सिंहदन्तो। सिंहराओ ॥ ४८ ॥

स्नमदामशिरोनभो नरि ॥ ४९ ॥

स्नंयानी सकारान्त और नकारान्त शब्द; ऐसे शब्दोंके रूप नरि अर्थात् पुल्लिंगमें प्रयुक्त करें। (सूत्रमें) 'अदामशिरोनभः' का यह अभिप्राय है– दामन्, शिरस्, और नभस् शब्दोंको छोडकर। उदा.-सान्त (सकारान्त)- जसो यशः। तमो तमः। उरो उरः। तेओ तेजः। पओ पयः। नान्त (नकारान्त)-जम्मो जन्म। कम्मो कर्म। वम्मो वर्म। (सूत्रमें) दामन्, शिरस् और नभस् शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण ये शब्द नपुंसकलिंगमेंही प्रयुक्त किये जाते हैं।) उदा.-दामं। सिरं। णहं। और (सदस्, इत्यादि शब्दोंके बारेमें) सदस् सअं। वयस् वअं। सुमनस् सुमणं। शर्म सम्मं। (इत्यादि रूप) दिखाई देते हैं, वे बहुलके अधिकारसे होते हैं ॥ ४९ ॥

शरत्प्रावृट् ॥ ५० ॥

(इस सूत्रमें १·१·४९ से) नरि पदकी अनुवृत्ति है। शरत् और प्रावृष् शब्द पुल्लिंगमें प्रयुक्त करें। उदा.-सरओ। पाउसो ॥ ५० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अक्ष्यर्थकुलाद्या वा ॥ ५१ ॥

(इस सूत्रमें १.१.४९ से) नरि पद (अध्याहृत) है। अक्षि (और अक्षिके) पर्यायवाचक शब्द, तथा कुल, इत्यादि शब्द पुल्लिंगमें विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.-अक्षि और उस अर्थके शब्द-एस अच्छी। णच्चाविआँइ तेणम्ह अच्छीइं, नर्तिते तेनास्माकमक्षिणी। (अक्षि शब्द) अंजल्यादि-गणमें कहा गया है, इसलिए वह स्त्रीलिंगमेंभी प्रयुक्त किया जाता है। उदा.—एसा अच्छी। चक्खू चक्खूइं। नअणा नअणाइं। लोअणा लोअणाइं। कुलादि शब्द—कुलो कुलं। वअणो वअणं। माहप्पो माहप्पं। दुक्खो दुक्खं। भाअणो भाअणं। विज्जुला विज्जुलाइं। छंदो छंदं। कुलादि (गणमें आगे कहे गये शब्द होते हैं) कुल, वचन, माहात्म्य, दुःख, भाजन, विद्युत्, छंदस्, इत्यादि। नेत्ता नेत्ताइं, कमला कमलाइं, इत्यादि (रूप) संस्कृत जैसे-ही हैं ॥ ५१ ॥

क्लीबे गुणगाः ॥ ५२ ॥

(इस सूत्रमें १.१.५१ से) वा शब्दकी अनुवृत्ति है। गुण, इत्यादि शब्द नपुंसकलिंगमें विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—गुणाइं गुणा। देवाइं देवा। मंडलग्गं मंडलग्गो। खग्गं खग्गो। बिंदूइं बिंदुणो। कररुहं कररुहो। रुक्खाइं रुक्खा। गुणादि (गणमें आगे कहे गए शब्द आते हैं)—गुण, देव, मण्डलाग्र, खड्ग, बिंदु, कररुह, वृक्ष, इत्यादि ॥५२॥

स्त्रियामिमाञ्जलिगाः ॥ ५३ ॥

इमा से अन्त होनेवाले शब्द और अंजलि, इत्यादि शब्द स्त्रीलिंगमें विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—एसा गरिमा एस गरिमो। एसा महिमा एस महिमो। एसा णिल्लज्जिमा एस णिल्लज्जिमो। एसा धुत्तिमा एस धुत्तिमो। अंजलि, इत्यादि शब्द—एसा अंजली एस अंजली। बलीए बलिणा। णिहीए णिहिणा। रस्सीए रस्सिणा। पण्हा पण्हो। अच्छीए

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अच्छिणा। गंठीए गंठिणा। कुच्छीए कुच्छिणा। चोरिआ चोरिअं। विहीए विहिणा। पिट्ठी पिट्ठं। पृष्ठ शब्दमें (ऋ स्वरका) इ किया जानेपरही वह केवल स्त्रीलिंगमें प्रयुक्त किया जाता है, ऐसा कोई कहते हैं। अंजल्यादि (गणमें होनेवाले शब्द ऐसे हैं)-अंजलि, बलि, निधि, रश्मि, प्रश्न, अक्षि, ग्रन्थि, कुक्षि, चौर्य, विधि, पृष्ठ, इत्यादि। 'इमन्' ऐसा यहाँ जो नियमन है (तंत्रेण), उस (कारण) से (भाववाचक संज्ञा सिद्ध करनेका जो 'त्व' प्रत्यय है उस) त्व (प्रत्यय) का आदेश, डित् इमा ऐसा आदेश, और पृथु, इत्यादि शब्दोंको लगनेवाला इमनिच् प्रत्यय, इनका संग्रह यहाँ होता है। त्व (प्रत्यय) का आदेश लगकर सिद्ध होनेवाले शब्द स्त्रीलिंगमेंही प्रयुक्त होते हैं, ऐसा कोई मानते हैं॥ ५३ ॥

— प्रथम अध्याय प्रथम पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीयः पादः

निष्प्रती ओत्परी माल्यस्थोर्वा ॥ १ ॥

निर् और प्रति ये दो उपसर्ग; उनके आगे माल्य शब्द तथा स्था धातु आगे हों तो उनके यथाक्रम ओ और परि ऐसे दो रूप विकल्पसे होते हैं। उदा.—ओमल्लं णिम्मल्लं निर्माल्यम्। ओमाल्यं वहइ। परिट्ठा पइट्ठा प्रतिष्ठा। परिट्ठिअं पइट्ठिअं प्रतिष्ठितम् ॥ १ ॥

आदेः ॥ २ ॥

(सूत्रमेंसे) आदेः (पहले वर्णका) पदका अधिकार 'अस्तोरखोरचः' (१.३.७) इस सूत्रके पूर्वसूत्रतक अविशेषतः है, ऐसा जानें ॥२॥

लुगव्ययत्यदाद्यात्तदचः ॥ ३ ॥

अव्यय और त्यत्, इत्यादि सर्वनाम इनके आगे (स्वरादि) अव्यय और त्यत्, इत्यादि सर्वनाम जब आते हैं, तब तदचः(अर्थात् आगे आनेवाले) अव्यय तथा सर्वनाम इनमेंसे आद्य अच् (स्वर) का विकल्पसे (बहुलं) लोप होता है। उदा.—अम्हे एत्थ अम्हेत्थ, वयमत्र। जइ इमा जइमा, यदीमाः। जइ अहं जइहं, यद्यहम् ॥३॥

वालाब्वरण्ये ॥ ४ ॥

(इस सूत्रमें १.२.३ से) लुक् शब्दकी अनुवृत्ति है। अलाबु तथा अरण्य इनमें आद्य (स्वर) का लोप विकल्पसे होता है। उदा.—लाऊ अलाऊ। रण्णं अरण्णं ॥ ४ ॥

अपेः पदात् ॥ ५ ॥

(इस सूत्रमें १.२.४ से) वा शब्द (अध्याहृत) है। किसी भी पदके आगे आनेवाले अपि उपसर्गके आद्य (स्वर) का लोप विकल्पसे होता है। उदा.—किं पि किमवि। तं पि तमवि। केण वि केणावि। कहं पि कहमवि। पदके (आगे आनेवाले), ऐसा क्यों कहा हैं? (कारण पदके आगे अपि न हो तो आद्य स्वरका विकल्पसे लोप नहीं होता।) उदा.—अवि णाम ॥ ५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इतेः ॥ ६ ॥

(इस सूत्रमें १.२.५ से) 'पदात्' पद (अध्याहृत) है। पदके आगे होनेवाले इति शब्दके आद्य (स्वर) का लोप होता है। यह नियम पृथक् रूपसे कहा है, इसलिए (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.— किंमिति किं ति। यदिति जं ति। तदिति तं ति। युक्तमिति जुत्तं ति। पदके आगे (होनेपरही इति के आद्य स्वरका लोप होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—इअ विंझगुहाणिलआए, इति विन्ध्यगुहानिलयायाः ॥ ६ ॥

तोऽचः ॥ ७ ॥

(सूत्रमेंसे) अचः यानी स्वरात्। स्वरके आगे होनेवाले इति शब्दके आद्य इकारका तकार होता है। उदा.—तह त्ति तथेति। झत्ति झटिति। पिओ त्ति प्रिय इति। स्वरके आगे होनेवाले, ऐसा क्यों कहा है? (कारण स्वरके आगे इति न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—किं ति ॥ ७ ॥

शोर्लुप्तयवरशोर्दिः ॥८॥

(सूत्रमेंसे) शोः यानी शु के अर्थात् श्, ष्, स् इन वर्णोंके। (सूत्रके) लुप्तयवरशोः का अभिप्राय है—लुप्त हुए य्, व्, र्, श्, ष् और स् इनके। आदि स्वरका दि यानी दीर्घ होता है। (अर्थ यह हुआ—) (व्यंजनोंके) संयोगमें पहले या अनन्तर (उपर्यधो वा) रहनेवाले य्, व्, र्, श्, ष, स् इनका लोप होनेपर, जो श्, ष्, स् अवशिष्ट रहते हैं, उनके आद्य स्वरका दीर्घ (स्वर) होता है, यह अर्थ है। उदा.—श् से संयुक्त रहनेवाले य् का लोप होनेपर—कश्यपः कासवो। आवश्यकम् आवासयं। पश्यति पासइ। (श् से संयुक्त रहनेवाले) व् का लोप होनेपर—अश्वः आसो। विश्वासः वीसासो। विश्वसिति वीससइ। (श् से संयुक्त रहनेवाले) र् का लोप होनेपर—विश्रामः वीसामो। विश्राम्यति वीसामइ। मिश्रम् मीसं। संस्पर्शः संफासो। (श् से संयुक्त रहनेवाले) श् का लोप होनेपर—दुश्शासनः दूसासणो। मनश्शिला मणासिला। (ष् से संयुक्त रहनेवाले) य् का लोप होनेपर-शिष्यः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सीसो। पुष्यः पूसो। मनुष्यः मणुसो। (ष् से संयुक्त रहनेवाले) व् का लोप होनेपर-विष्वाणः वीसाणो। विष्वक् वीसुं। (ष् से संयुक्त रहनेवाले) र् का लोप होनेपर-कर्षकः कासओ। वर्षा वासा। (ष् से संयुक्त रहनेबाले) ष् का लोप होनेपर—निष्षिक्तः णीसित्तो। स् से संयुक्त रहनेवाले य् का लोप होनेपर—सस्यम् सासं। कस्यचित् कासइ। (स् से संयुक्त रहनेवाले) व् का लोप होनेपर—विकस्वरः वीआसरो। निस्त्वः णीसो। (स् से संयुक्त रहनेवाले) र् का लोप होनेपर—उस्रः ऊसो। विस्रम्भः वीसंभो। (स् से संयुक्त रहनेवाले) स् का लोप होनेपर—निस्सहः णीसहो। बहुलके अधिकारसे, व का लोप होनेपर क्वचित् अन्य (दूसरे) ही आद्य स्वरका दीर्घ होता है। उदा.—जिह्वा जीहा। यहाँ 'दीर्घान्न' (१.४.८७) ऐसा प्रतिषेध होनेसे, 'शेषादेशस्याहोऽचोऽखोः' (१.४.८६) सूत्रमें कहा गया द्वित्व नहीं होता ॥ ८ ॥

हे दक्षिणेऽस्य ॥ ९ ॥

(इस सूत्रमें १.२.८ से) दिः पदकी अनुवृत्ति है। दक्षिण शब्दमें, क्ष का हे यानी हकार होनेपर, अ का अर्थात् अ-वर्णका दीर्घ होता है। उदा.—दाहिणो। हकार होनेपर, ऐसा क्यों कहा है। (कारण यदि क्ष का हकार न हो तो यह वर्णान्तर नही होता।) उदा.—दक्खिणो ॥ ९ ॥

तु समृद्ध्यादौ ॥ १० ॥

(इस सूत्रमें १.२.९ से) अस्य पदकी अनुवृत्ति है। समृद्धि, इत्यादि शब्दोंमें आद्य अ-वर्णका दीर्घ विकल्पसे होता है। उदा.—सामिद्धी समिद्धी समृद्धिः। पाडिसिद्धी पडिसिद्धी प्रतिसिद्धिः। सारिच्छो सरिच्छो सदृक्षः। माणंसी मणंसी मनस्वी। पासुत्तो पसुत्तो प्रसुप्तः। पाडिप्फद्धी पडिप्फद्धी प्रतिस्पर्धी। पाडिवआ पडिवआ प्रतिपद्। पावासू पवासू प्रवासी। आहिआई अहिआई अभिजातिः। पाअडं पअडं प्रकटम्। पाअअं पअअं प्रकृतम्। पासिद्धी पसिद्धी प्रसिद्धिः। पारकेरं परकेरं पारकं,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परकं, परकीयम्। चाउरंतं चउरंतं चतुरन्तम्। आफंसो अफंसो अस्पर्शः। पावअणं पवअणं प्रवचनम्। पारोहो परोहो प्ररोहः। इत्यादि ॥ १० ॥

स्वप्नादाविल् ॥ ११ ॥

स्वप्न, इत्यादि शब्दोंमें आद्य अ-वर्णका इ होता है। (सूत्रके इल् में) ल् इत् होनेके कारण, (यह इकार) नित्य होता है। उदा.—सिविणो सिमिणो स्वप्नः। विअणं व्यजनम्। विलिअं व्यलीकम्। किविणो कृपणः। मिइगो मृदङ्गः। ईसि ईषत्। वेडिसो वेतसः। दिण्णं दत्तम्। उत्तिमो उत्तमः। मिरिअं मरिचम्। बहुलका अधिकार होनेसे, दत्त शब्दमें ण्णत्व नहीं हुआ तो इ नहीं होता। उदा.—दत्तं ॥ ११ ॥

पक्काङ्गारललाटे तु ॥ १२ ॥

पक्क, अङ्गार, ललाट इन शब्दोंमें आद्य अ का इ विकल्पसे होता है। उदा.—पिक्कं पक्कं। इंगारो अंगारो। णिडालं णडालं ॥ १२ ॥

सप्तपर्णे फोः ॥ १३ ॥

सप्तपर्ण शब्दमें फुका यानी द्वितीय (अ-वर्ण) का इत्व विकल्पसे होता है। उदा.—छत्तिवण्णो छत्तवण्णो ॥ १३ ॥

मध्यमकतमे च ॥ १४ ॥

(सूत्र १.२.१३ से) फोः पदकी अनुवृत्ति इस (१.२.१४) सूत्रमें है, यह दिखानेका काम इस सूत्रका चकार करता है। मध्यम और कतम शब्दोंके द्वितीय अच् का (=स्वरका) इत्व होता है। (१.२.१२-१३ से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.- मज्झिमो। कइमो ॥ १४ ॥

हरे त्वी ॥ १५ ॥

'हर' शब्दके आद्य अच् (स्वर) का ईत्व विकल्पसे होता है। हीरो। हरो ॥ १५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उल् ध्वनिगवयविष्वचो वः ॥ १६ ॥

ध्वनि, गवय, विष्वक् शब्दोंमें, वकारसे संबंधित (होनेवाले) अ-वर्णका उत्व लित् (नित्य) होता है। उदा.—झुणी। गउओ। वीसुं॥ १६ ॥

ज्ञो णोऽभिज्ञादौ ॥ १७ ॥

(इस सूत्रमें) उत्वं पदकी अनुवृत्ति है। अभिज्ञ, इत्यादि शब्दोंमें ज्ञकारको आदेशके रूपमें आनेवाले ण से संबंधित (रहनेवाले) अ-वर्णका उ होता है। उदा.—अहिण्णु अभिज्ञः। सव्वण्णू सर्वज्ञः। आगमण्णू आगमज्ञः। कअण्णू कृतज्ञः। (ज्ञ को) ण (आदेश) होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण यदि ण आदेश न हो तो यहाँका वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—अहिज्जो अभिज्ञः। अभिज्ञः, इत्यादि शब्दोंमें, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य शब्दोंमें ज्ञ को ण आदेश होनेपरभी अ का उ नहीं होता।) उदा.—पण्णो प्राज्ञः। अहिण्णा अभिज्ञा। जिन शब्दोंमें ज्ञ को ण आदेश होकर, उससे संबंधित (होनेवाले) अ का उ हुआ दिखाई देता है, वे अभिज्ञ, इत्यादि शब्द होते हैं॥ १७ ॥

स्तावकसास्ने ॥ १८ ॥

स्तावक और सास्ना शब्दोंके आद्य अ-वर्ण का उ होता है। उदा.-थुवओ। सुण्हा ॥ १८ ॥

चण्डखण्डिते णा वा ॥ १९ ॥

चण्ड और खण्डित शब्दोंमें, णकारके साथ आद्य अवर्णका उ विकल्पसे होता है। उदा.—चुडं चण्डं। खुडिओ खंडिओ ॥ १९ ॥

प्रथमे थ्योः ॥ २० ॥

प्रथम शब्दमें, पकार और थकार इनसे संबंधित (रहनेवाले) अ-वर्णका, (दोनोंका) एकसाथ (युगपद्) और क्रमसे, उ विकल्पसे होता है। उदा. पुढुमं पढुमं पुढमं पढमं॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आर्यायां र्यः श्वश्वामूल् ॥ २१ ॥

श्वश्रू (सास) वाचक आर्या शब्दमें, र्यकारसे संबंधित (होनेवाले) अ-वर्णका लित् (नित्य) ऊ होता है। उदा.—अज्जू। श्वश्रूवाचक (आर्या शब्दमें), ऐसा क्यों कहा है? (कारण श्वश्रू अर्थ नहीं होता तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—अज्जा (यानी) माता ॥२१॥

आसारे तु ॥ २२ ॥

आसार शब्दमें आद्य अ-वर्णका ऊत्व विकल्पसे होता है। उदा.—ऊसारो आसारो ॥ २२ ॥

तोऽन्तर्येल् ॥ २३ ॥

अन्तर् शब्दमें तकारसे संबंधित (रहनेवाले) अ-वर्णका लित् (नित्य) ए होता है। उदा.—अन्तःपुरम् अंतेउरं। अन्तश्चारी अंतेआरी। क्वचित् (ऐसा ए) नहीं होता। उदा.—अन्तर्गतम् अंतग्गअं। अंतोवीसंभणिवेसिआण, अन्तर्विश्रम्भनिवेशितानाम् ॥ २३ ॥

पारावते तु फोः ॥ २४ ॥

पारावत शब्दमें फु का यानी द्वितीय (अ-वर्ण) का ए विकल्पसे होता है। उदा.-पारेवओ पारावओ ॥ २४ ॥

उत्करवल्लीद्वारमात्रचः ॥ २५ ॥

उत्कर, वल्ली, द्वार शब्दोंमें (और) मात्रच् प्रत्ययमें आद्य अ-वर्णका ए विकल्पसे होता है। उदा.-उक्केरो उक्करो। वेल्ली वल्ली। देरं दारं। विकल्पपक्षमें दुआरं। मात्रच् प्रत्ययमें- एत्तिअमेत्तं एत्तिअमत्तं एतावन्मात्रम्। बहुलका अधिकार होनेसे, मात्र शब्दमें भी (आद्य अ-वर्णका ए होता है।) उदा.—भोअणमेत्तं भोजनमात्रम् ॥ २५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शय्यादौ ॥ २६ ॥

शय्या इत्यादि शब्दोंमें आद्य अ-वर्णका ए होता है। (१.२.२४-२५ से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.—सेज्जा शय्या। एत्थ अत्र। गेज्झं ग्राह्यम्। गेंदुअं कन्दुकम् ॥ २६ ॥

त्वार्द्रे उदोत् ॥ २७ ॥

आर्द्र शब्दमें आद्य अ-वर्णके उ और ओ विकल्पसे होते हैं। उदा.-उल्लं ओल्लं। विकल्पपक्षमें—अल्लं अद्दं। बाहसलिलप्पवहेण ओल्लेइ, बाष्प-सलिलप्रवाहेणार्द्रयति ॥ २७ ॥

स्वपि ॥ २८ ॥

(इस सूत्रमें १.२.२७ से) उदोत् शब्दकी अनुवृत्ति है। स्वप् (स्वपि) धातुके आद्य अ-वर्णके उ और ओ होते हैं। (१.२.२७ से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.—सुवइ सोवइ ॥ २८ ॥

ओदाल्यां पङ्क्तौ ॥ २९ ॥

पङ्क्तौ यानी पंक्तिवाचक आली शब्दमें आद्य अ-वर्णका ओ होत है। उदा.—ओली। पंक्तिवाचक (आली शब्दमें), ऐसा क्यों कहा है? (कारण आली पंक्तिवाचक न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—आली (यानी) सखी ॥ २९ ॥

फोः परस्परनमस्कारे ॥ ३० ॥

(इस सूत्रमें १.२.२९ से) ओत् शब्दकी अनुवृत्ति है। परस्पर और नमस्कार शब्दोंमें फु यानी दितीय (अ-वर्ण) का ओ होता है। उदा.-परोप्परं। णमोक्कारो ॥ ३० ॥

पद्मे मि ॥ ३१ ॥

पद्म शब्दमें आद्य अ-वर्णका, मकार आगे होनेपर, ओ होता है। उदा.—पोम्मं। (सूत्रमें) मि (मकार आगे होनेपर), ऐसा क्यों कहा है? (कारण आगे मकार न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.-पदुमं ॥ ३१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

त्वर्पौ ॥ ३२ ॥

अर्पौ यानी अर्पयति धातुमें आद्य अ का ओ विकल्पसे होता है। उदा.–ओप्पेइ अप्पेइ। ओप्पिअं अप्पिअं ॥ ३२ ॥

ईल् खल्वाटस्त्यानयोरातः ॥ ३३ ॥

खल्वाट और स्त्यान शब्दोंके आद्य आकारका लित् (नित्य) ई होता है। उदा.–खल्लीडो ! ठीणं। संखाअं यह रूप मात्र 'स्त्यः समः खा' (२.४.१२४) सूत्रसे ख आदेश होकर, क्त-प्रत्यय लगनेपर, सिद्ध हुआ है ॥ ३३ ॥

इत्तु सदादौ ॥३४॥

(इस सूत्रमें १.२.३३ से) आतः पदकी अनुवृत्ति है। सदा इत्यादि शब्दोंमें आद्य आकारका इ विकल्पसे होता है। उदा.–सइ सआ सदा। कुप्पिसो कुप्पासो कूर्पासः। णिसिअरो णिसाअरो निशाकरः। इत्यादि ॥ ३४ ॥

आचार्ये चो ह्रश्च ॥ ३५ ॥

आचार्य शब्दमें चकारसे संबंधित (रहनेवाले) आ का ह यानी ऱ्हस्व होता है। (सूत्रमें) चकार होनेसे, (इस आ का) इ भी होता है। उदा.–आअरिओ आइरिओ ॥ ३५ ॥

श्यामाके मः ॥ ३६ ॥

(इस सूत्रमें १.२.३५ से) ह्रः पदकी अनुवृत्ति है। श्यामाक शब्दमें मकारसे युक्त (रहनेवाले) आ का ह यानी ऱ्हस्व होता है। उदा.–सामओ ॥ ३६ ॥

न वाव्ययोत्खातादौ ॥ ३७ ॥

अव्ययोंमें तथा उत्खात, इत्यादि शब्दोंमें, आद्य आ का ऱ्हस्व विकल्पसे नहीं होता। उदा.–अव्ययोंमें–जह जहा यथा। तह तहा तथा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अहव अहवा अथवा। व वा। ह हा। इत्यादि। उत्खात, इत्यादि शब्दोंमें-उक्खअं उक्खाअं उत्खातम्। कुमरो कुमारो कुमारः। खइरं खाइरं खादिरम्। वलआ बलाआ बलाका। पअअं पाअअं प्राकृतम्। चमरो चामरो चामरः। कलओ कालाओ कलादः (यानी) स्वर्णकार (सोनार)। हलिओ हालिओ हालिकः (अर्थात्) कृषीवलः (किसान)। णराओ नाराओ नाराचः। तलविंटं तालविंटं तालवृन्तम। ठविओ ठाविओ स्थापितः। पट्ठविओ पट्ठाविओ प्रस्थापितः। संठविओ संठाविओ संस्थापितः। इत्यादि। ब्राह्मण और पूर्वाह्न शब्दोंमेंभी (यह नियम लगता है), ऐसा कोई कहते हैं। उदा.-बम्हणो बाम्हणो। पुव्वण्हो पुव्वाण्हो ॥ ३७ ॥

घञि वा ॥ ३८ ॥

घञ् प्रत्ययके कारण आनेवाला जो वृद्धिरूप आकार, वह जब आद्य होता है तब उसका ऱ्हस्व विकल्पसे होता है। (इस सूत्रमें) पुनः 'वा' शब्दका ग्रहण किये जानेसे, अगले सूत्रमें (१.२.३९ में) विकल्प नहीं होता। उदा.-पवहो पवाहो प्रवाहः। पहरो पहारो प्रहारः। पअरो पआरो प्रकारः या प्रचारः। पत्थओ पत्थाओ प्रस्तावः। क्वचित (इस प्रकारका ऱ्हस्व) नहीं होता। उदा.-रागः राओ। भागः भाओ॥ ३८ ॥

स्वरस्य बिन्द्वमि ॥ ३९ ॥

बिंदु (अनुस्वार) और अम् यानी द्वितीया एकवचन (प्रत्यय) आगे होनेपर, (पिछले) स्वरका ऱ्हस्व होता है। उदा.-अनुस्वार आगे होनेपर-मांसम् मंसं। मांसलम् मंसलं। पांसुः पंसू। कांस्यम् कंसं। वांशिकः वंसिओ। काञ्चनम् कंचणं। लाञ्छनम् लछणं। द्वितीया एकवचन (प्रत्यय) आगे होनेपर-गंगं। मालं। नइं। वहुं॥ ३९ ॥

संयोगे ॥ ४० ॥

(व्यंजनोंका) संयोग (संयुक्त व्यंजन) आगे होनेपर, (उसके) पूर्व (पिछला) (दीर्घ) स्वर ऱ्हस्व होता है। उदा.-आ (का ऱ्हस्व)—आम्रम्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अंबं। ताम्रम् तंबं। विरहाग्निः विरहग्गी। अमात्यः अमच्चो। काव्यम् कव्वं। ई (का ऱ्हस्व)-मुनीन्द्रः मुणिंदो। तीर्थम् तित्थं। शीघ्रम् सिग्घं। ऊ (का ऱ्हस्व)—चूर्णम् चुण्णं। सूत्रम् सुत्तं। पूर्वम् पुव्वं। ए (का ऱ्हस्व)-नरेन्द्रः णरिन्दो। म्लेच्छः मिलिच्छो। ऐ (का ऱ्हस्व)—दृष्टैकस्तनपट्टम् दिट्ठोक्कत्थणवट्टं। ओ (का ऱ्हस्व)—अधरोष्ठः अहरुट्ठो। नीलोत्पलम् णीलुप्पलं। ए और ओ के बारेमें (यह जानें कि) क्वचित् वे स्वरूपसेही (स्वतःही) ऱ्हस्व होते हैं। उदा.—एकः ऍक्को। नेत्रम् णेत्तं। ग्राह्यम् गेज्झं। स्तोकम् थोक्कं। तुण्डम् तोण्डं। इत्यादि॥ ४० ॥

त्वेदितः ॥४१॥

(इस सूत्रमें १.२.४० से) 'संयोगे' पदकी अनुवृत्ति है। आगे (व्यंजनोंका) संयोग (संयुक्त व्यंजन) होने पर, आद्य इकारका ए विकल्पसे होता है। उदा.-पेण्डं पिण्डं। धम्मेल्लं धम्मिल्लं। सेन्दूरं सिन्दूरं सिन्दूरम्। बेल्लं बिल्लं बिल्वम्। वेण्हू विण्हू विष्णुः। क्वचित् (इस प्रकार ए) नहीं होता। उदा.—चिन्ता॥ ४१ ॥

मिरायां लित् ॥ ४२ ॥

(इस सूत्रमें १.२.४१ से) इतः और एत् पदोंकी अनुवृत्ति है। मिरा शब्दमें इ का लित् (नित्य) ए होता है। उदा.—मेरा (यानी) सीमा ॥ ४२ ॥

मूषिकविभीतकहरिद्रापथिपृथिवीप्रतिश्रुत्यत् ॥४३॥

मूषिक, इत्यादि शब्दोंमें आद्य इकारको अकार आदेश होता है। मूषिकः मूसओ। विभीतकः वहेडओ। हरिद्रा हलद्दी। पथि पहो। पथ शब्द अकारान्त रहनेपरभी, पथि शब्दका अन्य रूप न हो, इसलिए यह नियम कहा है। पृथिवी पुहवी पुढवी। प्रतिश्रुत् पडंसुआ (यानी) प्रतिध्वनि॥ ४३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रस्तित्तिरौ ॥ ४४ ॥

(इस सूत्रमें १.२.४३ से) अत् शब्दकी अनुवृत्ति है। तित्तिरि शब्दमें र् से संबंधित (रहनेवाले) इकारका अ होता है। उदा.- तित्तिरो ॥ ४४ ॥

इतौ तो वाक्यादौ ॥ ४५ ॥

वाक्यके प्रारंभमें रहनेवाले इति शब्दमें तकारसे संबंधित (होनेवाले) इ का अ हो जाता है। उदा.—इअ विअसिअकुसुमसरो, इति विकसित-कुसुमशरः। वाक्यके प्रारंभमें, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वाक्यके प्रारंभमें इति न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—पिओ त्ति ॥ ४५ ॥

वेङ्गुदशिथिलयोः ॥ ४६ ॥

इङ्गुद और शिथिल शब्दोंमें आद्य इ का अ विकल्पसे होता है। उदा.—अंगुअं इंगुअं। सढिलं सिढिलं। पसढिलं पसिढिलं। णिम्माअं, णिम्मिअं, ये रूप मात्र निर्मातृ और निर्मित शब्दोंसे होंगे ॥ ४६ ॥

उ युधिष्ठिरे ॥ ४७ ॥

(इस सूत्रमें १.२.४६ से) वा शब्दकी अनुवृत्ति है। युधिष्ठिर शब्दमें आद्य इ का उ विकल्पसे होता है। उदा.—जुहुट्ठिलो जुहिट्ठिलो ॥ ४७ ॥

द्विनीक्षुप्रवासिषु ॥ ४८ ॥

(इस सूत्रमें) उत्व शब्दकी अनुवृत्ति है। द्वि शब्दमें, नि इस उपसर्गमें, तथा इक्षु और प्रवासिन् शब्दोंमें आद्य इ का उ होता है। (१.२.४७ से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.-द्विमात्रः दुमत्तो। द्विजातिः दुआई। द्विविधः दुविहो। द्विरेफः दुरेहो। द्विवचनम् दुवअणं, दुहा वि सो सुरवहूसत्थो, द्विधापि स सुरवधूसार्थः। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् विकल्प होता है। उदा.- दुउणो विउणो द्विगुणः। दुइओ विइओ द्वितीयः। क्वचित् (उ) नहीं होता। उदा.—द्विजः दिओ! द्विरदः दिरओ। द्विधागतः दिहागओ। क्वचित् (इ का) ओ भी होता है। द्विवचनम् दोवअणं। नि (उपसर्ग) में—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णुमज्जइ निमज्जइ। णुमंतो निमन्त्रः। क्वचित् (नि में उ) नहीं होता। उदा.-निपतति णिवडइ। इक्षुः उच्छू। प्रवासी पवासू॥ ४८॥

तु निर्झरद्विधाकृओरोन्ना॥ ४९॥

निर्झर शब्दमें तथा द्विधाकृ शब्दमें, आद्य इ का (निर्झर शब्दमें मात्र नकार के साथ) ओ विकल्पसे होता है। उदा.—ओज्झरो णिज्झरो निर्झरः। दोहाकिज्जइ दुहाकिज्जइ द्विधाक्रियते। दोहाइअं दुहाइअं द्विधाकृतम्।-(द्विधा-) कृ (कृञ्), ऐसा क्यों कहा है? (कारण द्विधा के आगे कृ न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—दिहागअं द्विधागतम्॥ ४९॥

ईतः काश्मीरहरीतक्योर्लालौ॥ ५०॥

काश्मीर और हरीतकी शब्दोंमें ईकारके यथाक्रम आ और अ लित् (नित्य) होते हैं। उदा.-कम्हारो। हरडई॥ ५०॥

गभीरग इत्॥ ५१॥

(इस सूत्रमें १.२.५० से) ईतः पदकी अनुवृत्ति है। गभीर, इत्यादि शब्दोंमें आद्य ईकारका इ होता है। उदा.-गहिरो गभीरः। सिरिसो शिरीषः। आणिअं आनीतम्। स्त्रीलिंगके रूपोंमें ईकारभी (त्राज्ञयमें) दिखाई देता है। उदा.-आणीदा भुअणब्भुएक्कजणणी, आनीता भुवनाद्भुतैकजननी। गहिअं गृहीतम्। विलिअं व्रीडितम्। विइओ द्वितीयः। पइविअं प्रदीपितम्। तइओ तृतीयः। जिअओ जीवन्। ओसिअन्तो अवसीदन्। पसिअ प्रसीद। वम्मिओ वल्मीकः। इत्यादि। तआणिं रूप मात्र तदानीम् शब्दमें 'स्वरस्य बिन्द्वमि' (१.२.३९) सूत्रके अनुसार (ई का) ह्रस्व होकर सिद्ध हुआ है॥ ५१॥

वा पानीयगे॥ ५२॥

पानीय, इत्यादि शब्दोंमें आद्य ईकारका इ विकल्पसे होता है। उदा.-पाणिअं पाणीअं पानीयम्। अलिअं अलीअं अलीकम्। करिसं करीसं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

करीषम्। उवणिअं उवणीअं उपनीतम्। जिअइ जीअइ जीवति। इत्यादि ॥ ५२ ॥

उल् जीर्णे ॥ ५३ ॥

जीर्ण शब्दमें ई का उ होता है। (सूत्रके उल् में) ल् इत् होनेसे, (यहाँ) विकल्प नहीं होता। उदा.-जुण्णं। क्वचित् (उ) नहीं होता। उदा.-जिण्णे भोअणमत्ते, जीर्णे भोजनमात्रे ॥ ५३ ॥

तीर्थे हूल् ॥५४॥

तीर्थ शब्दमें, (आगे) हि यानी हकार होनेपर, ई का ऊ होता है। उदा.—तूहं। ह होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण आगे ह न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—तित्थं ॥ ५४ ॥

विहीनहीने वा ॥ ५५ ॥

विहीन और हीन शब्दोंमें ई का ऊ विकल्पसे होता है। उदा.—विहूणं विहीणं। हूणं हीणं। (विहीन और हीन) इनमेंही, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्यत्र ऐसा नहीं होता।) उदा.-पहीणजरमरणा ॥ ५५ ॥

एल् पीठनीडकीदृशपीयूषविभीतकेदृशापीडे ॥ ५६ ॥

पीठ, इत्यादि शब्दोंमें आद्य ई का ए होता है। (सूत्रके एल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—पेढं। नेडं। केरिसो। पेऊसं। वहेडओ। एरिसो। आमेलो। बहुलका अधिकार होनेसे, पीठ और नीड शब्दोंमें विकल्प होता है। उदा.—पीढं नीडं ॥ ५६ ॥

त्वदुत उपरिगुरुके ॥ ५७ ॥

उपरि और गुरुक शब्दोंमें आद्य उकारका अ विकल्पसे होता है। उदा.-अवरि उवरि। गरुओ गुरुओ। (गुरूक शब्दमें) क—प्रत्यय का ग्रहण होनेसे, गुरु शब्दमें (यह वर्णान्तर) नहीं होता। उदा.-गुरू।।५७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुकुलादौ ॥ ५८ ॥

(इस सूत्रमें १.२.५७ से) उतः और अत् पदोंकी अनुवृत्ति है। मुकुल, इत्यादि शब्दोंमें आद्य उकारका अ होता है। यह नियम (१.२.५७ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—मउलं मुकुलम्। मउडं मुकुटम्। यद्यपि मकुटम् शब्द संस्कृतमें है, तथापि यह नियम मुकुट शब्दके अन्य रूपोंके निवृत्तिके लिए है। मउरं मुकुरम्। अगरू अगुरुः। गलोई गुडूची। गरूई गुर्वी। जहुट्ठिलो युधिष्ठिरः। सोअमल्लं सौकुमार्यम्। इत्यादि। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् (उ का) आ होता है। उदा.—विद्रुतः विद्दाओ ॥ ५८ ॥

रो भ्रुकुटिपुरुषयोरित् ॥ ५९ ॥

(भ्रुकुटि और पुरुष) इन शब्दोंमें रेफसे संबंधित (रहनेवाले) उकारका इ होता है। उदा.-भिउडी। पुरिसो। पउरिसं पौरुषम् ॥५९॥

क्षुत ईत् ॥ ६० ॥

क्षुत् शब्दमें उ का ई होता है। उदा.-छीअं ॥ ६० ॥

दो दो ऽनुत्साहोत्सन्न ऊच्छसि ॥ ६१ ॥

उत्साह और उत्सन्न शब्दोंको छोडकर, उत् उपसर्गके आगे शकार और सकार होनेपर, उत् उपसर्गका दा यानी दकारके साथ ऊ होता है। उदा.-उच्छ्वासः ऊसासो। उच्छ्वसिति ऊससइ। उच्छुकः (अर्थात्) उद्गताः शुकाः यस्मिन् सः (जिसमेंसे तोते उड गये हैं वह) ऊसुओ। उत्सुकः ऊसुओ। उत्सवः ऊसओ। उत्सरति ऊसरइ। उत्सिक्तः ऊसित्तो। उत्साह और उत्सन्न शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इन शब्दोंमें यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.-उच्छाहो। उच्छण्णो ॥६१॥

दुरो रलुकि तु ॥ ६२ ॥

(इस सूत्रमें १.२.६१ से) ऊत् शब्दकी अनुवृत्ति है। दुर् उपसर्गके बारेमें, र-लुकि यानी रेफ का लोप होनेपर, आद्य उ का ऊ विकल्पसे होता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। उदा.–दूसहो दुसहो दुःसहः। दूहओ दुहओ दुर्भगः। रेफ का लोप होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण रेफ का लोप न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.--दुस्सहो विरहो ॥ ६२ ॥

सुभगमुसलयोः ॥ ६३ ॥

(इस सूत्रमें १.२.६१ से) ऊत् शब्दकी अनुवृत्ति है। सुभग और मूसल शब्दोंमें उ का ऊ विकल्पसे होता है। उदा.-सूहओ सुहओ सुभगः। मूसलं मुसलं मुसलम् ॥ ६३ ॥

हश्चौत्कुतूहले ॥ ६४ ॥

कुतूहल शब्दमें आद्य उ का ओ होता है, और उस (ओ) के सांनिध्यसे (तूमेंसे) ऊ का ऱ्हस्व होता है। उदा.–कोउहलं कुऊहलं कोउहल्लं कुतूहलम् ॥ ६४ ॥

स्तौ ॥ ६५ ॥

(इस सूत्रमें १.२.६४ से) ओत् शब्दकी अनुवृत्ति है। स्तु यानी संयुक्त व्यंजन आगे होनेपर, आद्य उ का ओ होता है। उदा.–तुण्डम् तोण्डं। पुष्करम् पोक्खरं। कुट्टिमम् कोट्टिमं। पुस्तकम् पोत्थअं। मुस्ता मोत्था। मुद्गरः मोग्गरो। पुद्गलः पोग्गलो। कुन्दम् कोन्दं। व्युत्क्रान्तम् वोक्कन्तं ॥ ६५ ॥

सूक्ष्मे ऽद्वोतः ॥ ६६ ॥

सूक्ष्म शब्दमें ऊ का अ विकल्पसे होता है। उदा.–सण्हं सुण्हं ॥ ६६ ॥

अल् दुकूले ॥ ६७ ॥

(इस सूत्रमें १.२.६६ से) ऊतः पदकी अनुवृत्ति है। दुकूल शब्दमें ऊ को अल् ऐसा आदेश होता है। अल् में लकार अनुबंध (इत्) नहीं है। उदा.-दुअल्लं दुऊलं ॥ ६७ ॥

ईदुद्वयूढे ॥ ६८ ॥

उद्वयूढ शब्दमें ऊ का ई विकल्पसे होता है। उदा.–उव्वीढं उव्वूढं ॥ ६८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उल् कण्डूयहनूमद्वातूले ॥ ६९ ॥

कण्डूयति धातुमें, तथा हनुमत् और वातूल शब्दोंमें आद्य ऊका लित् (नित्य) उ होता है। उदा.–कंडुअइ। हणुमंतो। वाउलो ॥ ६९ ॥

वा मधूके ॥ ७० ॥

मधूक शब्दमें ऊ का उ विकल्पसे होता है। उदा.–महुअं महूअं ॥७० ॥

इदेन्नूपुरे ॥ ७१ ॥

(इस सूत्रमें १.२.७० से) वा शब्दकी अनुवृत्ति है। नूपुर शब्दमें ऊ के इ और ए विकल्पसे होते हैं। उदा.–णिउरं णेउरं णूउरं ॥ ७१ ॥

ओल् स्थूणातूणमूल्यतूणीरकूर्परगुडूचीकूष्माण्डीताम्बूलीषु ॥ ७२ ॥

(स्थूणा, तूण, मूल्य, तूणीर, कूर्पर, गुडूची, कूष्माण्डी, ताम्बूली) इन शब्दोंमें ऊ का लित् (नित्य) ओ होता है। उदा.– थोणा। तोणं। मोल्लं। तोणीरं। कोप्परं। गलोई। कोहंडी। तम्बोली। बहुलका अधिकार होनेसे, स्थूणा और तूण शब्दोंमें विकल्पसे (ओ) होता है। उदा.–थूणा। तूणं ॥ ७२ ॥

ऋतो ऽत् ॥ ७३ ॥

आद्य ऋकारका अ होता है। उदा.–घृतम् घअं। तृणम् तणं। कृतम् कअं। वृषभः वसहो। मृगः मओ ॥ ७३ ॥

आद्वा मृदुत्वमृदुककृशासु ॥ ७४ ॥

(इस सूत्रमें १.२.७३ से) ऋतः पदकी अनुवृत्ति है। (मृदुत्व, मृदुक, कृशा) इन शब्दोंमें आद्य ऋकारका आ विकल्पसे होता है। उदा.–माउत्तं मउत्तं। माउअं मउअं। कासा कसा ॥ ७४ ॥

इल् कृपगे ॥ ७५ ॥

कृप इत्यादि शब्दोंमें आद्य ऋ का इ होता है। (सूत्रके इल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–किवो कृपः। णिवो नृपः। किवा कृपा। किवणो कृपणः। किवाणो कृपाणः। किसो कृशः। किसाणू कृशानुः। किई कृतिः। विसो वृषः। मूषिओ मूसिकः (?)। किसरो कृसरः (यानी) एक विशिष्ट विलेप। किच्छं कृच्छ्रम्। किसओ कृषकः। तिसिओ तृषितः। इसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऋषिः। धिई धृतिः। विंछिओ विंछुओ वृश्चिकः। वित्तं वृत्तम्। वित्ती वृत्तिः। पिच्छी पृथ्वी। किच्चा कृत्या। घुसिणं घुसृणम्। विणा घृणा। इद्धी ऋद्धिः। समिद्धी समृद्धिः। गिद्धी गृद्धिः। विद्धकई वृद्धकपिः। छिहा स्पृहा। विसी वृसी। हिअअं हृदयम्। उक्किट्ठं उत्कृष्टम्। मिट्ठं मृष्टम्, रसके बारेमें (यह रूप होता है) अन्यत्र–मट्ठं। दिट्ठं दृष्टम्। विइण्हो वितृष्णः। सइ सकृत्। दिट्ठी दृष्टिः। गिट्ठी गृष्टिः। सिट्ठी सृष्टिः। सिआलो शृगालः। वाहित्तं व्याहृतम्। विंहिअं बृंहितम्। तिप्पं तृप्रम्। सिट्ठं सृष्टम्। सिंगारो शृंगारः। भिंगो भृंगः। भिऊ भृगुः। भिंगारो भृंगारः। इत्यादि ॥ ७५ ॥

शृङ्गमृगाङ्कमृत्युधृष्टमसृणेषु वा ॥ ७६ ॥

शृङ्ग, इत्यादि शब्दोंमें ऋ का इ विकल्पसे होता है। उदा.–सिंगं संगं। मिअंको मअंको। मिच्चू मच्चू। धिट्ठो धट्ठो। मसिणं मसणं ॥ ७६ ॥

पृष्ठे ऽनुत्तरपदे ॥ ७७ ॥

पृष्ठ शब्द (समासमें) उत्तरपद न हो तो उसमें ऋ का इ विकल्पसे होता है। उदा.–पिट्ठं पट्ठं। उत्तरपद न हो, ऐसा क्यों कहा है? (कारण पृष्ठ शब्द उत्तरपद हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.–महिवट्ठं महीपृष्ठम् ॥ ७७ ॥

उद् वृषभे वुः ॥ ७८ ॥

वृषभ शब्दमें वृ इस (अक्षर) का उ विकल्पसे होता है। उदा.–उसहो वसहो ॥७८ ॥

वृन्दारकनिवृत्तयोः ॥ ७९ ॥

(इस सूत्रमें १.२.७८ से) उत् शब्दकी अनुवृत्ति है। (वृन्दारक और निवृत्त) इन शब्दोंमें ऋ का उ विकल्पसे होता है। उदा.–वुंदारओ वंदारओ। णिउत्तं णिअत्तं ॥ ७९ ॥

ऋतुगे ॥ ८० ॥

ऋतु इत्यादि शब्दोंमें आद्य ऋ का उ होता है। यह नियम (१.२.७८-७९ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.–उउ ऋतुः। उसहो वृषभः। पाहुडं प्राभृतम्। पहुडि प्रभृति। भुई भृतिः। णिहुअं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निभृतम्। परहुअं परभृतम्। विउअं विवृतम्। संवुअं संवृतम्। णिउअं निर्वृतम्। णिव्वुई निर्वृतिः। णिउत्ती निवृत्तिः। पउत्ती प्रवृत्तिः। पाउसो प्रावृट्। वुत्तन्तो वृत्तान्तः। वुन्दं वृन्दम्। वुंदावणं वृन्दावनम्। पुहई पृथिवी। वुड्ढो वृद्धः। उज्जू ऋजुः। मुणालं मृणालम्। पुट्ठो पृष्टः। पउट्ठो प्रवृष्टः। वुट्ठी वृष्टिः। परामुट्ठो परामृष्टः। भाउओ भ्रातृकः। पिउओ पितृकः। जामाउओ जामातृकः। माउआ मातृका। इत्यादि ॥ ८० ॥

गौणान्त्यस्य ॥ ८१ ॥

(समासमें) गौण पदका जो अन्त्य ऋ, उसका उ होता है। उदा.–माउमंडलं मातृमण्डलम्। माउहरं मातृगृहम्। पिउहरं पितृगृहम्। माउसिआ माउच्छा मातृष्वसा। पिउसिआ पिउच्छा पितृष्वसा। पिउवणं पितृवनम्। पिउवई पितृपतिः ॥ ८१ ॥

इदुन्मातुः ॥ ८२ ॥

(समासमें) गौण होनेवाले मातृशब्दमें ऋ के इ और उ होते हैं। उदा.-माइहरं माउहरं मातृगृहम्। क्वचित् (मातृ शब्द) गौण न हो तो भी (ऋ के इ और उ होते है।) उदा.–माईणं माऊणं मातृणाम् ॥ ८२ ॥

वृष्टिपृथङ्मृदङ्गनप्तृकवृष्टे ॥ ८३ ॥

(इस सूत्रमें १.२.८२ से) इत् और उत् शब्दोंकी अनुवृत्ति है। वृष्टि, इत्यादि शब्दोंमें ऋ के इ और उ होते है। उदा.-विट्ठी वुट्ठो वृष्टिः। पिहं पुहं पृथक्। मिअंगो मुअंगो मृदङ्गः। णत्तिओ णत्तुओ नप्तृकः। विट्ठी वुट्ठो वृष्टिः ॥ ८३ ॥

तु बृहस्पतौ ॥ ८४ ॥

बृहस्पति शब्दमें ऋ के इ तथा उ विकल्पसे होते है। उदा.–बिहप्फई बुहप्फई बहप्फई ॥ ८४ ॥

उदूदोल् मृषि ॥ ८५ ॥

मृषा शब्दमें ऋ के उ, ओ और ऊ होते है। (सूत्रके उदूदोल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–मुसा मूसा मोसा। मुसावाओ मोसावाओ मृषावादः ॥ ८५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वृन्त इदेङ् ॥ ८६ ॥

वृन्त शब्दमें ऋ के इदेङ् विकल्पसे होते हैं। ए, ओ यानी एङ्; इदेङ् यानी इत् और एङ्। (ऋ के) इ, ए, ओ होते हैं, यह अर्थ (निष्पन्न होता है)। उदा.– विंटं वेंटं वोंटं ॥ ८६ ॥

ढिरादृते ॥ ८७ ॥

आदृत शब्दमें ऋ को ढि ऐसा आदेश होता है। उदा.–आढिओ ॥ ८७ ॥

दृप्तेऽरि प्रा ॥ ८८ ॥

दृप्त शब्दमें पकार और तकार के साथ ऋ को अरि ऐसा आदेश होता है। उदा.–दरिओ। दरिअसीहेण ॥ ८८ ॥

केवलस्य रिः ॥ ८९ ॥

केवल यानी व्यंजनसे संयुक्त न रहनेवाले ऋ को रि ऐसा आदेश होता है। उदा.–रिद्धी ऋद्धिः। रिच्छो ऋक्षः ॥ ८९ ॥

दृश्यक्सक्विपि ॥ ९० ॥

अक्, क्स, क्विप्, ये प्रत्यय अन्तमें होनेवाले दृश् (दृशि) धातुमें ऋ का रि होता है। उदा.–अक् प्रत्यय होनेपर-सरिसो सदृशः। क्स प्रत्यय होनेपर-सरिच्छो सदृक्षः। क्विप् प्रत्यय होनेपर–सरी सदृक्। सरिवण्णो सरिरूवो। इसी प्रकारसे–एआरिसो। भवारिसो। जारिसो। तारिसो। केरिसो। एरिसो। तुम्हारिसो। अक् और क्स इनसे (यहाँ) साहचर्य होनेसे, 'त्यदादि' (सूत्र)ने कहा हुआ क्विप् (प्रत्यय) यहाँ लिया जाता है ॥ ९० ॥

ऋतुऋजुऋणऋषिऋषभे वा ॥ ९१ ॥

(ऋतु, ऋजु, ऋण, ऋषि, ऋषभ) इन शब्दोंमें ऋ का रि विकल्पसे होता है। उदा.–रिऊ उऊ। रिज्जू उज्जू। रिणं अणं '·ेसी इसी। रिसहो उसहो ॥ ९१ ॥

क्लृप्त इलिः ॥ ९२ ॥

क्लृप्त इस शब्दमें आद्य अच् (स्वर) को इलि ऐसा आदेश होता है। उदा.–किलित्तं। किलित्तकुसुमोवआरेसु, क्लृप्तकुसुमोपचारेषु ॥ ९२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चपेटाकेसरदेवरसैन्यवेदनास्वेचस्त्वित् ।। ९३ ।।

(चपेटा, केसर, देवर, सैन्य, वेदना) इन शब्दोंमें एचः अर्थात् संध्यक्षरोंका (संयुक्त स्वरोंका) इ विकल्पसे होता है। उदा.–चविडा चवेडा चपेटा। किसरं केसरं केसरम्। दिअरो देअरो देवरः। सिन्नं सेन्नं (सैन्य शब्द)। दैत्यादि गणमें होनेसे, सइन्नं (रूप भी होता है।) सैन्यम्। विअणा वेअणा वेदना। महिला, महेला, ये रूप तत्समही हैं ॥ ९३ ॥

सैन्धवशनैश्चरे ।। ९४ ॥

(इस सूत्रमें १.२.९३ से) एचः पदकी अनुवृत्ति है। सैन्धव और शनैश्चर शब्दोंमें आद्य एच् (संयुक्त स्वर) का इ होता है। यह नियम (१.२.९३ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँ का वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.—सिंधवं। सणिच्छरो ॥ ९४ ॥

त्वत्सरोरुहमनोहरप्रकोष्ठातोद्यान्योन्ये वश्च क्तोः ।। ९५ ।।

(सरोरुह, मनोहर, प्रकोष्ठ, आतोद्य, अन्योन्य) इन शब्दोंमें एच् (संयुक्त स्वर) का अ विकल्पसे होता है, और उसके सांनिध्यसे जहाँ शक्य होगा वहाँ (यथासंभवम्) ककार तथा तकार इनको वकार आदेश होता है। उदा.–सररुहं सरोरुहं। मणहरं मणोहरं। पवट्ठो पआट्ठो। आवज्जं आओज्जं। अण्णण्णं अण्णोण्णं। सिरवेअणा और सिरोवेअणा ये शब्द शिरोवेदना शब्दके साध्यमान और सिद्ध अवस्थाओंसे होते हैं ॥ ९५ ॥

कौक्षेयक उत् ।। ९६ ।।

कौक्षेयक शब्दमें आद्य एच् (संयुक्त स्वर) का उ विकल्पसे होता है। उदा.—कुच्छेअअं कोच्छेअअं ॥ ९६ ॥

शौण्डगेषु ।। ९७ ।।

शौण्ड, इत्यादि शब्दोंमें आद्य एच् (संयुक्त स्वर) का उ होता है। यह नियम (१.२.९६ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—सुंडो शौण्डः। सुद्धोअणी शौद्धोदनिः। मुंजाअणो मौञ्जायनः। सुंदेरं सुंदरिअं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सौन्दर्यम्। सुगन्धत्तणं सौगन्ध्यम्। दुवारिओ दौवारिकः। सुवण्णिओ सौवर्णिकः। पुलोमी पौलोमी। इत्यादि ॥ ९७ ॥

गव्यउदाईत् ॥ ९८ ॥

गो शब्दमें एच् (संयुक्त स्वर) को अउ और आई ऐसे ये आदेश होते हैं। उदा.—गउओ हरस्स। एसा गाई ॥ ९८ ॥

ऊ स्तेने वा ॥ ९९ ॥

स्तेन शब्दमें संध्यक्षरका ऊ विकल्पसे होता है। उदा.—थूणो थेणो ॥ ९९ ॥

सोच्छ्वासे ॥ १०० ॥

सोच्छ्वास शब्दमें एच् (संयुक्त स्वर) का ऊ होता है। यह नियम (१.२.९९ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.-सूसासो ॥ १०० ॥

ऐच एङ् ॥ १०१ ॥

ऐच् यानी ऐकार और औकार; उनके एङ् यानी एकार और ओकार यथाक्रम होते हैं। उदा.-ऐ (का ए)-शैलः सेलो। त्रैलोक्यम् तेल्लोक्कं। ऐरावणः एरावणो। कैलासः केलासो। वैद्यः वेज्जो। कैटभः केढवो। वैधव्यम् वेहव्वं। औ (का ओ)-कौमुदी कोमुई। यौवनम् जोव्वणं। कौस्तुभः कोत्थुहो। कौशाम्बी कोसम्बी। क्रौञ्चः कोंचो। कौशिकः कोसिओ ॥ १०१ ॥

अइ तु वैरादौ ॥ १०२ ॥

(इस सूत्रमें १.२.१०१ से) ऐचः पदकी अनुवृत्ति है। वैर, इत्यादि शब्दोंमें आद्य ऐच् को अइ ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.—वैरम् वइरं वेरं। वैशंपायनः वइसंपाअणो वेसंपाअणो। वैशिकम् वइसिअं वेसिअं। वैश्रवणः वइसवणो वेसवणो। चैत्रः चइत्तो चेत्तो। कैलासः कइलासो केलासो। वैतालिकः वइआलिओ वेआलिओ। कैरवम् कइरवं केरवं। दैवम् दइवं देवं। इत्यादि ॥ १०२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दैत्यादौ ॥ १०३ ॥

दैत्य, इत्यादि शब्दोंमें ऐच् को अइ ऐसा आदेश होता है। यह नियम (१.२.१०२ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–दइच्चो दैत्यः। दइण्णं दैन्यम्। दइवअं दैवतम्। कइअवं कैतवम्। वइअब्भो वैदर्भः। वइसाहो वैशाखः। अइसरिअं ऐश्वर्यम्। वइअणणो वैजननः। भइरवो भैरवः। वइएसो वैदेशः। वइसाणरो वैश्वानरः। वइदेहो वैदेहः। वइसालो वैशालः। सइरं स्वैरम्। चइत्तं चैत्तं। चैत्य शब्दमें विश्लेष होनेपर (ऐ को अइ आदेश नहीं होता।) उदा.—चेइअं ॥ १०३ ॥

नाव्यावः ॥ १०४ ॥

नौ शब्दमें ऐच् को आव ऐसा आदेश हो जाता है। उदा.— णावा ॥ १०४ ॥

गौरव आत् ॥ १०५ ॥

गौरव शब्दमें ऐच् का आ हो जाता है। उदा.—गारवं ॥ १०५ ॥

पौरगे चाउत् ॥ १०६ ॥

पौर, इत्यादि शब्दोंमें, तथा (सूत्रमेंसे) चकारसे गौरव शब्दमें, ऐच् को अउ ऐसा आदेश होता है। उदा.—पउरो पौरः। सउरो सौरः। मउली मौलिः। कउरवो कौरवः। गउडो गौडः। कउलो कौलः। कउसलं कौशलम्। पउरिसं पौरुषम्। कउच्छेअअं कौक्षेयकम्। सउहं सौधम्। मउणं मौनम्। गउरवं गौरवम् ॥ १०६ ॥

उच्चैर्नीचैर्सोरअः ॥ १०७ ॥

उच्चैः और नीचैः शब्दोंमें ऐच् को अअ ऐसा आदेश होता है। उदा.– उच्चअं। णीचअं। उच्च और नीच शब्दोंको क-प्रत्यय लगनेपरभी (उच्चअं और नीचअं ये रूप) यद्यपि सिद्ध होते है, तथापि उच्चैः और नीचैः शब्दोंके अन्य रूपोंकी निवृत्ति हो, इसलिए उनके बारेमें यहाँ विधान किया गया है ॥ १०७ ॥

ई धैर्ये ॥ १०८ ॥

धैर्य शब्दमें ऐच् का ई होता है। उदा.–धीरं। धीरं हरइ विसाओ, धैर्यं हरति विषादः ॥ १०८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वा पुआय्याद्याः ॥ १०९ ॥

स्वर इत्यादि आदेश विशेषोंसे युक्त ऐसे पुआई इत्यादि शब्द विकल्पसे निपातके रूपमें आते है। उदा.–(१) पुआई (यानी) पिशाच और उन्मत्त। (२) ऊणंदिअं आनन्दित। (३) टोंबरो तुम्बुरु। (४) माहिवाओ माघमासका वात। (५) सइकोडी .शतकोटि। (६) माइन्दो माकन्द यानी आम्रवृक्ष। (७) ओन्दुरो उन्दुरू यानी चुहा। (८) अलिआ आली यानी सखी। (९) तणसोल्लं तृणशूलम् [यानी] मल्लिका, ऐसा अर्थ। (१०) रिट्ठो अरिष्टः [यानी] दैत्य या कौआ। (११) हुलिअं लघु [यानी] शीघ्र, ऐसा अर्थ। (१२) किरो किरिः [यानी] वराह, ऐसा अर्थ। (१३) वामरोरो वामल्लूरः [यानी] वल्मीक यानी वामी। (१४) वन्द्रं वृन्दम् यानी समूह। (१५) हेरिम्बो हेरम्ब यानी गणेश। (१६) चिक्कं स्तोक यानी स्वल्प। (१७) चलणाओहो चरणायुध यानी कुक्कुट। (१८) पुआइणिआ पिशाचिनी। (१९) मूसलं मांसल। (२०) महालवक्खो महालयपक्ष। (२१) चंचरिओ चञ्चरीक यानी भँवरा ॥ १०९ ॥

— द्वितीय अध्याय द्वितीय पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तृतीयः पादः

एत् साज्झला त्रयोदशगे ऽचः ॥ १ ॥

(इस सूत्रमें) आदेः पदकी अनुवृत्ति है। त्रयोदश इत्यादि शब्दोंमें आद्य स्वरका, साज्झला यानी अगला स्वर और व्यंजन इनके साथ, ए होता है। उदा.–तेरह त्रयोदश। थेरो स्थविरः (यानी) बूढा या ब्रह्मदेव। एक्कारो अयस्कारः। वेइल्लं विचकिलम्। मुद्धविअइल्लपसूणपुंजा यह भी दिखाई देता है तेवीसा त्रयोविंशतिः। तेत्तीसा त्रयस्त्रिंशत्। इत्यादि ॥ १ ॥

कदले तु ॥ २ ॥

(इस सूत्रमें १.३.१ से) एत् साज्झला पदोंकी अनुवृत्ति है। कदल शब्दमें आद्य स्वरका, अगला स्वर और व्यंजन इनके साथ, ए विकल्पसे होत है। उदा.–केलं कअलं। केली कअली ॥ २ ॥

कर्णिकारे फोः ॥ ३ ॥

कर्णिकार शब्दमें फु का यानी द्वितीय स्वरका, अगला स्वर और व्यंजन इनके साथ, ए विकल्पसे होता है। उदा.–कण्णेरो कण्णिआरो ॥ ३ ॥

नवमालिकाबदरनवफलिकापूगफलपूतर ओल् ॥ ४ ॥

(नवमालिका, बदर, नवफलिका, पूगफल, पूतर) इन शब्दोंमें आद्य स्वरका, अगला स्वर तथा व्यंजन इनके साथ, ओ होता है। (सूत्रमेंसे ओल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–णोमालिआ नवमालिका। बोरं बदरम्। णोहलिआ नवफलिका। पोफलं पूगफलम्। पोरो पूतरः (यानी) अधम या जलजन्तु ॥ ४ ॥

तु मयूरचतुर्थचतुर्वारचतुर्दशचतुर्गुणमयूखोलूखलसुकुमारोदूखल-लवणकुतूहले ॥ ५ ॥

मयूर, इत्यादि शब्दोंमें आद्य स्वरका, अगला स्वर और व्यंजन इनके साथ, ओ विकल्पसे होता है। उदा.–मोरो मऊरो मयूरः। चोत्थो चउत्थो चतुर्थः। चोव्वारो चउव्वारो चतुर्वारः। चोद्दह चउद्दह चतुर्दश। चोद्दही चउद्दही चतुर्दशी। चोग्गुणो चउग्गुणो चतुर्गुणः। मोहो मऊहो मयूखः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ओहलं उल्लहलं उल्लखलम्। सोमालो सुउमालो सुकुमारः। ओहलो उऊहलो उदूखलः। लोणं लअणं लवणम्। कोहलं कुऊहलं कुतूहलम्। कोई कहते हैं कि मोर शब्द संस्कृतमें भी है, पर वह अप्रसिद्ध है ॥ ५ ॥

निषण्ण उमः ॥ ६ ॥

निषण्ण शब्दमें आद्य स्वरको, अगले स्वर और व्यंजन इनके साथ, उम ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–णुमण्णो णिसण्णो ॥ ६ ॥

अस्तोरखोरचः ॥ ७ ॥

यह अधिकारसूत्र है। इसका अधिकार 'शोः सल्' (१.३.८७) सूत्रतक है। यहाँसे आगे जो कुछ हम अनुक्रमसे कहेंगे, वह अस्तोः यानी असंयुक्त, अखोः यानी अनादि, (और) स्वरके आगे रहनेवाले वर्णका होता है, ऐसा समझना है ॥ ७ ॥

प्रायो लुक् कगचजतदपयवाम् ॥ ८ ॥

असंयुक्त, अनादि रहनेवाले, स्वरके आगे होनेवाले, क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन (व्यंजनों) का प्रायः लोप होता है। उदा.—क (का लोप)–लोकः लोओ। शकटः सअडो। तीर्थकरः तित्थअरो। ग (का लोप)-नगरम् णअरं। नगः णओ। मृगाङ्कः मिअंको। च (का लोप)–शची सई। कचग्रहः कअग्गहो। ज (का लोप)—गजः गओ। रजतम् रअअं। प्रजापतिः पआवई। त (का लोप)—स्तुतः सुओ। यतिः जई। रतिः रई। रसातलम् रसाअलं। द (का लोप)–नदी णई। मदनः मअणो। गदा गआ। प (का लोप)–रिपुःरिऊ। विपुलम् विउलं। सुपुरुषः सुउरिसो। य (का लोप)–जयः जओ। वियोगः विओओ। नयनम् णअणं। व (का लोप)–लावण्यम् लाअण्णं। वडवानलः वडआणलो। यहाँ व का ग्रहण किए जानेसे, बकारका भी ग्रहण होता है। (इसलिए ब का भी लोप होता है।) उदा.–विबुधः विउहो। प्रायोग्रहणसे क्वचित् (क इत्यादि का लोप) नहीं होता। उदा.–सुकुसुमं। पआगजलं। सुगओ। अगरू। सचावं। विजणं। सुतारं। विदुरो। सपावं। समवाओ। देवो। दाणवो। (ये व्यंजन) असंयुक्त (अस्तोः) होनेपरही (ऐसा लोप होता है, संयुक्त होनेपर नहीं।) उदा.–अक्को। सग्गो। चच्चा। अज्जुणो। धुत्तो। उद्दामो। विप्पो। सव्वं। (ये व्यंजन) अनादि (अखोः) होनेपरही (ऐसा लोप होता है, आदि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

होनेपर नहीं।) उदा.-कुलं। गंगा। चरो। जडो। तमो। दआ। परो। वरो। (ये व्यंजन) स्वर के आगे होनेपरही (ऐसा लोप होता है। इन व्यंजनोंके पूर्व स्वर न हो तो ऐसा लोप नहीं होता।) उदा.-संकरो। संगमो। कंचणं। वंचणा। धणंजओ। अंतरं। चंदणं। कंपो। सअंवरो। पर समासमें वाक्यविभक्ति-की अपेक्षासे 'पद भिन्न है', ऐसी विवक्षा होती है। इसलिए वहाँ (वाङ्मयमें) जैसा दिखाई देगा वैसा दोनोंभी (लोप और लोपका अभाव) होते हैं। उदा.-सुहकरो सुहअरो सुखकरः। आअमिओ आगमिओ आगमिकः। जलअरो जलचरो जलचरः। सुअणो सुजणो सुजनः। बहुअरो बहुतरो बहुतरः। सुहओ सुहदो शुभदः या सुखदः। इत्यादि। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् आद्य (व्यंजन) का भी (लोप) होता है। उदा.-चिह्नं इण्हं। स पुनः सो उणो। न पुनः ण उणो। स च सो अ। क्वचित् च का ज होता है। उदा.-पिशाची पिसाजी॥८॥

नात्पः ॥ ९ ॥

आत् यानी अ-वर्णके आगे, अनादि पः यानी पकारका लोप नहीं होता। उदा.-सवहो शपथः। सावो शापः। अ-वर्णके आगे, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अ-वर्णको छोडकर अन्य स्वरोंके आगे प होनेपर, उसका लोप होता है।) उदा.-विउलो विपुलः। अनादि (पकारका), ऐसा क्यों कहा है? (कारण प आदि हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.-परउट्ठो परपुष्टः ॥ ९ ॥

यश्रुतिरः ॥ १० ॥

(इस सूत्रमें १.३.९ से) आत् शब्दकी अनुवृत्ति है। 'प्रायो लुक्कगचज' (१.३.८) इत्यादि सूत्रसे लोप होनेपर, जो अ-वर्ण अवशिष्ट रहता है वह, अ-वर्णके आगे होनेपर, लघु प्रयत्नसे उच्चारित यकारके समान सुनाई देता है। उदा.-शकटम् सयडं। आकरः आयरो। प्रकारः पयारो। आकाशः आयासो। नगरम् णयरं। सागरः सायरो। वचनम् वयणं। आचारः आयारो। रजतम् रययं। भाजनम् भायणं। प्रजापतिः पयावई। कृतम् कयं। पातालम् पायालं। पद्मम् पयं। गदा गया। नादवती णायवई। नयनम् णयणं। जाया जाया। लावण्यम् लायण्णं। अ-वर्ण ऐसा क्यों कहा है? (कारण अ-वर्ण न हो तो यश्रुति नहीं होती।) उदा.-सउणो शकुनः। पउणो प्रगुणः। पउरं प्रचुरम्। राईव राजीवम्। रई रतिः। साऊ स्वादुः। वाऊ वायुः। कई कपिः या कविः।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अ-वर्णके (आगे होनेपरही य-श्रुति होती है, अन्यथा नहीं।) उदा.-विअडं विकटम्। देअरो देवरः। क्वचित् (अ-वर्णके आगे न होतेभी यश्रुति) होती है। उदा.—पियइ पिबति ॥ १० ॥

कामुकयमुनाचामुण्डातिमुक्तके मोङ्लुक् ॥ ११ ॥

कामुक, इत्यादि शब्दोंमें मकारका लोप होता है। (सूत्रके ङ्लुक् में) ङ् अनुबंध (इत्) होनेसे, शेष स्वरका उच्चार सानुनासिक होता है। उदा.—कामुकः काउँओ। यमुना जउँणा। चामुण्डा चाउँण्डा। अतिमुक्तकम् अइउँतअं। क्वचित् अइमुत्तअं, अइमुंतअं येभी रूप दिखाई देते हैं ॥ ११ ॥

खो ऽपुष्पकुब्जकर्परकीले कोः ॥ १२ ॥

'उकार अनुबंधसे स्ववर्गीय व्यंजनोंका ग्रहण होता है', यह अन्य व्याकरणोंसे सिद्ध हुआ है। जैसे—कु अर्थात् क-वर्ग। चुः यानी च-वर्ग। इसी प्रकार—टु (=ट-वर्ग), तु (=त वर्ग), पु (=प-वर्ग)। कुब्ज शब्द पुष्प-वाचक न हो, तो उस शब्दमें, तथा कर्पर और कील शब्दोंमें, कोः यानी क-वर्ग-का ख होता है। उदा.-खुज्जो। किंतु (कुब्जका) पुष्प अर्थ होनेपर-बंधेउं कुज्जपसूणं। खप्परं। खलिओ ॥ १२ ॥

छागशृङ्खलकिराते लकचाः ॥ १३ ॥

(इस सूत्रमें १.३.१२ से) कोः पदकी अनुवृत्ति है। छाग, शृंखल, किरात शब्दोंमें क-वर्गके ल, क, च ऐसे [विकार] यथाक्रम होते हैं। उदा.—छागः छालो। छागी छाली। शृंखलम् संकलं। किरातः चिलाओ-यह (शब्द) पुलिंद अर्थके पर्यायके रूपमें (यहाँ लिया है);, स्वेच्छासे रूप धारण करनेवाला (शंकर), यह (किरातका) अर्थ होनेपर, यहाँका वर्णान्तर नहीं होता। उदा.-नमिमो हरकिराअं ॥ १३ ॥

वैकादौ गः ॥ १४ ॥

एक इत्यादि शब्दोंमें कु [क वर्ग] का गकार विकल्पसे होता है। उदा.-एगो। विकल्पपक्षमें-एक्को एओ। आगरिसो आअरिसो आकर्षः। लोगो लोओ लोकः। असुगो असुओ असुकः। तित्थगरो तित्थअरो तीर्थकरः। उज्जो-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अगरो उज्जोअअरो उद्योतकरः। सावगो सावओ श्रावकः। अमुगो अमुओ अमुकः। आगारो आआरो आकारः। इत्यादि ॥ १४ ॥

खोः कन्दुकमरकतमदकले ॥ १५ ॥

(कन्दुक, मरकत, मदकल) इन शब्दोंमें खु यानी आद्य क-वर्गका ग होता है। यह नियम (१.३.१४ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–गंदुओ कन्दुकः। मरगअं मरकतम्। मदगलो मदकलः ॥ १५ ॥

पुन्नागभागिनीचन्द्रिकासु मः ॥ १६ ॥

(पुन्नाग, भागिनी, चन्द्रिका) इन शब्दोंमें कु (कवर्ग) का म होता है। उदा.–पुण्णामो। भामिणी। चंदिमा ॥ १६ ॥

शीकरे तु भहौ ॥ १७ ॥

शीकर शब्दमें क-वर्गके भकार और हकार विकल्पसे होते हैं। उदा.—सीहरो सीभरो सीअरो ॥ १७ ॥

उत्वे दुर्भगसुभगे वः ॥ १८ ॥

(दुर्भग और सुभग) इन शब्दोंमें उ का ऊ होनेपर, कु (क वर्ग) का वकार होता है। उदा.–दूहवो। सूहवो। (उ का) ऊ होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (उ का ऊ न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.–दुहओ सुहओ ॥ १८ ॥

निकषस्फटिकचिकुरे हः ॥ १९ ॥

(निकष, स्फटिक, चिकुर) इन शब्दोंमें क-वर्गका ह होता है। उदा.–णिहसो। फलिहो। चिहुरो। चिहुर ऐसा शब्द संस्कृतमेंभी है, ऐसा भृंगाचार्यका कथन है ॥ १९ ॥

खघथधभाम् ॥ २० ॥

[इस सूत्रमें १.३.१९ से] हः पदकी अनुवृत्ति है। असंयुक्त, अनादि रहनेवाले और स्वरके आगे आनेवाले ख, घ, थ, ध, भ इन (व्यंजनों) का प्रायः हकार होता है। उदा.–ख (का ह)–शाखा साहा। मुखम् मुहं। लिखति लिहइ। घ [का ह]–मेघः मेहो। जघनम् जहणं। श्लाघते सलाहइ। थ (का ह)—नाथः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णाहो। रथः रहो। मिथुनम् मिहुणं। कथयति कहेइ। ध (का ह)–साधुः साहू। सुधा सुहा। बाधते बाहइ। भ (का ह)–शुभम् सुहं। स्वभावः सहावो। स्तनभरः थणहरो। शोभते सोहइ। (ये व्यंजन) अस्तु अर्थात् असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णविकार होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.–सौख्यम् सोक्खं। आख्याति अक्खइ। अर्धः अग्घो। कत्थइ कथ्यते। गृद्धः गिद्धो। उद्धरति उद्धरइ। दर्भः दब्भो। लभ्यते लब्भइ। (ये व्यंजन) अखु यानी अनादि रहनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.–खगो। घंटा। थणो। धणं। भरो। (ये व्यंजन) स्वरके आगे होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.–संखो। संघो। कंथा। बंधो। रंभा। (यह वर्णान्तर) प्रायः ही (होता है। इसलिए क्वचित् इन व्यंजनोंका हकार नहीं होता।) उदा.—सरिसवखलो सर्षपखलः। पलअघणो प्रलयघनः। अत्थिरो अस्थिरः [१]। जिणधम्मो जिनधर्मः। पणट्ठभवो प्रनष्टभवः ॥ २० ॥

धः पृथक्कि तु ॥ २१ ॥

पृथक् शब्दमें थ का धकार विकल्पसे होता है। उदा.—पुधं पिधं पुहं पिहं ॥ २१ ॥

चोः खचितपिशाचयोः सल्लौ ॥ २२ ॥

(इस सूत्रमें १.३.२१से) तु शब्दकी अनुवृत्ति है। खचित और पिशाच शब्दोंमें चु के यानी च-वर्गके यथाक्रम सकार और द्विरुक्त लकार (=ल्ल) विकल्पसे होते हैं। उदा.—खसिओ खइओ। पिसल्लो पिसाओ। (पिशाचके) स्त्रीलिंगके रूपमें क्वचित् ज भी होता है। उद.—पिसाजी ॥ २२ ॥

झो जटिले ॥ २३ ॥

(इस सूत्रमें १.३.२२ से) चोः पदकी अनुवृत्ति है। जटिल शब्दमें च-वर्गका झ विकल्पसे होता है। उदा.—झडिलो जडिलो ॥ २३ ॥

टोर्बडिशादौ लः ॥ २४ ॥

बडिश, इत्यादि शब्दोंमें ट-वर्गका ल विकल्पसे होता है। उदा.–बलिसं बडिसं। गुलो गुडो। णलं णडं। चविलो चविडो। आमेलो आमेडो। णाली णाडी। वेलू वेणू। दालिमं दाडिमं। फालेइ फाडेइ। (बडिश, इत्यादि शब्द

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऐसे हैं।) बडिश, गुड, नड, चपेटा, आपीड, नाडी, वेणु, दाडिम, पाटि।—पाटि अर्थात् पाटयति ऐसा प्रेरणार्थक प्रत्ययान्त (णिजन्त) पट् धातु यहाँ लिया है ॥ २४ ॥

स्फटिके ॥ २५ ॥

(इस सूत्रमें १.३.२४ से) टोः पदकी अनुवृत्ति है। स्फटिक शब्दमें ट का यानी ट-वर्गका ल होता है। यह नियम (१.३.२४ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.—फलिओ ॥ २५ ॥

लरङ्कोठे ॥ २६ ॥

अंकोठ शब्दमें ट-वर्गका ल होता है। (सूत्रके लर्में) र् इत् होनेसे, (ल का) द्वित्व होता है। उदा.—अंकोल्लं ॥ २६ ॥

ढः कैटभशकटसटे ॥ २७ ॥

कैटभ, शकट, सटा शब्दोंमें ट (ट-वर्ग) का ढकार होता है। उदा.—केढवो। सअढो। सढा ॥ २७ ॥

ठः ॥ २८ ॥

असंयुक्त, अनादि रहनेवाले और स्वरके आगे होनेवाले ठकारका ढ होता है। उदा.—मठः मढो। कमठः कमढो। शठः सढो। कुठारः कुढारो। असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—चिट्ठइ। अनादि रहनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—ठाइ। स्वरके आगे होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—कंठो ॥ २८ ॥

पिठरे हस्तु रश्च ढः ॥ २९ ॥

(इस सूत्रमें १.३.२८ से) ठः पदकी अनुवृत्ति है। पिठर शब्दमें ठ का ह विकल्पसे होता है, और उनके सांनिध्यसे र का ढ होता है। उदा.—पिहढो पिढरो पिठरः ॥ २९ ॥

लल्डोऽनुडुगे ॥ ३० ॥

असंयुक्त (अस्तोः), अनादि (अखोः) और स्वरके आगे होनेवाले डकारका, उडु, इत्यादि शब्दोंको छोडकर, लकार होता है। (सूत्रके लल् में)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—वडवामुखम् वलआमुहं। गरुडः गरुलो। तडागम् तलाअं। क्रीडति कीलइ। असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।)उदा.—कुडुं कुड्यम्। अनादि रहनेपरही (यह वर्णांतर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—डमरुओ डमरुकः। स्वरके आगे होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—तोंडं तुण्डम्। उडु, इत्यादि शब्दोंको छोडकर (अनुडुगे), ऐसा क्यों कहा है? (कारण उडु, इत्यादि शब्दोंमें यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—उडु। निविडं। गउडो। नाडी। पीडिअं। नीडं। इत्यादि॥ ३०॥

टो डः॥ ३१॥

असंयुक्त (अस्तोः), अनादि (अखोः), स्वरके आगे रहनेवाले टकारका ड होता है। उदा.-भटः भडो। नटः णडो। घटः घडो। घटते घडइ। असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-खट्टंगं खट्वाङ्गम्। अनादि रहनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—टक्को (इस नामका देश)। स्वरके आगे रहनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—घंटा। क्वचित् (ऐसा वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.-अटति अटइ॥ ३१॥

वेतस इति तोः॥ ३२॥

(इस सूत्रमें १.३.३१ से) डः पदकी अनुवृत्ति है। वेतस शब्दमें, (तमेंसे) अ का इ होनेपर, तु का यानी त-वर्गका ड होता है। उदा.-वेडिसो। (अ का) इ होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इ न हो तो यह वर्णान्तर नहीं होता)। उदा.-वेअसो। अतएव ऐसा विधान होनेसे, स्वप्न, इत्यादि शब्दसमूहमें आनेवाले वेतस शब्दमें (देखिए १.२.११) अ का इ विकल्पसे होता है, ऐसा जानना है॥ ३२॥

प्रतिगेऽप्रतीपगे॥ ३३॥

(इस सूत्रमें १.३.३२ से) तोः पदकी अनुवृत्ति है। प्रति, इत्यादि शब्दोंमें तु का यानी त-वर्गका, प्रतीप, इत्यादि शब्दोंको छोडकर, ड होता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। उदा.—प्रतिपन्नम् पडिवण्णं। प्रतिभासः पडिहासो। प्रतिहारः पडिहारो। प्रतिस्पर्धी पाडिप्फद्धी। प्रतिनिवृत्तम् पडिणिअत्तं। प्रतिकरोति पडिकरेइ। प्रतिपत् पडिवआ। प्रतिश्रुत् पडंसुआ। प्रतिमा पडिमा। प्रभृति पहुडि। मृतकम् मडअं। भिन्दिपालः भिण्डिवालो। पताका पडाआ। प्राभृतम् पाहुडं। विभीतकः बहेडओ। व्यापृतः वावडो। कन्दरिका कण्डरिआ (यानी) औषधविशेष। हरीतकी हरडई। इत्यादि। प्रतीप, इत्यादि शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इन शब्दोंमें यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—प्रतीपम् पईवं। प्रतिज्ञा पइण्णा। संप्रति संपइ। प्रतिसमयम् पइसमअं। प्रतिष्ठा पइट्ठा। प्रतिष्ठानम् पइट्ठाणं। इत्यादि ॥ ३३ ॥

दंशदहोः ॥ ३४ ॥

दंशति और दहति धातुओंमें त-वर्गका ड होता है। उदा.-डंसइ। डहइ ॥ ३४ ॥

दम्भदरदर्भगर्दभदष्टदशनदग्धदाहदोहददोलादण्डकदने तु ॥ ३५ ॥

दम्भ, इत्यादि शब्दोंमें त-वर्गका ड विकल्पसे होता है। उदा.—डम्भो दंभो। डरो दरो। डब्भो दब्भो। गड्डहो गद्दहो। डट्ठो दट्ठो। डसणं दसणं। डड्ढो दड्ढो। डाहो दाहो। डोहलं दोहलं। डोला दोला। डंडो दंडो। कडणं कदणं। भीति अर्थ होनेपरही, दर-शब्दमें (द का ड होता है), अन्यत्र (द वैसाही रहता है।) उदा.—दरदलिअं। दोहद शब्दमें, दम्भ, इत्यादिके साहचर्यसे आद्य (द) काही (ड होता है।) ॥ ३५ ॥

तुच्छे चच्छौ ॥ ३६ ॥

तुच्छ शब्दमें त-वर्गके चकार और छकार विकल्पसे होते हैं। उदा.—चुच्छं छुच्छं ॥ ३६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

टल् त्रसरवृन्ततूबरतगरे ॥ ३७ ॥

(त्रसर, वृन्त, तूबर, तगर) इन शब्दोंमें त-वर्गका टकार होता है। (सूत्रके टल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—टसरो। वेण्टं। तालवेण्टं। टूबरो तूबरः (यानी) शृंगरहित बैल या श्मश्रुरहित पुरुष। टगरो तगरः (अर्थात्) औषधिविशेष अथवा वृक्षविशेष ॥ ३७ ॥

हः कातरककुदवितस्तिमातुलिङ्गे ॥ ३८ ॥

(कातर, ककुद, वितस्ति, मातुलिंग) इन शब्दोंमें त-वर्गका ह होता है। उदा.—काहलो। कउहं। विहत्थी। माहुलिंगं। किंतु मातुलुंग शब्दका (वर्णान्तर) माउलुंगं (ऐसा होता है) ॥ ३८ ॥

तु वसतिभरते ॥ ३९ ॥

(वसति और भरत) इन शब्दोंमें त-वर्गका ह विकल्पसे होता है। उदा.—वसही वसई। भरहो भरओ ॥ ३९ ॥

लः पलितनिम्बकदम्बे ॥ ४० ॥

(पलित, निम्ब, कदम्ब) इन शब्दोंमें त-वर्गका ल विकल्पसे होता है। उदा.—पलिलं पलिअं। लिम्बो णिम्बो। कलंबो कअंबो ॥ ४० ॥

दोहदप्रदीपशातवाहनातस्याम् ॥ ४१ ॥

दोहद, प्र (उपसर्ग) पूर्वक दीप्यति धातु, शातवाहन और अतसी इन शब्दोंमें त-वर्गका ल होता है। यह नियम (१.३.४० से) पृथक् कहा जानेसे, (यह वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.-दोहलो। पलीवेइ। पलित्तं। सालवाहणो सालाहणो। अलसी ॥ ४१ ॥

रल् सप्तत्यादौ ॥ ४२ ॥

सप्तति, इत्यादि शब्दोंमें त-वर्गका र होता है। (सूत्रके रल् में) ल् इत् होनेसे, (यह र) नित्य होता है। उदा.—सप्ततिः सत्तरी। सप्तदश सत्तरह। एकादश एआरह। द्वादश बारह। त्रयोदश तेरह। पञ्चदश पण्णरह। अष्टादश अट्ठारह। गद्गदम् गग्गरं। इत्यादि ॥ ४२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अद्रुमे कदल्याम् ॥ ४३ ॥

वृक्ष अर्थ न होनेपर, कदली शब्दमें तु (त-वर्ग) का र होता है। उदा.—करली। वृक्ष अर्थ न होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वृक्ष अर्थ होनेपर, र नहीं होता।) उदा.—कअली केली ॥ ४३ ॥

कदर्थिते खोर्वः ॥ ४४ ॥

कदर्थित शब्दमें खु यानी आद्य (ऐसे) त-वर्गका व होता है। उदा.—कवट्टिओ ॥ ४४ ॥

पीते ले वा ॥ ४५ ॥

(इस सूत्रमें १.३.४४ से) वः पद (अध्याहृत) है। पीत शब्दमें स्वार्थिक (स्वार्थे) लकार आनेपर, तु (त-वर्ग) का वकार होता है। उदा.—पीवलं पीअलं। स्वार्थिक लकार आनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण स्वार्थे लकार न आवे तो यह वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.—पीओ ॥ ४५ ॥

डो दीपि ॥ ४६ ॥

दीप्यति धातुमें त-वर्गका डकार विकल्पसे होता है। उदा.-डिप्पइ दिप्पइ ॥ ४६ ॥

ढः पृथिव्यौषधनिशीथे ॥ ४७ ॥

(पृथिवी, औषध, निशीथ) इन शब्दोंमें त-वर्गका ढ विकल्पसे होता है। उदा.— पुढवी पुहवी। ओसढं ओसहं। णिसीढो णिसीहो ॥ ४७॥

प्रथमशिथिलमेथिशिथिरनिषधेषु ॥ ४८ ॥

(इस सूत्रमें १.३.४७ से) ढः पद (अध्याहृत) है। प्रथम, इत्यादि शब्दोंमें तु (त-वर्ग) का ढ होता है। (१.३.४७ से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, (यह ढ) नित्य होता है। उदा.—पढमं पुढमं। सिढिलं सढिलं। मेढी। सिढिरो। णिसढो ॥ ४८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णर्दिना रुदिते ॥ ४९ ॥

रुदित शब्दमें, दि अवयवके साथ त-वर्गका ण होता है। (सूत्रके णर् में) र् इत् होनेसे, (ण का) द्वित्व होता है। उदा.—रुण्णं। इसी स्थानपर कोई वैयाकरण 'ऋत्वादिषु तो दः' इस (नियम) का प्रारंभ करते हैं; किंतु यह नियम शौरसेनी और मागधी भाषाओंके संबंधमेंही दिखाई देता है; इसलिए यहाँ वह नियम नहीं कहा गया है। प्राकृतमें मात्र—ऋतुः उऊ। रजतम् रअअं। एतत् एअं। गतः गओ। आगतः आगओ। सांप्रतम् संपअं। यतः जओ। ततः तओ। कृतम् कअं। हतम् हअं। हताशः हआसो। श्रुतः सुओ। सुकृती सुकिई। निर्वृतिः णिव्वुई। तातः ताओ। कातरः काअरो। द्वितीयः दुईओ, इत्यादि प्रयोग होते हैं। क्वचित् (भिन्न विकार उपलब्ध होते हैं तो वे) 'तद्व्यत्ययश्च' (३:४.६९) सूत्रानुसार सिद्ध होते हैं ॥ ४९ ॥

णो वातिमुक्तके ॥ ५० ॥

अतिमुक्तक शब्दमें त-वर्गका ण विकल्पसे होता है। उदा.—अणिउँत्तअं अइउँत्तअं अइमुत्तअं ॥ ५० ॥

गर्भिते ॥ ५१ ॥

(इस सूत्रमें १.३.५० से) णः पदकी अनुवृत्ति है। गर्भित शब्दमें त-वर्गका ण होता है। (१.३.५० से) यह नियम पृथक् कहा जानेसे, (यह ण) नित्य होता है। उदा.—गब्भिणो ॥ ५१ ॥

नः ॥ ५२ ॥

असंयुक्त (अस्तोः), अनादि (अखोः), स्वरके आगे आनेवाले नकारका णकार होता है। उदा.-कनकम् कणअं। धनम् धणं। मानयति माणइ ॥ ५२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आदेस्तु ॥ ५३ ॥

(इस सूत्रमें १.३.५२ से) नः पदकी अनुवृत्ति है। शब्दोंके आद्य नकारका ण विकल्पसे होता है। उदा.-नदी णई नई। नयति णेइ नेइ। (आद्य न) असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णविकार होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-न्यायः नाओ ॥ ५३ ॥

नापिते ण्हः ॥ ५४ ॥

नापित शब्दमें नकारको ण्ह ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.—ण्हाविओ णाविओ नाविओ ॥ ५४ ॥

पो वः ॥ ५५ ॥

असंयुक्त, अनादि, स्वरके आगे होनेवाले पकारका वकार प्रायः होता है। उदा.-शपथः सवहो। शापः सावो। उपसर्गः उवसग्गो। प्रदीपः पईवो। पापम् पावं। उपमा उवमा। कपिलः कविलो। कुणपम् कुणवं। कलापः कलावो। कपालम् कवालं। महीपालः म्हीवालो। गोपायति गोवाअइ। तपति तवइ। असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-विप्रः विप्पो। अनादि रहनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-पडइ पतति। पढइ पठति। स्वरके आगे होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-कंपइ कम्पते। (पकारका वकार) प्रायःही होता है (इसलिए कभी होता भी नहीं।) उदा.-कपिः कई। रिपुः रिऊ। इसलिए पकारका लोप और वकार इन दोनोंका संभव जहाँ है वहाँ जिसके करनेसे श्रुतिसुख होगा, वह (वर्णविकार) करे ॥ ५५ ॥

फः पाटिपरिघपरिखापरुषपनसपारिभद्रेषु ॥ ५६ ॥

(इस सूत्रमें १.३.५५ से) पः पदकी अनुवृत्ति है। प्रेरणार्थक प्रत्ययान्त (णिजन्त) पट् (पटि) धातुमें, तथा परिघ, इत्यादि शब्दोंमें, प-का फ होता है। उदा.—पाटयति फालेइ फाडेइ। परिघः फलिहो। परिखा फलिहा। परुषः फरुसो। पनसः फणसो। फनस शब्द संस्कृतमेंभी है, ऐसा कोई कहते हैं। पारिभद्रः फालिहद्दो ॥ ५६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नीपापीडे मो वा ॥ ५७ ॥

नीप और आपीड शब्दोंमें प का म विकल्पसे होता है। उदा.-नीमो नीवो। आमेडो आवेडो ॥ ५७ ॥

रल् पापर्द्धौ ॥ ५८ ॥

पापर्द्धि शब्दमें प का र होता है। (सूत्रके रल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.-पारद्धी पापर्द्धिः (यानी) मृगया ॥ ५८ ॥

प्रभूते वः ॥ ५९ ॥

प्रभूत शब्दमें प का व होता है। उदा.—वहुत्तं ॥ ५९ ॥

फस्य भहौ वा ॥ ६० ॥

असंयुक्त (अस्तोः), अनादि (अखोः), स्वरके आगे होनेवाले फकारके, वाङ्मयमें जैसा दिखाई देगा वैसा, व्यवस्थित विभाषासे, भकार और हकार होते हैं। उदा.—क्वचित् (फ का) भ होता है।—रेफः रेभो। शिफा सिभा। क्वचित् (फ का) ह होता है—मोत्ताहलं मुक्ताफलम्। क्वचित् (फ के भकार और हकार) दोनों होते हैं—सफलम् सहलं सभलं। शेफालिका सेहालिआ सेभालिआ। शफरी सहरी सभरी। गुम्फति गुभइ गुहइ। (फ) असंयुक्त होनेपरही (यह वर्णविकार होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-पुप्फं पुष्पम्। (फ) अनादि रहनेपरही (यह वर्णविकार होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.-फणी। (फ) स्वरके आगे होनेपरही (यह वर्णान्तर होता है, अन्यथा नहीं।) उदा.—गुम्फइ। (फ के ये विकार) प्रायःही होते हैं। (इसलिए क्वचित् नहीं होते।) उदा.—कसणफणी कृष्णफणी ॥ ६० ॥

बो वः ॥ ६१ ॥

असंयुक्त, अनादि, स्वरके आगे होनेवाले बकारका व होता है। उदा.—शबलः सवलो। अलाबुः अलावू ॥ ६१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ङ्वयौ कबन्धे ॥ ६२ ॥

कबन्ध शब्दमें बकारके वकार और यकार होते हैं। (सूत्रके ङ्वयौ-में) ङ् इत् होनेसे, वकारका उच्चार सानुनासिक होता है। उदा.—कबन्धः कवँधो कयंधो ॥ ६२ ॥

बिसिन्यां भः ॥ ६३ ॥

बिसिनी शब्दमें ब का भ होता है। उदा.—भिसिणी ॥ ६३ ॥

वो भस्य कैटभे ॥ ६४ ॥

कैटभ शब्दमें भ का व होता है। उदा.—कइढवो ॥ ६४ ॥

त्वभिमन्यौ मः ॥ ६५ ॥

(इस सूत्रमें १.३.६४ से) वः पदकी अनुवृत्ति है। अभिमन्यु शब्दमें म का व विकल्पसे होता है। उदा.—अहिवण्णू अहिमण्णू ॥ ६५ ॥

मन्मथे ॥ ६६ ॥

(इस सूत्रमें १.३.६५ से) मः पदकी अनुवृत्ति है। मन्मथ शब्दमें आद्य म का व होता है। यह नियम (१.३.६५ से) पृथक् कहा जानेसे (यहाँका व) नित्य होता है। उदा.-वम्महो ॥ ६६ ॥

तु ढो विषमे ॥ ६७ ॥

विषम शब्दमें म का ढ विकल्पसे होता है। उदा.—विसढो विसमो ॥ ६७ ॥

यो जर्तीयानीयोत्तरीयकृत्येषु ॥ ६८ ॥

(इस सूत्रमें १.३.६७ से) तु पदकी अनुवृत्ति है। तीय और अनीय इन प्रत्ययोंमें, उत्तरीय शब्दमें, और कृत् ऐसे कहे हुए य प्रत्ययमें, यकारका जकार होता है। (सूत्रमेंसे जर्में) र् इत् होनेसे, (ज् का) द्वित्व होता है। उदा.—तीय प्रत्ययमें—द्वितीयः विइज्जो विइओ। तृतीयः तइज्जो तइओ। अनीय प्रत्ययमें—करणीयम् करणिज्जं करणीअं। विस्मय-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नीयम् विम्हअणिज्जं विम्हअणीअं। यापनीयम् जावणिज्जं जावणीअं। (उत्तरीय शब्दमें)—उत्तरीयम् उत्तरिज्जं उत्तरीअं। कृत् प्रत्ययमें—पेया पेज्जा पेआ। मेयम् मेज्जं मेअं॥ ६८॥

इन्मयटि॥ ६९॥

(इस सूत्रमें १.३.६८ से) यः पदकी अनुवृत्ति है। मयट् प्रत्ययमें य का इकार विकल्पसे होता है। उदा.—विषमयः विसमइओ विसमओ॥ ६९॥

छायायां होऽकान्तौ॥ ७०॥

जब कान्ति यह अर्थ नहीं होता, तब छाया शब्दमें य का ह विकल्पसे होता है। उदा.-वच्छस्स छाहा वच्छस्स छाआ। पुद्गलका पर्याय। सच्छाहं सच्छाअं। जब कान्ति यह अर्थ नहीं होता, ऐसा क्यों कहा है? (कारण कान्ति अर्थ होनेपर, यहाँका वर्णविकार नहीं होता।) उदा.—मुहच्छाआ (यानी) मुहकी कान्ति ऐसा अर्थ॥ ७०॥

यष्ट्यां लल्॥ ७१॥

यष्टि शब्दमें य का ल होता है। (सूत्रके लल् में) ल् इत् होनेसे यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.—लट्ठी यष्टिः। वेलुलट्ठी वेणुयष्टिः। चूअलट्ठी चूतयष्टिः। महुलट्ठी मधुयष्टिः॥ ७१॥

कतिपये वहशौ॥ ७२॥

कतिपय शब्दमें य के व और ह होते हैं। (सूत्रके हश् में) श् इत् होनेसे, ह होते समय पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.—कइअवं कइवाहं॥ ७२॥

अर्थपरे तु युष्मदि॥ ७३॥

युष्मत् शब्द जब (मूल यानी तु, तुम इस) अर्थमें (अर्थपरे) होता है तब य का तकार होता है। उदा.-तुम्हच्चिअं यौष्माकम्। तुम्हकेरो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

युष्मदीयः। (मूल) अर्थमें होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण ऐसा नहीं हो तो यहाँका वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.–जुम्हदम्हप्पअरणं, युष्मदस्मत्-प्रकरणम् ॥ ७३ ॥

आदेर्जः ॥ ७४ ॥

पदमें आद्य य का ज होता है। उदा.–यशः जसो। यमः जमो। युवतिः जुवई। याति जाइ। (पदमें) आद्य य का, ऐसा क्यों कहा है? (कारण य आद्य न होनेपर ज नहीं होता।) उदा.-अवअवो। विणओ। बहुलका अधिकार होनेसे, पीछे (पूर्व) उपसर्ग रहनेसे अनादि होनेवाले य-काभी ज होता है। उदा.-संजोओ संयोगः। संजमो संयमः। अपजसो अपयशः। (पीछे उपसर्गके होते हुए भी, अनादि य का ज) क्वचित् नहीं होता। उदा.–प्रयोगः पओओ ॥ ७४ ॥

भ्यौ बृहस्पतौ तु बहोः ॥ ७५ ॥

बृहस्पति शब्दमें बकार और हकार इनके अनुक्रमसे भकार और यकार विकल्पसे होते हैं। उदा.-भयप्पई बहप्पई ॥ ७५ ॥

रो डा पर्याणे ॥ ७६ ॥

पर्याण शब्दमें रेफका डा ऐसा आदेश होता है। उदा.-पडाआणं पल्लाणं ॥ ७६ ॥

लो जठरवठरनिष्ठुरे ॥ ७७ ॥

(इस सूत्रमें १.३.७६ से) रः पद (अध्याहृत) है। जठर, इत्यादि शब्दोंमें र का ल विकल्पसे होता है। उदा.-जठरम् जढलं जढरं। वठरः वढलो वढरः। निष्ठुरः णिट्ठुलो णिट्ठुरो। भ्रमरका पर्याय भसल शब्द संस्कृत जैसेही है ॥ ७७ ॥

हरिद्रादौ ॥ ७८ ॥

हरिद्रा, इत्यादि शब्दोंमें र का ल होता है। यह नियम (१.३.७७ से) पृथक् कहा जानेसे, (यह ल) नित्य होता है। उदा.–हलद्दी हरिद्रा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इंगालो अंगारः। चलणो चरणः। जहुट्ठिलो युधिष्ठिरः। सउमालो सुकुमारः। सिढिलो शिथिरः। सक्कालो सत्कारः। मुहलो मुखरः। वलुणो वरुणः। चिलाओ किरातः। लुग्गो रुग्णः। अवद्दालं अपद्वारम्। कलुणो करुणः। दलिद्दो दरिद्रः। फलिहो परिघः। फलिहा परिखा। दलिद्दाइ दरिद्राति। मच्छलो मत्सरः। संवच्छलो संवत्सरः। फालिहद्दं पारिभद्रम्। दालिद्दं दारिद्र्यम्। काहलो कातरः। इत्यादि। बहुलका अधिकार होनेसे, (अंगार शब्दमें अ का) इ होनेपरही (र का ल होता है); इतरत्र मात्र—अंगारो। चरण शब्द पाँव अर्थमें होनेपरही (र का ल होता है); इतरत्र चरणकरणं। किरात शब्दमें (क का च होकर) चकारके सान्निध्य होनेपरही (र का ल होता है); इतरत्र—नमिमो हरकिराअं ॥ ७८ ॥

किरिवेरे डः ॥ ७९ ॥

(किरि और वेर) इन शब्दोंमें रेफका ड होता है। उदा.—किडी किरिः (यानी) वराह, गर्त, चूहा या गंधर्व। वेडो वेरः (यानी) भीरु, शरभ, करभ, मंडूक या दुंदुभि ॥ ७९ ॥

खोः करवीरे णः ॥ ८० ॥

करवीर शब्दमें खु अर्थात् आद्य रेफका ण होता है। उदा.—कणवीरो ॥ ८० ॥

लो ललाटे च ॥ ८१ ॥

(इस सूत्रमें १.३.८० से) णः पदकी अनुवृत्ति है। ललाट शब्दमें आद्य लकारका ण होता है। सूत्रमेंसे च (चकार) यह खोः (इस १.३.८० मेंसे) पदकी अनुवृत्ति दिखानेके लिए है। उदा.—णिडालं णडालं ॥ ८१ ॥

लोहललाङ्गललाङ्गूले वा ॥ ८२ ॥

(लोहल, लाङ्गल और लाङ्गूल) इन शब्दोंमें आद्य लकारका ण विकल्पसे होता है। उदा.-णोहलो लोहलो। लोहल (यानी) शबरविशेष। णंगलं लंगलं। णंगूलं लंगूलं ॥ ८२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्थूले रलूतश्चौत् ॥ ८३ ॥

स्थूल शब्दमें ल का लित् (=नित्य) र होता है, और उसके सांनिध्यसे ऊ का ओ होता है। उदा.—थोरो। किंतु थूलहद्दो शब्द मात्र हरिद्रादि शब्दोंकी (१.३.८८ देखो) तरह स्थूर शब्दमें र का ल होकर होगा ॥ ८३ ॥

बो मः शबरे ॥ ८४ ॥

शबर शब्दमें ब का म होता है। उदा.—समरो ॥ ८४ ॥

नीवीस्वप्ने वा ॥ ८५ ॥

(नीवी और स्वप्न) इन शब्दोंमें व का म विकल्पसे होता है। उदा.-नीमी नीवी। सिमिणो सिविणो ॥ ८५ ॥

हस्य घो बिन्दोः ॥ ८६ ॥

अनुस्वार (=बिंदु) के आगे होनेवाले ह का घ विकल्पसे होता है। उदा.-संघारो संहारो संहारः। सिंघो सिंहो सिंहः। क्वचित् अनुस्वारके आगे न होनेपरभी (ह का घ होता है।) उदा.—दाघो दाहः ॥ ८६ ॥

शोः सल् ॥ ८७ ॥

अस्तोरखोरचः (१.३.७) सूत्रकी (यहाँ) निवृत्ति हो गई। शु यानी श, ष और स इन वर्णोंका सकार होता है। (सूत्रके सल् में) ल् इत् होनेसे, (यह स) नित्य होता है। उदा.—श (का स)—शब्दः सद्दो। कुशः कुसो। नृशंसः णिसंसो। वंशः वंसो। अश्वः आसो। श्मश्रूः मंसू। श्यामा सामा। दश दस। शोभते सोहइ। ष (का स)—षण्डः संडो। निकषः णिहसो। कषायः कसाओ। विष्वक् वीसुं। वर्षः वासो। तुष्यति तूसइ। शेषः सेसो ॥ ८७ ॥

प्रत्यूषदिवसदशपाषाणे तु हः ॥ ८८ ॥

(इस सूत्रमें १.३.८७से) शोः पदकी अनुवृत्ति है। प्रत्यूष, इत्यादि शब्दोंमें श, ष, स का ह विकल्पसे होता है। उदा.-पच्चूहो पच्चूसो (प्रत्यूष)।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिअहो दिअसो (दिवस)। दह दस (दश)। दहमुहो दसमुहो (दशमुख)। दहबलो दसबलो (दशबल)। दहरओ दसरहो (दशरथ)। एआरह एआरस (एकादश)। बारह बारस (द्वादश)। तेरह तेरस (त्रयोदश)। पाहाणो पासाणो (पाषाण) ॥ ८८ ॥

स्नुषायां ण्हः फोः ॥ ८९ ॥

स्नुषा शब्दमें फोः यानी द्वितीय (ऐसे) शु का ण्ह ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.—सुण्हा सुसा स्नुषा ॥ ८९ ॥

छल् षट्शमीसुधाशावसप्तपर्णे ॥ ९० ॥

(षट्, शमी, सुधा, शाव, सप्तपर्ण) इन शब्दोंमें श, ष, स का लित् (=नित्य) छ होता है। उदा.—छट्ठी षष्ठी। छप्पओ षट्पदः। छम्मुहो षण्मुखः। छमी शमी। छुहा सुधा। छावो शावः। छत्तिवण्णो सप्तपर्णः ॥ ९० ॥

सिरायां वा ॥ ९१ ॥

सिरा शब्दमें शु का छ विकल्पसे होता है। उदा.-छिरा सिरा ॥ ९१ ॥

लुक्पादपीठपादपतनदुर्गादेव्युदुम्बरेऽचान्तर्दः ॥ ९२ ॥

पादपीठ, इत्यादि शब्दोंमें (दो स्वरोंके) बीच होनेवाले दकारका, (उससे संयुक्त रहनेवाले) स्वरके साथ, विकल्पसे लोप होता है। उदा.—पावीढं पाअवीढं पादपीठम्। पावडणं पाअवडणं पादपतनम्। दुग्गावी दुग्गाएवी दुर्गादेवी। उंबरो उउंबरो उदुम्बरः। (दो स्वरोंके) बीच होनेवाले, ऐसा क्यों कहा है? (कारण दुर्गादेवी शब्दमेंसे आद्य (दकार) में (विकल्पसे लोप) न हो ॥ ९२ ॥

व्याकरणप्राकारागते कगोः ॥ ९३ ॥

(इस सूत्रमें १.३.९२ से) लुग् पदकी अनुवृत्ति है। (१.३.९१ सूत्रमेंसे) वा शब्द और (१.३.९२ मेंसे) अचा पद यहाँ (अध्याहृत) हैंही। व्याकरण, इत्यादि शब्दोंमें ककार और गकार इनका, (उनसे संयुक्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रहनेवाले) स्वरके साथ, विकल्पसे लोप होता है। उदा.–वारणं वाअरणं (व्याकरण)। पारो पाआरो (प्राकार)। आओ आअओ (आगत) ॥ ९३ ॥

एवमेवदेवकुलप्रावारकयावज्जीवितावटावर्तमानतावति वः ॥ ९४ ॥

एवमेव, इत्यादि शब्दोंमें (दो स्वरोंके) बीच रहनेवाले वकारका, (उससे संयुक्त रहनेवाले) स्वरके साथ, विकल्पसे लोप होता है। उदा.-एमेअ एअमेअ (एवमेव)। देउलं देवउलं (देवकुल)। पारओ पावारओ (प्रावारक)। जा जाव (यावत्)। जीअं जीविअं (जीवित)। अडो अवडो (अवट)। अत्तमाणं आवत्तमाणं (आवर्तमान)। ता ताव (तावत्)। (वकार) दो स्वरोंके बीचमें होनेपरही (उसका विकल्पसे लोप होता है, अन्यथा नहीं। इसलिए) एवमेव शब्दमें अन्त्य वकारका (विकल्पसे लोप) नहीं होगा ॥ ९४ ॥

ज्योर्दनुजवधराजकुलभाजनकालायसकिसलयहृदयेषु ॥ ९५ ॥

दनुजवध, इत्यादि शब्दोंमें ज्योः यानी जकार और यकार इनका, (उनसे संयुक्त रहनेवाले) स्वरके साथ, विकल्पसे लोप होता है। उदा.–दणुवहो दणुअवहो दनुजवधः। राउलं राअउलं राजकुलम्। भाणं भाअणं भाजनम्। कालासं कालाअसं कालायसम्। किसलं किसलअं किसलयम्। हिअं हिअअं हृदयम्। महण्णवसमा सहिआ जाला ते सहिअएहिं घेप्पंति, महार्णवसमाः सहृदया यदा ते सहृदयैर्गृह्यन्ते ॥ ९५ ॥

अपतौ घरो गृहस्य ॥ ९६ ॥

पति शब्द आगे न होनेपर, गृह शब्दको घर ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–घरो गृहम्। घरसामी गृहस्वामी। राअघरं राजगृहम्। पति शब्द (आगे) न होनेपर, ऐसा क्यों कहा है ?(कारण पति शब्द आगे हो तो गृहको घर ऐसा आदेश नहीं होता।) उदा.-गहवई गृहपतिः॥९६॥

स्त्रीभगिनीदुहितृवनितानामित्थीबहिणीधूआविलआः ॥ ९७ ॥

स्त्री, इत्यादि शब्दोंको इत्थी, इत्यादि आदेश यथाक्रम विकल्पसे होते हैं। उदा.-इत्थी थी स्त्री। बहिणी भइणी भगिनी। धूआ दुहिआ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दुहिता। विलआ वणिआ वनिता। कोई कहते हैं कि विलया शब्द संस्कृतमेंभी है ॥ ९७ ॥

उभयाधसोरवहहेट्ठौ ॥ ९८ ॥

उभय और अधस् इनको यथाक्रम अवह, हेट्ठ ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.-अवहं। कोई लोगोंके मतानुसार, उहअं ऐसाभी (वर्णान्तर) होता है। हेट्ठं अह। हेट्ठमग्गो अहमग्गो अधोमार्गः ॥ ९८ ॥

मलिनधृतिपूर्ववैडूर्याणां मइलदिहिपुरिमवेरुलिआः ॥ ९९ ॥

मलिन, इत्यादि शब्दोंको यथाक्रम मइल, इत्यादि आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.–मइलं मलिणं मलिनम्। दिही धिई धृतिः। पुरिमं पुव्वं पूर्वम्। वेरुलिअं वेडुज्जं वैडूर्यम् ॥ ९९ ॥

स्मरकट्वोरीसरकारौ ॥ १०० ॥

स्मर और कटु शब्दोंको यथाक्रम ईसर और कार ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.—ईसरो सरो स्मरः। कारं कडू कटुः॥१००॥

बाहिंबाहिरौ बहिसः ॥ १०१ ॥

बहिः शब्दको बाहिं और बाहिर ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.-बाहिं बाहिरं। बाहिरब्भंतरकिरिआरोहो, बाह्याभ्यन्तरक्रियारोधः ॥ १०१ ॥

कूरो गौणेषदः ॥ १०२ ॥

(समासमें) गौण (पद) होनेवाले ईषत् शब्दको कूर ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–चिंच व्व कूरपिक्का, चिञ्चेवेषत्पक्वा। विकल्प-पक्षमें–ईसि ॥ १०२ ॥

एण्हि एत्ताहे इदानीमः ॥ १०३ ॥

इदानीम्को एण्हि और एत्ताहे ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.–एण्हि एत्ताहे इआणिं। विकल्पपक्षमें–दाणिं ॥ १०३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तिर्यक्पदातिशुक्तेस्तिरिच्छिपाइक्कसिप्पी ॥ १०४ ॥

तिर्यक्, इत्यादि शब्दोंको तिरिच्छि, इत्यादि आदेश होते हैं। उदा.-तिरिच्छि पेच्छइ, तिर्यक् पश्यति। पाइक्को पआई पदातिः। सिप्पी सुत्ती शुक्तिः ॥ १०४ ॥

गोणाद्याः ॥ १०५ ॥

जिनके बारेमें प्रकृति, प्रत्यय, लोप, आगम और वर्णविकार नहीं कहे हैं, ऐसे गोण, इत्यादि शब्द बहुलत्वसे निपातके रूपमें आते हैं। उदा.-(१) गोणो गौ या गाय।-यहाँ (गो के आगे) स्वार्थे ण आया है। (२) गोला गोदा।-गोदा यानी गोदावरी। यहाँ द का ल हुआ है। कोई कहते हैं, गोला शब्द संस्कृतमेंभी है। (३) ओसायणं आपोशन या आचमन। (यहाँ) आपः शब्दको ओसा ऐसा आदेश, फिर सकारके आगे यकारका आगम (हुए हैं)। (अथवा)-नीहार अर्थमें ओसा यह देश्य शब्द है; उसका कण यानी ओसायण। (४) वणाई वनराजि। यहाँ रेफका लोप हुआ है। (५) तल्लं तल्लडं तल्प शय्या।-यहाँ ल का द्वित्व, प का लोप अथवा स्वार्थे ड (आये हैं)। (ल का द्वित्व) न होनेपर, तलं। (६) थोवो (७) थेवो थोक्को स्तोक या स्वल्प। यहाँ क का व और / अथवा ओ का ए, (और) सेवादिपाठमें होनेसे द्वित्व (हुए हैं)। (८) विरुअं विरुद्ध। यहाँ संयुक्त व्यंजनका लोप हुआ है। (९) आओ आप या जल। शरदादि-पाठमें होनेसे, अन्त्य व्यंजनका अ और दीर्घ स्वर (हुए हैं)। (१०) गोसो गोसर्गः प्रत्यूष या प्रभात। यहाँ र्ग का लोप हुआ है। (११) वोसिरणं व्युत्सर्जन या छोडना। यहाँ व्युत् का वो, सृजति ऐसा मानकर ज का र, और (सृमें) समेंसे ऋ का इ (हुए हैं)। (१२) धिरत्थु धिगस्तु या धिक्कार हो। यहाँ ग का र हुआ है। (१३) पत्थेवाअं पाथेयं। यहाँ था-का द्वित्व और वकारका आगम (हुए हैं)। (१४) वेलंबो (१५) वडंबो विडम्बना।-—यहाँ इ का ए, ड का ल और नकारका लोप हुए हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१६) बुल्लबुलो बुद्बुद। यहाँ दकारका ल और दो संयुक्त व्यंजनोंके बीचमें उ ऐसे वर्णविकार हुए हैं। (१७) करिल्लं करीर या बाँस। यहाँ र का ल हुआ है। (१८) ऊआ यूका। यहाँ आद्य य का लोप हुआ है। (१९) दोग्गं युग्म या जोडी। यहाँ यु का दो हुआ है। (२०) धणिआ धन्या (यानी) प्रियतमा। यहाँ यकारके पूर्वमें इ आया है। (२१) णिव्वहणं उव्दहनं (यानी) विवाह। यहाँ उकारका णि हुआ है। (२२) मुव्वहइ उद्वहति ब्याह करता है। यहाँ उकारका मु हुआ है। (२३) छिच्छि धिक् धिक्। यहाँ ध का छ हुआ है। (२४) वाडी वृतिः। यहाँ ऋ का आ और तकारका ड हुए हैं। (२५) गहिल्लो ग्रहिल या पिशाचग्रस्त। यहाँ ल का द्वित्व हुआ है। (२६) गोणिक्को गोनीकः (यानी) गवां अनीकः (यानी) गौओंका समूह। यहाँ क का द्वित्व हुआ है। (२७) अइरजुवई अचिरयुवति। अपूर्वा ऐसा अर्थ। (२८) अणरहू नववधू। यहाँ नकार और वकार इनके (अनुक्रमसे) अ और ण, तथा वका र हुए हैं। (२९) अमआ असुर। यहाँ सुकार और रेफ इनके म और य हुए हैं। (३०) पण्णवण्णा (३१) पञ्चावण्णा पञ्चपञ्चाशत् या पचपन। यहाँ आद्य संयुक्त व्यंजनका ण, प का व, चाशत्का णा, हुए हैं। (पंचावण्णामें) द्वितीय अ का आ, चाशत्का णा हुए हैं। (३२) गामहणं ग्रामस्थान। यहाँ स्थाकारका ह हुआ है। (३३) तेवण्णा त्रिपञ्चाशत् या तिरपन। यहाँ इ का ए, चाशत्का ण हुए हैं। (३४) घुसिमं घुसृण या केसर। यहाँ ण का म, ऋकारका इ हुए हैं। (३५) छट्टा छटा। यहाँ टकारका ट हुआ है। (३६) बइल्लो बलीवर्द य, बैल। यहाँ द का ल और लीव का इ हुए हैं। (३७) पाउरणं (३८) पंगुरणं प्रावरण। यहाँ द्वितीय अ का उ हुआ है और व को गु ऐसा आदेश हुआ है। (३९) लक्कुडो लगुड या लकडी। यहाँ गकारका क हुआ है। (४०) आसंघो आस्था। यहाँ स्थाकारका संघ हुआ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(४१) छेणो स्तेन या चोर। यहाँ स्त का छ हुआ है। (४२) दोसिणी ज्योत्स्ना या चन्द्रिका। यहाँ ज्यो का दो हुआ है और न के पूर्वमें इ आया है। (४३) हिज्जो ह्यः या कल। यहाँ यकारका इज्ज हुआ है। (४४) कक्खडो कर्कश। यहाँ क और श इनके ख और ड हुए हैं। (४५) तेआलीसा त्रिचत्वारिंशत् या तैंतालीस। यहाँ इ का ए, च और त्व इनका आ, र का ल, हुए हैं; और विंशत्यादिपाठमें होनेसे, अनुस्वारका लोप हुआ है। (४६) कत्तं कलत्र या पत्नी। यहाँ स्वरके साथ ल् का लोप हुआ है। (४७) कलवू अलाबू। यहाँ अकारका क और आकारका अकार हुए हैं। (४८) नलिअं। (४९) निहेलणं निलय यानी घर। यहाँ इ और अ इनका (स्थान-) व्यत्यय, और य का ण हो गये, और ल के पूर्वमें हे आया है। (५०) णिक्कडो निश्चय। यहाँ श्च और य इनके क और ड हुए हैं। (५१) णिक्कडो निश्चल। यहाँ च और ल इनके क और ड हुए हैं। (५२) णिरासो नृशंस यानी क्रूर। यहाँ शंकारका रा हुआ है। (५३) णिप्फंसो निस्त्रिंश या खड्ग। यहाँ स्त्रिकारका फ हुआ है। (५४) विहुंडुओ विधुंतुद यानी राहु। यहाँ त का ड हुआ है। (५५) वहिओ मथित। यहाँ म का व हुआ है। (५६) खडुं खेल। यहाँ ल का डु हुआ है। (५७) कोलीरं कुरुविन्द (यानी) एक प्रकारका पद्मराग। यहाँ (दो) उकारोंका ओ और ई, र का ल, तथा बिन्दुका र, हुए हैं। (५८) विसग्गो व्युत्सर्ग या छोडना। यहाँ व्युद् का वि हुआ है। (५९) संघयणं संहनन। यहाँ ह का घ, और आद्य न का य हुए हैं। (६०) घायणो गायन। यहाँ ग का घ हुआ है। (६१) ढेक्कुणो मत्कुण। यहाँ म और त् इनका ढे हुआ है। (६२) ककुडं ककुद। यहाँ द का ड हुआ है। (६३) सेवालं जम्बाल या सेवाल। यहाँ ज और म् इनका से हुआ है। (६४) खुड्डओ क्षुल्लक या क्षुद्र। यहाँ ल का ड हुआ है। (६५) वड्ढुअरो बृहत्तर या बडा। यहाँ बृहत् का वड्ढु हुआ है। (६६) अत्थक्कं अकाण्ड यानी यकायक। यहाँ का और ण्ड इनके त्थ और क्क हुए हैं। (६७) आणुअं आनन या मुख। यहाँ आद्य अ का उ और द्वितीय न् का लोप हुए हैं। (६८) संगोलं संघात या समूह। यहाँ घा और त इनका गोल हुआ है। (६९) सामरी (७०) सामली शाल्मलि एक

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वृक्षविशेष। यहाँ ल का लोप, और द्वित्वका अभाव है। (७१) हिमोरं हिमोदरं। यहाँ द का लोप हुआ है। (७२) अम्बा अम्बा या माँ। यहाँ अनुस्वारका लोप, और ब का द्वित्व हैं। (७३) सिप्पी सूची। यहाँ ऊ का इ और च का द्विरुक्त प (प्प) हुए हैं। (७४) वम्हा वाणी या सरस्वती। यहाँ ण का म्ह हुआ है। (७५) जच्छन्दो स्वच्छन्द। यहाँ स्व का ज हो गया है। (७६) तलारो तलवरः (यानी) पुराध्यक्ष। यहाँ व का लोप हुआ है। (७७) कुड्डं कुतुक या कुतूहल। यहाँ त का लोप हुआ और क का द्विरुक्त ड (=ड्ड) हो गया है। (७८) सीसकं शिरःपत्र। यहाँ पत्रका क हुआ है। (७९) जम्बालं शैवाल। यहाँ शै का जम् हो गया है। (८०) अणुदिवं दिनमुख यानी प्रभात। अनु (यानी) अनंतर (नंतर दिवा यानी दिन)। यहाँ न का व हुआ है। (८१) सत्थरो संस्तर या शय्या। यहाँ अनुस्वारका लोप हुआ है। (८२) विड्डरं विस्तार। यहाँ स्त कारका ड्ड हो गया है। (८३) वीली वीची और (८४) वीबी (यानी लहर)। यहाँ च का ल और च का ब हुआ है। (८५) डंभिओ दाम्भिक। यहाँ द का ड हुआ है। (८६) कडप्पो कलाप (यानी) समूह। यहाँ ल का ड हुआ और पका द्वित्व हो गया है। (८७) दूसलो दुर्भग यानी अभागी। यहाँ भ और ग इनके स और ल हो गये हैं।(८८) गल्लं गण्ड यानी कपोल। यहाँ ड का ल्ल हुआ है। (८९)पडिसिद्धी प्रतिस्पर्धा। यहाँ स्प का सि हुआ और आ का ई हो गया है। (९०) वढो वट। यहाँ ट का ढ हुआ है। (९१) डोअणो (९२) डोअलो (९३) डोलो लोचन। यहाँ ल का ड, ल और न इनके ड और ल होकर, स्वरके साथ च का लोप हो गया है। (९४) कत्थइ क्वचित्। यहाँ चि का थ हुआ है। (९५) डेड्ढुरो दर्दुर यानी दादुर। यहाँ अ का ए हुआ और दोनों दकारोंका ड हो गया है। (९६) छिल्लं छिद्र। यहाँ द्र का ल्ल हो गया है। (९७) मंजरो (९८) वंजरो मार्जार। यहाँ विकल्पसे म का व हो गया है; वक्रादिपाठमें होनेसे, अनुस्वार आ गया, और आ का ह्रस्व (यानी अ) हो गया। (९९) गहरो गृध्र। यहाँ र के पूर्वमें अ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आया है। (१००) उरओ। (१०१) अज्जमो ऋजु या सरल। यहाँ ज का र, ऋकार और उकार इनका अ हुए और स्वार्थे म आया है। (१०२) साइआ सारिआ शारिका। यहाँ रि का लोप हुआ और अन्त्य आ का इआ हो गया है। (१०३) अरणी सरणि यानी पद्धति। यहाँ स का लोप हुआ है। (१०४) तणेसी तृणराशि। यहाँ पूर्व स्वरके साथ राकारका ए हो गया है। (१०५) दुग्गं दुःख। यहाँ संयुक्त व्यंजनका ग हुआ। (१०६) चउक्कं चतुष्पथ। यहाँ पथ का क्क हो गया। (१०७) कलेरं कराल यानी जटिल। यहाँ र और ल इनका (स्थान-) व्यत्यय हुआ और आ का ए हो गया। और (१०८) कक्कालं कंकाल यानी हड्डियोंका जाल। इत्यादि ॥ १०५ ॥

— प्रथम अध्याय तृतीय पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चतुर्थः पादः

स्तोः ॥ १ ॥

(स्तोः) यह अधिकार है। 'ईल् ज्यायाम्' (१.४.११०) सूत्रतक इसका अधिकार है। समझना है कि यहाँसे आगे जो कुछ अनुक्रमसे कहा जायेगा, वह स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका होता है ॥ १ ॥

वा रक्ते गः ॥ २ ॥

रक्तमें स्तुको यानी संयुक्त व्यंजनको ग ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–रग्गो रत्तो ॥ २ ॥

शुल्के ङ्गः ॥ ३ ॥

शुल्कमें संयुक्त व्यंजनको ङ्ग ऐसा आदेश विकल्पसे हो जाता है। उदा.-सुंगं सुक्कं ॥ ३ ॥

कः शक्तमुक्तदष्टमृदुत्वरुग्णेषु ॥ ४ ॥

(शक्त, मुक्त, दष्ट, मृदुत्व, रुग्ण) इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ककार विकल्पसे होता है। उदा.–सक्को सत्तो (शक्त)। मुक्को मुत्तो (मुक्त)। डक्को दट्ठो (दष्ट)। माउक्कं मउक्कं माउत्तणं (मृदुत्व)। लुक्को लुग्गो (रुग्ण) ॥ ४ ॥

क्ष्वेडकगे खल् ॥ ५ ॥

क्ष्वेडक, इत्यादिमें संयुक्त व्यंजनका खकार होता है। (सूत्रके खल्में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.–क्ष्वेडकः खेडओ। क्ष्वेडक शब्द विष का पर्यायी शब्द है। स्फोटकः खोडओ। स्फोटिका खोडिआ ॥ ५ ॥

ष्कस्कोर्नाम्नि ॥ ६ ॥

(इस सूत्रमें) ख पदकी अनुवृत्ति है। संज्ञामें (होनेवाले) ष्क और स्क इनका ख हो जाता है। उदा.–पुष्करम् पोक्खरं। पुष्करिणी पोक्खरिणी। निष्कम् णिक्खं। स्कन्धः खंधो। स्कन्धावारः खंधावारो। अवस्कन्दः अवक्खंदो। (सूत्रमें) संज्ञामें (होनेवाले), ऐसा क्यों कहा है? (कारण संज्ञाको छोडकर अन्य शब्दोंमें ऐसा वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.–दुक्करं दुष्करम्। णिक्कम्पं निष्कम्पम्। णमोक्कारो नमस्कारः। सक्कअं संस्कृतम्। सक्कारो संस्कारः ॥ ६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वृक्षे रुर्वृक्षे ॥ ७ ॥

वृक्ष शब्दमें संयुक्त व्यंजनका ख होता है, और उसके सांनिध्यसे वृकार-का रु हो जाता है। उदा.–रुक्खो। यह शब्द स्पृहादि-गणमें होनेसे, क्ष का छ होनेपर, वच्छो (ऐसा वर्णान्तर हो जायेगा) ॥ ७ ॥

क्षः ॥ ८ ॥

क्षकारका ख होता है। उदा.–लक्षणम् लक्खणं। क्षयः खओ। विचक्षणः विअक्खणो। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् (क्ष के) च्छ और झ भी हो जाते हैं। उदा.–खीणं झीणं क्षीणम्। छिज्जइ झिज्जइ क्षीयते ॥८॥

स्थाणावहरे ॥ ९ ॥

स्थाणुका अर्थ शंकर ऐसा न होनेपर, स्थाणु शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ख होता है; यदि शंकर अर्थ अभिप्रेत हो, तो ख नहीं होता। उदा.–खाणू। शंकर अर्थ न होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण शंकर अर्थ होनेपर ख नहीं होता।) उदा.–थाणू ॥ ९ ॥

स्कन्दतीक्ष्णशुष्के तु खोः ॥ १० ॥

(स्कन्द, तीक्ष्ण, शुष्क) इन शब्दोंमें खु का यानी आद्य संयुक्त व्यंजनका ख विकल्पसे होता है। उदा.–खंदो कंदो। तिक्खं तिण्हं। सुक्खं सुक्कं ॥१०॥

स्तम्भे ॥ ११ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१० से) खोः और तु पदोंकी अनुवृत्ति है। स्तम्भमें खु का यानी आद्य संयुक्त व्यंजनका खकार विकल्पसे होता है। उदा.–खंभो थंभो। (यह स्तंभ) काष्ठ, इत्यादिका है। यह नियम(१.४.१० से) पृथक कहा है; कारण इसका उपयोग अगले सूत्रमें करना है ॥ ११ ॥

थलस्पन्दे ॥ १२ ॥

स्पंदका अभाव इस अर्थमें स्तम्भ शब्द होनेपर, आद्य संयुक्त व्यंजनका लित् (=नित्य) थ होता है। उदा.—थंभो। थंभिज्जइ ॥ १२ ॥

स्त्यानचतुर्थे च तु ठः ॥ १३ ॥

स्त्यान और चतुर्थ शब्दोंमें, (तथा) सूत्रमेंसे चकारके कारण स्पंदका अभाव इस अर्थमें होनेवाले स्तम्भ शब्दमें, (संयुक्त व्यंजनका) ठ विकल्पसे होता है। उदा.—ठीणं थीणं। चउट्ठो चउत्थो। ठंभो थंभिज्जइ ॥ १३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ष्टः ॥ १४ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१३ से) ठः पदकी अनुवृत्ति है। ष्ट का ठ होता है। यह नियम (१.४.१३ से) पृथक् कहा जानेसे, (यह ठ) नित्य होता है। उदा.- दृष्टिः दिट्ठी। मुष्टिः मुट्ठी। यष्टिः लट्ठी। सौराष्ट्रम् सोरट्ठं ॥ १४ ॥

विसंस्थुलास्थ्यधनार्थे ॥ १५ ॥

विसंस्थुल और अस्थि शब्दोंमें, तथा धन अर्थ न होनेवाले अर्थ शब्दमें, संयुक्त व्यंजनका ठ होता है। उदा.-विसंठुलं विसंस्थुलम्। अट्ठी अस्थि। अट्ठो अर्थः (यानी) प्रयोजन। धन अर्थ न होनेवाला अर्थ शब्द, ऐसा क्यों कहा है? (कारण.धनवाचक अर्थ शब्दमें ठ नहीं होता।) उदा.-अत्थो॥ १५॥

चः कृत्तिचत्वरे ॥ १६ ॥

कृत्ति और चत्वर शब्दोंमें संयुक्त व्यंजनका च होता है। उदा.—किच्ची कृत्तिः। चच्चरं चत्वरम् ॥ १६ ॥

त्योऽचैत्ये ॥ १७ ॥

चैत्य शब्दको छोडकर, (अन्य शब्दोंमें) त्य का च होता है। उदा.- सत्यम् सच्चं। प्रत्ययः पच्चओ। अमात्यः अमच्चो। चैत्य शब्दको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण चैत्य शब्दमें त्य का च नहीं होता।) उदा.— चइत्तं ॥ १७ ॥

श्चेर्वृश्चिके ञ्चुर्वा ॥ १८ ॥

वृश्चिक शब्दमें श्चि को ञ्चु ऐसा आदेश हो जाता है। उदा.-विञ्चुओ विच्छुओ ॥ १८ ॥

उत्सवऋक्षोत्सुकसामर्थ्ये छो वा ॥ १९ ॥

(उत्सव, ऋक्ष, उत्सुक, सामर्थ्य) इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका छ विकल्पसे होता है। (इस सूत्रमें) पुनः 'वा' ऐसा कहा जानेसे, अगले सूत्रोंमें विकल्प नहीं होता। उदा.-उच्छओ ऊसओ। रिच्छो रिक्खो। उच्छुओ ऊसुओ। सामच्छं सामत्थं ॥ १९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

क्षमायां कौ ॥ २० ॥

(इस सूत्रमें १.४.१९ से) छः पदकी अनुवृत्ति है। कु यानी पृथिवी; तद्वाचक होनेवाले क्षमा शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका छ होता है। उदा.-छमा। व्याकरणके नियमानुसार होनेवाले (लाक्षणिक) (क्ष्मा का क्षमा होनेपर) वहाँ भी छ हो जाता है। उदा.-छमा। पृथिवीवाचक (क्षमा शब्द), ऐसा क्यों कहा है? (कारण क्षमा शब्दका पृथिवी अर्थ न होनेपर, छ नहीं होता।) उदा.—खमा, क्षमा (यानी) क्षांति ॥ २० ॥

क्षण उत्सवे ॥ २१ ॥

उत्सव वाचक क्षण शब्दमें संयुक्त व्यंजनका छ होता है। उदा.-छणो। उत्सववाचक (क्षण शब्द), ऐसा क्यों कहा है? (कारण उत्सववाचक क्षण शब्द न होनेपर, छ नहीं होता।) उदा.-खणो ॥ २१ ॥

स्पृहादौ ॥ २२ ॥

स्पृहा, इत्यादि शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका छ होता है। उदा.-स्पृहा छिहा। क्षुरः छुरो। क्षीरम् छीरं। वृक्षः वच्छो। क्षेत्रम् छेत्तं। वक्षः वच्छो। कुक्षिः कुच्छी। क्षुतम् छुअं। क्षतम् छअं। क्षुण्णम् छुण्णं। कक्ष्या कच्छा। कक्षः कच्छो। मक्षिका मच्छिआ। क्षारम् छारं। इक्षुः उच्छू। सदृक्षः सारच्छो। अक्षि अच्छी। स्थगितः छइओ। दक्षः दच्छो। कौक्षेयकम् कुच्छेअअं। उक्षा उच्छा। सादृश्यम् सारिच्छं। क्षुधा छुहा। लक्ष्मीः लच्छी। लक्ष्म लच्छं। इत्यादि ॥ २२ ॥

थ्यश्चत्सप्सामनिश्चले ॥ २३ ॥

(सूत्रमेंसे) अनिश्चले यानी निश्चल शब्दको छोडकर, थ्य, श्च, त्स और प्स इनका छ होता है। उदा.—थ्य (का छ)-पथ्यः पच्छो। मिथ्या मिच्छा। श्च (का छ)-पश्चिमम् पच्छिमं। आश्चर्यम् अच्छरं। पश्चात् पच्छा। त्स (का छ)-उत्साहः उच्छाहो। मत्सरः मच्छरो। संवत्सरः संवच्छलो। चिकित्सति चिइच्छइ। प्स (का छ)-अप्सरसः अच्छरा। लिप्सते लिच्छइ। जुगुप्सति जुउच्छइ। निश्चल शब्दको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण निश्चल शब्दमें श्च का छ नहीं होता।) उदा.-णिच्चलो ॥ २३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्यय्यर्यां जः ॥ २४ ॥

(द्य, य्य और र्य) इनका जकार होता है। उदा.—द्य (का ज)—मद्यम् मज्जं। अवद्यम् अवज्जं। आतोद्यम् आओज्जं। द्युतिः जुई। द्योतः जोओ। य्य (का ज)—शय्या सेज्जा। बय्यः बज्जो। क्षय्यः खज्जो। र्य (का ज)—कार्यम् कज्जं। पर्यायः पज्जाओ। पर्याप्तम् पज्जत्तं ॥ २४ ॥

त्वभिमन्यौ जज ॥ २५ ॥

अभिमन्यु शब्दमें स्तु के यानी संयुक्त व्यंजनके जर् और ज ऐसे ये (विकार) विकल्पसे होते हैं। (जर में) र् इत् होनेसे, (ज का) द्वित्व होता है। उदा.—अहिमज्जू अहिमजू। विकल्पपक्षमें—अहिवण्णू अहिमण्णू ॥ २५ ॥

ध्यह्योर्झल् ॥ २६ ॥

ध्य और ह्य इनका झ होता है। (झल् में) ल् इत् होनेसे, (यह झ) नित्य होता है। उदा.—ध्य (का झ)—ध्यानम् झाणं। अध्ययनम् अज्झयणं। सन्ध्या संझा। विन्ध्यः विंझो। उपाध्यायः उवज्झाओ। ह्य (का झ)—सह्यः सज्झो। गुह्यम् गुज्झं। ग्राह्यम् गेज्झं। नह्यते णज्झइ ॥ २६ ॥

साध्वसे ॥ २७ ॥

साध्वसमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका झ होता है। उदा.—सज्झसं ॥ २७ ॥

ध्वजे वा ॥ २८ ॥

ध्वजमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका झ विकल्पसे होता है। उदा.—झओ धओ ध्वजः ॥ २८ ॥

इन्धौ ॥ २९ ॥

प्रदीप्त होना इस अर्थमें होनेवाले इन्ध् (इन्धी) धातुमें स्तु को यानी संयुक्त व्यंजनको झ ऐसा आदेश होता है। उदा.—समिध्यति समिज्झइ॥ २९॥

र्तस्याधूर्तादौ टः ॥ ३० ॥

अधूर्तादौ यानी धूर्त, इत्यादि शब्दोंको छोडकर, (अन्य शब्दोंमें) र्त का ट्ट हो जाता है। उदा.—कैवर्तः केवट्टो। वर्तिः वट्टी। वर्तुलम् वट्टुलं। संवर्तितः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संवट्टिओ। प्रवर्तते पअट्टइ। नर्तयति णट्टइ। सूत्रमें धूर्त, इत्यादि शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण धूर्त, इत्यादि शब्दोंमें र्त का ट्ट नहीं होता।) उदा.–धूर्तः धुत्तो। वार्ता वत्ता। आर्तिः अत्ती। संवर्तनम् संवत्तणं। विवर्तनम् विवत्तणं। प्रवर्तनम् पवत्तणं। आवर्तनम् आवत्तणं। मुहूर्तः मुहुत्तो। मूर्तः मुत्तो। आवर्तकः आवत्तओ। संवर्तकः संवत्तओ। वार्तिकः वत्तिओ। वर्तिका वत्तिआ। प्रवर्तकः पवत्तओ। मूर्तिः मुत्ती। उत्कीर्तितः उक्कित्तिओ। निवर्तकः णिवत्तओ। निर्वर्तकः णिव्वत्तिओ। कीर्तिः कित्ती। कार्तिकः कत्तिओ। बहुलका अधिकार होनेसे, (कभी कभी र्त का ट्ट हो जाता है।) उदा.–वार्ता वट्टा ॥ ३० ॥

प्रवृत्तसंदष्टमृत्तिवृत्तेष्टापत्तनकदर्थितोष्ट्रे ॥ ३१ ॥

(प्रवृत्त, संदष्ट, मृत्ति, वृत्त, इष्टा, पत्तन, कदर्थित और उष्ट्र) इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ट होता है। उदा.–प्रवृत्तः पवट्टो। संदष्टः संदट्टो। मृत्तिः मट्टी। वृत्तम् वट्टं। इष्टा इट्टा। पत्तनं पट्टणं। कदर्थितः कवट्टिओ। उष्ट्रः उट्टो। किंतु संदष्ट और उष्ट्र शब्दोंमें होनेवाला ट (संयुक्त व्यंजनके होनेवाले) ठ का अपवाद है ॥ ३१ ॥

वा न्तन्धौ मन्युचिह्नयोः ॥ ३२ ॥

(मन्यु और चिह्न) इन शब्दोंमें संयुक्त व्यंजनको यथाक्रम न्त और न्ध ऐसे ये आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.–मन्तू मण्णू। इन्धं चिण्हं ॥ ३२ ॥

डल्फोर्मर्दितविच्छर्दछर्दिकपदवितर्दिगर्तसंमर्दे ॥ ३३ ॥

(मर्दित, विच्छर्द, छर्दि, कपर्द, वितर्दि, गर्त, संमर्द) इन शब्दोंमें फोः यानी द्वितीय संयुक्त व्यंजनका लित् (=नित्य) ड होता है। उदा.–मर्दितः मड्डिओ। विच्छर्दः विच्छड्डो। छर्दिः छड्डी। कपर्दः कवड्डो। वितर्दिः विअड्डी। गर्तः गड्डो। संमर्दः संमड्डो ॥ ३३ ॥

ढोऽर्धर्द्धिश्रद्धामूर्ध्नि तु ॥ ३४ ॥

(इस सूत्रमें १.४.३३ से) फोः पदकी अनुवृत्ति है। (अर्ध, ऋद्धि, श्रद्धा, मूर्धन्) इन शब्दोंमें द्वितीय स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ढ विकल्पसे होता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। उदा.—अर्धम् अड्ढं अद्धं। ऋद्धिः इड्ढी इद्धी। श्रद्धा सड्ढा सद्धा। मूर्धा मुड्ढा मुद्धा ॥ ३४ ॥

दग्धविदग्धवृद्धिदंष्ट्रावृद्धे ॥ ३५ ॥

(दग्ध, विदग्ध, वृद्धि, दंष्ट्रा, वृद्ध) इन शब्दोंमें संयुक्त व्यंजनका ढ होता है। (यह सूत्र १.४.३४ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका वर्णान्तर) नित्य होता है। उदा.—दग्धः दड्ढो। विदग्धः विअड्ढो। वृद्धिः वुड्ढी। दंष्ट्रा दाढा। वृद्धः वुड्ढो। क्वचित् (ढ) नहीं होता। उदा.-विद्धकइणिरूविअं, वृद्धकविनिरूपितम् ॥ ३५ ॥

पञ्चदशदत्तपञ्चाशति णः ॥ ३६ ॥

(पञ्चदश, दत्त, पञ्चाशत्) इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ण होता है। उदा.—पञ्चदश पण्णरह। दत्तम् दिण्णं। पञ्चाशत् पण्णासा ॥ ३६ ॥

ज्ञम्नोः ॥ ३७ ॥

ज्ञ और म्न इनमें (संयुक्त व्यंजनका) ण होता है। उदा.—ज्ञानम् णाणं। संज्ञा संणा। विज्ञानम् विण्णाणं। निम्नम् णिण्णं। प्रद्युम्नः पज्जुण्णो ॥ ३७ ॥

स्तवे थो वा ॥ ३८ ॥

स्तव शब्दमें संयुक्त व्यंजनका थ विकल्पसे होता है। उदा.-थवो तवो ॥ ३८ ॥

रो हश्चोत्साहे ॥ ३९ ॥

(इस सूत्रमें १.४.३८ से) थः और वा ये शब्द (अध्याहृत) हैं। उत्साह शब्दमें संयुक्त व्यंजनका थ विकल्पसे होता है और उसके सानिध्यसे ह का रेफ होता है। उदा.—उत्थारो उच्छाहो ॥ ३९ ॥

स्तः ॥ ४० ॥

स्त का थकार हो जाता है। उदा.-हस्तः हत्थो। स्तुतिः थुई। स्तोकम् थोअं। प्रस्तरः पत्थरो। स्वस्ति सत्थि ॥ ४० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पर्यस्ते टश्च ॥ ४१ ॥

पर्यस्तमें स्त का ट होता है। (सूत्रमेंसे) चकारके कारण, थ भी हो जाता है। उदा.–पल्लट्टो पल्लत्थो ॥ ४१ ॥

वात्मभस्मनि पः ॥ ४२ ॥

आत्मन् और भस्मन् इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका प विकल्पसे होता है। उदा.–अप्पा अप्पाणो। अत्ता अत्ताणो। भप्पो भस्सो ॥ ४२ ॥

ड्मक्मोः ॥ ४३ ॥

ड्म और क्म इनका प होता है। उदा.–कुड्मलम् कुप्पलं। रुक्मिणी रुप्पिणी। (क्म का) क्वचित् म भी हो जाता है। उदा.–रुक्मी रुम्मी रुप्पी ॥ ४३ ॥

ष्पस्पोः फः ॥ ४४ ॥

ष्प और स्प इनका फ होता है। उदा.–ष्प (का फ)–पुष्पम् पुप्फं। शष्पम् सप्फं। निष्पावः णिप्फावो। निष्पेषः णिप्फेसो। स्प (का फ)–स्पन्दनम् फंदणं। प्रतिस्पर्धी पडिप्फद्धी ॥ ४४ ॥

भीष्मे ॥ ४५ ॥

(इस सूत्रमें १.४.४४ से) फः पदकी अनुवृत्ति है। भीष्ममें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका फ होता है। उदा.–भिप्फो ॥ ४५ ॥

श्लेष्मबृहस्पतौ तु फोः ॥ ४६ ॥

(श्लेष्म और बृहस्पति) इनमें फु का यानी द्वितीय संयुक्त व्यंजनका फ विकल्पसे होता है। उदा.–सेप्फो सेम्हो। बिहप्फई बहप्पई ॥ ४६ ॥

ग्मो मः ॥ ४७ ॥

ग्म का म विकल्पसे होता है। उदा.–युग्मम् जुम्मं जुग्गं। तिग्मम् तिग्गं तिम्मं ॥ ४७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

न्मः ॥ ४८ ॥

न्म का म होता है। (यह सूत्र १.४.४७ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका म) नित्य होता है। उदा.–जन्म जम्मो। मन्मथः वम्महो। मन्मनः मम्मणो ॥ ४८ ॥

ताम्राम्रयोर्म्बः ॥ ४९ ॥

(ताम्र और आम्र) इनमें संयुक्त व्यंजनका मकारसे आक्रांत ऐसा बकार (=म्ब) होता है। उदा.–ताम्रम् तम्बं। आम्रम् अम्बं। तम्बिरं, अम्बिरं ये शब्द देश्य हैं ॥ ४९ ॥

ऊर्ध्वे भो वा ॥ ५० ॥

ऊर्ध्व शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका भ विकल्पसे होता है। उदा.–उब्भं उद्धं ॥ ५० ॥

ह्वः ॥ ५१ ॥

(इस सूत्रमें १.४.५० से) भो वा पदोंकी अनुवृत्ति है। ह्व का भ विकल्पसे होता है। उदा.–जिह्वा जिब्भा जीहा ॥ ५१ ॥

भश्च विह्वले ॥ ५२ ॥

विह्वल शब्दमें संयुक्त व्यंजनमेंसे वकारका भ विकल्पसे होता है। उदा.-विब्भलो विहलो ॥ ५२ ॥

काश्मीरे म्भः ॥ ५३ ॥

काश्मीरमें संयुक्त व्यंजनको म्भ ऐसा आदेश होता है। उदा.—कम्भारं कम्हारं ॥ ५३ ॥

लो वार्द्रे ॥ ५४ ॥

आर्द्र शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ल विकल्पसे होता है। इस सूत्रमें पुनः 'वा' शब्द कहा जानेसे, अगले सूत्रमें विकल्प नहीं आता। उदा.–अल्लं उल्लं ओल्लं। अद्दं उद्दं ओद्दं ॥ ५४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

र्यः सौकुमार्यपर्यस्तपर्या ॥ ५५ ॥

(सौकुमार्य, पर्यस्त, पर्याण) इन शब्दोंमें र्य का ल होता है। उदा.-सौकुमार्यम् सोअमल्लं। पर्यस्तम् पल्लट्टं। पर्याणम् पल्लाणं। पल्लंको यह वर्णान्तर मात्र पल्यंक शब्दका है ॥ ५५ ॥

अररीअरिज्जमाश्चर्ये ॥ ५६ ॥

(इस सूत्रमें १.४.५५ से) र्यः पदकी अनुवृत्ति है। आश्चर्य शब्दमें र्य को अर, रीअ, रिज्ज ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.-अच्छअरं अच्छरीअं अच्छरिज्जं ॥ ५६ ॥

डेरो ब्रह्मचर्यसौन्दर्ये च ॥ ५७ ॥

ब्रह्मचर्य और सौन्दर्य शब्दोंमें, तथा (सूत्रमेंसे) चकारके कारण आश्चर्य शब्दमें,र्य को डित् एर ऐसा आदेश होता है। उदा.-बम्हचेरं। सुंदेरं। अच्छेरं। यहाँ (प्रत्ययमेंसे) डित्वके कारण टि का लोप हुआ है। (ये शब्द) चौर्यसम (देखिए १.४.१००) होनेसे, (स्वरभक्ति होकर अगले रूप भी सिद्ध होते हैं।) उदा.-बम्हचरिअं। सुंदरिअं। अच्छरिअं ॥ ५७ ॥

वा पर्यन्ते ॥ ५८ ॥

पर्यन्त शब्दमें र्य को डित् एर (डेर) (ऐसा आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.-पेरन्तो पज्जन्तो ॥ ५८ ॥

धैर्ये रः ॥ ५९ ॥

(इस सूत्रमें १.४.५८ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। धैर्य शब्दमें य का र विकल्पसे होता है। उदा.-धीरं धिज्जं ॥ ५९ ॥

तूर्यदशार्हशौण्डीर्ये ॥ ६० ॥

(तूर्य, दशार्ह, शौण्डीर्य) इन शब्दोंमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका र होता है। यह नियम (१.४.५९ से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका र) नित्य होता है। उदा.-तूरं। दसारो। सोण्डीरं ॥ ६० ॥

बाष्पे होऽश्रुणि॥ ६१ ॥

अश्रुवाचक बाष्प शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका ह होता है। उदा.-बाहो (यानी) नेत्रजल (अश्रु)। अश्रुवाचक (बाष्प शब्दमें), ऐसा क्यों

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कहा है? (कारण बाष्प शब्द अश्रुवाचक न होनेपर, ह नहीं होता।) उदा.—बप्फो (यानी) ऊष्मा ॥ ६१ ॥

कार्षापणे ॥ ६२ ॥

कार्षापण शब्दमें संयुक्त व्यंजनका ह होता है। उदा.—काहावणो। कहावणो इस रूपमें, 'संयोगे' (१.२.४०) इस सूत्रानुसार पहले ऱ्हस्व हो गया और पीछे आदेश आया; अथवा—कहावणो शब्द कर्षापण शब्दसे साधा गया है ॥ ६२ ॥

न वा तीर्थदुःखदक्षिणदीर्घे ॥ ६३ ॥

(तीर्थ, दुःख, दक्षिण, दीर्घ) इन शब्दोंमें संयुक्त व्यंजनका ह विकल्पसे नहीं होता। उदा.—तूहं तित्थं। दुहं दुक्खं। दुहिओ दुक्खिओ। दाहिणो दक्खिणो। दीहो दीहरो दिग्घो ॥ ६३ ॥

कूष्माण्ड्यां ण्डश्च तु लः ॥ ६४ ॥

कूष्माण्डी शब्दमें पहले संयुक्त व्यंजनका हकार होता है। (और) ण्ड-का ल विकल्पसे होता है। उदा.—कोहली कोहण्डी। कोहली इस रूपमें, 'संयोगे' (१.२.४०) सूत्रानुसार प्रथम ऱ्हस्व हो गया और बादमें ल हुआ ॥ ६४ ॥

त्वथ्वद्वध्वां क्वचिच्चछजझाः ॥ ६५ ॥

त्व, थ्व, द्व और ध्व इनके यथाक्रम च, छ, ज, झ ऐसे क्वचित् (वाङ्मयीन) प्रयोगानुसार विकार होते हैं। उदा.—त्व का च—भुक्त्वा भोच्चा। ज्ञात्वा णच्चा। श्रुत्वा सोच्चा। थ्व का छ—पृथ्वी पिच्छी। द्व का ज—विद्वान् विज्जं। ध्व का झ—ध्वनिः झुणी। बुद्ध्वा बुज्झा। सअलपिच्छीविज्जं, सकल-पृथ्वीविद्वान् ॥ ६५ ॥

ह्लो ल्हः ॥ ६६ ॥

हलकारका लकारसे आक्रांत ऐसा हकार (=ल्ह) होता है। उदा.—कह्लारम् कल्हारं। प्रह्लादः पल्हादो ॥ ६६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्मष्मस्मह्मामस्मरश्मौ म्हः ॥ ६७ ॥

स्मर और रश्मि शब्दोंको छोडकर, (अन्य शब्दोंमें) श्म, ष्म, स्म और ह्म इनको म्ह ऐसा आदेश होता है। उदा.-काश्मीरः कम्हारो। ग्रीष्मः गिम्हो। ऊष्मा उम्हा। विस्मयः विम्हओ। अस्मादृशः अम्हारिसो। ब्रह्मा बम्हा। ब्रह्मणः बम्हाणो। ब्रह्मचर्यम् बम्हचेरं। स्मर और रश्मि शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण उनमें स्म और श्म इनका म्ह नहीं होता।) उदा.-स्मरः सरो। रश्मिः रस्सी ॥ ६७ ॥

पक्ष्मणि ॥ ६८ ॥

(इस सूत्रमें १.४.६७ से) म्हः पदकी अनुवृत्ति है। पक्ष्मन् शब्दमें स्तु को यानी संयुक्त व्यंजनको म्ह ऐसा आदेश होता है। उदा.-पक्ष्माणि पम्हाइं। पम्हललोअणो पक्ष्मललोचनः ॥ ६८ ॥

श्नष्णस्नह्नह्णक्ष्णां ण्हः ॥ ६९ ॥

(श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण) इनको ण्ह ऐसा आदेश होता है। उदा.-श्न (का ण्ह)-प्रश्नः पण्हो। शिश्नः सिण्हो। ष्ण (का ण्ह)-विष्णुः विण्हू। जिष्णुः जिण्हू। कृष्णः किण्हो। उष्णीषम् उण्हीसं। स्न (का ण्ह)-स्नातः ण्हाओ। प्रस्नवः पण्हओ। ज्योत्स्ना जोण्हा। ह्न (का ण्ह)—जह्नुः जण्हू। ह्ण (का ण्ह)—पूर्वाह्णः पुव्वण्हो। अपराह्णः अवरण्हो। क्ष्ण (का ण्ह)—श्लक्ष्णस् सण्हं। तीक्ष्णम् तिण्हं ॥ ६९ ॥

सूक्ष्मे ॥ ७० ॥

सूक्ष्म शब्दमें संयुक्त व्यंजनका ण्ह होता है। उदा.-सुण्हं। सण्हं ॥ ७० ॥

आश्लिष्टे लधौ ॥ ७१ ॥

आश्लिष्ट शब्दमें संयुक्त व्यंजनोंके अनुक्रमसे ल और ध होते हैं। उदा.-आलिद्धो ॥ ७१ ॥

ठढौ स्तब्धे ॥ ७२ ॥

स्तब्ध शब्दमें संयुक्त व्यजनोंके अनुक्रमसे ठ और ढ होते हैं। उदा.-ठड्ढो ॥ ७२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तो ढो रश्चारब्धे तु ॥ ७३ ॥

आरब्ध शब्दमें स्तु का यानी संयुक्त व्यंजनका तकार विकल्पसे होता है और उसके सांनिध्यसे र का ढ हो जाता है। उदा.—आढत्तो आरद्धो ॥ ७३ ॥

सो बृहस्पतिवनस्पत्योः ॥ ७४ ॥

(बृहस्पति और वनस्पति) इनमें संयुक्त व्यंजनका सकार विकल्पसे होता हैं। उदा.—बहस्सई बहप्फई। बिहस्सई बिहप्फई। वणस्सई वणप्फई ॥ ७४॥

शोर्लुक्खोः स्तम्बसमस्तनिःस्पृहपरस्परश्मशानश्मश्रौ ॥ ७५ ॥

स्तम्ब, इत्यादि शब्दोंमें संयुक्त व्यंजनमें खु यानी आद्य स्थानमें रहनेवाले जो शु यानी श्, ष् और स्, उनका लोप होता है। उदा.—तम्बो (स्तम्ब)। समत्तो (समस्त)। निप्पिहो (निस्पृह)। परोप्परं (परस्पर)। मसाणं (श्मशान)। मंसू (श्मश्रु) ॥ ७५ ॥

श्चस्य हरिश्चन्द्रे ॥ ७६ ॥

हरिश्चन्द्र शब्दमें श्च का लोप होता है। उदा.-हरिअंदो ॥ ७६ ॥

कगटडतदपऽकऽपशोरुपर्यद्रे ॥ ७७ ॥

अद्रे यानी द्र इस संयुक्त व्यंजनको छोडकर, संयुक्त व्यंजनमें पहले स्थानमें रहनेवाले (उपरिस्थित) क्, ग्, ट्, ड्, त्, द्, प्, जिव्हामूलीय, उपध्मानीय, और शु (=श्, ष्, स्), इनका लोप होता है। उदा.—क् (का लोप)—मुक्तम् मुत्तं। सिक्थम् सित्थं। म् (का लोप)—दुग्धम् दुद्धं। मुग्धम् मुद्धा। ट् (का लोप)-षट्पदः छप्पओ। कट्फलम् कप्फलं। ड् (का लोप)—खड्गः खग्गो। षड्जः सज्जो। त् (का लोप)—उत्पलम् उप्पलं। उत्पातः उप्पाओ। द् (का लोप)—मद्गुः मग्गू। मुद्गरः मोग्गरो। उद्विग्नः उव्विग्गो। प् (का लोप)—सुप्तः सुत्तो। गुप्तः गुत्तो। ऽ क् (का लोप)—दुःखम् दुक्खं। ऽ प् (का लोप)—अन्तःपातः अन्तप्पाओ। श् (का लोप)—निश्चलः निच्चलो। श्लक्ष्णं लण्हं। श्चयोतति चुअइ। ष् (का लोप)—गोष्ठी गोट्ठी। षष्ठः छट्ठो। स् (का लोप)—स्खलितः खलिओ। स्नेहः णेहो। द्र इस संयुक्त व्यंजनको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण द्रमें द का लोप नहीं होता।) उदा.—समुद्रो। चन्द्रो। भद्रं। —'धात्रीद्रे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रस्तु' (१.४.८०) सूत्रानुसार, विकल्पसे रेफका लोप प्राप्त होनेपर, उस समय होनेवाला दकारका लोप न हो, इसलिए इस (१.४.७७) सूत्रमें 'अद्रे' ऐसा निषेध कहा गया है ॥ ७७ ॥

लवरामधश्च ॥ ७८ ॥

संयुक्त व्यंजनमें (प्रथम स्थान छोडकर) अनन्तर स्थानमें रहनेवाले (अधो वर्तमानानाम्), और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण प्रथम स्थानमें होनेवाले, ल्, व् और र् इनका लोप होता है। उदा.—अनंतर रहनेपर—ल् (का लोप)—श्लक्ष्णम् सण्हं। विक्लवः विक्कओ। व् (का लोप)—पक्वः पक्को। विध्वस्तः विद्धत्थो। र् (का लोप)—चक्रम् चक्कं। ग्रहः गहो। रात्रिः रत्ती। प्रथम स्थानमें होनेपर—ल् (का लोप)—उल्का उक्का। वल्कलम् वक्कलं। व् (का लोप)—शब्दः सद्दो। अब्दः अद्दो। लुब्धकः लुद्धओ। र् (का लोप)-अर्कः अक्को। तर्कः तक्को ॥ ७८ ॥

मनयाम् ॥ ७९ ॥

संयुक्त व्यंजनमें (प्रथम स्थानको छोडकर) अनन्तर स्थानमें रहनेवाले म्, न् और य् इनका लोप होता है। उदा.—म् (का लोप)—युग्मम् जुग्गं। रश्मिः रस्सी। स्मरः सरो। न् (का लोप)—नग्नः नग्गो। लग्नः लग्गो। य् (का लोप)—श्यामा सामा। कुड्यं कुड्डं। यहाँ द्वितीय, कल्मष, माल्य, इत्यादि शब्दोंमें, इन तीन सूत्रोंमेंसे (१.४.७७-७९) नियम यदि लागू हों, तो जैसा वाङ्मयमें दिखाई देगा वैसा लोप हो जाता है। उदा.-द्वितीयः बिइओ। द्विगुणः बिउणो। द्वादश बारह। द्वाविंशतिः बावीसा। द्वात्रिंशत् बत्तीसा। कल्मषम् कम्मसं। शुल्बम् सुब्बं। क्वचित् अनन्तर रहनेवाले (वर्णों) का लोप हो जाता है। उदा.—द्विपः दिवो। द्वीपः दीवो। द्विजातिः दुआई। काव्यम् कव्वं। दिव्यम् दिव्वं। माल्यम् मल्लं। कुल्या कुल्ला। क्वचित् पर्यायसे (लोप हो जाता है।) उदा.—उद्विग्नः उद्विग्गो उव्विण्णो। किंतु रेफका सर्वत्र (लोप हो जाता है।) उदा.-सव्वं। वक्कं। चक्कं। 'सर्वत्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लवरामचन्द्रे' (हेम. २.७९), ऐसा कोई कहते हैं। किंतु वह (कहना) अयोग्य है। (उसका कारण)—चंदो, चन्द्रो ऐसे उदाहरण उन्होंने स्वयंही दिए हैं; और उसी तरहके प्रयोग (वाङ्मयमेंभी) दिखाई देते हैं। इसलिए अगले सूत्रमें (१.४.८०) कहा गया विकल्पका स्वीकार करना चाहिए ॥ ७९ ॥

धात्रीद्रे रस्तु ॥ ८० ॥

धात्री शब्दमें और द्र शब्दमें रेफ का लोप विकल्पसे होता है। उदा.—धात्री धत्ती धारी। र् का लोप होनेसे पहले (होनेवाले धत्ती) इस ह्रस्व (रूप) से धाई शब्द (सिद्ध हुआ है।) द्र (में विकल्पसे)—चन्दो चन्द्रो। मन्दो मन्द्रो। रुद्दो रुद्रो। भद्दं भद्रं। समुद्दो समुद्रो। 'ह्रदे दहयोः' (१.४.११५) सूत्रानुसार, ह्रद शब्दमें द् और ह् इनकी स्थिति-परिवृत्ति होकर, द्रह रूप सिद्ध होता है; और वहीं दहो (ऐसा भी रूप हो जाता है।) कुछ लोगोंके मतानुसार, द्र में र् का लोप नहीं होता। द्रह शब्द संस्कृतमेंभी है, ऐसा कोई कहते हैं। तरुण पुरुष, इत्यादि अर्थमें होनेवाले वोद्रह, इत्यादि शब्द नित्य रेफसे संयुक्त हैं और वे देशीही होते हैं। उदा.-सिक्खन्तु वोद्रहीओ। वोद्रहद्रहम्मि पडिआ। शिक्षन्तु तरुण्यः। (युवतियोंको सीखने दो।) तरुणह्रदे पतिता (तारुण्यरूप तालाबमें गिर गई) ॥ ८० ॥

हस्य मध्याह्ने ॥ ८१ ॥

मध्याह्न शब्दमें ह का लोप विकल्पसे होता है। उदा.-मज्झण्णो मज्झण्हो ॥ ८१ ॥

ज्ञो ओऽविज्ञाने ॥ ८२ ॥

ज्ञकारसे संबंधित रहनेवाले अकारका लोप विकल्पसे होता है; किन्तु अविज्ञाने यानी विज्ञान शब्दमें (ऐसा लोप) नहीं होता। उदा.—ज्ञानम् जाणं णाणं। सर्वज्ञः सव्वज्जो सव्वण्णो। आत्मज्ञः अप्पज्जो अप्पण्णो।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दैवज्ञः दइवज्जो दइवण्णो। इंगितज्ञः इंगिअज्जो इंगिअण्णो। अभिज्ञः अहिज्जो अहिण्णो। मनोज्ञः मणोज्जो मणोण्णो। प्रज्ञा पज्जा पण्णा। आज्ञा अज्जा अण्णा। संज्ञा सज्जा सण्णा। विज्ञानमें नहीं होता, ऐसा क्यों कहा है? (कारण विज्ञान शब्दमें अकारका लोप विकल्पसे नहीं होता।) उदा.—विणाणं ॥ ८२ ॥

द्वोर्द्वारे ॥ ८३ ॥

द्वार शब्दमें दकार और वकार इनका पर्यायसे लोप विकल्पसे होता है। उदा.-वारं दारं। विकल्पपक्षमें—दुवारं ॥ ८३ ॥

रात्रौ ॥ ८४ ॥

रात्रि शब्दमें संयुक्त व्यंजनका लोप विकल्पसे होता है। उदा.-राई रत्ती ॥ ८४ ॥

रितो द्वित्वल् ॥ ८५ ॥

रेफ अनुबंध होनेवाला जो व्यंजन आदेशके रूपमें आता है, उसका लित् (=नित्य) द्वित्व होता है। उदा.-अंकोल्लो अङ्कोलः। रुण्णं रुदितम्। करणिज्जं करणीयम् ॥ ८५ ॥

शेषादेशस्याहोऽचोऽखोः ॥ ८६ ॥

(इस सूत्रमें) द्वित्व पद (अध्याहृत) है। संयुक्त व्यंजनमेंसे किसीभी एक व्यंजनका लोप होनेपर जो (व्यंजन) शेष रहता है, वह शेष (व्यंजन) उसका, तथा हकार और रेफ इनसे रहित ऐसा जो संयुक्त व्यंजनका आदेश उसका, वह स्वरके आगे होकर, अखु यानी अनादि होनेपर, लित् (=नित्य) द्वित्व होता है। उदा.—शेष (का द्वित्व)—समस्तः समत्तो। निस्पृहः णिप्पिहो। भुक्तम् भुत्तं। दुग्धम् दुद्धं। षट्पदः छप्पओ। खड्गः खग्गो। उत्पलं उप्पलं। मुद्गरः मुग्गरो। प्राप्तः पत्तो। दुर्गम् दुग्गं। दुःखम् दुक्खं। अन्तःपातः अंतप्पाओ। निश्चलः णिच्चलो। दुष्करम् दुक्करं। विप्लवः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विप्पओ। पक्कम् पक्कं। धूर्तः धुत्तो। रात्रिः रत्ती। युक्तम् जुत्तं। युग्मम् जुग्गं। रश्मिः रस्सी। नग्नः नग्गो। काव्यम् कव्वं। आदेश (का द्वित्व)– रक्तः रग्गो। सक्तः सग्गो। अमात्यः अमच्चो। आत्मा अप्पा। आर्या अज्जा। उपाध्यायः उवज्झाओ। सह्यः सज्झो। साध्वसम् सज्झसं। बृहस्पतिः बहप्फई। हकार और रेफ इनसे रहित, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वैसा होनेपर, द्वित्व नहीं होता।) उदा.–विह्वलः विहलो। दुःखम् दुहं। बाष्पः बाहो। धात्री धारी। तूर्यम् तूरं। धैर्यम् धीरं। स्वरके आगे होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण स्वरके आगे न होनेपर, द्वित्व नहीं होता।) उदा.– कांस्यम् कंसं। वयस्यः वअंसो। संध्या संझा। भिन्दिपालः भिण्डिवालो। अनादि होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अनादि न होनेपर, द्वित्व नहीं होता।) उदा.–स्खलितः खलिओ। स्थूलः थूरो। स्तम्भः खम्भो ॥ ८६ ॥

दीर्घान्न ॥ ८७ ॥

(इस सूत्रमें १.४.८६ से) शेषादेशस्य पद (अध्याहृत) है। व्याकरणके नियमोंसे आये हुए (लाक्षणिक) अथवा मूलतः (अलाक्षणिक) दीर्घ होनेवाले (स्वरों) के आगे शेष व्यंजन और आदेशके रूपमें आये हुए व्यंजन, इनका द्वित्व नहीं होता। उदा.–लाक्षणिकके आगे–निःश्वासः णीसासो। स्पर्शः फासो। दंष्ट्रा दाढा। अस्पर्शः अप्फासो। अलाक्षणिकके आगे–पार्श्वम् पासं। शीर्षम् सीसं। ईश्वरः ईसरो। द्वेष्यः वेसो। लास्यम् लासं। आस्यम् आसं। प्रेष्यः पेसो। निर्माल्यम् ओमालं। आज्ञा आणा। आज्ञप्तिः आणत्ती। आज्ञापनम् आणावणं। अमच्चो, इत्यादि शब्दोंमें, 'संयोगे' (१.२.४०) सूत्रानुसार पहलेही ह्रस्व होगया, बादमें लोप होनेपर द्वित्व हो गया। अलाक्षणिकके आगे प्रायः होनेवाला द्वित्वका अभाव (वाङ्मयीन) प्रयोगानुसार अनुसरनेका है ॥ ८७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्णिकारे णो वा ॥ ८८ ॥

कर्णिकार शब्दमें शेष ण का द्वित्व विकल्पसे नहीं होता। उदा.—कण्णिआरो कणिआरो। (सूत्रमें किया हुआ) ण का ग्रहण अगले (१.४.८९) सूत्रके लिए है ॥ ८८ ॥

धृष्टद्युम्ने ॥ ८९ ॥

धृष्टद्युम्न शब्दमें आदेशके रूपमें आनेवाले ण का द्वित्व नहीं होता। (यह सूत्र १.४.८८ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँ विकल्प नहीं आता। उदा.—धट्ठज्जुणो ॥ ८९ ॥

वा से ॥ ९० ॥

से यानी समासमें, शेष व्यंजन और आदेशके रूपमें आनेवाला व्यंजन, इनका द्वित्व विकल्पसे होता है। उदा.—णइग्गामो णइगामो। कुसुमप्पअरो कुसुमपअरो। देवत्थुई देवथुई। हरक्खंदा हरखंदा हरस्कन्दौ। आणालक्खंभो आणालखंभो ॥ ९० ॥

प्रमुक्तगे ॥ ९१ ॥

(इस सूत्रमें १.४.९० से) से और वा ये पद (अध्याहृत) होते हैं। प्रमुक्त, इत्यादि शब्दोंमें, समासोंमें, वाङ्मयमें दिखाई देगा वैसा व्यंजनका द्वित्व विकल्पसे होता है। उदा.—प्रमुक्तः पम्मुक्को पमुक्को। सपिपासः सप्पिवासो सपिवासो। बद्धफलः बद्धप्फलो बद्धफलो। मलयशिखरखण्डः मलयसिहरक्खंडो मलयसिहरखंडो। त्रैलोक्यम् तेल्लोक्कं तेलोक्कं। सपरितापः सप्परितावो सपरितावो। परवशः परव्वसो परवसो। प्रतिकूलम् पडिक्कूलं पडिकूलं। अदर्शनम् अद्दंसणं अदंसणं। इत्यादि। आकृतिगणमें अंतर्भाव होनेसे, प्रफुल्लम् पप्फुल्लं पफुल्लं, सपरिहासम् सप्परिहासं सपरिहासं, इत्यादि रूप सिद्ध हो जाते हैं ॥ ९१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दैवगेषु ॥ ९२ ॥

दैव इत्यादि शब्दोंमें, (वाङ्मयमें) दिखाई देगा वैसा, व्यंजनका द्वित्व विकल्पसे होता है। उदा.-दैवम् दइव्वं दइवं। व्याकुलः वाउल्लो वाउलो। नखः णक्खो णहो। नीडम् णेड्डं णीडं। निहितः णिहित्तो णिहिओ। मृदुत्वम् माउक्कं माउअं। कुतूहलम् कोउहल्लं कोऊहलं। स्थूलः थुल्लो थोरो। एकः एक्को एओ। व्याहृतम् वाहित्तं वाहिअं। तूष्णीकः तुण्हिक्को तुण्हिओ। मूकः मुक्को मूओ। सेवा सेव्वा सेवा। अस्मदीयम् अम्हक्केरं अम्हकेरं। हूतम् हुत्तं हूअं। स्त्यानम् ठिण्णं ठीणं। स्थाणुः खण्णू खाणू। स इव सो च्चिअ सो चिअ। स एव सो च्चेअ। इत्यादि ॥ ९२ ॥

तैलादौ ॥ ९३ ॥

तैल, इत्यादि शब्दोंमें, (वाङ्मयमें) दिखाई देगा वैसा, अन्त्य और अनन्त्य व्यंजनका द्वित्व होता है। यह सूत्र (१.४.९२ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँका द्वित्व नित्य हो जाता है। उदा.—तैलम् तेल्लं। व्रीडा विड्डा। प्रेम पेम्मं। स्रोतः सोत्तं। प्रभूतम् पहुत्तं। मण्डूकः मण्डुक्को। उलूखलम् ओक्खलं। यौवनम् जोव्वणं। ऋजुः उज्जू। विचकिलम् वेइल्लं। इत्यादि ॥ ९३ ॥

पूर्वमुपरि वर्गस्य युजः ॥ ९४ ॥

वर्ग-संबंधी (यानी वर्गीय) संयुक्त रहनेवाले व्यंजनका-वह शेष व्यंजन हो या आदेश व्यंजन हो—द्वित्व होते समय, (वर्गमेंसे) पूर्वका अक्षर पहले (उपरि) आता है। इसका अर्थ ऐसा—(वर्गीय व्यंजनोंका द्वित्व होते समय) द्वितीय व्यंजनके पूर्व पहला व्यंजन आ जाता है, और चतुर्थ व्यंजनके पूर्व तीसरा व्यंजन आता है। उदा.-व्याख्यानम् वक्खाणं। वृक्षः रुक्खो। व्याघ्रः वग्घो। अर्घति अग्घइ। मूर्च्छा मुच्छा। अक्षीणि अच्छीणि। निर्झरः णिज्झरो। मध्यम् मज्झं। निष्ठुरः णिट्ठुरो। मुष्टिः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुट्ठी। तीर्थम् तित्थं। हस्ती हत्थी। हस्तः हत्थो। निर्धनः णिद्धणो आश्लिष्टः आलिद्धो। गुल्फम् गुप्फं। पुष्पम् पुप्फं। निर्भरः णिब्भरो। विभ्रमः विब्भमो। पिप्पलः पिप्फलो। प्रमुक्त, इत्यादि शब्दोंमें (१.४.९१) द्वित्व होनेपर, मलयसिहरक्खंडो (इत्यादि रूप होते हैं)। दैव, इत्यादि शब्दोंमें (१.४.९२) (द्वित्व होनेपर), णक्खो (इत्यादि रूप हो जाते हैं)। तैल, इत्यादि शब्दोंमें (१.४.९३) (द्वित्व होनेपर), ओक्खलं (इत्यादि रूप होते हैं)। समासमें (१.४.९०) (द्वित्व होनेपर), कइद्धओ कपिध्वजः (इत्यादि रूप होते हैं)। द्वित्व होनेपरही (इस सूत्रका नियम लागू होता है। द्वित्व न होनेपर नहीं)। उदा.—ख्यातः खाओ ॥ ९४ ॥

प्राक्श्लाघाप्लक्षशार्ङ्गे ङ्लोऽत् ॥ ९५ ॥

श्लाघा, इत्यादि शब्दोंमें ङ्लः यानी ङकार और लकार इनके पूर्व अत् (=अकार) आता है। उदा.—श्लाघा सलाहा। प्लक्षः पलक्खो। शार्ङ्गम् सारंगं ॥ ९५ ॥

क्ष्मारत्नेऽन्त्यहलः ॥ ९६ ॥

(इस सूत्रमें १.४.९५ से) प्राक् और अत् पदोंकी अनुवृत्ति है। क्ष्मा शब्दमें और रत्न शब्दमें, संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व अ आता है। उदा.—क्ष्मा छमा खमा। रत्नम् रअणं ॥ ९६ ॥

स्नेहाग्न्योर्वा ॥ ९७ ॥

(इस सूत्रमें १.४.९६ से) अन्त्यहलः पदकी अनुवृत्ति है। स्नेह और अग्नि शब्दोंमें, संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व अ विकल्पसे आता है। उदा.—सणेहो णेहो। अगणी अग्गी ॥ ९७ ॥

र्शर्षतप्तवज्रेष्वित् ॥ ९८ ॥

र्श और र्ष इन (संयुक्त व्यंजनों) में, तथा तप्त और वज्र शब्दोंमें, संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व इ विकल्पसे आता है। उदा.-र्श-आदर्शः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आअरिसो आअंसो। सुदर्शनः सुअरिसणो सुदंसणो। दर्शनम् दरिसणं दंसणं। र्ष-वर्षम् वरिसं वासं। वर्षा वरिसा वासा। वर्षशतम् वरिससअं वाससअं। ततः तविओ तत्तो। वज्रम् वइरं वज्जं ॥ ९८ ॥

हर्षामर्षश्रीह्रीक्रियापरामर्शकृत्स्नदिष्ट्याहे ॥ ९९ ॥

हर्ष, इत्यादि शब्दोंमें, और र्ह इस (संयुक्त व्यंजन) में, संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व इ आता है। यह सूत्र (१.४.९८ से) पृथक् कहा जानेसे, यहाँका इ नित्य आता है। उदा.—हर्षः हरिसो। अमर्षः अमरिसो। श्रीः सिरी। ह्री हिरी। अह्रीकः अहिरिओ। क्रिया किरिआ। परामर्शः परामरिसो। कृत्स्नम् कसिणं। दिष्ट्या दिट्ठिआ। र्ह—अर्हः अरिहो। गर्हा गरिहा। बर्हः बरिहो ॥ ९९ ॥

स्याद्भव्यचैत्यचौर्यसमे यात् ॥ १०० ॥

स्याद्, भव्य, चैत्य इन शब्दोंमें, तथा चौर्यसम शब्दोंमें, यकारके पूर्व इ आता है। उदा.—स्यात् सिआ। स्याद्वादः सिआवाओ। भव्यः भविओ। चैत्यम् चेइअं। चौर्यसम शब्दोंमें-चौर्यम् चोरिअं। गाम्भीर्यम् गंभीरिअं। धैर्यम् धीरिअं। भार्या भारिआ। सौंदर्यम् सुंदरिअं। ब्रह्मचर्यम् बम्हचरिअं। सूर्यः सूरिओ। शौर्यम् सोरिअं। आचार्यः आइरिओ। वर्यः वरिओ। वीर्यम् वीरिअं। चर्या चरिआ। स्थैर्यम् थेरिअं। इत्यादि। आकृतिगण होनेसे, पर्यंक इत्यादि शब्द यहाँ आते हैं। उदा.—पर्यङ्कः पलिअंको ॥ १०० ॥

लादक्लीबेषु ॥ १०१ ॥

संयुक्त व्यंजनमेंसे लकारके पूर्व इ आता है। पर अक्लीबेषु यानी क्लीब शब्दके प्रकारके जो शब्द हैं उनमें इ नहीं आता। उदा.—क्लिन्नम् किलिन्नं। क्लिष्टम् किलिट्ठं। क्लृप्तम् किलित्तं। प्लुष्टम् पिलुट्ठं। क्लान्तम् किलिन्तं। प्लोषः पिलोसो। श्लेष्मा सिलिम्हो। श्लेषः सिलेसो। शुक्लम् सुकिलं। क्लेदः किलेओ। क्लेशः किलेसो। प्लवः पिलेवो। अम्लम् अमिलं। म्लायति मिलाअइ। म्लायति मिलाअइ। म्लानम् मिलाणं। क्लाम्यति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किलम्मइ। क्लीब प्रकारके शब्दोंमें इ नहीं आता, ऐसा क्यों कहा है? (कारण उसी प्रकारके शब्दोंमें आगे दिए प्रकारसे वर्णान्तर हो जाता है)। उदा.—क्लीबः कीवो। विक्लवः विक्कओ। क्लमः कमो। प्लवः पवो। विप्लवः विप्पओ। शुक्लपक्षः सुक्कपक्खो। उत्प्लावयति उप्पावेइ ॥ १०१ ॥

नात्स्वप्ने ॥ १०२ ॥

स्वप्न शब्दमें संयुक्त व्यंजनमेंसे नकारके पूर्व इ आता है। उदा.—सिविणो सिमिणो ॥ १०२ ॥

स्निग्धे त्वदितौ ॥ १०३ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१०२ से) नात् पद (अध्याहृत) है। स्निग्ध शब्दमें संयुक्त व्यंजनमेंसे नकारके पूर्व अ और इ विकल्पसे आते हैं। उदा.—सिणिद्धं सणिद्धं। विकल्पपक्षमें—णिद्धं ॥ १०३ ॥

कृष्णे वर्णे ॥ १०४ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१०३ से) अत् और इत् पद (अध्याहृत) हैं। वर्णवाचक कृष्ण शब्दमें संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व अ और इ आते हैं। उदा.—कसणो कसिणो। वर्णवाचक (कृष्ण शब्दमें), ऐसा क्यों कहा है? (कारण कृष्ण शब्द वर्णवाचक न होनेपर, अ और इ नहीं आते।), उदा.—कृष्णः कण्हो (विष्णु यह अर्थ) ॥ १०४ ॥

अर्हत्युच्च ॥ १०५ ॥

अर्हत् शब्दमें (संयुक्त व्यंजनमेंसे) अन्त्य व्यंजनके पूर्व उ तथा अ और इ आते हैं। उदा.—अरुहो अरहो अरिहो। अरुहन्तो अरहन्तो अरिहन्तो ॥ १०५ ॥

तन्व्याभे ॥ १०६ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१०५ से) उत् पदकी अनुवृत्ति है। उकारान्त और ईकार-प्रत्ययान्त शब्द ये तन्व्याभ शब्द होते हैं। वैसे शब्दोंमें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व उ आता है। उदा.—तन्वी तणुवी। लघ्वी लहुवी। गुर्वी गुरुवी। पृथ्वी पुहुई। मृद्वी मउई। बह्वी बहुई। पट्वी पटुई। इत्यादि ॥ १०६ ॥

स्रुघ्ने रात् ॥ १०७ ॥

स्रुघ्न शब्दमें संयुक्त व्यंजनमेंसे र् के पूर्व उ आता है। उदा.—सुरुग्घं (नामका) नगर ॥ १०७ ॥

एकाचि श्वःस्वे ॥ १०८ ॥

एक स्वर होनेवाले श्वः और स्व इनमें, संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व उ आता है। उदा.-श्वः कृतम् सुओ कअं। स्वे जनाः सुवे जणा। एक स्वर होनेवाले, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वैसा न होनेपर, उ नहीं आता।) उदा.—स्वजनः सअणो ॥ १०८ ॥

वा छद्मपद्ममूर्खद्वारे ॥ १०९ ॥

(छद्म, पद्म, मूर्ख, द्वार) इनमें स्तु यानी संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व उ विकल्पसे आता है। उदा.—छउमं छम्मं। पउमं पोम्मं। मुरुक्खो मुक्खो। दुवारं, विकल्पपक्षमें-दारं वारं देरं वेरं ॥ १०९ ॥

ईल् ज्यायाम् ॥ ११० ॥

ज्या शब्दमें अन्त्य व्यंजनके पूर्व नित्य ई (वर्ण) आता है। उदा.—जीआ ॥ ११० ॥

हश्च महाराष्ट्रे होर्व्यत्ययः ॥ १११ ॥

(अब) स्तोः यह अधिकार समाप्त हुआ है। महाराष्ट्र शब्दमें होः यानी हकार और रेफ इनका व्यत्यय यानी स्थिति-परिवृत्ति होती है। यानी एकके स्थानपर दूसरा आता है, ऐसा अर्थ होता है। और ह यानी दीर्घका ह्रस्व हो जाता है। उदा.—मरहट्ठो ॥ १११ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लनोरालाने ॥ ११२ ॥

(इस सूत्रमें १.४.१११ से) व्यत्यय पदकी अनुवृत्ति है। आलान-में लकार और नकार इनका व्यत्यय होता है। उदा.—आणालो ॥ ११२ ॥

वाराणसीकरेण्वां रणोः ॥ ११३ ॥

(वाराणसी और करेणु) इन शब्दोंमें रेफ और णकार इनका व्यत्यय होता है। उदा.-वाणारसी। कणेरू। सूत्रमें करेण्वां (स्त्रीलिंगमेंसे करेणुमें), ऐसा क्यों कहा है? (कारण करेण्वां में स्त्रीलिंगका निर्देश है; इसलिए (यह शब्द) इतरत्र यानी अन्य लिंगमें होनेपर, व्यत्यय नहीं होता)। उदा.-एसो करेणू ॥ ११३ ॥

ललाटे डलोः ॥ ११४ ॥

ललाट शब्दमें ट का ड होनेपर, ड और ल इनका व्यत्यय होता है। उदा.—णिडालं णडालं।— 'लो ललाटे च' (१.३.८१) सूत्रानुसार, (ललाटमें) आद्य ल का ण ही होता है ॥ ११४ ॥

ह्रदे दहयोः ॥ ११५ ॥

ह्रद शब्दमें द और ह इनका व्यत्यय होता है। उदा.—द्रहो दहो ॥ ११५ ॥

चलयोरचलपुरे ॥ ११६ ॥

अचलपुरमें च और ल इनका व्यत्यय होता है। उदा.—अलअउरं ॥ ११६ ॥

ह्ये ह्योर्वा ॥ ११७ ॥

ह्य इस शब्दमें हकार और यकार इनका व्यत्यय विकल्पसे होता है। उदा.—गुह्यम् गुय्हं गुज्झं। सह्यम् सय्हं सज्झं ॥ ११७ ॥

लघुके लहोः ॥ ११८ ॥

लघुक शब्दमें घ का ह होनेपर, ह और ल इनका व्यत्यय विकल्पसे होता है। उदा.-हलुओ लहुओ। घ का व्यत्यय यदि किया जाएगा, तो घ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पदादि होकर उसका ह नहीं होगा; इसलिए घ का ह होनेपर (ऐसा कहा है) ॥ ११८ ॥

रलोर्हरिताले ॥ ११९ ॥

हरिताल शब्दमें र और ल इनका व्यत्यय होता है। उदा.-हरिआलो हलिआरो ॥ ११९ ॥

दर्वीकरनिवहौ दव्वीरयणिहवौ ॥ १२० ॥

(दर्वीकर और निवह) इनके यथाक्रम दव्वीरअ और णिहव ऐसा व्यत्यय करके आये हुए रूप निपातके रूपमें आते हैं। उदा.-दव्वीरओ (यानी) सर्प। विकल्पपक्षमें—दव्वीअरो। णिहवो ॥ १२० ॥

गहिआद्याः ॥ १२१ ॥

जिनका स्पष्टीकरण दिया जा सकता है ऐसे गहिआ, इत्यादि शब्द निपातके रूपमें आते हैं। उदा.—(१) गहिआ (यानी) काम्यमाना। (उसकी) इच्छा की जानेके कारण लेनेके लिए योग्य (ग्राह्या)। यहाँ (पहले) ऱ्हस्व, और (यह शब्द) चौर्यसम (देखिए १.४.१००) होनेसे, (संयुक्त व्यंजनमेंसे अन्त्य व्यंजनके पूर्व) इ आता है। (२) किमिधरवसणं कौशेय अर्थमें। कृमिगृहवसनम्; कृमीसे किये हुए आवरणसे उसके तन्तु निर्माण होते हैं, इसलिए। (३) णन्दिणी (यानी) धेनु। नंदिनी के समान, नंदिनी। (४) पडिसाओ (यानी) घर्घर कण्ठ। प्रतिशब्दसे युक्त होनेसे या ध्वनिका प्रतिपादन होनेसे। (५) वइरोडो (यानी) जार। पतिं रोटयति वञ्चयति इति (पतिरोटः)। यहाँ प का व और ट का ड हुआ है। (६) अविणअवई अविनयपति। (७) अणडो अनृत यानी असत्य। प्रत्यादि—पाठमें होनेसे (१.३.३३), त का ड हुआ। (८) अजडो अजड, शीघ्रकारित्व होनेसे। (९) छिण्णो छिन्न, मदनके बाणोंसे छेदन होनेसे। (१०) छिण्णालो यानी व्यभिचारी। सदाचारच्छिन्नां लाति आदत्ते इति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(सदाचारसे भ्रष्ट हुई स्त्रीका स्वीकार करता है।) (११) छिच्छओ अक्षिक्षतः यानी अंधा। आँखोंको आनंद देनेके लिए असमर्थ होनेसे। अक्षिमें अकारका लोप हुआ। (१२) मदोली यानी कामपरंपरा, कामपरंपराका कारण होनेसे। आद्य आ का अ हो गया। (१३) संचारी दूती। प्रीतिका संचार कराती, इसलिए। (१४) सहउत्थिआ सहोत्थिता दूती। कार्यमें अनुकूल होनेसे। (१५) मराली (यानी) दूती। मृदु स्वभाव होनेसे या मधुर वाणी होनेसे। (१६) पेसणआरी (यानी) दूती। प्रेषण करती है, इसलिए। (१७) अत्तिहरी दूती। आर्तिहरी, संतर्पण करनेका स्वभाव होनेसे। (१८) पडिसोत्तो प्रतिकूल अर्थमें। उलटा प्रवाह जिसका है वह। (१९) पडिक्खरो प्रतिकूल अर्थमें। उलटा बहता है, इसलिए। (२०) जोओ (२१) दोसणिज्जन्तो (२२) दोसारअणो (२३) समुद्दणवणीअं चन्द्र। द्योतते (प्रकाशता है) इति द्योतः। ज्योत्स्नायंत्र; यहाँ आ का इ, ज का द और नकारके पूर्व अ आकर (दोसणिज्जंतो रूप बन गया)। दोषारत्नम्। (समुद्र-) मंथनसे उत्पन्न होनेके कारण समुद्रनवनीतम्। (२४) चिरिचिरिआ (२५) चिलिचिडिआ धारा। चिरिचिरि, चिलिचिलि ऐसा ध्वनि जिसका है वह। (२६) समुद्दहरं अंबुगृह यानी जलगृह। जलधारोंके उपचारसे। (२७) तम्बकुसुमं कुरबक और कुरण्टक। ताम्रकुसुमम्; वैसे फूल होनेसे। (२८) मुहरोमराई भिउडी अथवा मूँछ। मुखरोमराजि; वैसा स्वरूप होनेसे। (२९) थेवो बिन्दु। कम होनेसे। (३०) धूमद्धअमहिसीओ कृत्तिका। धूमध्वजमहिष्यः, अग्निसे संयुक्त होनेसे। (३१) विसारो सैन्य, विसरण (प्रसरण) स्वभाव होनेसे। (३२) अवहोओ विरह। अपभोगः, भोग शक्य न होनेसे। (३३) पाओ। (३४) पअलाओ, साँप। प्राणियोंको घातक होनेसे, पाप। पादोंको छिपाता है, इसलिए पदलाप। (३५) अहिअलो क्रोध। सर्पकी तरह नाश करता है, इसलिए अहिवल। (३६) सिहिणं स्तन। चूचुक होनेसे शिखित्व (शिखा (चोटी) होना); अस्ति अर्थमें ण। (३७) थिर-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ण्णेसो। जो कभी स्थितिका धारण नहीं करता, स्थिर नहीं रहता, वह थिरण्णेसो (यानी) चपलहृदय। (३८) सूरंगो दीप। सूर (सूर्य) की तरह जिसका अंग है वह। (३९) जोइक्खो ज्योतिष्क। (४०) पासावओ गवाक्ष यानी खिडकी। प्राकृतमें पास यानी चक्षु; वह प्राप्त कर लेता है इसलिए पासावओ। (४१) पासो पश्यति (देखता है) इति पासो (यानी) नेत्र। (४२) कोप्पो अपराध। अपना कोप वही अपराध। (४३) उम्मुहो उन्मुख। (४४) उद्दणो उद्वदन यानी जिसका मूँह ऊपर है वह। यहाँ द् ओर व् इनका लोप हुआ है। (४५) पहट्ठो प्रधृष्ट। गर्वयुक्त यह अर्थ। (४६) लम्बा केश। लम्बन्ते (लटकते हैं) इति लम्बाः। (४७) वल्लीकी तरह 'वेल्ली', वल्लरीकी तरह। (४८) वेल्लरिआ। आद्य अ का ए और स्वार्थे क-प्रत्यय (आये हैं)। (४९) जण्णहरो यज्ञहरः (यानी) राक्षस। वैसा स्वभाव होनेसे। (५०) जणउत्तो ग्रामप्रधाननरः (गाँवका मुख्य पुरुष) जनपुत्रः। उस प्रकारका आचरण करता है, इसलिए। (५१) बम्ह-हरं (५२) आरनालं (५३) थेरोसणं कमल अर्थमें। ब्रह्मगृहम्। आरात् (यानी) दूर तथा समीप नाल होता है, इसलिए आरनालम्। यहाँ (आरात में) दूसरे आ का अ हुआ है। स्थविरासनम्; स्थविर (यानी) ब्रह्मदेव। (आसनमें) आ का ओ हुआ है। (५४) कलिमं कन्दोट्टं, उत्पल अर्थमें। के (जलमें) रहता है इसलिए कलिमं। यहाँ डित् इम (डिम) प्रत्यय लग गया। कन्दात् (कन्दसे) उट्टीकते (उगम पाता है) इसलिए कंदोट्ट। 'स्तौ' (१.२.६५) नुसार ओ आगया। (५५) चंदोज्जं (५६) रअणि-द्धअं कुमुद। चंद्रेण उद्द्योतते (चंद्रसे प्रकाशता है), इसलिए चंदोज्ज। रजनिध्वजम्। (५७) घरअन्दं मुकुर यानी आयना। गृहे चन्द्रवत् उद्द्योतते (घरमें चंद्रवत् प्रकाशता है), इसलिए। (५८) आआसतलं यानी हर्म्यपृष्ठ यानी आकाशतल। (५९) आणंदवडो, नववधूका रक्तकी तरह रक्त वस्त्र, पहले रजस्वलाका रक्तसे रंजित वस्त्र, (आनन्दपट), आनंदका विषय होनेसे। (६०) सूरद्धओ दिवस। सूर्य जिसका ध्वज है वह। (६१) पल्लविअं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लाक्षारक्त। पल्लववत् पल्लविता हुआ। (६२) अच्छिवडणं निमीलन। (अक्षिपतन) आँखोंके पक्ष्मोंका गिरना। (६३) णीसंको वृषः। निःशंक। (६४) और, एलविलो धनवान्। चकारसे वृष (यह भी अर्थ)। (६५) सुहरओ लडकीका घर और चिडिया। (सुखरत) जिसको अच्छा रत है वह। (६६) हट्ठमहट्ठो स्वस्थ। जो हृष्ट और महार्थ है वह। (६७) णिम्मीसुओ युवा जिसे मूँछ नहीं वह। आद्य अ का ई हो गया है। (६८) जहणारोहो ऊरु। जघनेन आरुह्यते इति। (६९) पल्लइजीहो। (७०) अउज्झहरो रहस्यभेदी। पर्यस्तजिह्वः। गुह्यहरः। यहाँ प्रारंभमें अ का आगम हुआ है। (७१) णिहुअं निधुवनं सुरत और निभृत। (७२) अब्बुद्धसिरी, मनोरथसे अधिक फलप्राप्ति। अबुद्धश्रीः; (यह शब्द) प्रमुक्तादिपाठमें (१.४.९१) होनेसे, यहाँ द्वित्व हुआ है। (७३) बहुजाणो (यानी) चोर और धूर्त। बहुज्ञानः। (७४) परेओ परेतः (यानी) पिशाच। (७५) उज्जल्लो (यानी) बहुत बल होनेवाला। उज्ज्वलः। यह शब्द दैवादि-पाठमें (१.४.९२) होनेसे, द्वित्व हुआ है। (७६) जोई विद्युत् या ज्योति (७७) भिंगं (यानी) कृष्ण (काला)। भ्रमरकी तरह काला होनेसे। भिंग शब्द संस्कृतमें है, ऐसा कोई कहते हैं। (७८) णिअंधणं परिधान। निबध्यते इति निबन्धनम् (जिससे बांधा जाता है वह)। (७९) जहणू-सुअं चल्लणकम्। जघनांशुक यानी कटिवस्त्र। यहाँ अनुस्वारके साथ आ का ऊ हो गया है। (८०) पाउरणं कवच। प्रावरण करनेसे। यहाँ आद्य अ का उ हुआ है। (८१) ओअल्लो (यानी) अपसार और कंप। अपचारसे ओअल्लो। यह शब्द तैलादिपाठमें (१.४.९३) होनेसे, द्वित्व हुआ है। (८२) चवेडी, करसंपुटोंका आघात। (८३) रइलक्खं रतिलक्ष्यम् जघन। (८४) वावडो कुटुम्बी, व्यापृत। (८५) पुरिल्लदेवा (यानी) दैत्य, पुराभव। (८६) गोसण्णो मूर्ख। पशु जैसा होनेसे गोसंज्ञ। (८७) परभत्तो (यानी) भीरु और निष्पीड। पर यानी शत्रु और उसका भक्त। (८८) चच्चिक्को (यानी) स्थासक। चर्चिका; यहाँ क का द्वित्व हुआ और पुल्लिंग हो गया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(८९) कालं तमिस्र (यानी) अंधकार, नील होनेसे। (९०) भट्टिओ (यानी) विष्णु। भर्तृक; कारण वह जगका पोषक है। यहाँ 'ऋ'का 'इ' हुआ है। (९१) इंदग्गिघूमं तुहिन [यानी] हिम। इन्द्रग्निधूमः। (९२) पत्थरं [यानी] पादताडन। फत्तरकी तरह होनेसे प्रस्तर, दुःसह होनेसे। (९३) ओवाअलो [यानी] अस्तकाल। अपातपः। (९४) पिउच्छा (९५) माउआ सखी। बुआ और मा की तरह होनेसे। (९६) पोरत्थो [यानी] मत्सरी। पौलस्त्यवत्। (९७) दोसो [यानी] कोप। अपना दोष होनेसे। (९८) चच्चां चर्चा [यानी] तलाहतिः। (९९) पम्हलो केसर। पक्ष्मलसे युक्त। [१००] खंधलट्ठी [१०१] खंधमसो [यानी] भुजस्कंधकी यष्टि। स्कंधं प्रमृशति इति। (१०२) अग्गिआओ (१०३) तंबकिमी इन्द्रगोप (लाल कीटक)। अग्निकी तरह जिसका देह है वह, अग्निकायः। ताम्रकृमिः। (१०४) विहाडणो अनर्थ। विघाटनम्। (१०५) जोइओ ज्योतिरिंगण (यानी) खद्योत (जुगनू)। (१०६) सिंजिरो ध्वनि। शिंजनही। (१०७) जोइसो (१०८) जोअणा (१०९) जोडो (११०) खज्जोओ, खद्योत अर्थमें। तारका। ज्योतिषं जोइसं। द्योतना जोअणा। द्योतः जोडो। (यहाँ) त का ड हुआ है। खे द्योतते (आकाशमें चमकता है), इसलिए खद्योतः खज्जोओ। (१११) दरवल्लहो कान्त। दर याना भय, वहाँ वल्लभ। (११२) काअरो कातर यानी भीरु। वियोगभीरु होनेसे। (११३) पण्डरंगो (यानी) महेश्वर। धवल अंग होनेसे। (११४) भोइओ ग्रामेश। भोगं चरति इति (भोग लेता है इसलिए) भोगिक। (११५) सग्गहो मुक्त। सुष्ठु अग्रहः, स्वग्रहः। (११६) संकरो (यानी) रास्ता। जहाँ संकर होता है वह संकर। (११७) पअरो (यानी) अर्थकी दृष्टिसे उत्कृष्ट। अर्थमें प्रकर्षेण वरः (प्रवरः)। (११८) मइमोहिणी (यानी) सुर। मतिमोहिनी। (११९) धारावासो (यानी) मंडूक। वर्षामें उत्पन्न होनेसे। (१२०) कमलं (यानी) मुख और कलह। कमलकी तरह होनेसे कमल। कं मस्तकं मलति इति (कं यानी मस्तकको ताप देता है इसलिए) कमल (कलह)। (१२१) वेणुसाओ (१२२) धुअराओ (यानी) भ्रमर। वेणुकी तरह जिसका शब्द है वह वेणुसाओ (वेणुशब्दः); यहाँ (ब्द इस) संयुक्त व्यंजनका लोप हुआ है। ध्रुवरागः, कारण वह सदा सुस्वर है। इत्यादि। इस गणमें (शब्दोंका) लिंग परिवर्तन (वाङ्मयीन) प्रयोगके अधीन होता है॥ १२१॥

त्रि.वि ७ — प्रथम अध्याय चतुर्थ पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीयोऽध्यायः— प्रथमः पादः ॥

मन्तमणवन्तमाआलुआलइरइल्लउल्लइन्ता मतुपः ॥ १ ॥

मतुप् प्रत्ययको मन्त, मण, वन्त, मा, आलु, आल, इर, इल्ल, उल्ल और इन्त ऐसे ये दस आदेश (वाङ्मयीन) प्रयोगानुसार होते हैं। उदा.—मन्त-सिरिमन्तो श्रीमान्। पुण्णमन्तो पुण्यवान्। मण—धणमणो धनवान्। वन्त—धणवन्तो धनवान्। भत्तिवन्तो भक्तिमान्। मा—हणुमा हनुमान्। पडमा पटवान्। आलु—णेहालू स्नेहालुः। दआलू दयालुः। ईसालू ईर्ष्यालुः। आल—सद्दालो शब्दवान्। जडालो जटावान्। पडालो पटवान्। रसालो रसवान्। जोण्हालो ज्योत्स्नावान्। इर—गहिरो ग्रहवान्। इल्ल-सोहिल्लो शोभावान्। छाइल्लो छाया-वान्। धामिल्लो धामवान्। उल्ल—विआरुल्लो विकारवान्। मंसुल्लो मांसवान्। दप्पुल्लो दर्पवान्। इन्त—कहइन्तो कथावान्। माणइन्तो मानवान्। मतुप् प्रत्ययको, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य स्वामित्वबोधक प्रत्ययोंको ऐसे आदेश नहीं होते।) उदा.—धणी। अत्थी ॥ १ ॥

वतुपो डित्तिअमेतल्लुक् चैतत्तद्यदः ॥ २ ॥

एतद्, यद्, तद् इनके आगे परिमाण अर्थमें आनेवाले वतुप् प्रत्ययको डित् एत्तिअ ऐसा आदेश होता है, और एतद् का लोप हो जाता है। उदा.—एतावत् एत्तिअं। यावत् जित्तिअं। तावत् तित्तिअं ॥ २ ॥

किमिदमश्च डेत्तिअडित्तिलएद्दहम् ॥ ३ ॥

किम् और इदम् (सर्वनामों) के आगे, और सूत्रके चकारसे (चात्) एतद्, तद् और यद् इनके आगे, आनेवाले वतुप् प्रत्ययको ड् अनुबंध (=डित्) होनेवाले एत्तिअ, इत्तिल और एद्दह ऐसे ये आदेश होते हैं। उदा.—एतावत् एत्तिअं इत्तिलं एद्दहं। यावत् जेत्तिअं जित्तिलं जेद्दहं। तावत् तेत्तिअं तित्तिलं तेद्दहं। कियत् केत्तिअं कित्तिलं केद्दहं। इयत् इत्तिअं इत्तिलं एद्दहं ॥ ३ ॥

इकः पथो णस्य ॥ ४ ॥

'पथो ण नित्यम्' (देखिए पा. ५.१.७६) इस सूत्रसे पथिन् शब्दके आगे जो ण-प्रत्यय कहा है, उसको इक ऐसा आदेश होता है। उदा.—पान्थः पहिओ ॥ ४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खस्य सर्वाङ्गात् ॥ ५ ॥

सर्वाङ्ग शब्दके आगे 'व्यापक' अर्थमें कहा हुआ जो ख प्रत्यय, उसका इक होता है। उदा.–सर्वाङ्गीणः सव्वंगिओ ॥ ५ ॥

छस्यात्मनो णअः ॥ ६ ॥

आत्मन् के आगे आनेवाले छ प्रत्ययको णअ ऐसा आदेश होता है। उदा.–आत्मीयम् अप्पणअं ॥ ६ ॥

हित्थहास्त्रलः ॥ ७ ॥

सप्तम्यन्त सर्वनामोंके संबंधमें कहे हुए त्रल् प्रत्ययको हि, त्थ और ह ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.–यत्र जहिं जत्थ जह। तत्र तहिं तत्थ तह। कुत्र कहिं कत्थ कह। अन्यत्र अण्णहिं अण्णत्थ अण्णह ॥ ७ ॥

केर इदमर्थे ॥ ८ ॥

(अमुकका) यह इस अर्थमें (इदमर्थे) कहे हुए छ प्रत्ययको केर ऐसा आदेश होता है। उदा.—युष्मदीयः तुम्हकेरो। अस्मदीयः अम्हकेरो। क्वचित् (ऐसा आदेश) नहीं होता। उदा.–मदीयपक्षः मइज्जपक्खो। पाणिनीयम् पाणिणीअं ॥ ८ ॥

राजपराड्डिकडक्कौ च ॥ ९ ॥

राजन् और पर इनके आगे इदमर्थमें कहे हुए प्रत्ययको डित् इक्क और अक्क ऐसे ये (आदेश) होते हैं। (सूत्रमेंसे) चकारसे (इन शब्दोंके आगे) केर आदेशभी आता है। उदा.–राजकीयम् राइक्कं राअक्कं राअकेरं। परकीयं परिक्कं परक्कं परकेरं ॥ ९ ॥

डेच्चओ युष्मदस्मदोऽणः ॥ १० ॥

युष्मद् और अस्मद् इनके आगे इदमर्थमें आनेवाले अण् प्रत्ययको डित् एच्चअ ऐसा आदेश होता है। उदा.–यौष्माकम् तुम्हेच्चअं। आस्माकम् अम्हेच्चअं ॥ १० ॥

वर्वतेः ॥ ११ ॥

उपमान अर्थमें कहे हुए वति प्रत्ययको वर् ऐसा आदेश होता है। (वर् में) र् इत् होनेसे, (व का) द्वित्व होता है। उदा.–मथुर व्व पाडलिउते पासाआ, मथुरावत् पाटलिपुत्रे प्रासादाः ॥ ११ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तैलस्यानङ्कोलाड्डेल्लः ॥ १२ ॥

अंकोल शब्दको छोडकर (अन्य) शब्दोंके आगे आनेवाले तैल शब्दको डित् एल्ल ऐसा आदेश होता है। उदा.–सुरहिजलेण कडेल्लं, सुरभिजलेन कटुतैलम्। अंकोल शब्दको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अंकोल शब्दके आगे ऐसा वर्णान्तर नहीं होता।) उदा.–अंकोलतेल्लं ॥ १२ ॥

त्वस्य तु डिमात्तणौ ॥ १३ ॥

'भाव' के अर्थमें कहे हुए त्व प्रत्ययको डित् इमा, और त्तण ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.–पीनत्वम् पीणिमा पीणत्तणं। पुष्पत्वम् पुप्फिमा पुप्फत्तणं। विकल्पपक्षमें—पीणत्तं पुप्फत्तं। त्व प्रत्ययको, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य प्रत्ययोंके बारेमें ऐसे आदेश नहीं होते।) उदा.–पीणआ पीणदा पीनता ॥ १३ ॥

दो त्तो तसः ॥ १४ ॥

(इस सूत्रमें २.१.१३ से) तु पदकी अनुवृत्ति है। पंचम्यन्त सर्वनामोंके आगे आनेवाले तसिल् प्रत्ययको दो और त्तो ऐसे (आदेश) विकल्पसे होते हैं। उदा.–सव्वदो सव्वत्तो। एअदो एअत्तो। अण्णदो अण्णत्तो। कदो कत्तो। तदो तत्तो। जदो जत्तो। इदो इत्तो। विकल्पपक्षमें–सव्वओ। इत्यादि ॥ १४ ॥

एकाद्दः सिसिआइआ ॥ १५ ॥

एक शब्दके आगे आनेवाले दा प्रत्ययको सि, सिआ और इआ ऐसे तीन आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.–एक्का एक्कसि एक्कसिआ एक्कइआ एक्कआ ॥ १५ ॥

ल्हुत्तः कृत्वसुचः ॥ १६ ॥

'वारे कृत्वसुच्' द्वारा कहे हुए कृत्वसुच् प्रत्ययको हुत्त ऐसा आदेश होता है। (सूत्रके ल्हुत्त में) ल् इत् होनेसे, यह आदेश नित्य होता है। उदा.–सअहुत्तो। सहासहुत्तो। चुंबिज्जइ सअहुत्तो। उवगूहिज्जइ सहासहुत्तो। रमिआ वि पुणो रमिज्जइ णवत्तणे णत्थि पुणरुत्तं। पर पिअहुन्तं (यह रूप) मात्र अभिमुख अर्थमें होनेवाले हुन्त शब्दसे होगा ॥ १६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भवे डिल्लोल्लडौ ॥ १७ ॥

संज्ञाके आगे (अमुकस्थानमें) हुआ इस अर्थमें डित् इल्ल और उल्ल ऐसे ये (प्रत्यय) आते हैं। उदा.- इल्ल—मातुलानी मामी, तत्र भवा मामिल्लिआ। पुरो भवं पुरिल्लं। अधो भवं हेट्ठिल्लं उपरि भवं उवरिल्लं। उल्ल—आत्मभवम् अप्पुल्लं। कुछके मतानुसार, अल्ल और ल ऐसेभी प्रत्यय आते हैं ॥ १७ ॥

स्वार्थे तु कश्च ॥ १८ ॥

संज्ञाके आगे स्वार्थे क प्रत्यय विकल्पसे आता है। (सूत्रके) चकारसे डिल्ल (डित् इल्ल) और उल्लड् (ये प्रत्ययभी आते हैं)। उदा.-चन्द्रः चंदओ। हृदयम् हिअअं। इह इहअं। आश्लिष्टम् आलिद्धअं। (स्वार्थे क प्रत्यय) दो बारभी आता है। उदा.—बहुअअं। (क-प्रत्ययमेंसे) ककारका उच्चारण पैशाची भाषाके लिए किया है। उदा.—वदनम् वतनकम्। डिल्ल—णिज्जिआसोअपल्लविल्लेण, निर्जिताशोकपल्लवेन। पुरिल्लो (यानी) पुरा (पूर्वका) या पुरः (आगे)। उल्लड्-पिउल्लो प्रियः। मुहुल्लं मुखम्। हत्थुल्लो हस्तः। विकल्पपक्षमें—चंदो। इत्यादि। कुत्सा, इत्यादि अर्थमें संस्कृतकी तरह क प्रत्यय सिद्ध होता है ॥ १८ ॥

उपरेः संव्याने ल्लल् ॥ १९ ॥

(इस सूत्रमें २.१.१८ से) स्वार्थे पदकी अनुवृत्ति है। संव्यान (आच्छादन) अर्थमें होनेवाले उपरि शब्दके आगे (स्वार्थे) द्विरुक्त ल (=ल्ल) (यह प्रत्यय) आता है। (सूत्रके ल्लल्में) ल् इत् होनेसे, यह ल्ल-प्रत्यय नित्य आता है। उदा.—उवरिल्लो। संव्यान अर्थमें, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वैसा न होनेपर, यह प्रत्यय नहीं लगता। उदा.—उवरिं ॥ १९ ॥

नवैकाद्वा ॥ २० ॥

नव और एक शब्दोंके आगे स्वार्थे द्विरुक्त ल (=ल्ल) विकल्पसे आता है। उदा.—णवओ णवो। एक्कल्लो एक्को ॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिश्राल्लिअश् ॥ २१ ॥

मिश्र शब्दके आगे स्वार्थे लिअ ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। (सूत्रके लिअश्में) श् इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.—मीसालिअं मिस्सं ॥ २१ ॥

शनैसो लिडअं ॥ २२ ॥

शनैः शब्दके आगे स्वार्थे लित् (=नित्य) और डित् होनेवाला इअं ऐसा आदेश होता है। उदा.—सणिअं ॥ २२ ॥

मनाको डअं च वा ॥ २३ ॥

मनाक् शब्दके आगे स्वार्थे डित् अअं और इअं ऐसे प्रत्यय विकल्पसे आते हैं। उदा.—मणअं मणिअं। विकल्पपक्षमें—मणा ॥ २३ ॥

रो दीर्घात् ॥ २४ ॥

(इस सूत्रमें २.१.२३ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। दीघ शब्दके आगे स्वार्थे र विकल्पसे आता है। उदा.—दीहरं दीहं दिग्घं ॥ २४ ॥

डुमअडमऔल् भ्रुवः ॥ २५ ॥

भ्रु शब्दके आगे स्वार्थे डित् और लित् ऐसे उमअ और अमअ ऐसे ये (प्रत्यय) आते हैं। (ये प्रत्यय) लित् होनेसे, नित्य आते हैं। उदा.—भुमआ भमआ ॥ २५ ॥

लो वा विद्युत्पत्रपीतान्धात् ॥ २६ ॥

(विद्युत्, पत्र, पीत, अन्ध) इन शब्दोंके आगे स्वार्थे ल विकल्पसे आता है। उदा.—विज्जुला विज्जू। पत्तलं पत्तं। पीअलं पीअं। अंधलो अंधो ॥ २६ ॥

त्वादेः सः ॥ २७ ॥

'तस्य भावस्त्वतलौ' (पा. ५.१.११९) इत्यादि (सूत्र) में कहे हुए त्व, इत्यादिके आगे स्वार्थे वही त्व, इत्यादि विकल्पसे आते हैं। उदा.—मृदुत्वेन मउत्तआइ। मृदुतया मउत्तआए। ज्येष्ठतरः जेट्ठअरो। कनिष्ठतरः कणिट्ठअरो ॥ २७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इरः शीलाद्यर्थस्य ॥ २८ ॥

शील, धर्म, साधु इन अर्थोंमें कहे हुए प्रत्ययके स्थानमें इर ऐसा आदेश होता है। उदा.—हसनशीलः हसिरो। रोदनशीलः रोइरो। लज्जाशीलः लज्जिरो। जल्पशीलः जंप्पिरो। वेदनशीलः वेइरो। उच्छ्वसनशीलः ऊससिरो। इरं यह तृन्को आदेश होता है, ऐसा कोई कहते है। उनके बारेमें नमिर, कमिर, इत्यादि (रूप) सिद्ध नहीं होते। कारण अगले सूत्र, इत्यादिमें कहे हुए तृन् से बाध होता है ॥ २८ ॥

तुमत्तुआणतूणाः क्त्वः ॥ २९ ॥

क्त्वा प्रत्ययको तुं, अ (अत्), तुआण और तूण ऐसे चार आदेश होते हैं। उदा.—तुं-दट्ठुं। मोत्तुं। भोत्तुं। अ (अत्)-भमिअ। रमिअ। तुआण—घेत्तुआण। सोउआण। 'क्त्वासुपोस्तु सुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार, अनुस्वार आनेपर घेत्तुआणं। सोउआणं। तूण—घेत्तूण। सोऊण। काऊण। अनुस्वार आनेपर—घेत्तूणं। सोऊणं। काऊणं। पर वंदित्ता यह रूप मात्र (वन्दित्वा इस) सिद्ध रूपमेंसे व् का लोप होकर सिद्ध हुआ है ॥ २९ ॥

वरइत्तगास्तृनाद्यैः ॥ ३० ॥

वरइत्त, इत्यादि शब्द जो तृनादि प्रत्ययोंसे सहित और स्वरादि आदेशोंसे विशिष्ट ऐसे होते हैं वे बहुलत्वसे निपातके रूपमें आते हैं। उदा.—(१) वरइत्तो वरयितृकः (यानी) नवीन वर। यहाँ ऋ का अ और त् का द्वित्व हुआ है। (२) कणइल्लो (३) वाअडो (यानी) शुक। कणइल्लो—कणई शब्द लतावाचक देशी शब्द है; (उसको) भवार्थे या अस्ति इस अर्थमें इत् इल्ल प्रत्यय लगा। वाअडो—वाचाट शब्दमें द्वितीय आ का अ हुआ है। (४) मइल-पुत्ती पुष्पवती। मलिन शब्दको मइल ऐसा आदेश होकर उसके आगे पुत्ती शब्द आगया। (५) दुग्घोट्टो दोग्घोट्टो (६) दूणो (यानी) द्विपः (हाथी)। यहाँ पिबति धातुको घोट्ट (ऐसा आदेश है)। द्वाभ्यां पिबति इति। (दूणो-) द्विपान शब्दमें पकारके साथ इ का ऊ होकर दूण रूप होगया। (७) विरिचरो (यानी धारा छोडनेका स्वभाव होनेवाला। (८) सूरल्ली (यानी) मध्याह्न। यहाँ सूर शब्दके आगे अस्ति अर्थमें ल्लि प्रत्यय आया है। (९) वेल्लहलो कोमल और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विलासी। यहाँ वल्लभ शब्दके आगे ल (आया) और आद्य अ का ए (हुआ है)। (१०) सद्दालं नूपुरम्। 'शब्द' इस शब्दके आगे अस्ति अर्थमें आल प्रत्यय आकर (सद्दाल शब्द बना है)। (११) अल्लिल्लो (१२) फुल्लंधओ (१३) रसाओ भ्रमरः (यानी भँवरा)। इन शब्दोंमें क्रमसे-अलि शब्दके आगे स्वार्थे डित् इल्ल (डिल्ल) और ल् का द्वित्व होकर (अल्लिल्लो)। पुष्पंधयः, यहाँ प का ल होकर (फुल्लंधओ)। रसं अत्ति इति (रसादः) रसाओ। (१४) लअणी लअणा (१५) कणई, लता अर्थमें। लता शब्दके आगे डणी और डणा (डित् अणी और अणा) प्रत्यय आकर (लअणी, लअणा रूप हुए)। (कणई)-कनति धातुको स्त्रीलिंगबोधक डई (डित् अई) प्रत्यय लगकर (कणई); शोभावहत्व-के कारणसे। (१६) वहुज्जा (यानी) कनीयसी श्वश्रूः (छोटी सास)। वधू शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें ज्जा प्रत्यय आगया। (१७) भाउज्जा भ्रातृवधूः। भाईकी भार्या इस अर्थमें (भ्रातृ शब्दके आगे) ज्जा प्रत्यय आगया। (१८) मेहुणिआ मातुलात्मजा और स्याली (ममेरी बहिन, साली)। मैथुनिका। मिथुन शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें इकण् और डात् (=डित् आ) प्रत्यय आगये। (१९) रिमिणो रोदनशीलः। रुद् धातुको शील अर्थमें डिमिण (=डित् इमिण) प्रत्यय जुट गया। (२०) पुण्णाली (२१) छिच्छई (२२) अडअणा असती। पुंश्चली शब्दमें श्च का णा होकर (पुण्णाली शब्द बना)। धिक् धिक् (का वर्णान्तर) छिच्छि।' धिक् धिक्, ऐसी निंदा जिसकी होती है वह (छिच्छई)। अस्ति अर्थमें डई (=डित् अई) प्रत्यय (छिच्छि को लगा)। अट् धातुको शील अर्थमें अणा प्रत्यय लगकर, अडअणा (यानी) अटन-शीला (घूमना जिसका स्वभाव है वह)। (२३) चप्पलओ मिथ्याबहु-भाषी। चपल शब्दके आगे क आया और प का द्विरुक्त प (=प्प) हो गया। (२४) पिब्बं जलम्। पिब् धातुमें ब का द्वित्व हो गया। (२५) मघोणो (यानी) मघवा (इंद्र)। यहाँ स्वार्थे ण आया है और 'अवा' इसका ओकार हुआ है। (२६) सइलासिओ मयूर। सदालासिकः, कारण नृत्य करनेका उसका स्वभाव है। यहाँ 'इत्तु सदादौ' (१.२.३४) सूत्रानुसार (सदा शब्दका) सइ (रूप) हुआ है। (२७) वाउल्लो प्रलपिता (प्रलाप करनेवाला)। यहाँ वाच् शब्दको डुल्ल (डित् उल्ल) प्रत्यय लगा है। (२८) पलहिअओ मूर्ख। उपलहृदयः। (यहाँ) (आद्य) उकारका

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लोप हुआ है। (२९) चंडिक्को कोपः। चण्ड शब्दके आगे कोप अर्थमें डिक्क (=डित् इक्क) प्रत्यय आया। (३०) चण्डिज्जो पिशुन और कोप। चंड शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिज्ज (=डित् इज्ज) प्रत्यय आया। (३१) कुम्मणो ग्लानः। ग्लायति धातुको कुम्म आदेश होकर आगे ण आगया। (३२) अच्छिहरुल्लो द्वेष्य। अक्ष्णोः हरः (आँखोंका हरण करनेवाला, अक्षिहरः), अदर्शनीय होनेसे। अक्षिहर शब्दके आगे स्वार्थे डुल्ल (=डित् उल्ल) प्रत्यय आया। (३३) छाइल्लो रूपवान्। छाया शब्दको अस्ति अर्थमें डिल्ल (डित् इल्ल) प्रत्यय लगा; कान्तिमान् यह अर्थ। (३४) कुडुंगो कुडगो कुडुक्को लतागृह। कुड शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डुंग, डंग और डुक्क (=डित् उंग, अंग, और उक्क) प्रत्यय लगे हैं। (३५) जरण्डो वृद्धः। जरति धातुको अण्ड प्रत्यय लगा। (३६) अच्छिविअच्छी परस्पराकृष्टिः (परस्पर आकर्षण)। आकर्षति व्याकर्षति इसमें कृष् के स्थानपर विअच्छी (ऐसा आदेश आगया)। (३७) धूमरी तुहिन। धूमवत् (धूमकी तरह) यानी धूमरी। यहाँ उपमानार्थमें री है। (३८) सोत्ती तरङ्गिणी। यहाँ स्रोतस् शब्दके आगे अस्ति अर्थमें डी (डित् ई) आया, त का द्वित्व हुआ। (३९) अहिसिओ (यानी) ग्रहशंकासे रोनेवाला। अभिसीदति धातुको कहे हुए अर्थमें डिक (डित् इक) प्रत्यय लगा। (४०) गावी गौः। गो शब्दके आगे स्त्रीलिंगका डावी (डित् आवी) प्रत्यय आया। (४१) उत्थल्लपत्थल्ला (यानी) पार्श्वयुगपद्वृत्ति। उत्स्थल और प्रस्थल शब्दोंके आगे पार्श्व द्वय-अवृत्ति इस अर्थमें डा (=डित् आ) आया और ल का द्वित्व हुआ। (४२) गज्जिलिओ (यानी) अंगको स्पर्श होनेपर आनेवाला हास्य और पुलक। 'अंगको स्पर्श होनेपर आनेवाला हास्य और पुलक' इन अर्थमें गर्ज् धातुको इलिअ प्रत्यय लग गया। (४३) चित्तलं रम्यम्। चित्त लाति इति। (४४) पाडहुओ प्रतिभूः (यानी) जामिन। प्रतिभू शब्दके आगे स्वार्थे डुकण् (डित् उकण्) प्रत्यय आया और इ का अ हो गया। (४५) पासणिओ पासाणिओ साक्षी। साक्षात् पार्श्वे नीयते अनेन इति; पार्श्व के आगे आनेवाले नी धातुको डिक (डित् इक) प्रत्यय लगा। (४६) अवरिज्जं अद्वितीयम्। अवर शब्दके आगे भाव अर्थमें डिज्ज (डित् इज्ज) प्रत्यय लगा। (४७) लाहिल्लो लम्पटः। लाभ शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिल्ल (डित् इल्ल) प्रत्यय आया। (४८) कडिल्लं (यानी) गहनं,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दौवारिकः, कटिवस्त्रम्, निर्विवरम्, विपक्षः और आशीः (आशीर्वाद)। कटि शब्दके आगे गहन, इत्यादि अर्थोंमें डिल्ल (डित् इल्ल) प्रत्यय आगया। (४९) रूवसिणी रूपवती। रूप शब्दके आगे अस्ति अर्थमें स्त्रीलिंगका सिणी प्रत्यय आया। (५०) कुडुम्बिअं सुरतम्। कुटुम्ब शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिक (डित् इक) प्रत्यय आया। (५१) अंतरिज्जं रशना, कटिसूत्र। अंतर शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिज्ज (डित् इज्ज) प्रत्यय आगया। (५२) अवडुक्किअं (यानी) कूप, इत्यादि अवटमें पडा हूआ। अवट शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डुक्किअ (डित् उक्किअ) प्रत्यय आया। (५३) बुड्डिरो महिष। मज्जति धातुके 'बुड्ड' आदेशके आगे शील अर्थमें इर प्रत्यय आगया। (५४) पिप्पिडिअं (यानी, जो किंचित् पठित किया जाता है वह। पिडिपिडि इस अनुकरणवाचक शब्दके आगे क प्रत्यय आया, आद्य डिकारका लोप और पका द्वित्व हुए। (५५) सरिसाहुलो सदृश। सदृश शब्दके आगे स्वार्थे हुलश् प्रत्यय आगया। (हुलश् में श् इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ हुआ)। (५६) गुमिलो मूढः। मुह् धातुका आदेश जो गुम, उसके आगे इल प्रत्यय आगया। (५७) कच्चं कार्यम्। यहाँ कृ धातुको डच्च (डित् अच्च) प्रत्यय लगा है। (५८) घडिअघडा, घडी (यानी) गोष्ठी। घटिता घटा घटना यस्याः सा (जिसकी घटना घट गई है)। (५९) कमणी निश्रेणी (यानी) सीढी। (६०) किरिकिरिआ (यानी) कर्णोपकर्णिका और कुतकम्। कर्णोपकर्ण कर्णपरंपराप्राप्तं कटुजल्पनं, तस्मिन्नर्थे और कौतुक अर्थमें किरिकिरि इस अनुकरणवाचक शब्दके आगे का प्रत्यय आगया। (६१) अण्णइओ (यानी) सब बातोंमें तृप्त।—अर्णव शब्दके आगे उपमान अर्थमें डिक (डित् इक) प्रत्यय आगया। (६२) साहुली शाखा। यहाँ स्वार्थे डुलि (डित् उलि) प्रत्यय आगया। (६३) जंपेक्खिरमग्गिरओ (यानी) जो देखा वह माँगनेवाला। यद् दृष्टं इस अर्थमें (आनेवाले) जंपेक्खिर निपातके आगे याचनशील अर्थमें क-प्रत्ययान्त मग्गिरओ शब्द आगया। (६४) गअसाउल्लो विरक्तः। गतस्वाद शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डुल्ल (डित् उल्ल) प्रत्यय आगया। (६५) सिहण्डहिल्लो बालः। शिखण्ड शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें हिल्ल प्रत्यय आया है। शिखावान् यह अर्थ। (६६) अलवलवसहो (यानी) धूर्त, दुष्ट, पृष्ठवाही बलीवर्द। अलं अत्यर्थं बलं अस्य वृषभस्य इति (इस बैलका बल अत्यर्थ है)। अनुस्वारका लोप हुआ। (६७) खुरहखुडी प्रणयकोप। क्षुरवत्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भाति तोदयति इति (उस्तरेकी तरह काटता है)। तुद् के खुड आदेशको डी (डित् ई) प्रत्यय लग गया। (६८) सीउली सीउग्गं (यानी) हिमकाले दुर्दिनम् (हिमकालमें बरसातका दिन)। शीत शब्दके आगे डुल्लि और डुग्ग (डित् उल्लि और उग्ग) प्रत्यय आये और त का लोप हो गया। (६९) वरण्डो वरण प्राकार। वृ (धातु)को रण्ड प्रत्यय लग गया। (७०) तत्ती तत्परता। त के आगे तात्पर्य अर्थमें डत्ती (डित् अत्ती) प्रत्यय आगया। (७१) हीरणा त्रपा (यानी) लज्जा। त्रपा अर्थमें णा और हीर ऐसे आदेश आगये। (७२) गामरेडो (यानी) योऽन्तर्भुक्त्वा ग्रामं भुंक्ते। ग्राम शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें रेड शब्द आया। (७३) लडहा (७४) वेल्लरी विलासवती। लस् (धातु) के आगे डहा शब्द आया और स् का लोप हुआ। (वेल्लरी)—वेष्टयन्ते विटा अनया इति (जिससे विट घेरे जाते हैं।) वेष्ट् के आगे री आया और ष्ट् का ल्ल हो गया। (७५) दुम्मइणी कलहपरा। दुर्मति शब्दके आगे स्वार्थे स्त्रीलिंगका णी प्रत्यय लग गया। (७६) लज्जालुइणी लज्जावती। लज्जालु शब्दके आगे स्वार्थे णी प्रत्यय आगया। (७७) तण्णाअं आर्द्रम् (यानी) भीगा हुआ। तम् धातुको (तिम्यतेः) डण्णाअं (डित् अण्णाअं) प्रत्यय लग गया। (७८) चिक्खअणो असहनः सहन न करनेवाला। नञ् के पूर्व होनेवाले सह् धातुके आगे यण आगया और उसको चिक्ख आदेश हो गया। (७९) वेणिअं वचनीयम् (यानी) निन्दा। वच् धातुके आगे कहे हुए अर्थमें डेणिअ (डित् एणिअ) प्रत्यय आ गया। (८०) सुण्हसिओ निद्रालु। स्वप्न शब्दके आगे शील अर्थमें सिय आया, और प्न का ण्ह हुआ तथा आद्य अ का उ हो गया। अथवा-संस्कृतम सास्ना यानी निद्रा; फिर 'स्तावकसास्ने' (१.२.१८) सूत्रानुसार उ होनेपर, शील अर्थमें डासिअ (डित् असिअ) प्रत्यय लग गया। (८१) वप्पिओ केदारः यानी खेत। उप्यन्ते अत्र इति। वप् के आगे पिअ ऐसा शब्द आया। (८२) बंधोल्लो मेलकः (यानी) मेला। बंध् के आगे डोल्ल (डित् ओल्ल) आगया। (८३) वारिज्जो विवाह। वृ धातुके आगे इज्जण् प्रत्यय आया। 'अचो ञ्णिति' सूत्रानुसार वृद्धि हो गई। (८४) साउल्लो (८५) हडहडं अनुरागः (यानी) प्रेम। स्वाद् के आगे कहे हुए अर्थमें उल्ल प्रत्यय आगया। (हडहड)—हडत् हडत् इति हृदयं स्फुरति यत्र इति; (अन्त्य) त् का लोप होगया। (८६) माणंसी (यानी) मायावी और मनस्वी। (८७) कोडिल्लो कोडिओ पिशुनः (यानी) दुर्जन। कुड् धातुके आगे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इल्ल और इक आये और उ का ओ होगया। (८८) अट्टण्णो आर्तज्ञः। आर्त जानता है वह। (८९) गंजोलो। परिभव अर्थमें होनेवाले देश्य 'गंज' धातुके आगे डोल (डित् ओल) प्रत्यय आगया। (९०) बंदिणो बन्दी। यहाँ स्वार्थे ण आगया। (९१) तत्तिल्लो तच्छील यानी तत्पर। तत्ती यानी तत्परता (२.१.३० के नीचे (७०) तत्ती शब्द देखिए), उसके आगे अस्ति अर्थमें ल आया (और उस) ल का द्वित्व होगया। (९२) ऊसुम्भिअं रुद्धगलरोदनम् (रुद्ध गलेसे रोना)। उद् के आगे होनेवाले सुम्भ के आगे कहे हुए अर्थमें डिक (डित् इक) प्रत्यय आगया। (९३) णिउक्को तूष्णीकः मूक। निर्मुक्तः। म का लोप हुआ, आर दैवादिपाठमें होनेसे द्वित्व होगया। (९४) बंहलो अपस्मारः। ब्रह्मन् शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें ल आया। (९५) ठाणिज्जं गौरवम्। स्थान शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिज्ज (डित् इज्ज) प्रत्यय आगया। (९६) उवउज्जो उपकारी। उपकृ धातुको डुज्ज (डित् उज्ज) प्रत्यय लग गया। (९७) एक्कलो प्रबलः। एक शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें ल आया। (९८) माउसिआ माउच्छा मातृष्वसा (यानी) मौसी। मातृ शब्दके आगे आनेवाले स्वसृ शब्दको सिआ और च्छ ऐसे (आदेश) हो गये। (९९) महल्लो मुखरः (यानी) बहुत बोलनेवाला। महत् शब्दके आगे डल्ल (डित् अल्ल) प्रत्यय आगया। (१००) कुच्छिमई गर्भवती। कुक्षि के आगे अस्ति अर्थमें मई प्रत्यय आया। (१०१) रिंछोली ऋक्षालिः नक्षत्रमाला, उसकी तरह होनेसे रिंछोली। ऋ के बाद अनुस्वार होगया। (१०२) धोरणी पंक्तिः। धारावत् होनेसे धोरणी। आ का ओ होगया, और उपमा अर्थमें डणी (डित् अणी) प्रत्यय आगया। (१०३) पडमा दूष्यपटम्। पट शब्दके आगे अस्ति अर्थमें मा प्रत्यय आया। (१०४) जुअणो युवा। यहाँ स्वार्थे ण आया है। (१०५) करमरी हठहृता स्त्री, बन्दी (बलात् हरण की हुई स्त्री, बंदी)। 'करेण मृद्यमानात् आकृष्यते' इस अर्थमें कर उपपद होनेवाले मृद् धातुके आगे डरी (डित् अरी) प्रत्यय आया। (१०६) दड्ढाली दवत्मं दवाग्निमार्ग। दग्ध के आगे डाली (डित् आली) प्रत्यय आगया। (१०७) कुडंगो कुडओ लतागृह। कुटी शब्दके आगे कहे हुए अर्थमे डंग और डक (डित अंग और अक) प्रत्यय आ गये। (१०८) कारिम कृत्रिम। कृ धातुके आगे डारिम (डित आरिम) प्रत्यय आया।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(१०९) जंघालुओ (११०) जंघामओ दूत। जंघा शब्दके आगे शीघ्र अर्थमें लुअ और मअ आगये। (१११) बलामोडी बलात्कार। बलात् मुच्यते यत्र। (११२) चक्कलं परिवर्तुलम्। चक्र शब्दके आगे ल आगया। (११३) बाउल्ली पुत्रिका (यानी) कुमारीकी क्रीडाके योग्य ऐसी गुढिया। कुमारीः व्यापारयति इति। व्यापृ धातुके आगे डुलि (डित् उलि) प्रत्यय आगया। (११४) मत्तवालो मत्तः। (मत्त के आगे) स्वार्थे वाल प्रत्यय आया। (११५) वहुणिआ (यानी) ज्येष्ठभाईकी भार्या। वधू शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें णिआ प्रत्यय आगया। (११६) जंभणंभणो स्वैर भाषण करनेवाला। यद्वा तद्वा भणति अधिकं इति। आदि और तृतीय वर्णके आगे अनुस्वार आया और त् का लोप हुआ। (११७) भाइरो भेज्जलो भेज्जो। (११८) ओज्जरो भीरुः (यानी) डरपोक। भी धातुके आगे शील अर्थमें डाइर, डेज्जल, डेज्ज (डित् आइर, एज्जल, एज्ज) प्रत्यय आये। (ओज्जर)—त्रस् धातुका आदेश जो ओज्ज, उसके आगे र आगया। (११९) आहडं सीत्कार। आहरति आदत्ते प्रियहृदयं इति। आहृ धातुके आगे ड आया। (१२०) काअपिउला कोकिला। काकः पितृवत् पोषको यस्याः इस अर्थमें (पितृवत् कौआ जिसका पोषक है) काकपितृ शब्दके आगे ला आगया। (१२१) मुहलं मुख। (मुख शब्दके आगे) स्वार्थे ल प्रत्यय आगया। (१२२) गत्तडी गायिका। गात्री शब्दके आगे स्वार्थे डडी (डित् अडी) प्रत्यय आया। (१२३) दुद्दोलणा, दुग्धा अपि या दुह्यते गौः इति, इस अर्थमें दुग्ध शब्दके आगे दोलणा शब्द आया। (१२४) मा भाइ अभय। मा के आगे होनेवाले भी धातुके भा आदेशके आगे इ आया। (१२५) तोमरिओ शस्त्रप्रमार्जकः (यानी) शस्त्र साफ करनेवाला। तोमर शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें डिक (डित् इक) प्रत्यय आगया (१२६) वहुहाडिणी, वध्वा उपरि परिणीयते इति। वधू शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें हाडिणी शब्द आया। (१२७) रुअरुइआ उत्कलिका (यानी) उत्कण्ठा। रुहरुहिका शब्दमें दो हकारोंका लोप हुआ- (१२८) पिउसिआ पिउच्छा पितृष्वसा (बुआ)। पितृ शब्दके आगे होनेवाले स्वसृ शब्दके सिआ और च्छ होगये। (१२९) पुप्फी। पितृ शब्दके आगे होनेवाले स्वसृ का फी हुआ। (१३०) अणुसूआ आसन्नप्रसवा। अनुसूति शब्दके आगे आसन्नप्रसव अर्थमें डा (डित् आ) आगया। (१३१) भच्चो भगिनीसुतः। भगिनी शब्दको भ ऐसा आदेश होकर, बहेनका पुत्र इस अर्थमें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

च्च प्रत्यय आया। (१३२) ओहल्ली अपसृतिः। (अपसृति शब्दमें) सृति को हल्ली (आदेश) होगया। (१३३) मम्मक्को गर्वं। मर्मन् शब्दके आगे कहे हुए अर्थमें क्क प्रत्यय आया। (१३४) मडप्परो मधुपर। यहाँ उ का अ और धु का ड हो गया। इत्यादि। कृष्ट, उपसर्गरहित धृष्ट, वाक्य, विद्वस्, वाचस्पति, विष्टरश्रवस्, प्रचेतस्, प्रोक्त, इत्यादि शब्द; और क्विप्, इत्यादि प्रत्ययोंसे अन्त होनेवाले अग्निचित्, सोमसुत्, इत्यादि शब्द; सुग्लौ, सुम्लौ, इत्यादि शब्द; जिनका उपयोग पूर्व विद्वानोंने नहीं किया है, उसके प्रतीति (अर्थ) घातक ऐसे प्रयोग न करें, उनका अर्थ अन्य (समानार्थक) शब्दोंके द्वारा व्यक्त करें। उदा.—कृष्टः कुशलः। वाचस्पतिः गुरुः। विष्टरश्रवस् हरिः। इत्यादि। उपसर्गयुक्त धृष्ट शब्दका प्रयोग चलता है। उदा.—मंदरअडपरिघट्ठं, मन्दरतटपरिघृष्टम्। तं दिअसणिघट्ठाणं, इत्यादि ॥ ३० ॥

अव्ययम् ॥ ३१ ॥

अव्यय पदका अधिकार इस पादकी परिसमाप्तितक है। यहाँसे आगे जो कहे जाएंगे वे अव्ययसंज्ञक शब्द हैं, ऐसा जानना ॥ ३१ ॥

आम अभ्युपगमे ॥ ३२ ॥

आम यह अव्यय स्वीकार (अर्थ) में प्रयुक्त करें। उदा.—आम बहुला चणाली। कोई कहते हैं कि आम अव्यय संस्कृतमेंभी है ॥ ३२ ॥

तं वाक्योपन्यासे ॥ ३३ ॥

तं यह अव्यय वाक्यारंभ करते समय प्रयुक्त करें। उदा.—तं तिअसचंदिमोक्खं ॥ ३३ ॥

णइ चेअ चिअ च्च एवार्थे ॥ ३४ ॥

णइ, चेअ, चिअ, च्च ये (अव्ययरूप) शब्द अवधारण अर्थमें प्रयुक्त करें। उदा.—गइओ णइ। गदित एव॥ जं चेअ मुउलणं लोअणाणं अणुबंधं तं चिअ कामिणीणं। यदेव मुकुलनं लोचनानामनुबन्धं तदेव कामिनीनाम्॥ (चिअ शब्द) दैवादिपाठमें होनेसे, उसमें द्वित्व होता है। उदा.—ते च्चिअ धण्णा ते च्चिअ सुउरिसा। त एव धन्यास्त एव सुपुरुषाः॥ सो च्च वअरूवेण। स एव वयोरूपेण॥ सो च्च सीले। स एव शीले॥ ३४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हद्धि निर्वेदे ॥ ३५ ॥

हद्धि ऐसा अव्यय निर्वेद (दिखाते समय) प्रयुक्त करें। हद्धि शब्द 'हा धिक्', शब्दकी तरह है। उदा.—हद्धि हो धावह। हा धिक् हो धावत ॥ ३५ ॥

दर अर्धेऽल्पे वा ॥ ३६ ॥

दर अव्यय अर्ध अर्थमें या ईषद् अर्थमें प्रयुक्त करें। दरविअसिअं अर्ध ईषद् वा विकसितम् ॥ ३६ ॥

किणो प्रश्न ॥ ३७ ॥

किणो ऐसा अव्यय प्रश्न करते समय विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—किणो धुवसि, किं धुवसि, किं धुनोषि ॥ ३७ ॥

मिव पिव विव विअ व व्व इवार्थे ॥ ३८ ॥

मिव, पिव, विव, विअ, व, व्व ऐसे ये छः (शब्द) इव अर्थमें विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—कमलं मिव। चंदणं पिव। हंसो विव। जीवो विअ। उअअस्स व ताविअसीअलस्स, उदकस्येव तापितशीतलस्य। साअरो व्व गहिरो, सागर इव गभीरः। साअरो व्व खारओ, सागर इव क्षारः। विकल्प-पक्षमें—णीलुप्पलमाला इव, नीलोत्पलमालेव ॥ ३८ ॥

किर इर हिर किलार्थे ॥ ३९ ॥

किर, इर, हिर ऐसे ये तीन (शब्द) किल अर्थमें विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—कल्लं किर खलहिअओ। तस्स इर पिअवअस्सो। वाहित्ता हिर देवी। विकल्पपक्षमें—एव्वं किल तेण सिविणए भणिअं ॥ ३९ ॥

अम्हो आश्चर्ये ॥ ४० ॥

आश्चर्य दिखाते समय अम्हो (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—अम्हो देवस्स गई। अम्हो कह परिणिज्जइ ॥ ४० ॥

अब्भो पश्चात्तापसूचनादुःखसंभाषणापराधानन्दादरखेदविस्मय-विषादभये ॥ ४१ ॥

अब्भो ऐसा (अव्यय) पश्चात्ताप, इत्यादि दिखाते समय प्रयुक्त करें। उदा.—पश्चात्तापमें—अब्भो तह तेण कआ अहअं जह कस्स साहेमि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूचनामें-अब्भो दुक्करआरअ। अब्भो आरद्धो। दुःखमें-अब्भो दलइ हिअअं। संभाषणमें-अब्भो किमिणं। अपराधमें-अब्भो हरंति हिअअं तह विव वेसा भवंति जुवईणं। आनंदमें—अब्भो सुप्पहाअमिणं। आदरमें-अब्भो मह सफलं जीविअं। खेदमें-अब्भो ण जाणामि चित्तं। विस्मयमें-अब्भो किं पि रहस्सं मुणन्ति धुत्ता जणब्भहिआ, किमपि रहस्यं जानन्ति धूर्ता जनाभ्यधिकाः। विषादमें-अब्भो णासेंति धिइं पुलअं वड्ढेन्ति देन्ति रणरणअं, नाशयन्ति धृतिं पुलकं वर्धयन्ति ददति रणरणकम्। भयमें-अब्भो गइअ म्हि तुमे णेव रज्जइ सा ण जूरेइ, अब्भो गदितास्मि त्वया नैव रज्येत सा न खेद्यते ॥ ४१ ॥

हुं पृच्छादाननिवारणे ॥ ४२ ॥

हुं ऐसा (अव्यय) पृच्छा, इत्यादिमें प्रयुक्त करें। उदा.-पृच्छामें—हुं साहसु सब्भावं। दानमें-हुं गेण्ह अप्पणो विअ। निवारणमें—हुं णिल्लज्ज समोसर ॥ ४२ ॥

वणे निश्चयानुकम्प्यविकल्पे ॥ ४३ ॥

वणे ऐसा (अव्यय) निश्चय, इत्यादिमें प्रयुक्त करें। उदा.-निश्चयमें—वणे देमि, निश्चयं ददामि। विकल्पमें-वणे होइ ण होइ, भवति वा न भवति। अनुकम्प्यमें—होइ दासो वणे ण मुच्चइ, भवति दासोऽनुकम्प्यो न मुच्यते ॥ ४३ ॥

संभावने अइ च ॥ ४४ ॥

अइ ऐसा (अव्यय), और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण वणे यह (अव्यय), संभावनमें प्रयुक्त करें। उदा.-अइ दिअर किं ण पेच्छसि। णत्थि वणे जं ण देइ विहिपरिणामो ॥ ४४ ॥

आनन्तर्ये णवरिअ ॥ ४५ ॥

णवरिअ ऐसा (अव्यय) आनन्तर्य दिखाते समय प्रयुक्त करें। उदा.—णवरिअ से रहुवइणो, अनन्तरमस्य रघुपतेः ॥ ४५ ॥

केवले णवर ॥ ४६ ॥

केवल अर्थमें णवर ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—णवर पिआइं चिअ णिव्वडन्ति, केवलं प्रियाण्येव निष्पतन्ति (यानी) पृथग्भवन्ति। 'केवला-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नन्तर्ययोर्णवरणवरिअ' ऐसा एकही सूत्र है, ऐसा कोई कहते हैं। उनके मतानुसार, दोनों (भी) अव्यय दो अर्थोंमें हैं ॥ ४६ ॥

भन्द ग्रहणार्थे ॥ ४७ ॥

भन्द ऐसा (अव्यय) ग्रहण अर्थमें प्रयुक्त करें। उदा.—भन्द आलोएसु मं। गृहाण (ले) ऐसा अर्थ ॥ ४७ ॥

भन्दि विकल्पविषादसत्यनिश्चयपश्चात्तापेषु च ॥ ४८ ॥

भन्दि ऐसा (अव्यय) विकल्प, इत्यादिमें, तथा ग्रहण अर्थमें प्रयुक्त करें। उदा.—विकल्पमें—भन्दि भोज्ज एत्ताहे, भवेदिदानीम्। विषादमें—भन्दि चरणे तओ संमाणिओ, चरणौ ततः संमानितौ। सत्यमें—भन्दि तुह भणिमो। निश्चयमें—सासिज्जइ भन्दि तुह कज्जे। पश्चात्तापमें—भन्दि सहेहि धरणि। ग्रहण अर्थमें—भन्दि आलोएसु मं ॥ ४८ ॥

संभाषणरतिकलहे रे अरे ॥ ४९ ॥

संभाषण और रतिकलह इनमें यथाक्रमसे रे और अरे ये (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.-संभाषणमें—रे रे हिअअ मडअसरिसा। रतिकलहमें—अरे बहुवल्लह मए समं मा करेसु उवहासं ॥ ४९ ॥

हरे क्षेपे च ॥ ५० ॥

क्षेप दिखाते समय, (और सूत्रमेंसे) चकारके कारण संभाषण और रतिकलह इनमें, यथाक्रमसे हरे ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—क्षेपमें-हरे णिल्लज्ज। संभाषणमें—हरे पुरिसा। रतिकलहमें—हरे बहुवल्लह ॥ ५० ॥

धू कुत्सायाम् ॥ ५१ ॥

कुत्सामें धू ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.-धू णिल्लज्जो लोओ ॥ ५१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऊ गर्हाविस्मयसूचनाक्षेपे ॥ ५२ ॥

गर्हा, इत्यादि दिखानेके समय ऊ ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—गर्हामें—ऊ णिल्लज्ज। विस्मयमें—ऊ कहं मुणिआ अहं। सूचनमें—ऊ केण ण विण्णाअं। शुरु किए हुए वाक्यका विपर्यास होगा, इस शंकासे विनिवर्तन करना, यह आक्षेपका लक्षण है। वहाँ (उस आक्षेपमें)-ऊ किं मए भणिअं ॥ ५२ ॥

पुणरुत्तं कृतकरणे ॥ ५३ ॥

पुणरुत्तं ऐसा (शब्द) कृतकरणमें (किया हुआ पुनः करना) प्रयुक्त करें। उदा.—अइ सुव्वइ पंसुलि णीसहेहिं अंगेहिं पुणरुत्तं, अयि स्वपिषि पांसुले निःसहैरङ्गैः कृतकरणम् ॥ ५३ ॥

हु खु निश्चयविस्मयवितर्के ॥ ५४ ॥

हु और खु ये (अव्यय) निश्चय, इत्यादिमें प्रयुक्त करें। उदा.—निश्चयमें—तं पि हु अच्छिण्णसिरं। तं खु सिरीएँ रहस्सं। विस्मयमें—को खु एसो सहाससिरो। वितर्क यानी ऊह या संशय। ऊहमें—न हु नवर-सग्गहिआ एअं खु हसइ। संशयमें—जलधरो खु धूमो खु। संभावनमेंभी (हु और खु प्रयुक्त करें)। उदा.—तरिउं ण हु णवर इमं। एअं खु तुमं हसइ। बहुलका अधिकार होनेसे, अनुस्वारके आगे हु शब्द प्रयुक्त न करें ॥ ५४ ॥

णवि वैपरीत्ये ॥ ५५ ॥

णवि ऐसा (अव्यय) वैपरीत्यमें प्रयुक्त करें। उदा.—णवि छोअणो ॥ ५५ ॥

वेव्वे विषादभयवारणे ॥ ५६ ॥

वेव्वे ऐसा (अव्यय) विषाद, इत्यादिमें प्रयुक्त करें। उदा.—विषादमें-उल्लाविरीइ वेव्वे त्ति तीएँ भणिअं ण विम्हरिमो, किं उल्लापयन्त्या उत खिद-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मानया त्वया वेव्वे इति भणितं न विस्मरामः। भयमें-वेव्वे पलाइदं तेण। निवारणमें-उल्लाविरीइ वि तुमं वेव्वे त्ति मयच्छि किं णेअं। यहाँ उल्लाविरीइ का संबंध स्वप्नमें घटी हुई घटनाके साथ है ॥ ५६ ॥

आमन्त्रणे वेव्वे च ॥ ५७ ॥

और वेव्वे ऐसा (अव्यय) आमंत्रणमेंभी प्रयुक्त करें। उदा.—वेव्वे गोले। वेव्वे मुरन्दले वहसि पाणिअं ॥ ५७ ॥

वा सख्या मामि हला हले ॥ ५८ ॥

(इस सूत्रमें २.१.५७ से) आमंत्रणे पद (अध्याहृत) है। सखीको आमंत्रण इस अर्थमें, मामि, हला और हले ऐसे (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—मामि सरिसक्खराण वि। पणवह माणस्स हला। हला सउन्दले। हले हआसे। विकल्पपक्षमें—सहि, एरिस च्चिअ गई ॥५८॥

दे संमुखीकरणे च ॥ ५९ ॥

संमुखीकरण और सखीको आमंत्रण इनमें दे ऐसा (शब्द) प्रयुक्त करें। उदा.—दे पसिअ णिअत्तसु सुंदरि, यावत् प्रसीद निवर्तस्व सुन्दरि। दे सहि ॥ ५९ ॥

ओ पश्चात्तापसूचने ॥ ६० ॥

पश्चात्तापमें और सूचनामें ओ ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—पश्चात्तापमें-ओ पच्चाअन्तिआए। सूचनामें—ओ अविणयतत्तिल्लो। परिकल्प अर्थमें, उत का जो आदेश ओकार, उससे ही यह कार्य सिद्ध होता है। उदा.—ओ विरएमि णहअले ॥ ६० ॥

अण णाइं नञर्थे ॥ ६१ ॥

नकारके अर्थमें (नञर्थे) अण, णाइं ये (शब्द) प्रयुक्त करें। उदा.-अणचिंतिअं मुणन्ति, अचिन्तितं जानन्ति। णाइं करेमि रोसं, न करोमि रोषम् ॥ ६१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निश्चयनिर्धारणे वले ॥ ६२ ॥

निश्चयमें और निर्धारणमें वले ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—निश्चयमें—वले सीहो, सिंह एवायम्। निर्धारणमें—वले पुरिसो धणंजओ खत्तिआणं, पुरुषो धनंजय एव क्षत्रियाणाम्॥ ६२ ॥

मणे विमर्शे ॥ ६३ ॥

विमर्शमें मणे ऐसा प्रयुक्त करें। उदा.—मणे सूरो, किंस्वित् सूर्यः। मन्ये (मुझे भाता है) यह अर्थभी 'मन्ये'से दिखाया जाता है, ऐसा कोई मानते हैं ॥ ६३ ॥

माइं मार्थे ॥ ६४ ॥

माइं ऐसा मा (मत) अर्थमें प्रयुक्त करें। उदा.—माइं काहीअ रोसं, मा कार्षीद् रोषम् ॥ ६४ ॥

अलाहि निवारणे ॥ ६५ ॥

अलाहि ऐसा (अव्यय) निवारणमें प्रयुक्त करें। उदा.—अलाहि विसाएण, अलं विषादेन ॥ ६५ ॥

लक्षणे जेण तेण ॥ ६६ ॥

लक्षण दिखाते समय जेण तेण ये (दो शब्द) प्रयुक्त करें। उदा.—भमररुअं जेण कमलवणं। भमररुअं तेण कमलवणं ॥ ६६ ॥

त्वोदवापोताः ॥ ६७ ॥

अव और अप ऐसे ये उपसर्ग, और विकल्प अर्थ दिखानेवाला निपात उत, (उनके स्थानमें) ओ ऐसा (आदेश) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—ओआरो अवतारः या अपकारः। ओ विरएमि णहत्थले, उत विरचयामि नभःस्थले। विकल्पपक्षमें—अवआरो। इत्यादि ॥ ६७ ॥

उ ओ उपेः ॥ ६८ ॥

उप ऐसा उपसर्ग उ और ओ ऐसे दो प्रकारसे प्रयुक्त करें। उदा.—उआरो ओआरो उपकारः ॥ ६८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रत्येकमः पडिएक्कं पाडिक्कं ॥ ६९ ॥

प्रत्येकम् इस अर्थमें पाडिएक्कं और पाडिक्कं ऐसे (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.-पाडिएक्कं। पाडिक्कं। विकल्पपक्षमें—पच्चेअं ॥६९॥

स्वयमोऽर्थे अप्पणा ॥ ७० ॥

स्वयं के अर्थमें अप्पणा ऐसा (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.-विसअं विअसंति अप्पणा कमलवणा। विकल्पपक्षमें—सअं चिअ मुणसि करणिज्जं, स्वयमेव जानासि करणीयम् ॥ ७० ॥

एक्कसरिअं झटिति संप्रति ॥ ७१ ॥

झटिति अर्थमें और संप्रति अर्थमें एक्कसरिअं ऐसा (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.-एक्कसरिअं झटिति या संप्रति। विकल्पपक्षमें—झत्ति। संपइ ॥ ७१ ॥

इहरा इतरथा ॥ ७२ ॥

इहरा ऐसा (अव्यय) इतरथा (अन्यथा) के अर्थमें प्रयुक्त करें। उदा.—इहरा नीसामन्नेहिं। विकल्पपक्षमें-इअरहा ॥ ७२ ॥

मुधा मोरउल्ला ॥ ७३ ॥

मुधा के अर्थमें मोरउल्ला ऐसा (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा. मोरउल्ला। विकल्पपक्षमें—मुहा ॥ ७३ ॥

अयि ऐ ॥ ७४ ॥

अयि के अर्थमें ऐ ऐसा (शब्द) विकल्पसे प्रयुक्त करें। उदा.—ऐ बीहेइ। ऐ उम्मत्तिए। ऐसे इस विधानकेही कारण, ऐकारका भी प्राकृतमें प्रयोग होता है ॥ ७४ ॥

उअ पश्य ॥ ७५ ॥

पश्य के अर्थमें उअ ऐसा (अव्यय) प्रयुक्त करें। उदा.—उअ णिच्चलणिप्फंदा। विकल्पपक्षमें—ओअच्छ, इत्यादि पश्यत इस अर्थमें (होते

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हैं)। और उवह ऐसा भी (पश्य अर्थमें) दिखाई देता है। उदा.—उवह गोट्ठमज्झम्मि ॥ ७५ ॥

इजेराः पादपूरणे ॥ ७६ ॥

इ, जे, र ऐसे ये (शब्द) पादपूरणके लिए प्रयुक्त करें। उदा.—णअणा इ। अच्छी इ। अण्णेक्क इ। रूवं तु जे गब्भइ। कलमगोवी र। अहो, हंहो, हा, नाम, इत्यादि संस्कृतसमके रूपमेंही सिद्ध होते हैं। ॥ ७६ ॥

प्याद्याः ॥ ७७ ॥

पि, इत्यादि (अपने अपने) मूल अर्थमें प्राकृतमें प्रयुक्त करें। उदा.-पि यह अव्यय अपि के अर्थमें (प्रयुक्त करें) ॥ ७७ ॥

—द्वितीय अध्याय प्रथम पाद समाप्त—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वितीयः पादः

वीप्सार्थात्तदचि सुपो मस्तु ॥ १ ॥

वीप्सार्थी पदके आगे होनेवाले विभक्ति-प्रत्ययके स्थानपर, तदचि यानी उस वीप्सार्थ वाचकसे संबंधित रहनेवाला स्वर आगे होनेपर, म विकल्पसे (बीचमें) आता है। उदा.-एकैकम् एक्कमेक्कं। एकैकेन एक्कमेक्केण। अंगे अंगे अंगमंगम्मि। विकल्पपक्षमें—एक्केक्कं इत्यादि ॥ १ ॥

अमः ॥ २ ॥

(इस सूत्रमें २.२.१ से) सुपः पदकी अनुवृत्ति है। संज्ञाके आगे आनेवाले विभक्तिप्रत्ययसे संबंधित होनेवाले अमः यानी द्वितीया एकवचनके स्थानपर मकार आता है। उदा.—वच्छं। मालं। गिरिं। गामणिं। तरुं। वहुं ॥ २ ॥

श्लुग्जश्शसोः ॥ ३ ॥

संज्ञाके आगे होनेवाले जस् और शस् इन दोनोंका लोप होता है। (सूत्रके श्लुक्में) श् इत् होनेसे, पिछला (पूर्व) स्वर दीर्घ होता हैं। उदा.-वच्छा। माला। गिरी। गोरी। गामणी। तरू। वहू चिट्ठन्ति पेच्छ वा ॥ ३ ॥

णशामः ॥ ४ ॥

संज्ञाके आगे आनेवाले षष्ठी बहुवचनके आम् (प्रत्यय) को णश् ऐसा आदेश होता है। (सूत्रके णश्में) श् इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.—वच्छाण। वणाण। मालाण। गंगाण। गिरीण। दहीण। बुद्धीण। गामणीण। सुधीण। गोरीण। तरूण। महूण। वहूण। 'क्त्वा-सुपोस्तु सुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार, विकल्पसे अनुस्वार आनेपर — वच्छाणं। गिरीणं। इत्यादि ॥ ४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हिं हिँ हि भिसः ॥ ५ ॥

संज्ञाके आगे आनेवाले भिस् प्रत्ययके सानुस्वार हिं, सानुनासिक हिँ और केवल हि होते हैं। उदा.—वच्छेहिं वच्छेहिँ वच्छेहि। धणेहिं धणेहिँ धणेहि। मालाहिं मालाहिँ मालाहि। गिरीहिं गिरीहिँ गिरीहि। बुद्धीहिं बुद्धीहिँ बुद्धीहि। दहीहिं दहीह दहीहि। गामणीहिं गामणीहिँ गामणीहि। गोरीहिं गोरीहिँ गोरीहि। तरूहि तरूहिँ तरूहि। घेणूहिं घेणूहिँ घेणूहि। वहूहिं वहूहिँ वहूहि। महूहिँ महूहिँ महूहि। इत्यादि ॥ ५ ॥

हिंतोत्तोदोदु ङसिस् ॥ ६ ॥

संज्ञाके आगे होनेवाले ङसिस् यानी पंचमी विभक्तिके प्रत्ययोंको हिंतो, द्विरुक्त तो (=त्तो), दो और दु ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.—वच्छाहिंतो। 'भिस्म्यस्सुपि' (२.२.२१) सूत्रानुसार, (संज्ञा शब्दके अन्त्य अकारका) ए होनेपर—वच्छेहिंतो। वच्छत्तो। वच्छादो। वच्छादु (यानी) वृक्षात् अथवा वृक्षेभ्यः ॥ दहीहिंतो। दहित्तो। दहीदो। दहीदु ॥ गोरीहिंतो। गोरित्तो। गोरीदो। गोरीदु ॥ तरूहिंतो। तरुत्तो। तरूदो। तरूदु॥ महूहिंतो। महुत्तो। महूदो। महूदु॥ घेणूहिंतो। घेणुत्तो। घेणूदो। घेणूदु ॥ दो और दु इनमेंसे दकार अन्य भाषाके लिए है। इसलिए शौरसेनी और मागधी भाषाओंमें—मलअकेदूदो मलअकेदूदु मलयकेतोः। पैशाची भाषामें, 'तल्तदोः' (३.२.४६) सूत्र तकारके लिए है। इसलिए-गिरीतो। इसी प्रकार धन, माला, गिरि, बुद्धि, ग्रामणी, तरु, वधू, इत्यादि शब्दोंके रूप होते हैं ॥ ६ ॥

सुंतो भ्यसः ॥ ७ ॥

पंचमी बहुवचन-प्रत्ययको सुंतो ऐसा आदेश होता है। उदा.—वच्छासुंतो वच्छेसुंतो। धणासुंतो धणेसुंतो। मालासुंतो। गिरीसुंतो। दहीसुंतो। गामणीसुंतो। इत्यादि ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिदोत्तोदु ङसौ ॥ ८ ॥

दो, त्तो, दु ये पंचमीके आदेश, और ङसि यानी पंचमी एकवचनका प्रत्यय, ये आगे होनेपर, पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.-वच्छाओ वच्छत्तो। 'संयोगे' (१.२.४०) सूत्रानुसार, दीर्घ होनेपरभी (वच्छत्तोमें) ह्रस्व होता है; तथापि यहाँ उसका ग्रहण करनेका कारण (यहाँ) एत्व (होने) का बाध हो। ङसि कहनेपर, (दो और दु प्रत्यय) सिद्ध होते हुए भी, दो और दु इसका जो ग्रहण किया है वह भी एत्वको अपवाद हो इसलिए। उदा.— वच्छाउ वच्छाहिंतो वच्छाहि ॥ धणाओ धणत्तो धणाउ धणाहिंतो धणाहि ॥ गिरीओ गिरित्तो गिरीउ गिरीहिंतो गिरीहि। गोरिओ गोरित्तो गोरीउ गोरीहि ॥ दहीओ दहित्तो दहीउ दहीहिंतो दहीहि ॥ बुद्धीओ बुद्धित्तो बुद्धीउ बुद्धीहिंतो बुद्धीहि ॥ गामणीओ गामणित्तो गामणीउ गामणीहिंतो गामणीहि ॥ तरूओ तरुत्तो तरूउ तरूहिंतो तरूहि ॥ महूओ महुत्तो महूउ महूहिंतो महूहि। धेणूओ धेणुत्तो धेणूउ धेणूहिंतो धेणूहि ॥ वहूओ वहुत्तो वहूउ वहूहिंतो वहूहि ॥ ८ ॥

सोर्लुक् ॥ ९ ॥

संज्ञाके आगे होनेवाले सु का (यानी) प्रथमा एकवचन-प्रत्ययका लोप होता है। उदा.-हे देव। हे गंगे। हे गोरि। हे लच्छि। हे गामणि। हे वहु ॥ ९ ॥

ङसोऽस्त्रियां सर् ॥ १० ॥

ङस् को (यानी) षष्ठी एकवचन प्रत्ययको स आदेश होता है; किंतु वह अस्त्रियां यानी स्त्रीलिंग शब्दकेबारेमें नहीं होता। (सूत्रके सर् में) र् इत् होनेसे, (स का) द्वित्व होता है। उदा.—वच्छस्स। धणस्स। गिरिस्स। दहिस्स। गामणिस्स। तरुस्स। महुस्स। स्त्रीलिंग-शब्दोंमें नहीं होता, ऐसा क्यों कहा है? (कारण स्त्रीलिंगशब्दोंको स्स प्रत्यय नहीं लगता)। उदा.—गंगाए। गोरीए। धेणूए। वहूए ॥ १० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ङेर्मिर् ॥ ११ ॥

स्त्रीलिंगमें न होनेवाली संज्ञाके आगे सप्तमी एकवचन प्रत्ययको मिर् ऐसा आदेश होता है। (मिर् में) र् इत् होनेसे, (मि का) द्वित्व होता है। उदा.—वच्छम्मि। घणम्मि। गिरिम्मि। दहिम्मि। तरुम्मि। महुम्मि। स्त्रीलिंगमें न होनेवाले (संज्ञाके आगेही म्मि आदेश होता है; स्त्रीलिंग-शब्दके आगे नहीं)। उदा.-मालाए। बुद्धीए। धेणूए। वहूए ॥११॥

अतो डो विसर्गः ॥ १२ ॥

अकारान्त (शब्दों) के आगे विसर्गका डित् ओकार होता है। उदा.—सर्वतः सव्वओ। पुरतः पुरओ। अग्रतः अग्गओ। इसी प्रकार सिद्धावस्थामेंसे शब्दोंकी अपेक्षासे। उदा.—भवतः भवओ। भवन्तः भवन्तो। सन्तः सन्तो। कुतः कुओ ॥ १२ ॥

सोः ॥ १३ ॥

(इस सूत्रमें २.२.१२ से) अतः पदकी अनुवृत्ति है। (शब्दोंके अन्त्य) अकारके आगे सु (प्रथमा एकवचन) प्रत्ययके स्थानपर डो (डित् ओ) होता है। उदा.—वच्छो। देवो ॥ १३ ॥

वैतत्तदः ॥ १४ ॥

अकारान्त एतद् और तद् (सर्वनामों) के आगे सु का डो (डित् ओ) विकल्पसे होता है। उदा.—एसो एस। सो स ॥ १४ ॥

ङसेः श्लुक् ॥ १५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.१४ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। (शब्दोंके अन्त्य) अकारके आगे ङसि (पंचमी ए. व.) प्रत्ययका श्लुक् विकल्पसे होता है। (श्लुक में) श इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ होता है। उदा.—वच्छा। घणा। विकल्पपक्षमें-वच्छाहिंतो वच्छत्तो वच्छाओ वच्छाउ वच्छाहि ॥ १५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ङेर्ङे ॥ १६ ॥

(शब्दोंके अन्त्य) अकारके आगे सप्तमी एकवचनका डित् ए विकल्पसे होता है। उदा.—वच्छे। धणे। विकल्पपक्षमें—वच्छम्मि। धणम्मि. ॥ १६ ॥

ङसिसो हि ॥ १७ ॥

(शब्दोंके अन्त्य) अकारके आगे ङसिस्को यानी पंचमीको हि ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.—वच्छाहि। धणाहि। म्यस् प्रत्ययके पूर्व (अन्त्य अकारका) ए होनेपर—वच्छेहि। धणेहि। विकल्प-पक्षमें—हिंतो, त्तो, दो, दु, ये (आदेश होतेही हैं) ॥ १७ ॥

टो डेणल् ॥ १८ ॥

(शब्दोंके अन्त्य) अकारके आगे टा—(तृतीया एक) वचनको डित् एण ऐसा आदेश होता है। (सूत्रके डेणल्में) ल् इत् होनेसे, (यह आदेश) नित्य होता है। उदा.—वच्छेण। धणेण। (क्त्वासुपोस्तु सुणात्। १.१.४३ सूत्रानुसार) अनुस्वार आनेपर—वच्छेणं। धणेणं। (ऐसे रूप होंगे) ॥ १८ ॥

दिर्वा म्यसि ॥ १९ ॥

(अबतक) अतः ऐसा जो पंचम्यन्त पद था (देखिए २.२.१२), वह (अब) षष्ठ्यन्त विभक्तिमें परिणत होता है। म्यस् का आदेश (आगे) होनेपर, अत् का दि यानी दीर्घ विकल्पसे होता है। उदा.—वच्छाहिंतो वच्छेहिंतो। वच्छासुंतो वच्छेसुंतो। वच्छाहि वच्छेहि। त्तो, दो, दु (ये आदेश आगे होनेपर), दीर्घ होताही है (सूत्र २.२.८ देखिए) ॥ १९ ॥

शस्येत् ॥ २० ॥

(शब्दोंके अन्त्य) अकारका शस् प्रत्यय आगे होनेपर, ए विकल्पसे होता है। उदा.-वच्छे वच्छा पेच्छ ॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भिस्भ्यस्सुपि ॥ २१ ॥

भिस्, भ्यस् और सुप् ये (प्रत्यय) आगे होनेपर, (शब्दोंके अन्त्य) अ का ए होता है। यह सूत्र (२.२.२० से) पृथक् कहा जानेसे, (यहाँका ए) नित्य होता है। उदा.-भिस् (आगे होनेपर)—वच्छेहिं। भ्यस् (आगे होनेपर)—बच्छेहिंतो वच्छेसुंतो। वच्छेहि। त्तो, दो, दु (प्रत्यय) आगे होनेपर, दी ही होता है। सुप् (आगे होनेपर)—वच्छेसु ॥ २१ ॥

इदुतोर्दिः ॥ २२ ॥

भिस्, भ्यस् और सुप् (ये प्रत्यय) आगे होनेपर, (शब्दोंके अन्त्य) इ और उ इनका दिः यानी दीर्घ होता है। उदा.-भिस् (आगे होनेपर)—गिरीहिं गिरीहि। इसी तरह- बुद्धीहिं। तरूहिं। धेणूहिं। महूहिं। भ्यस् (आगे होनेपर)—गिरीहिंतो। गिरीसुंतो। गिरीओ। गिरीउ। इसी तरह—बुद्धीओ। गामणीओ। तरूओ। महूओ आअअं। सुप (आगे होनेपर)—गिरीसु। दहीसु। गामणीसु। तरूसुं ठिअं। क्वचित् (ऐसा दीर्घ) नहीं होता। उदा.—दिअभूमिसु दाणजलद्दिआइं, द्विजभूमिषु दानजलार्द्रितानि। इ और उ इनका, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अकारके बारेमें ऐसा नहीं होता।) उदा.—वच्छेहि। वच्छेसुंतो। वच्छेसु ॥ २२ ॥

चतुरो वा ॥ २३ ॥

उकारान्त चतुर् शब्दके आगे भिस्, भ्यस्, सुप् (प्रत्यय) होनेपर, दीर्घ विकल्पसे होता है। उदा.—चउहि चऊहि। चउहिंतो चऊहिंतो। चउसु चऊसु ॥ २३ ॥

पुंसो जसो डउडओ ॥ २४ ॥

(अब) इदुतः (देखिए २.२.२२) पदका पंचम्यन्त परिणाम होता है। पुल्लिंग-शब्दोंमेंसे (अन्त्य) इ और उ इनके आगे आनेवाले जस् (प्रत्यय) को डित् अउ और अओ ऐसे ये (आदेश) विकल्पसे होते हैं। उदा.—अग्गउ अग्गओ। वाअउ वाअओ। विकल्पपक्षमें—अग्गी अग्गिणो। वाऊ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाउणो। पुल्लिंग-शब्दोंमें, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्यलिंग शब्दोंमें ऐसा नहीं होता)। उदा.—बुद्धीइ। दहीइ। इ और उ इनके आगेही (ऐसे आदेश होते हैं; अकारान्त शब्दके आगे नहीं)। उदा.—वच्छा ॥ २४ ॥

डवो उतः ॥ २५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.२४ से) पुंसः और जसः पद (अध्याहृत) हैं। पुल्लिंग-शब्दमेंसे (अन्त्य) उ के आगे आनेवाले जस् (प्रत्यय) को डित् अवो ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.—वाअवो। विकल्पपक्षमें—वाअओ वाऊ वाउणो। (अन्त्य) उ के आगे, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अकारान्त पुल्लिंगशब्दोंमें ऐसा नहीं होता)। उदा.—वच्छा। पुल्लिंग-शब्दमें, ऐसा क्यों कहा है? (कारण उकारान्त स्त्रीलिंगशब्दमें ऐसा नहीं होता)। उदा.—धेणूउ। वहूउ ॥ २५ ॥

णो शसश्च ॥ २६ ॥

(यह सूत्र) पृथक् कहा जानेसे, इत् और उत् इन दोनोंका ग्रहण यहाँ होता है। (शब्दोंके अन्त्य) इत् और उत् इनके आगे आनेवाले जस् (प्रत्यय) को और शस् (प्रत्यय)को णो ऐसा आदेश होता है। उदा.—गिरिणो तरुणो चिट्ठन्ति पेच्छ वा। विकल्पपक्षमें—गिरी। तरू ॥ (इकारान्त और उकारान्त शब्द) पुल्लिंगमें होनेपरही, ऐसा आदेश होता है; (अन्य लिंगमें होनेपर, ऐसा आदेश नहीं होता)। उदा.—बुद्धी। धेणू। दहीइं। महूइं ॥ २६ ॥

नृनपि ङसिङसोः ॥ २७ ॥

पुल्लिंग और नपुंसकलिंग (शब्दों)में (अन्त्य स्थानपर) होनेवाले इ और उ इनके आगे आनेवाले ङसि और ङस् (प्रत्ययों)को णो ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.-गिरिणो तरुणो आगओ विआरो वा। विकल्प-पक्षमें-ङसि (आगे होनेपर)—गिरीओ। तरूओ। दहीओ। महूओ। ङस् (आगे होनेपर) —गिरिस्स। तरुस्स। दहिस्स। महुस्स। नृनपि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यानी पुल्लिंगमें और नपुंसकलिंगमें (इकारान्त और उकारान्त शब्द) होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण ऐसे स्त्रीलिंगशब्दोंमें यह आदेश नहीं होता)। उदा.-बुद्धीए। धेणूए। ङसि और ङस् (प्रत्ययों) को, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य विभक्तिप्रत्ययोंको ऐसा आदेश नहीं होता।) उदा.-रिद्धी।समिद्धी। दिट्ठं। इ और उ इनके आगे ही ऐसा आदेश होता है (अन्य स्वरोंके आगे नहीं)। उदा.-कमले। कमलस्स ॥ २७ ॥

टो णा ॥ २८ ॥

पुल्लिंग और नपुंसकलिंग (शब्दों)में (अन्त्य) होनेवाले इ और उ इनके आगे टा-(तृतीया एक)वचनका णा होता है। उदा.-गिरिणा। दहिणा। गामणिणा। तरुणा। महुणा। खलपुणा। नृनपि यानी पुल्लिंग और नपुंसकलिंग (शब्दों) मेंही ऐसा होता है (अन्यथा नहीं)। उदा.— बुद्धीए। धेणूए। इ और उ इनके आगेही ऐसा होता है (अन्य स्वरोंके आगे नहीं)। उदा.-कमलेण ॥ २८ ॥

श्लुगनपि सोः ॥ २९ ॥

(शब्दोंके अन्त्य) इ और उ इनके आगे आनेवाले सु (प्रत्यय) का शानुबंध लोप होता है। अनपि यानी (इकारान्त और उकारान्त) नपुंसकलिंग (शब्दों) में (ऐसा लोप) नहीं होता। उदा.-गिरी। बुद्धी। तरू। धेणू। नपुंसकलिंग-(शब्द) में (लोप) नहीं होता, ऐसा क्यों कहा है? (कारण वहाँके रूप ऐसे)-दहिं। महुं ॥ २९ ॥

मङ्लुगसंबुद्धेर्नपः ॥ ३० ॥

(अब) इदुतः पदकी निवृत्ति हुई। नपः यानी नपुंसकलिंग (शब्द) के आगे आनेवाले सु (प्रत्यय) का मकार और ङानुबंध लोप होते हैं; आमंत्रण (संबोधन) इस अर्थमें (होनेवाले सु का ऐसा) नहीं होता। उदा.-वणं। दहिं। महुं। पर दहि, महु ये रूप मात्र सिद्धावस्थाकी अपेक्षासे हैं। बहुलका अधिकार होनेसे, अकारान्त शब्दके आगे लोप नहीं होता॥३०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्निर्शिशिङ् जश्शसोः ॥ ३१ ॥

(इस सूत्रमें २.२.३० से) नपः पदकी अनुवृत्ति है। नपुंसकलिंग-शब्दके आगे आनेवाले जस् और शस् इन प्रत्ययोंको श् अनुबंध होनेवाले श्नि, र्शि और शिङ् ऐसे तीन आदेश प्राप्त होते हैं। शकार दीर्घके लिए है। ङकार सानुनासिक उच्चारके लिए है। उदा.-वणाणि वणाइं वणाँइ। गुणाणि गुणाइं गुणाँइ चिट्ठन्ति पेच्छ वा। इसी तरह दहि, महु, बिन्दु, इत्यादि शब्दोंके बारेमें। नपुंसकलिंग (शब्द) के आगेही ऐसे आदेश होते हैं (अन्यथा नहीं)। उदा.-वच्छा ॥ ३१ ॥

शोशु स्त्रियां तु ॥ ३२ ॥

(इस सूत्रमें २.२.३१ से) जस् और शस् पद (अध्याहृत) हैं। स्त्रीलिंगमें होनेवाले संज्ञाके आगे जस् और शस् ये (प्रत्यय) शित् ओ और उ विकल्पसे होते हैं। (श् इत् होनेसे, पूर्व स्वर दीर्घ होता है)। उदा.-मालाओ मालाउ। बुद्धीओ बुद्धीउ। इसी तरह सही, घेणु, वहू, इत्यादि शब्दोंके बारेमें। विकल्पपक्षमें-माला। बुद्धी। सही। घेणू। वहू। स्त्रीलिंगमें (होनेवाले), ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य लिंगमें ऐसा नहीं होता)। उदा.—वच्छा। जस् और शस्, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इतर प्रत्ययोंके ऐसे विकार नहीं होते)। उदा.-मालाए कअं ॥ ३२ ॥

आदीतः सोश्च ॥ ३३ ॥

(इस सूत्रमें २.२.३२ से) स्त्रियां पदकी अनुवृत्ति है। स्त्रीलिंगमें होनेवाले ईकारान्त संज्ञाके आगे सु (प्रत्यय)का तथा सूत्रमेंसे चकारके कारण जस् और शस् (प्रत्ययों) का आ विकल्पसे होता है। उदा.-एसा हसन्तीआ। जस् और शस्-गोरीआ रोहन्ति पेच्छ वा। विकल्पपक्षमें—हसन्तीओ। गोरीओ ॥ ३३ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ङसेः शशाशिशे ॥ ३४ ॥

स्त्रीलिंगमें होनेवाली संज्ञाके आगे ङसि प्रत्ययको शित् अ, आ, इ और ए ऐसे चार आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.-मालाअ मालाइ मालाए। गोरीअ गोरीआ गोरीइ गोरीए। इसी तरह धेणु, वहू इनके बारेमें। विकल्पपक्षमें-मालाहिंतो। मालत्तो। मालाओ। मालाउ। इसी तरह बुद्धीहिंतो, इत्यादि ॥ ३४ ॥

टाङिङसाम् ॥ ३५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.३४ से) शशाशिशे पदकी अनुवृत्ति है। स्त्रीलिंगमें (होनेवाली) संज्ञाके आगे टा, ङि और ङस् इन प्रत्ययों) के स्थानपर शित् अ, आ, इ और ए ऐसे ये आदेश होते हैं। यह सूत्र (२.२.३४ से) पृथक् कहा जानेसे, (ये आदेश) नित्य होते हैं। उदा.-जाआअ जाआइ जाआए कअं ठिअं मुहं वा। (आगे) क-प्रत्यय होनेपर—जाइआअ जाइआइ जाइआए। बुद्धिआअ बुद्धिआआ बुद्धिआइ बुद्धिआए। (आगे) क-प्रत्यय न होनेपर-बुद्धीअ बुद्धीआ बुद्धीइ बुद्धीए कअं ठिअं वअणं वा। स्त्रीलिंगमें (होनेवाली), ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य लिंगमें ऐसे आदेश नहीं होते)। उदा.—वच्छेण। वच्छम्मि। वच्छस्स ॥ ३५ ॥

नातः शा ॥ ३६ ॥

स्त्रीलिंगमें होनेवाली संज्ञाके आगे टा, ङि और ङस् इन (प्रत्ययों)का प्राप्त हुआ शा यानी शित् आकार, वह आकारान्त (स्त्रीलिंग) संज्ञाके आगे नहीं आता। उदा.—मालाअ मालाइ मालाए कअं ठिअं मुहं वा ॥ ३६ ॥

पुंसोऽजातेर्ङीब्वा ॥ ३७ ॥

जातिवाचक न होनेवाले पुल्लिंग-शब्दोंके आगे स्त्रीलिंगमें आनेवाला ङीप् प्रत्यय विकल्पसे आता है। उदा.—नीली नीला। काली काला। हसमाणी हसमाणा। सुप्पणही सुप्पणहा। इमीए इमाए। इमीणं इमाणं। एईए एआए। एईणं एआणं।—जातिवाचक न होनेवाला, ऐसा क्यों कहा है? (कारण जातिवाचक होनेपर, ङीप् प्रत्यय विकल्पसे नहीं आता।) उदा.-अआअ अआइ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अआए। (जहाँ यह प्रत्यय) प्राप्त नहीं होता, वहाँ यह विकल्पका नियम है; इसलिए गौरी, कुमारी, इत्यादि शब्दोंमें संस्कृतकी तरह (यह प्रत्यय) नित्य आता है ॥ ३७ ॥

ङीप्प्रत्यये ॥ ३८ ॥

(इस सूत्रमें २.२.३७ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। 'टिड्ढाणञ्' (पा. ४.१.१५) इत्यादि सूत्रानुसार, प्रत्यय–निमित्तसे जो ङीप् प्रत्यय कहा गया है, वह स्त्रीलिंगमें होनेवाली संज्ञाओंको विकल्पसे लगता है। उदा.–साहणी साधनी। कुरुअरी। विकल्पपक्षमें–विकल्पके सामर्थ्यसेही टाप् (प्रत्यय लगता है)। उदा.–साहणा। कुरुअरा ॥ ३८ ॥

हरिद्राच्छाये ॥ ३९ ॥

(हरिद्रा और छाया) इन शब्दोंमें ङीप् (प्रत्यय) विकल्पसे आता है। उदा.–हलदी हलदा। छाही छाहा ॥ ३९ ॥

किंयत्तदोऽस्वमामि सुपि ॥ ४० ॥

सु, अम् और आम् प्रत्ययोंको छोडकर, अन्य विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, किम्, यद् और तद् इन (सर्वनामों)के आगे स्त्रीलिंगमें ङीप् (प्रत्यय) विकल्पसे आता है। उदा.—कीओ काओ। कीए काए। कीसु कासु ॥ जीओ जाओ। जीए जाए। जीसु जासु ॥ तीओ ताओ। तीए ताए। तीसु तासु ॥ सु, अम्, आम् प्रत्ययोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इन प्रत्ययोंके पूर्व ङीप् विकल्पसे नहीं आता)। उदा.—का। जा। सा। कं। जं। तं। काणं। जाणं। ताणं ॥ ४० ॥

स्वसृगात् डाल् ॥ ४१ ॥

स्त्रीलिंगमें होनेवाले स्वसृ, इत्यादि शब्दोंके आगे डित् आ प्रत्यय आता है। (सूत्रके डाल्में) ल् इत् होनेसे, (यह प्रत्यय) नित्य आता है। उदा.–ससा। णणन्दा। दुहिआ। दुहिआहि। दुहिआसु ॥ ४१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

डोश्लुकौ तु संबुद्धेः ॥ ४२ ॥

'सोः' (२.२.१३) इस सूत्रसे प्राप्त हुआ डो, और 'श्लुगनपि सोः' (२.२.२९) इस सूत्रसे जो श्लुक् कहा गया, वे दोनों, संबुद्धि यानी आमंत्रण इस अर्थमें होनेवाले सु (=प्र. ए. व.) प्रत्ययके विकल्पसे होते हैं। उदा.—हे देव, हे देवो। हे अज्ज, हे अज्जो। श्लुक् (का उदाहरण)। हे हरि, हे हरी। हे गुरु, हे गुरू। हे बुद्धि, हे बुद्धी। हे वहु, हे वहू। जाइविसुद्धेण पहू, जातिविशुद्धेन प्रभो। संबोधनके अर्थमें होनेवाले, ऐसा क्यों कहा है? (कारण आमंत्रणके अर्थमें जब अव्ययोंका उपयोग होता है (देखिए २.१.५९), तब अगला प्रकार होता है)—दे कासवा। दे गोअरा। रे रे पिलिआ। रे रे णिग्घणिआ ॥४२॥

ऋदन्ताड्डः ॥ ४३ ॥

(इस सूत्रमें २.२.४२ से) संबुद्धेः पदकी अनुवृत्ति है। (ऱ्हस्व) ऋकारान्त संज्ञाके आगे संबोधन (प्रत्यय) का डित् अ विकल्पसे होता है। उदा.—हे पितः हे पिअ। हे दातः हे दाअ ॥ ४३ ॥

नाम्नि डरम् ॥ ४४ ॥

नामवाचक यानी संज्ञावाचक (ऱ्हस्व) ऋकारान्त शब्दोंके आगे संबोधन (प्रत्य को डित् अरं ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.-हे पितः हे पिअरं। विकल्पपक्षमें—हे पिअ। नाम (संज्ञा) वाचक, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्यत्र ऐसा नहीं होता)। उदा.-हे कत्तार ॥४४॥

टापो डे ॥४५॥

टाप् प्रत्ययसे अन्त होनेवाले शब्दोंके आगे संबोधन (प्रत्यय) का डित् ए विकल्पसे होता है। उदा.-हे माले। हे अज्जे। विकल्पपक्षमें-हे माला। हे अज्जु। इत्यादि। टाप् प्रत्ययसे अन्त होनेवाले, ऐसा क्यों कहा है?(कारण अन्यत्र ऐसा नहीं होता)। उदा.-हे पिउच्छा। हे माउच्छा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् ओ भी होता है। उदा.-अम्मो भणामि भणिए ॥ ४५ ॥

ह्रस्वलीदूतः ॥ ४६ ॥

संबोधनके निमित्तसे, (शब्दोंके अन्त्य) ई और ऊ लित् (=नित्य) ह्रस्व होते हैं। उदा.-हे णइ। हे लच्छि। हे वहु ॥ ४६ ॥

क्विपः ॥ ४७ ॥

अब संबुद्धेः पदकी निवृत्ति हो गई। क्विबन्त के रूपमें आनेवाले ई और ऊ इनका ह्रस्व होता है। उदा.-गामणिणा। खलपुणा। गामणिसुंतो। खलपुहिं ॥ ४७ ॥

उदृतां त्वस्वमामि ॥ ४८ ॥

अस्वमामि यानी सु, अम् और आम् प्रत्ययोंको छोडकर, अर्थात् अन्य विभक्ति-प्रत्यय आगे होनेपर, (ह्रस्व) ऋकारान्त शब्दोंमें (ऋ का) उ विकल्पसे होता है। उदा.-जस् प्रत्यय (आगे होनेपर)-भत्तू भत्तुणो भत्तओ भत्तउ। विकल्पपक्षमें—भतारा। शस् (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तू भत्तुणो। विकल्पपक्षमें-भतारा। टा (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तुणा। (विकल्पपक्षमें) भत्तारेण। भिस् (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तूहिं। विकल्पपक्षमें-भत्तारेहिं। ङसि (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तूहिंतो भत्तुत्तो भत्तूओ भत्तूउ भत्तूणो। विकल्पपक्षमें-भत्ताराहिंतो भत्तारत्तो भत्ताराउ भत्तारा भत्ताराहि। ङस् (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तुणो भत्तुस्स। विकल्पपक्षमें-भत्तारस्स। ङि (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तुम्मि। विकल्पपक्षमें-भत्तारे। सुप् (प्रत्यय आगे होनेपर)-भत्तूसु। विकल्पपक्षमें:-भत्तारेसु। (ऋतां यानी ऋदन्तानां यह) बहुवचन व्याप्ति दिखानेके लिए है; इसलिए (वाङ्मयमें) दिखाई देगा वैसा संज्ञाओंमें (अन्त्य ऋ का) उ विकल्पसे होता है। उदा.-जस्, शस्, ङसि, ङस् (प्रत्यय आगे होनेपर उ होता है)। उदा.-पिउणो। जामाउणो। टा-भाउणा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भिस्-पिऊहिं। सुप्-पिऊसु। विकल्पपक्षमें-पिआर, इत्यादि। सु, अम् और आम् प्रत्ययोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इन प्रत्ययोंके पूर्व ऋ का उ नहीं होता)। उदा.-सु-पिआ। अम्-पिअं। आम्-पिअराणं ॥ ४८ ॥

आरः सुपि ॥ ४९ ॥

(ऱ्हस्व) ऋकारान्त शब्दोंमें (अन्त्य ऋ को), विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, आर ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.-भत्तारो। भत्तारा। भत्तारं। भत्तारे। भत्तारेणं। भतारेहिं। इसीप्रकार अन्य शब्दोंके रूप उदाहरणके रूपमें लेना। लुप्त हुए विभक्तिकी अपेक्षासे 'भत्तारविहिअं' (ऐसा होता है) ॥ ४९ ॥

मातुरा अरा ॥ ५० ॥

मातृ शब्दमें (अन्त्य ऋ को) आ और अरा ऐसे आदेश होते हैं। उदा.-माआ माअरा। माआओ माअराओ। माआइ माअराइ। माअं माअरं। बहुलका अधिकार होनेसे, (मातृ शब्दका) माँ अर्थ होनेपर आ (आदेश होता है) और देवता अर्थ होनेपर, अरा (ऐसा आदेश होता है)। उदा.-माआए कुच्छिआए। णमो माअराणं। 'इदुन्मातुः' (१.२.८२) सूत्रानुसार (मातृ में ऋ का) उ होनेपर, माउणि (ऐसा होगा)। 'उद्दतां स्वस्वमामि' (२.२.४८) सूत्रानुसार (ऋ का) उ होनेपर, माऊण माऊए (ऐसे रूप होंगे)। संभत्तिअं वन्दे। सुप् प्रत्यय आगे होनेपरही (मातृमें ऋ को ऐसे आदेश होते हैं, अन्यथा नहीं)। उदा.-माइदेवो। माइगणो ॥ ५० ॥

संज्ञायामरः ॥ ५१ ॥

संज्ञावाचक ऋकारान्त शब्दोंके आगे विभक्ति प्रत्यय होनेपर, (ऋ को) अर ऐसा आदेश होता है। उदा.-पिअरा पिअरो। पिअरं। पिअरे। पिअरेण पिअरेहिं। जामाअरो जामाअरा। जामाअरं जामाअरे। जामाअरेण जामाअरेहिं ॥ ५१ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आ सौ वा ॥ ५२ ॥

ऋकारान्त शब्दोंके आगे सु (प्र. ए. व.) प्रत्यय होनेपर, (ऋ का) आ विकल्पसे होता है। उदा.-पिआ। माआ। जामाआ। भाआ। भत्ता। कत्ता। विकल्पपक्षमें-पिअरो। माअरो। जामाअरो। भाअरो। भत्तारो। कत्तारो ॥ ५२ ॥

राज्ञः ॥ ५३ ॥

(इस सूत्रमें २.२.५२ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। राजन् शब्दमें न् का लोप होनेपर, (राजन् मेंसे) अन्त्य वर्णके आगे सु (प्र. ए. व.) प्रत्यय होनेपर, (उस अन्त्य वर्णका) आ विकल्पसे होता है। उदा.-राआ। हे राआ। विकल्पपक्षमें आण ऐसा आदेश होनेपर-राआणो। हे राआणो। हे राअं, ऐसा शौरसेनीमें होता है ॥ ५३ ॥

टो णा ॥ ५४ ॥

(इस सूत्रमें २.२.५३ से) राज्ञः पदकी अनुवृत्ति है। राजन् शब्दके आगे आनेवाले टा (तृ. ए.) वचनको णा ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.-रइणा रण्णा। विकल्पपक्षमें-राएण कअं ॥ ५४ ॥

जश्शस्ङसिङसां णोश् ॥ ५५ ॥

राजन् शब्दके आगे, जस्, शस्, ङसि और ङस् इन प्रत्ययोंको शित् णो ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.-जस्-राआणो चिट्ठन्ति। विकल्पपक्षमें-राआ। शस्-राआणो पेच्छ। विकल्पपक्षमें-राआ। ङसि-राइणो रण्णो आअओ। विकल्पपक्षमें-राआहिंतो राअत्तो राआओ राआउ राआ राआहिं। ङस्-राइणो रण्णो धणं। विकल्पपक्षमें-राअस्स ॥ ५५ ॥

णोणाङिष्विदना जः ॥ ५६ ॥

णो और णा ये दो आदेश, तथा ङि (स. ए.) वचन (प्रत्यय) आगे होनेपर, राजन् शब्दसे संबंधित होनेवाले (=राजन्मेंसे) जकारका अन् के साथ इकार विकल्पसे होता है। उदा.—राइणो चिट्ठन्ति पेच्छ आअओ धणं वा। राइणा कअं। राइम्मि ठिअं। विकल्पपक्षमें-राआणो। रण्णा। राएण। राअम्मि ॥ ५६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इणममामा ॥ ५७ ॥

(इस सूत्रमें २.२.५६ से) अना जः इन पदोंकी अनुवृत्ति है। राजन् शब्दसे संबंध होनेवाले, अन् के सहित जकारको, अम् और आम् प्रत्ययोंके साथ, इणं ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–राइणं पेच्छ धणं वा। विकल्पपक्षमें–राअं। राआणं ॥ ५७ ॥

भिस्म्यसाम्सुप्स्वीत् ॥ ५८ ॥

भिस्, म्यस्, आम् और सुप् ये प्रत्यय आगे होनेपर, राजन् शब्दमें, अन् से सहित जकारका ईकार विकल्पसे होता है। उदा.–भिस्–राईहिं। म्यस्–राईहिंतो। राईसुंतो। राईहि। आम्–राईणं। सुप्–राईसु। विकल्पपक्षमें—राएहिं। इत्यादि ॥ ५८ ॥

ङस्ङसिटां णोणोर्डेण् ॥ ५९ ॥

ङस्, ङसि और टा-वचन प्रत्ययोंको जो णो और णा आदेश होते हैं, वे आगे होनेपर, राजन् शब्दमें अनसे सहित जकारको डित् अण् ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–रण्णो राइणो धणं आअओ वा। रण्णा राइणा कअं। ङस्, ङसि और टा (इन प्रत्ययोंके आदेश), ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य कुछ प्रत्ययोंके ऐसे आदेश होके भी, ऐसा नहीं होता)। उदा.–राआणो चिट्ठन्ते पेच्छ वा। (सूत्रमें) णोणो (णो और णा आगे होनेपर), ऐसा क्यों कहा है? (कारण ये आदेश न होनेपर, यहाँका वर्णान्तर नहीं होता)। उदा.–राअस्स। राअओ। राएण ॥ ५९ ॥

पुंस्याणो राजवच्चानः ॥ ६० ॥

पुल्लिंगमें होनेवाले (शब्दोंके अन्त्य) अन् के स्थानपर आण ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। विकल्पपक्षमें, (वाङ्मयमें) दिखाई देगा वैसा राजन् शब्दकी तरह कार्य होता है। आण आदेश होनेपर, सोः (२.२.१३) इत्यादि सूत्र लागू होते हैं। परंतु विकल्पपक्षमें, राजन् शब्दकी तरह, 'टो णा' (२.२.५४) 'जश्शस्ङसिङसां णोश्' (२.२.५५), 'इणममामा' (२.२.५७) ये सूत्र लागू होते हैं। उदा.–अप्पाणो अप्पाणा। अप्पाणं अप्पाणे। अप्पाणेण अप्पाणेहिं। अप्पाणाओ अप्पाणासुंतो। अप्पाणस्स अप्पाणाणं। अप्पाणम्मि अप्पाणेसु।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विकल्पपक्षमें राजन् शब्दकी तरह—अप्पा अप्पो। दे अप्पा दे अप्पो। अप्पाणो चिट्ठन्ति पेच्छ वा। अप्पणा अप्पेहिं। अप्पाहिंतो अप्पत्तो अप्पाओ अप्पाउ अप्पा अप्पाहि अप्पासुंतो आअओ। अप्पाणो अप्पाणं। अप्पम्मि अप्पेसु॥ राआणो राआणा। राआणं राआणं। राआणेण राआणेहिं। राआणासुंतो राआणाहिंतो। राआणस्स राआणाणं। राआणम्मि राआणेसु॥ विकल्पपक्षमें—राआ, इत्यादि। इसी प्रकार—युवन् जुवाणो जुवाणा जुवा॥ ब्रह्मन्—बम्हाणो बम्हा॥ अध्वन्—अद्धाणो अद्धा॥ उक्षन्—उच्छाणो उच्छा॥ ग्रावन्—गावाणो गावा॥ पूषन्—पूसाणो पूसा॥ तक्षन्—तक्खाणो तक्खा। मूर्धन्—मुद्धाणो मुद्धा। श्वन्—साणो सा। सुकर्मन्—सुकम्माणो सुकम्मा। पेच्छइ स वहं सुकम्माणो, पश्यति स कथं सुकर्मा॥ पुल्लिंगमें होनेवाले; ऐसा क्यों कहा है?(कारण नपुंसकलिंगमें ऐसा नहीं होता)। उदा.—शर्मन् सम्मं॥ ६०॥

टो वात्मनो णिआ णइआ ॥ ६१ ॥

आत्मन् शब्दके आगे होनेवाले टा-वचन (-प्रत्यय) को णिआ और णइआ ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। (सूत्रमें) पुनः 'वा' शब्दका ग्रहण होनेसे, अगले सूत्रोंमें विकल्प नहीं होता। उदा.—अप्पणिआ अप्पणइआ। विकल्पपक्षमें—अप्पाणेण अप्पेण॥ ६१॥

सर्वादेर्जसोऽतो डे ॥ ६२ ॥

अकारान्त सर्वादि (-सर्वनाम) के आगे जस् (प्रत्यय) का डित् ए होता है। उदा.—सव्वे। अण्णे। जे। ते। के। इअरे। अवरे। एए। अकारान्त (सर्वादि), ऐसा क्यों कहा है? (कारण सर्वादि शब्द अकारान्त न हों तो ऐसा आदेश नहीं होता।) उदा.—सव्वाओ॥ ६२॥

ङेस्त्थस्सिम्मि ॥ ६३ ॥

(इस सूत्रमें २.१.६२ से) सर्वादेः और अतः पदोंकी अनुवृत्ति है। अकारान्त सर्वादिके आगे ङि (स. ए. व. प्रत्यय) के स्थानपर त्थ, स्सि और म्मि ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.—सव्वत्थ सव्वस्सि सव्वम्मि। अण्णत्थ अण्णस्सि अण्णम्मि। इसी प्रकार सर्वत्र। अकारान्त (सर्वादिके आगे ही ऐसे आदेश होते हैं, अन्यथा नहीं)। उदा.—अमुम्मि॥ ६३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अनिदमेतदस्तु कियत्तदः स्त्रियां च हिं ॥ ६४ ॥

इदम् और एतद् इन् (शब्दों) को छोडकर, सर्वादिके आगे ङि को हिं ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। किम्, यद्, और तद् इनके बारेमें स्त्रीलिंगमेंभी (ऐसा आदेश होता है)। उदा.–सव्वहिं। अण्णहिं। जहिं। तहिं। कहिं। विकल्पपक्षमें–सव्वत्थ सव्वस्सि सव्वम्मि,इत्यादि। (सूत्रमें) स्त्रीलिंगमेंभी, ऐसा क्यों कहा है? (कारण) किम्, यद्, और तद् इनके स्त्रीलिंगमेंभी ऐसा आदेश आता है। उदा.–काहिं। जाहिं। ताहिं। बाहुलकत्वसेही 'कियत्तदोऽस्वामि सुपि (२.२.४०) सूत्रानुसार ङीप् विकल्पसे आता है। उदा.–काए कीए, इत्यादि। इदम् और एतद् इनको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण उनके बारेमें ऐसा आदेश नहीं होता)। उदा.–इमस्सि। अस्सि॥ ६४ ॥

आमां डेसिं ॥ ६५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.६४ से) तु पदकी अनुवृत्ति है। सर्वादिके आगे आम् प्रत्ययको ङित् एसिं ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–सव्वेसिं। अण्णेसिं। एसिं। इमेसिं। एएसिं। जेसिं। तेसिं। केसिं। विकल्पपक्षमें—सव्वाणं। अण्णाणं। इत्यादि। आमाम् ऐसा बहुवचन (सूत्रमें) प्रयुक्त किया जानेसे, स्त्रीलिंगके बारेमेंभी ऐसा आदेश होता हैं। उदा.–सर्वासाम् सव्वेसिं। इसी प्रकार–अण्णेसिं। जेसिं। तेसिं॥ ६५ ॥

किंतद्भ्यां सश् ॥ ६६ ॥

किम् और तद् इनके आगे आम् प्रत्ययका शित् सकार विकल्पसे होता है। उदा.–कास। तास। विकल्पपक्षमें—केसिं। तेसिं॥ ६६ ॥

किंयत्तद्भ्यो ङस् ॥ ६७ ॥

(इस सूत्रमें २.२.६६ से) सश् पदकी अनुवृत्ति है। किम्, यद् और तद् इनके आगे आनेवाल जो ङस् प्रत्यय, उसको सश् ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.–कास। जास। तास। विकल्पपक्षमें–कस्स। जस्स। तस्स। बहुलका अधिकार होनेसे, स्त्रीलिंगमेंभी किम्, यद्, और तद् इनके आगे (यह आदेश आता है)। उदा,–कस्याः कास। यस्याः जास। तस्याः तास। विकल्पपक्षमें-काए। जाए। ताए॥ ६७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ईतः सेसार् ॥ ६८ ॥

(इस सूत्रमें २.२.६७ से) ङस् पद (अध्याहृत) है। ईकारान्त किम्, यद् और तद् (=की, जी, ती) इनके आगे ङस् (प्रत्यय)को से और सार् (ऐसे आदेश) विकल्पसे होते हैं। सार् में र् इत् होनेसे, (सा का) द्वित्व होता है। उदा.–कीसे। किस्सा। विकल्पपक्षमें–कीअ। कीआ। कीइ। कीए॥ जीसे जिस्सा। (विकल्पपक्षमें)–जीअ। जीआ। जीइ। जीए॥ तीसे। तिस्सा। (विकल्पपक्षमें)–तीअ। तीआ। तीइ। तीए ॥ ६८ ॥

डिरिआ डाहे डाला काले ॥ ६९ ॥

काल कहना हो तो, किम्, यद् और तद् इनके आगे ङि को इआ ऐसा आदेश तथा डित् आहे और आला ऐसे (दो आदेश) विकल्पसे होते हैं। उदा.–कइआ काहे काला। जइआ जाहे जाला। तइआ ताहे ताला। ताला जाअन्ति गुणा जाला ते सहिअएहि घेप्पन्ति (विषमबाणलीला), तदा जायन्ते गुणाः यदा ते सहृदयैर्गृह्यन्ते। विकल्पपक्षमें-कहिं कत्थ कस्सि कम्मि, इत्यादि ॥ ६९ ॥

म्हा ङसेः ॥ ७० ॥

किम्, यद् और तद् इनके आगे ङसि को म्हा ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.—कम्हा। जम्हा। तम्हा। विकल्पपक्षमें—काओ। जाओ। ताओ ॥ ७० ॥

किमो डीस डिणो ॥ ७१ ॥

किम् के आगे ङसि को डित् ईस और इणो ऐसे दो आदेश होते हैं। उदा.–कीस किणो। विकल्पपक्षमें–कम्हा। काओ ॥ ७१ ॥

डो तदस्तु ॥ ७२ ॥

तद् के आगे ङसि को डित् ओ (ऐसा आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.–तो। (विकल्पपक्षमें—) तम्हा ॥ ७२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इदमेतत्किंयत्तद्भ्यष्टो डिणा ॥ ७३ ॥

(इदस्, एतद्, किम्, यद्, तद्) इन अकारान्त सर्वादि (शब्दों)के आगे टा-वचनको डित् इणा ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.-इमिणा इमेण। एदिणा एदेण। किणा केण। जिणा जेण। तिणा तेण ॥ ७३ ॥

क्वचित्सुपि तदो णः ॥ ७४ ॥

विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, तत् (सर्वनाम-) शब्दमें ण विकल्पसे होता है। क्वचित् लक्ष्यानुसार (ण आता है)। उदा.-णं पेच्छ, तं पश्य। स्त्रीलिंगमें-भी (ण आता है)। उदा.—हत्थुण्णामिअमुही भणइ णं तिअडा,हस्तोन्नामित-मुखी भणति तां त्रिजटा। णेण भणिअं, तेन भणितम्। णीए तया। णेहिं कअं, तैः कृतम्। णाहि कअं, ताभिः कृतम् ॥ ७४ ॥

त्रतसि च किमो ल्कः ॥ ७५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.७४ से) सुपि पदकी अनुवृत्ति है। किम् शब्दके आगे त्र, तस् और विभक्तिप्रत्यय होनेपर, किम का डित् (=नित्य) क होता है। उदा.-(सुप्)-को के। कं के। केण केहिं। त्र-कत्थ कस्सिं। तस्-कत्तो कदो ॥ ७५ ॥

इदम इमः ॥ ७६ ॥

विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, इदम् को इम ऐसा आदेश होता है। उदा.-इमो इमे। इमं इमे। इमेण इमाहिं। स्त्रीलिंगमें (इदम्भी को इम आदेश होता है)। उदा.-इमा ॥ ७६ ॥

पुंसि सुना त्वयं स्त्रियामिमिआ ॥ ७७ ॥

सु (प्रत्यय) के साथ इदम् को पुल्लिंगमें अयं ऐसा और स्त्रीलिंगमें इमिआ ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.-अयं कअकज्जो। इमिआ साणिअमाआ। विकल्पपक्षमें-इमो। इमा ॥ ७७ ॥

अत्सुस्सिहिस्से ॥ ७८ ॥

सुप्, ङिस, मि और ङस् इन प्रत्ययोंके सु, स्सि, हि और स्स ये आदेश आगे होनेपर, इदस् का अ विकल्पसे होता है। उदा.-एसु। अस्सि।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यहिं। अस्स। विकल्पपक्षमें-इमेसु। इमस्सिं। इमेहिं। इमाहिं। इमस्सा ॥ ७८ ॥

टासिसि णः ॥ ७९ ॥

टास् यानी तृतीया विभक्ति; अस् यानी द्वितीया विभक्ति; उन दोनों (के प्रत्यय) आगे होनेपर, इदम् के स्थानपर ण ऐसा आदेश विकल्पसे होता है। उदा.-णेण णेहि कअं। णं णे पेच्छ। विकल्पपक्षमें-इमेण इमेहिं। इमं इमे ॥ ७९ ॥

इहेणं ङ्यमः ॥ ८० ॥

ङि और अम् इन दो (प्रत्ययों) के साथ इदम के स्थानपर इह, इणं ऐसे ये (आदेश) क्रमसे विकल्पसे होते हैं। उदा.-ङि-इह। अम्-इणं। विकल्प-पक्षमें-इमस्सिं इमम्मि। इमं ॥ ८० ॥

न त्थः ॥ ८१ ॥

इदम् के आगे, 'ङेस्त्थस्सिंसम्मि' (२.२.६३) सूत्रानुसार प्राप्त होनेवाला ङि-वचनका त्थ, नहीं होता। उदा -इह। इमस्सिं। इमम्मि ॥ ८१ ॥

क्लीबे स्वमेदमिणमिणमो ॥ ८२ ॥

नपुंसकलिंगमें रहनेवाले इदम् को, सु और अम् प्रत्ययोंके साथ, इदं, इणं और इणमो ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.-इदं इणं इणमो चिट्ठइ-पेच्छ वा ॥ ८२ ॥

किं किं ॥ ८३ ॥

(इस सूत्रमें २.२.८२ से) क्लीबे और स्वम् ये पद (अध्याहृत) हैं। नपुंसकलिंगमें रहनेवाला किम् शब्द, सु और अम् प्रत्ययके साथ, किं ऐसाही होता है। उदा.-किं कुलं। किं भणसि ॥ ८३ ॥

तदिदमेतदां सेसिं तु ङसामा ॥ ८४ ॥

ङस् औ आम् इन प्रत्ययोंके साथ तद्, इदम् और एतद् इनके स्थान-पर यथाक्रम से और सिं ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.-तद्-से गुणा, तस्य गुणाः, तस्या वा। सिं उच्छाहा, तेषां उत्साहः, तासां वा। इदम्-से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शीलं, अस्य शीलं, अस्या वा । सिं गुणा, एषां गुणाः, आसां वा । एतद्-से हिअअं, एतस्य हृदयम्, एतस्या वा । सिं गुणा, एतेषां गुणाः, एतासां वा । विकल्पपक्षमें-तस्स । तेसिं । ताण ॥ इमस्स । इमेसिं । इमाण ॥ एअस्स । एएसिं । एआण ॥ तद् और एतद् इनके अम् प्रत्ययके साथ से और सिं ऐसे आदेश होते हैं, ऐसा कोई कहते हैं ॥ ८४ ॥

एत्तो एत्ताहे ङसिनैतदः ॥ ८५ ॥

(इस सूत्रमें २.२.८४ से) तु पदकी अनुवृत्ति है । ङसि प्रत्ययके साथ एतद् को एत्तो और एत्ताहे ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं । उदा.-एत्तो एत्ताहे आगओ । विकल्पपक्षमें-एआहिंतो एअत्तो एआओ एआहि एआउ एआ ८५॥

थे डेल् ॥ ८६ ॥

इ अनुबंध रखनेवाला थकार आगे होनेपर, एतद् के स्थानपर ड् और ल् अनुबंध रखनेवाला ए होता है । उदा.-एत्थ ॥ ८६ ॥

एतदो म्मावदितौ वा ॥ ८७ ॥

सप्तमी एकवचनका म्मि आदेश आगे होनेपर, एतद्में से एकारको अ और इ ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं । उदा.—अअम्मि इअम्मि । विकल्प-पक्षमें-एअम्मि ॥ ८७ ॥

सुनैस इणमो इणं ॥ ८८ ॥

सु प्रत्ययके साथ एतद् को एस, इणमो और इणं ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं । उदा.-एस सहाओ च्चिअ ससहरस्स, एष स्वभाव एव शशधरस्य । एस गई, एषा गतिः । सव्वस्स वि एस गई, सर्वस्याप्येषा गतिः । एस सरं, एतत्सरः । इणमो । इणं । विकल्पपक्षमें—एसा । एओ । एअं ॥ ८८ ॥

तस्सौ सोऽक्लीबे तदश्च ॥ ८९ ॥

तद् और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण एतद्, इनमेंसे तकारका, सु प्रत्यय आगे होनेपर, सकार होता है; अक्लीबे यानी नपुंसकलिंगमें ऐसा नहीं होता । उदा.-सो पुरिसो । सा महिला ॥ एसो पिओ । एसा पिआ । एसा मुद्धा ॥ सु प्रत्यय आगे होनेपरही (यह सकार होता है, अन्यथा नहीं) । उदा.-ते, एए

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चिट्ठन्ति । ताओ, एआओ महिलाओ ॥ नपुंसकलिंगमें नहीं, ऐसा क्यों कहा है ? (कारण नपुंसकलिंगमें आगे दिये रूप होते हैं)—तं, एअं वणं ॥ ८९ ॥

सुप्यदसो मुः ॥ ९० ॥

विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, अदस् के स्थानपर अमु ऐसा आदेश होता है । उदा.–अमू पुरिसो । अमुणो पुरिसा । अमुं वणं । अमूइं वणाइं । अमू महिला । अमूओ महिलाओ । टा–अमुणा । अमूहिं ॥ ङसि–अमूहिंतो अमूओ अमूहिं अमुउ अमुत्तो । भ्यस्–अमूहिंतो अमूसुतो । ङस–अमुणो अमुस्स । आम्-अमूणं । ङि–अमुम्मि । सुप्-अमूसु ॥ ९० ॥

अहद्वा सुना ॥ ९१ ॥

सु प्रत्ययके साथ अदस् को अहत् ऐसा आदेश विकल्पसे होता है । (अहत् में) तकार 'सिर्फ उतना ही' (तावन्मात्र) यह दिखानेके लिए है; इसलिए स्त्रीलिंगमें आ नहीं होता । उदा.–अह पुरिसो । अह महिला । अह वणं । अह णे हसइ हिअएण मारुअंतणओ, असावस्मान् हसति हृदयेन मारुततनयः । विकल्पपक्षमें–अमू पुरिसो । अमू महिला । अमुं वणं ॥ ९१ ॥

इआऔ म्मौ ॥ ९२ ॥

ङिवचनका म्मि आदेश आगे होनेपर, अदस् को इअ और अअ ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं । उदा.–इअम्मि । अअम्मि ॥ ९२ ॥

— द्वितीय अध्याय द्वितीय पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तृतीयः पादः

युष्मत्सुना तुवं तुं तुमं तुह ॥ १ ॥

सु प्रत्ययके साथ युष्मद् शब्दको तुवं, तुं, तुमं, तुह ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.–तुवं, तुं, तुमं तुह दिट्ठो सि ॥ १ ॥

अमा तुमं तुए च ॥ २ ॥

(इस सूत्रमें २.३.१ से) युष्मद् पदकी अनुवृत्ति है। अम् प्रत्ययके साथ युष्मद् शब्दके तुमे, तुए ऐसे (दो रूप), तथा (सूत्रमेंसे) चकारके कारण तुवं, इत्यादि चार रूप (२.३.१ से) होते हैं। उदा.–तुमे। तुए। (चकार)पक्षमें–तुवं तुं तुमं तुह वन्दामि। तं यह रूप, त्वां इस सिद्धावस्थामेंसे रूपमें व का लोप और ऱ्हस्व होकर, होगया है ॥ २ ॥

जसा भे तुब्भे तुय्हे उय्हे तुब्भ ॥ ३ ॥

जस् प्रत्ययके साथ युष्मद् शब्दको भे, तुब्भे, तुय्हे, उय्हे, तुब्भ ऐसे पाँच आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.–भे तुब्भे तुय्हे उय्हे तुब्भ चिट्ठइ। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) इस वचनानुसार, तुम्हे, तुज्झे, तुम्ह, तुज्झ, ऐसे (कुल) नौ रूप होते हैं ॥ ३ ॥

शसा वो च ॥ ४ ॥

शस् प्रत्ययके साथ युष्मद् शब्दको वो ऐसा (आदेश), और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण भे, इत्यादि (पाँच) आदेश (२.३.३. से) प्राप्त होते हैं। उदा.–वो भे तुब्भे तुय्हे उय्हे तुब्भ तुम्हे तुज्झे तुम्ह तुज्झ ऐसे (कुल) दस रूप होते हैं ॥ ४ ॥

टा भे ते दे दि तुमं तुमइ ॥ ५ ॥

टा-वचनके साथ युष्मद् शब्दको भे, ते, दे, दि, तुमं और तुमइ ऐसे छः आदेश प्राप्त होते हैं। भे ते दे दि तुमं तुमइ कअं ॥ ५ ॥

ङिटाभ्यां तुमए तुइ तुए तुमाइ तुमे ॥ ६ ॥

ङि और टा इन प्रत्ययोंके साथ युष्मद् शब्दको तुमए, तुइ, तुए, तुमाइ और तुमे ऐसे पाँच रूप होते हैं। उदा.—तुमए तुइ तुए तुमाइ तुमे ठिअं कअं वा ॥ ६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुब्भ तुहिंतो तुय्ह ङसिना ॥ ७ ॥

ङसि प्रत्ययके साथ युष्मद् शब्दको तुब्भ, तुहिंतो और तुय्ह ऐसे तीन रूप प्राप्त होते हैं। उदा.-तुब्भ तुहिंतो तुय्ह वा आगओ। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) इस वचनानुसार, तुम्ह, तुज्झ (रूप होते हैं)। एवं (कुल) पाँच रूप होते हैं ॥ ७ ॥

तु तुइ ङिप्ङसौ ॥ ८ ॥

ङिप् यानी सप्तमी विभक्ति; ङसि यानी पंचमी एकवचन; ये प्रत्यय आगे होनेपर, युष्मद् शब्दको यथाक्रम तु, तुइ ऐसे आदेश प्राप्त होते हैं। सप्तमी और ङसि इनमें यथाप्राप्त (प्रत्यय होते ही हैं)। पर सप्तमीमें मात्र-तुम्मि तुसु। ङसिमें-तुइ तुइत्तो तुईहिंतो तुईओ तुईउ आगओ ॥ ८ ॥

तुव तुम तुह तुब्भ ॥ ९ ॥

(इस सूत्रमें २.३.८ से) ङिप्ङसौ पदकी अनुवृत्ति है। ङिप् और ङसि आगे होनेपर, युष्मद् शब्दको तुव, तुम, तुह, और तुब्भ ऐसे चार रूप प्राप्त होते हैं। ङिप् और ङसि इनमें यथाप्राप्त (प्रत्यय होते ही हैं)। ङिप्में—तुवम्मि तुअम्मि तुहम्मि तुब्भम्मि। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) इस वचनानुसार, तुम्हम्मि तुज्झम्मि। सुप् में-तुवेसु तुमेसु तुहेसु तुब्भेसु तुम्हेसु तुज्झेसु ठिअं। 'क्त्वासुपो-तुमुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार, अनुस्वार प्राप्त होनेपर, तुवेसुं, इत्यादि रूप होते हैं। ङसिमें-तुवाहिंतो तुमाहिंतो तुहाहिंतो तुब्भाहिंतो। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) इस वचनानुसार, तुम्हाहिंतो तुज्झाहिंतो। इसीप्रकार-तुवत्तो तुमत्तो तुहत्तो तुब्भत्तो तुम्हत्तो तुज्झत्तो। इसीप्रकार दो, दु, हिंतो और सुंतो इन प्रत्ययोंमें उदाहरण लेना है। पर तत्तो रूप मात्र त्वत्तः शब्दमेंसे व का लोप होकर सिद्ध हुआ है ॥ ९ ॥

भिसा भेतुब्भेहुब्भेहुय्हेहितुय्हेहि ॥ १० ॥

भिस् प्रत्ययके साथ युष्मद्को भे, तुब्भेहि, उब्भेहि, उय्हेहि और तुय्हेहि ऐसे पाँच रूप प्राप्त होते हैं। उदा.-भे तुब्भेहि उब्भेहि उय्हेहि तुय्हेहि कअं। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.२.१४) वचनानुसार, तुम्हेहि तुज्झेहि उम्हेहि उज्झेहि (रूप होते हैं)। इसीतरह (कुल) नौ रूप होते है ॥ १० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उम्होय्हतुय्हतुब्भ भ्यसि ॥ ११ ॥

भ्यस् प्रत्यय आगे होनेपर, युष्मद्को उम्ह, उय्ह, तुय्ह, और तुब्भ ऐसे चार रूप प्राप्त होते हैं। भ्यस् के (प्रत्यय मात्र) यथाप्राप्त होते हैं। उदा.— उम्हाहिंतो उम्हाहिंतो तुय्हाहिंतो तुब्भाहिंतो आगओ। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.२.१४) इस वचनानुसार, तुम्हाहिंतो तुज्झाहिंतो (रूप होते हैं)। उम्हत्तो उय्हत्तो तुम्हत्तो तुब्भत्तो तुम्हत्तो तुज्झत्तो, इत्यादि। इसीतरह दो, दु, हिंतो और सुंतो प्रत्ययोंमेंभी उदाहरण लेना है ॥ ११ ॥

तुब्भोब्भोय्हतइतुहंतुहतुम्हंतुवतुमतुमेतुमाइतुमोदेतेदितितुइए ङसा ॥ १२ ॥

ङस् प्रत्ययके साथ युष्मद्को तुब्भ, उब्भ, उय्हं, तुइ, तुहं, तुह, तुम्हं, तुव, तुम, तुमे, तुमाइ, तुमो, दे, ते, दि, ति, तु, इ, और ए ऐसे अठारह आदेश होते हैं। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) इस वचनानुसार, तुम्ह, तुज्झ, उम्ह, उज्झ; ऐसे (कुल) बाईस रूप होते हैं ॥ १२ ॥

तुम्हाणतुब्भंतुब्भाणतुमाणतुवाणतुहाणतुब्भवोभे त्वामा ॥ १३ ॥

आम् प्रत्ययके साथ युष्मद्को तुम्हाण, तुब्भं, तुब्भाण, तुमाण, तुवाणं, तुहाण, तुब्भ, वो, भे और त्वा ऐसे दस आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-तुम्हाणं तुब्भं। 'वा ब्भो म्हज्झौ' (२.३.१४) वचनानुसार, तुम्हं, तुज्झं; तुब्भाणं तुम्हाण तुज्झाण तुब्भ तुम्ह तुज्झ वो भे त्वा। 'क्त्वासुपोस्तु सुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार, अनुस्वार प्राप्त होनेपर, तुम्हाणं, तुब्भाणं, तुज्झाणं, तुमाणं, तुवाणं, तुहाणं। एवं (कुल) तेईस रूप होते है ॥ १३ ॥

वा ब्भो म्हज्झौ ॥ १४ ॥

युष्मद् के आदेशोंसे संबंधित रहनेवाले द्विरुक्त भकारको (=ब्भ को) म्ह और ज्झ ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। इसके उदाहरण योग्य स्थानपर (२.३.३, ७, ९, १३ देखिए) दियेही हैं ॥ १४ ॥

अस्मत्सुना अम्हिहमहअमहमहम्यम्मि ॥ १५ ॥

सु के यानी प्रथमा एकवचन (प्रत्यय)के साथ अस्मद् शब्दको अम्हि, हं, अहअं, अहं, अहम्मि और अम्मि ऐसे छः आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.— अम्मि करेमि, अहं करोमि। तेण हं दिट्ठो, तेनाहं दृष्टः। अहअं जप्पामि,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अहं जल्पामि। अहं गमिस्सं, अहं गमिष्यामि। अज्ज अहम्मि हासिआ, अद्याहं हासिता। न अम्मि कुविआ, नाहं कुपिता॥ १५॥

मो भे वअं जसा॥ १६॥

(इस सूत्रमें २.३.१५ से) अस्मद् पदकी अनुवृत्ति है। जस् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको मो, भे, और वअं ऐसे तीन आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-मो भणामो, इत्यादि॥ १६॥

अम्हे अम्हो अम्ह॥ १७॥

जस् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको अम्हे, अम्हो और अम्ह ऐसे तीन आदेश प्राप्त होते हैं। यह सूत्र (२.३.१६ से) स्वतंत्र रूपसे कहनेका कारण यह है कि उसका उपयोग अगले सूत्रमें हो। उदा.-अम्हे, इत्यादि॥ १७॥

णे च शसा॥ १८॥

शस् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको णे ऐसा (आदेश), और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण अम्हे, इत्यादि (२.३.१७ मेंसे) तीन आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-णे अम्हे पेच्छ, इत्यादि॥ १८॥

मं णे णं मि मिमं ममम्मि अहं मम्हाम्ह अमा॥ १९॥

अम् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको मं, णे, णं, मि, मिमं, ममं, अम्मि, अहं, मम्ह, अम्ह ऐसे दस आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-मं पेच्छ, इत्यादि॥ १९॥

मि मइ ममाइ मए मे ङिटा॥ २०॥

ङिवचन और टावचन इनके साथ अस्मद् शब्दको मि, मइ, ममाइ, मए, मे ऐसे पाँच आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-मि ठिअं कअं वा, इत्यादि॥ २०॥

ममं णे मआइ ममए टा॥ २१॥

टावचन के साथ अस्मद् शब्दको ममं, णे, मआइ और ममए ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-ममं कअं, इत्यादि॥ २१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

णेऽम्हेह्यम्हाह्यम्हेऽम्ह भिसा ॥ २२ ॥

भिस् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको णे, अम्हेहि, अम्हाहि, अम्हे और अम्ह ऐसे पाँच आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-णे कअं, इत्यादि ॥ २२ ॥

मइ मम मह मज्झ ङसौ ॥ २३ ॥

ङसि यानी पंचमी एकवचन प्रत्यय आगे होनेपर, अस्मद् शब्दको मइ मम, मह, मज्झ ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। ङसिके (प्रत्यय) यथाप्राप्त होतेही हैं। उदा.-मईहिंतो मइत्तो मईओ मईउ। इसीप्रकार-ममाहिंतो ममत्तो ममाउ ममाहि ममा। इसीतरह-महाहिंतो महत्तो मज्झाहिंतो मज्झत्तो, इत्यादि ॥ २३ ॥

अम्ह मम भ्यसि ॥ २४ ॥

भ्यस् यानी पंचमी बहुवचन प्रत्यय आगे होनेपर, अस्मद् शब्दको अम्ह और मम ऐसे दो आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-अम्हाहिंतो अम्हेहिंतो अम्हत्तो अम्हाओ अम्हाउ अम्हासुंतो अम्हेसुंतो अम्हाहिं अम्हेहिं। ममाहिंतो ममेहिंतो ममत्तो ममाओ ममाउ ममासुंतो ममाहि ॥ २४ ॥

अम्हं मज्झं मज्झ मइ मह महं मे च ङसा ॥ २५ ॥

ङस् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको अम्हं, मज्झं, मज्झ, मइ, मह, महं, मे, ऐसे सात आदेश, और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण (२.३.२४ मेंसे) अम्ह और मम (ये दो आदेश) प्राप्त होते हैं। उदा.-अम्हं, इत्यादि ॥ २५ ॥

अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण मज्झाम्हाम्हं णे णो आमा ॥ २६ ॥

आम् प्रत्ययके साथ अस्मद् शब्दको अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण, मज्झाण, मज्झ, अम्ह, अम्हं णे और णो ऐसे ग्यारह आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-अम्हे कणं, इत्यादि। 'वत्वासुपोरनु सुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार अनुस्वार प्राप्त होनेपर, अम्हाणं (ममाणं, महाणं, मज्झाणं)। इसीतरह (कुल) पंद्रह रूप होते हैं ॥ २६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अम्ह मम मज्झ मह ङिपि ॥ २७ ॥

सप्तमी विभक्ति (के प्रत्यय) आगे होनेपर, अस्मद् शब्दको अम्ह, मम मज्झ, मह ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। ङिप् के प्रत्यय यथाप्राप्तही होते हैं। उदा.-ङिमें-अम्हम्मि ममम्मि मज्झम्मि महम्मि। सुप्में-अम्हेसु ममेसु मज्झेसु महेसु। (इस प्रत्ययके पूर्व अन्त्य अ का) ए विकल्पसे होता है, इस मतानुसार-अम्हसु ममसु मज्झसु महसु। कुछके मतानुसार, (इस प्रत्ययके पूर्व अन्त्य अ का) आ होता है। उदा.-अम्हासु ममासु मज्झासु महासु। 'क्त्वासुपोस्तु सुणात्' (१.१.४३) सूत्रानुसार, अनुस्वार प्राप्त होनेपर—अम्हेसुं ममेसुं मज्झेसुं महेसुं। अम्हसुं ममसुं मज्झसुं महसुं। अम्हासुं ममासुं मज्झासुं महासुं। इसीप्रकार (कुल) अठारह रूप होते है ॥ २७ ॥

चतुरो जश्शस्भ्यां चउरो चत्तारो चत्तारि ॥ २८ ॥

जस् और शस् प्रत्ययोंके साथ चतुर् शब्दको चउरो, चत्तारो, चत्तारि ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.-चउरो चत्तारो चत्तारि चिट्ठन्ति पेच्छ वा ॥ २८ ॥

तिण्णि त्रेः ॥ २९ ॥

(इस सूत्रमें २.३.२८ से) जश्शस्भ्याम् पद (अध्याहृत) है। जस् और शस प्रत्ययोंके साथ त्रि शब्दको तिण्णि ऐसा आदेश होता है।उदा.-तिण्णि पुरिसा महिला वणाणि वा चिट्ठन्ति पेच्छ वा ॥ २९ ॥

दोण्णि दुवे बेण्णि द्वे ॥ ३० ॥

जस् और शस् प्रत्ययोंके साथ द्वि शब्दको दोण्णि, दुवे, बेण्णि ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.-दोण्णि दुवे बेण्णि महिला चिट्ठन्ति पेच्छ वा। 'संयोगे' (१.२.४०) सूत्रानुसार ह्रस्व होनेपर, दुण्णि, बिण्णि (ऐसे रूप होते हैं) ॥ ३० ॥

दो बे टादौ च ॥ ३१ ॥

(इस सूत्रमें २.३.३० से) द्वेः पद (अध्याहृत) है। टादि यानी तृतीया, इत्यादिके विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, द्वि शब्दको दो और बे ऐसे आदेश होते हैं। (सूत्रमेंसे) चकारके कारण, जस् और शस् प्रत्ययोंके सहित (द्वि को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एस आदेश होते है)। उदा.–दोहिं बेहिं कअं। दोहिंतो बेहिंतो आगओ। दोण्णं बेण्णं धणं। दोसु बेसु ठिअं। जस् और शस् प्रत्ययोंके साथ—दो बे ठिआ पेच्छ वा ॥ ३१ ॥

ति त्रेः ॥ २२ ॥

(इस सूत्रमें २.३.३१ से) टादौ पदकी अनुवृत्ति है। टादौ यानी तृतीया, इत्यादि विभक्तिप्रत्यय आगे होनेपर, त्रि शब्दको ति ऐसा आदेश होता है। उदा.-तिहिं कअं, त्रिभिः कृतं तिसृभिः वा। तिहिंतो आगओ, त्रिभ्यः तिसृभ्यो वा आगतः। तिण्णं धणं, त्रयाणां तिसृणां वा धनम्। तिसु ठिअं, त्रिषु तिसृषु वा स्थितम् ॥ ३२ ॥

ण्ह ण्हं संख्याया आमोऽविंशतिगे ॥ ३३ ॥

अविंशतिगे यानी विंशति-गणमेंसे शब्दोंको छोडकर, (अन्य) संख्यावाचक शब्दोंके आगे आम् प्रत्ययको ण्ह, ण्हं ऐसे आदेश होते हैं। उदा.–दोण्ह तिण्ह। दोण्हं तिण्हं। चउण्ह चउण्हं। पंचण्ह पंचण्हं। छण्ह छण्हं। सत्तण्ह सत्तण्हं। अट्ठण्ह अट्ठण्हं। नवण्ह नवण्हं। दसण्ह दसण्हं। पण्णारहण्ह पण्णारहण्हं। अट्ठारहण्ह अट्ठारहण्हं। कइण्ह कइण्हं, कतीनाम्। विंशतिगणमेंसे शब्दोंको छोडकर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण उन्हें ये प्रत्यय नहीं लगते)। उदा.-वीसाणं। तिसाणं ॥ ३३ ॥

द्विवचनस्य बहुवचनम् ॥ ३४ ॥

सु, इत्यादि सब विभक्ति और तिङ् इत्यादिमें द्विवचनके स्थानपर बहुवचन (अनेकवचन) आता है। उदा.-दोण्णि कुणन्ति, द्वौ कुरुतः। दोहि। दोसुंतो। दोण्हं। दोसु ॥ दो पाआ, द्वौ पादौ। दोण्णि हत्था, द्वौ हस्तौ। दुवे णअणा, द्वे नयने। बेण्णि कण्णा, द्वौ कर्णौ ॥ ३४ ॥

ङेसो ङम् ॥ ३५ ॥

ङेस् यानी चतुर्थी विभक्ति; ङम् यानी षष्ठी विभक्ति। ङेस् के स्थानपर ङम् आती है। उदा.-मुणिस्स, मुणीणं भोअणं देहि। णमो देवस्स, देवाणं ॥ ३५ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तादर्थ्ये ङेस्तु ॥ ३६ ॥

तादर्थ्य (उसके, अमुकके) के लिए कही हुई ङेः यानी चतुर्थी एकवचनके स्थानपर ङम् यानी षष्ठी विभक्ति विकल्पसे आती है। उदा.-देवस्स, देवाअ, देवार्थम् ऐसा अर्थ। ङेः, ऐसा क्यों कहा है ? (कारण)-देवाणं ॥ ३६ ॥

वधाङाइ च ॥ ३७ ॥

(इस सूत्रमें २.३.३६ से) तु पदकी अनुवृत्ति है। वध शब्दके आगे आनेवाले ङे यानी चतुर्थी एकवचनके स्थानपर ङित् आइ ऐसा आदेश, तथा षष्ठी और चतुर्थी (एकवचन प्रत्यय) आते हैं। उदा.-वहाइ वहस्स वहाअ (यानी) वधके लिए ऐसा अर्थ ॥ ३७ ॥

क्वचिदसादेः ॥ ३८ ॥

अस् यानी द्वितीया विभक्ति। अस् इत्यादि विभक्तियोंके स्थानपर क्वचित् षष्ठी विभक्ति आती है। उदा.-सीमंधरस्स वन्दे, सीमंधरं वन्दे। तिस्सा मुहस्स भरिमो, तस्या मुखं स्मरामः। यहाँ द्वितीयाके स्थानपर (षष्ठी आई है)। धणस्स लद्धं, धनेन लब्धम्। तेसिमेसमणाइण्णं, तैरेतद् अनाचीर्णम्। यहाँ तृतीयाके स्थानपर (षष्ठी आगयी है)। चोरस्स बीहइ, चोराद् बिभेति। इमाण पाअन्तसहिआण इअराइं लहुअक्खराइं ति, एभ्यः पादान्तसहितेभ्य इतराणि लघ्वक्षराणि। यहाँ पंचमीके स्थानपर (षष्ठी आई है)। वणसिरिपट्ठीएँ कबरि व्व, वनश्रीपृष्ठे कबरीव। यहाँ सप्तमीके स्थानपर (षष्ठी आगयी है) ॥ ३८ ॥

अस्टासोर्ङिप् ॥ ३९ ॥

अस् यानी द्वितीया विभक्ति; टास् यानी तृतीया विभक्ति; उन दोनोंके स्थानपर ङिप् यानी सप्तमी विभक्ति क्वचित् विकल्पसे आती है। उदा.-गामे वहामि, णअरे णआमि, ग्रामं वहामि, नगरं नयामि। यहाँ द्वितीयाके स्थानपर (सप्तमी हुई है)। तेसुं अलंकिआ पुहवी, तैरलंकृता पृथिवी। यहाँ तृतीयाके स्थानपर (सप्तमी विभक्ति आई है) ॥ ३९ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ङसिसष्टाश्च ॥ ४० ॥

ङसिस् के यानी पंचमी विभक्तिके स्थानपर टास् यानी तृतीया विभक्ति, और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण सप्तमी विभक्ति क्वचित् आती है। उदा.-चोरेण बीहइ, चोराद् बिभेति। अंतेउरे रमिअ आगओ, अन्तः-पुरात् रन्त्वा आगतः ॥ ४० ॥

ङिपोऽस् ॥ ४१ ॥

ङिप् के यानी सप्तमी विभक्तिके स्थानपर अम् यानी द्वितीया विभक्ति क्वचित् आती है। उदा.-विज्जुज्जोअं भरइ रइं, विद्युद्द्योते स्मरति रतिम् ॥ ४१ ॥

लुक् क्यङोर्यस्य तु ॥ ४२ ॥

क्यङ् से अन्त होनेवाले शब्दके द्विवचनके आगे और क्यष्से अन्त होनेवाले शब्दसे संबंधित होनेवाले य का लोप विकल्पसे होता है। उदा.-क्यङ्-गुरूअइ गुरूइ (यानी) अगुरुर्गुरुर्भवति या गुरुरिवाचरति। क्यष्-धमधमाअइ धमधमाइ। लोहिआअइ लोहिआइ ॥ ४२ ॥

—द्वितीय अध्याय तृतीय पाद समाप्त—

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चतुर्थः पादः

लटस्तिप्ताविजेच् ॥ १ ॥

लट् यानी वर्तमानकाल; तत्संबंधी प्रथमपुरुषके एकवचनमें होनेवाले, परस्मैपद और आत्मनेपदमें ऐसे कहे, जो तिप् और तङ् ऐसे ये (दो प्रत्यय होते हैं), उनको प्रत्येकको इच् और एच् ऐसे ये (आदेश) होते हैं। (इच् और एच् मेंसे दो) चकार 'हुरचिति' (३.१.५) सूत्रानुसार, विशेषणार्थमें होते हैं। उदा.-हसइ हसए। रमइ रमए ॥ १ ॥

सिप्थास्सेसि ॥ २ ॥

(इस सूत्रमें २.४.१ से) लटः पदकी अनुवृत्ति है। परस्मैपद और आत्मनेपद इनमेंसे मध्यम पुरुषके एकवचनमें होनेवाले जो सिप् और थास् ये (दो प्रत्यय होते हैं) उनको प्रत्येकको से और मि ऐसे ये (दो आदेश) विकल्पसे होते हैं। उदा.-हससे हससि। रमसे रमसि ॥ २ ॥

मिर्मिवित्रौ ॥ ३ ॥

वर्तमानकालके परस्मैपद और आत्मनेपद इनके उत्तमपुरुषके एकवचनमें होनेवाले जो मिप् और इट् ऐसे (दो प्रत्यय होते हैं), उनको प्रत्येकको मि होता है। उदा.-हसामि। रमामि। और बहुलका अधिकार होनेसे, मिप् और इट् इनके आदेशके रूपमें आनेवाले मि-में इ का लोप होता है। उदा.-बहु वण्णिउं न सक्कं, बहु वर्णितुं न शक्नोमि। न मरं, न म्रिये ॥ ३ ॥

झिझौ न्ति न्ते इरे ॥ ४ ॥

वर्तमानकालमें प्रथमपुरुषके बहुवचनमें होनेवाले झि और झ ये (जो दो प्रत्यय हैं) उनको प्रत्येकको न्ति, न्ते, इरे ऐसे तीन आदेश होते हैं। उदा.-हसन्ति हसन्ते। रमन्ति रमन्ते। हसिज्जन्ति हसिज्जन्ते।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रमिज्जन्ति रमिज्जन्ते। गज्जन्ते खे मेहा। उप्पज्जन्ते कइहिअअसाअरे कव्वरअणाइं। दोण्णि वि ण पहुप्पिरे बाहू, द्वावपि न प्रभवतः बाहू। क्वचित् एकवचनमेंभी इरे (प्रत्यय होता है)। उदा.-सूसइरे तांण तारिसो कण्ठो, शुष्यति तासां तादृशः कण्ठः ॥ ४ ॥

थध्वमित्थाहचौ ॥ ५ ॥

वर्तमानकालमें मध्यमपुरुषके बहुवचनमें होनेवाले थ और ध्वम् ऐसे ये (जो दो प्रत्यय हैं), उनको प्रत्येकको, इत्था और हचू ऐसे आदेश प्राप्त होते है। उदा.-हसित्था हसह। रमित्था रमह। बहुलका अधिकार होनेसे इतरत्रभी (यानी अन्य पुरुषोंमेंभी) इत्था (आदेश दिखाई देता है)। उदा.-जं जं ते रोइत्था, यद्यत्ते रोचते। हच् मेंसे चकार 'इहहचोः' (३.२.५) सूत्रानुसार विशेषणार्थमें है ॥ ५ ॥

मो म मु मस्महिङ् ॥ ६ ॥

वर्तमानकालमें उत्तमपुरुषके बहुवचनमें होनेवाले मस् और महिङ् ऐसे ये (जो दो प्रत्यय हैं), उनको प्रत्येकको मो, म, मु ऐसे तीन आदेश प्राप्त होते हैं। उदा.-हसामो हसाम हसामु। रमामो रमाम रमामु ॥ ६ ॥

अत एवैच् से ॥ ७ ॥

वर्तमानकालमें प्रथमपुरुषके एकवचनमें जो एच् (प्रत्यय) और मध्यम-पुरुषके एकवचनमें कहा हुआ जो से(प्रत्यय),वे दोनों अकारान्त (धातुओं) के आगेही आते हैं, अन्य स्वरान्त धातुओंके आगे नहीं आते। उदा.—हसए हससे। तुवरए तुवरसे। करए करसे। अकारान्तके आगे आते हैं, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य स्वरान्त धातुओंके आगे ये प्रत्यय नहीं आते)। उदा.-ठाइ ठासि। वसुआइ वसुआसि। होइ होसि ॥ ७ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वस्तेर्म्हम्होम्हि ममोमिना ॥ ८ ॥

अस् धातुके स्थानपर, म, मो और मि इनके सह यथाक्रम म्ह, म्हो और म्हि ऐसे आदेश विकल्पसे होते हैं। उदा.-गअ म्ह गअ म्हो गअ म्हि, गताः स्मः। एस म्हि एषोऽस्मि। (२.४.६ में कहे हुए) मुकारका यहाँ ग्रहण न होनेसे, उसका प्रयोग नहीं होता, ऐसा निश्चित होता है। विकल्पपक्षमें-अत्थि अम्हे। अत्थि अहं ॥ ८ ॥

सिना लिस ॥ ९ ॥

(इस सूत्रमें २.४.८ से) अस्तेः पदकी अनुवृत्ति है। सि के साथ यानी मध्यमपुरुषके एकवचनके आदेशके साथ, अस् धातुको सि ऐसा आदेश लित् (=नित्य) होता है। उदा.-णिट्ठुरो जं सि, निष्ठुरो यदसि। सि के साथ, ऐसा क्यों कहा है? (कारण) से आदेश होनेपर-अत्थि तुमं, ऐसा होता है ॥ ९ ॥

तिङात्थि ॥ १० ॥

अस् धातुको तिङ् यानी तिप्, इत्यादिके साथ अत्थि ऐसा आदेश होता है। उदा.-अत्थि सो। अत्थि ते। अत्थि तुमं। अत्थि तुम्हे। अत्थि अहं। अत्थि अम्हे ॥ १० ॥

णिजदेदावावे ॥ ११ ॥

धातुको प्रेरणार्थमें कहा हुआ जो णिच् प्रत्यय, उसको अ,ए,आव, आवे ऐसे चार आदेश प्राप्त होते हैं। (अत्, एत् मेंसे) तकार तावन्मात्रत्व दिखानेके लिए है। उदा.-अत्-दरिसइ। एत्- कारेइ। आव- कारावइ। आवे-कारावेइ ॥ हासावइ हासइ हासावेइ हासेइ। उवसमावइ उवसमेइ। बहुलका अधिकार होनेसे, क्वचित् ए (प्रत्यय लगता) नहीं। उदा.-जाणइ जाणावइ जाणावेइ। क्वचित् आवे (प्रत्यय लगता) नहीं। उदा.-धावइ धावेइ धावावइ ॥ ११ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुष्यादेरविर्वा ।। १२ ।।

(इस सूत्रमें २.४.११ से) णिच् पदकी अनुवृत्ति हैं। शुष्, इत्यादिके आगे आनेवाले णिच् को अवि ऐसा (आदेश) विकल्पसे होता है। उदा.-शोषितं सोसाविअं सोसिअं। तोषितं तोसाविअं तोसिअं ।।१२।।

भ्रमेराडः ।। १३ ॥

भ्रम् धातुके आगे णिच् (प्रत्यय) आड ऐसा विकल्पसे होता हैं। उदा.-भमाडइ। विकल्पपक्षमें-भामइ भामेइ भमावइ भमावेइ ॥ १३ ॥

लुगाविल् भावकर्मक्ते ॥ १४ ॥

भाव (और) कर्म के लिए कहा हुआ प्रत्यय तथा क्त-प्रत्यय आगे होनेपर, णिच् प्रत्ययको लुक् और आवि ऐसे आदेश होते हैं। (सूत्रमेंसे लुगाविल् में) ल् इत् होनेसे, यहाँ विकल्प नहीं होता। उदा.-भाव और कर्म (प्रत्यय आगे होनेपर)-कारिअइ काराविअइ कारिज्जइ काराविज्जइ। हासिअइ हासाविअइ हासिज्जइ हासाविज्जइ। क्त प्रत्यय आगे होनेपर—कारिअं काराविअं। हासिअं हासाविअं। खामिअं खामाविअं ।। १४ ।।

अदेल्लुक्यात्खोरतः ॥ १५ ॥

णिच् प्रत्ययके स्थानपर आनेवाले ऐसे कहे हुए जो अत्, एत् और लुक्, वे आगे होनेपर, (धातुमेंसे) खु यानी आद्य अत् का यानी अकारका आत् (आकार) होता है। उदा.-अत्-पाडइ। मारइ। एत्—कारेइ। मारेइ। खामेइ। लुक्-कारिअइ कारिज्जइ। खामिअइ खामिज्जइ। अत्, एत् और लुक् आगे होनेपर, ऐसा क्यों कहा है? (कारण अन्य आदेश आगे होनेपर)-काराविअं कारिअं। काराविअइ काराविज्जइ। खु (आद्य अ)का, ऐसा क्यों कहा है? (कारण इसीप्रकार) संगामेइ, यहाँ व्यवहित (अ का आ) न हो। कारिअं, यहाँ अन्त्य (अ का आ) न हो। अत् का, ऐसा क्यों कहा है? (कारण-) आसेइ। आवे और आवि प्रत्यय आगे होनेपरभी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आद्य अ का आ होता है, ऐसा कोई कहते हैं। उदा.-कारवेइ। हासाविओ जणो सामलंगीए।। १५।।

तु मौ ॥ १६ ।।

(इस सूत्रमें २.४.१५ से) अतः और आत् इन पदोंकी अनुवृत्ति है। अकारान्त धातुके आगे, मि यानी वर्तमानकालीन उत्तमपुरुषके एकवचनका आदेश आगे होनेपर, (अन्त्य अ का) आ विकल्पसे होता है। उदा.-हसामि हसमि। जाणामि जाणमि। लिहामि लिहमि। अकारान्त धातुके आगेही ऐसा होता है (अन्य स्वरान्त धातुके आगे नहीं)। उदा.-होमि।।१६।।

मोमसुष्विच्च।। १७।।

(इस सूत्रमें २.४.१६ से) तु पदकी अनुवृत्ति है। अकारान्त धातुके आगे, मो, मु और म ऐसे ये (प्रत्यय) आगे होनेपर, (अन्त्य) अ का इ, और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण आ विकल्पसे होते हैं। उदा.-भणिमो भणामो। भणिम भणाम। भणिमु भणामु। विकल्पपक्षमें-भणमो भणम भणमु। 'वा लड्लोट्छतृषु' (२.४.२०) सूत्रानुसार, विकल्पसे (अ का) ए होनेपर-भणेमो भणेम भणेमु। अकारान्त धातुके आगेही ऐसा होता है (अन्य स्वरान्त धातुके आगे नहीं)। उदा.-होमो ॥ १७ ॥

क्ते ।। १८ ।।

(इस सूत्रमें २.४.१७ से) इत् पदकी अनुवृत्ति है। क्तप्रत्यय आगे होनेपर, (धातुके अन्त्य) अ का इ होता है। उदा.-हसिअं। पढिअं। नमिअं। हासिअं। पाढिअं। नामिअं। ण्अं, गअं, इत्यादि रूप मात्र उनके सिद्धावस्थाकी अपेक्षासे होते हैं। (धातुमेंसे अन्त्य) अकाही (इ होता है; इतर अन्त्य स्वरोंका नहीं)। उदा.-हूअं। हूअं ॥ १८ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एच्च क्त्वातुंतव्यभविष्यति ।। १९ ।।

क्त्वा, तुम् और तव्य (ये प्रत्यय) तथा भविष्यकालका ऐसा कहा हुआ प्रत्यय, ये आगे होनेपर, (धातुके अन्त्य) अ का ए, और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण इ होते है। उदा.-क्त्वा-हसेऊण हसिऊण। तुम्-हसेउं। तव्य—हसेअव्वं हसिअव्वं। भविष्यकालका प्रत्यय-हसेहिइ हसिहिइ। (धातुमेंसे अन्त्य) अकेही (इ अथवा ए होते है; अन्य अन्त्य स्वरोंके नहीं) उदा.-जाऊण। काऊण ।। १९ ।।

वा लट्लोट्छतृषु ।। २० ।।

(इस सूत्रमें २.४.१९ से) एत् पदकी अनुवृत्ति है। लट् यानी वर्तमानकाल; लोट् यानी पंचमी (=आज्ञार्थ); इन दोनोंके प्रत्यय, तथा शतृ प्रत्यय आगे होनेपर, (धातुमेंसे अन्त्य) अ का ए विकल्पसे होता है।उदा.-लट्-हसेइ हसइ। हसेम हसिम। लोट्-हसेउ हसउ। सुणेउ सुणउ। शतृ-हसेन्तो। क्वचित् (धातुमेंसे अन्त्य अ का) ए नहीं होता। उदा.-जअइ। क्वचित् (धातुके अन्त्य अ का) आ होता है। उदा.-सुणाइ ।। २० ।।

ज्जा ज्जे ।। २१ ।।

ज्जा और ज्ज प्रत्यय आगे होनेपर, (धातुमेंसे अन्त्य) अ का ए होता है। उदा.-हसेज्जा हसेज्ज। (धातुमेंसे अन्त्य) अकाही (ए होता है, अन्य अन्त्य स्वरोंका नहीं)। उदा.-होज्जा होज्ज ।। २१ ।।

भूतार्थस्य सी हीअ ही ।। २२ ।।

भूतार्थमें यानी भूतकालके अर्थमें कहे हुए जो अनद्यतन, इत्यादि (भूतकालके) प्रत्यय (यानी सूत्रमेंसे भूतार्थ यानी लुङ्, लङ् और लिट् इन तीन भूतकालोंके प्रत्यय), उनके स्थानपर सी, हीअ और ही ऐसे तीन आदेश होते है। अगले (२.४.२३) सूत्रमें 'हल ईअ' ऐसा विधान होनेसे, यह विधि (नियम) स्वरान्त धातुकोही लगता है। उदा.-कासी काहीअ काही, अकार्षीत् अकरोत् चकार वा। इसीप्रकार-ठासी ठाहीअ ठाही ।। २२ ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हल ईअ ।। २३ ।।

(इस सूत्रमें २.४.२२) से) भूतार्थस्य पदकी अनुवृत्ति है। हलन्त (व्यंजनान्त) धातुके आगे आनेवाले भूतार्थके यानी लुङ्, इत्यादिके प्रत्ययोंके स्थानपर ईअ ऐसा आदेश होता है। उदा.-भुवीअ, अभूत्, अभवत, बभूव वा। इसीतरह-आसीअ, आसिष्ट आस्त आसांचक्रे वा। गहीअ, अग्रहीत् अगृह्णात् जग्राह वा।। २३ ।।

अहेस्यासी तेनास्तेः ।। २४ ।।

(सूत्रमेंसे) तेन यानी भूतार्थके प्रत्ययोंके साथ, अस् धातुको अहेसि और आसि ऐसे आदेश होते हैं। उदा.-अहेसि सो तुमं अहं वा। जे अहेसि, ये आसन्। इसीप्रकार-आसि ।। २४ ।।

भविष्यति हिरादिः ।। २५ ।।

भविष्यदर्थमें कहे हुए प्रत्यय आगे होनेपर, उसके पूर्व हि ऐसा प्रयुक्त करें। उदा.-होहिइ, भविष्यति भविता वा। होहिन्ति। होहिसि होहित्था। होहिम। हसिहिइ। काहिइ ।। २५ ।।

हा र्सा मिमोमुमे वा ।। २६ ।।

(इस सूत्रमें २.४.२५ से) भविष्यति और आदिः पदोंकी अनुवृत्ति है। भविष्यत्यर्थमें, उत्तमपुरुषके आदेश आगे होनेपर, उनके पूर्व हा और र्सा विकल्पसे प्रयुक्त करें। [र्सामें र् इत् होनेसे, सा का द्वित्व (=स्सा) होता है]। विकल्पपक्षमें-हि भी (प्रयुक्त करें)। उदा.-होहामि होस्सामि। होहामो होस्सामो। होहामु होस्सामु। होहाम होस्साम। होहिमो होहिमु होहिमि होहिम। क्वचित् हा नहीं होता। उदा.-हसिहिमो हसिस्सामो। हसिहिमु हसिस्सामु। हसिहिम हसिस्साम ।। २६ ।।

हिस्सा हित्था मुमोमस्य ।। २७ ।।

(इस सूत्रमें २.४.२६ से) वा पदकी अनुवृत्ति है। भविष्यकालमें मु, मो और म इनके स्थानपर हिस्सा और हित्था ये धातुके आगे विकल्पसे

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रयुक्त करें। उदा.-होहिस्सा होहित्था। विकल्पपक्षमें-होहिमु होहिमो होहिम। क्वचित् वैसा नहीं होता। उदा.-होस्सामो, इत्यादि ।। २७ ।।

डच्छ दृशिगम इजादौ हिलुक्च वा ।। २८ ॥

अपभ्रंशमें संयोगमें अनंतर रहनेवाले रेफका लुक् यानी लोप विकल्पसे होता है। उदा.-पिउ प्रिउ प्रियः। जइ केवँइ पावीसु पिउ [४] ॥ ५ ॥

विकल्पपक्षमें—

जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि मज्झु प्रिएण।
अह भग्गा अम्हहंतणा तो तें मारिअडेण ॥ ७ ॥ (=हे. ३७९.२)
(यदि भग्नाः परकीयास्ततः सखि मम प्रियेण।
अथ भग्ना अस्मदीयास्ततस्तेन मारितेन ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हे सखी, यदि शत्रुओंका पराभव हुआ होगा तो मेरे प्रियसे; यदि हमारे पक्षवालोंका पराभव हुआ होगा, तो उसके (मेरे प्रियकरके) मारे जानेपर ॥

क्वचिदभूतोऽपि ॥ ६ ॥

अपभ्रंशमें क्वचित् (जहाँ मूल शब्दमें) रेफ नहीं है (वहाँभी) रेफ आता है। उदा.-व्रासु व्यासः ॥ ६ ॥

व्रासु महारिसि एँउँ भणइ जइ सुइसत्थु पमाणु।
मायहँ चलण नवंताहं दिवेँ दिवेँ गंगाण्हाणु ॥ ८ ॥ (=हे. ३९९.१)
(व्यासो महर्षिरेतद् भणति यदि श्रुतिशास्त्रं प्रमाणम्।
मातॄणां चरणौ नमतां दिवा दिवा गंगास्नानम् ॥)

व्यास महर्षि ऐसा कहते हैं—यदि वेद और शास्त्र प्रमाण हो, तो माताओंके चरणोंको नमन करनेवालोंको प्रतिदिन गंगास्नान होता है।

(सूत्रमें) क्वचित्, ऐसा क्यों कहा है? (कारण कभी ऐसा रेफ नहीं आता)। उदा.-वासेण वि भारहखंभि बद्धु, व्यासेनापि भारतस्तम्भे बद्धम् (=हे. ३९९)।

व्यासनेभी भारतस्तंभमें कहा है।

विपदापत्संपदि द इ ॥ ७ ॥

अपभ्रंशमें विपद्, आपद् और संपद् शब्दोंमें दकारका इकार होता है। उदा.-विवइ। आवइ। संपइ। प्रायःका अधिकार होनेसे, (कभी ऐसा वर्णान्तर नहीं होता)। उदा.-गुणहिँ न संपय कित्ति पर [४५] ॥ ७ ॥

कथं यथा तथा डिहडिधडिमडेमास्थादेः ॥ ८ ॥

अपभ्रंशमें कथं, यथा, तथा इन शब्दोंमें थादि-अवयवको इह, इध, इम, एम ऐसे ये चार डित् आदेश होते हैं। उदा.-किह किध किम केम, कथम्। जिह जिध जिम जेम, यथा। तिह तिध तिम तेम, तथा ॥ ८ ॥

बिंबाहरि तणु रअणवणु किह ठिउ सिरिआणंद।
निरुवमरसु पिएं पिअवि जणु सेसहों दिण्णी मुद्द ॥९॥ (=हे. ४०१.३)
(बिम्बाधरे तनू रत्नव्रणः कथं स्थितः श्रियानन्द।
निरुपमरसं प्रियेण पीत्वेव शेषस्य दत्ता मुद्रा ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हे श्रीआनंद, (सुंदरीके) बिंबाधरपर छोटासा दंतव्रण कैसा स्थित है? मानो प्रियकरने उत्कृष्ट रस पीकर अवशिष्टपर मुद्रा दे दी है ॥

केम समप्पउ दुद्दठु दिणु किध रअणी छुडु होइ।
णवबहुदंसणलालसउ वहइ मणोरह सो इ ॥ १० ॥ (=हे. ४०१.१)
(कथं समाप्यतां दुष्टं दिनं कथं रजनी क्षिप्रं भवति।
नववधूदर्शनलालसो वहति मनोरथान् सोऽपि ॥)

दुष्ट दिवस कैसे समाप्त हो! रात कैसे शीघ्र आए! (अपनी) नव वधूको देखनेकी इच्छा रखनेवाला वह भी ऐसे मनोरथ करता है।

ओ गोरीमुहणिज्जिअउ वद्दलि लुक्कु मिअंकु।
अन्नु वि जो परिहविअतणु सो किम भमइ निसंकु ॥११॥ (=हे.४०१.२)
(अहो गौरीमुखनिर्जितो मेघेषु निलीनो मृगाङ्कः।
अन्योऽपि यः परिभूततनुः स कथं भ्रमति निःशंकम् ॥)

अहो, सुंदरीके मुखसे पराजित हुआ चंद्र बादलोंमें छिप गया है। जिसका शरीर पराभूत हुआ है ऐसा दूसरा कोईभी निःशंकभावसे कैसे घूम सकता है?

भण सहि निहुअउँ तेम मइँ जइ पिउ दिट्ठु सदोसु।
जेम ण जाणइ मज्झु मणु पक्खावडिअं तासु ॥ १२ ॥ (=हे. ४०१.४)
(भण सखि निभृतं तथा मां यदि प्रियो दृष्टः सदोषः।
यथा न जानाति मम मनः पक्षपाति तस्य ॥)

हे सखी, मेरा प्रियकर यदि (मुझसे) सदोष होगा तो तू वह बात छिपकर (चुराकर) इस प्रकार मुझे बता कि जिससे, उसमें पक्षपाती रहनेवाला मेरा मन न जाने।

जिम जिम वंकिम लोअणहं णिरु साँवलि सिक्खेइ।
तिम तिम वम्महु णिअअ सर खरपत्थरि तिक्खेइ ॥१३॥ (=हे. ३४४.१)
(यथा यथा वक्रिमाणं लोचनयोर्नितरां श्यामला शिक्षते।
तथा तथा मन्मथो निजान् शरान् खरप्रस्तरे तीक्ष्णयति ॥)

जैसे जैसे साँवरी नयनोंके बाँकापन सीखती है, तैसे तैसे मदन कठिन पत्थरपर अपने बाणोंको तीक्ष्ण करता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मइँ जाणिउँ पिअविरहिअहं क वि धर होइ विआलि ।
णवर मिअंकु वि तिह तवइ जिह दिणयरु खयगालि ॥१४॥ (=हे. ३७७.१)

(मया ज्ञातं प्रियविरहितानां कापि धरा भवति विकाले ।
केवलं मृगाङ्कोऽपि तथा तपति यथा दिनकरः क्षयकाले ॥)

मैं समझ रही थी कि प्रियसे विरही जनोंको संध्यासमयमें कुछ आधार (धरा–अवलंबन, दुःखनिवृत्ति) मिलता है। पर प्रलयकालमें जितना सूर्य उतना (इस समय) चंद्रमी ताप देता है।

इसीप्रकार जिव और तिध इनके उदाहरण जानें।

दादेर्डेहो यादृक्तादृक्कीदृगीदृशाम् ॥ ९ ॥

अपभ्रंशमें यादृक्, इत्यादि शब्दोंके द-आदि अवयवको डित् एह ऐसा आदेश होता है। ड् इत् होनेसे, सर्वत्र टि का लोप होता है ॥ ९ ॥ उदा.–

मइं भणिअउ बलिराउ तुहुँ केहउ मग्गणु एहु ।
जेहु तेहु नवि होइ वढ सइँ नारायणु एहु ॥ १५ ॥ (=हे. ४०२.१)

(मया भणितो बलिराज त्वं कीदृक् मार्गण ईदृक् ।
यादृक् तादृक् न भवति मूढ स्वयं नारायण एषः ॥)

(शुक्राचार्य कहते हैं)–हे बलिराज, किस प्रकारका यह याचक है, वह मैंने तुझसे कहा था। रे मूर्ख, यह जैसा-तैसा कोई नहीं है, (केवल) स्वयं नारायण है।

डइसोऽताम् ॥ १० ॥

अपभ्रंशमें यादृश, इत्यादि अकारान्त अर्थात् यादृश, तादृश, कीदृश ईदृश ऐसे रूपोंके द-आदि-अवयवको डित् अइस ऐसा आदेश होता है। उदा.—
जइसु। तइसु। कइसु। अइसु ॥ १० ॥

यावत्तावत्युंमहिंमा वादेः ॥ ११ ॥

अपभ्रंशमें यावत् और तावत् इन अव्ययोंके वकारादि अवयवको उं, महिं, म ऐसे तीन आदेश होते हैं ॥ ११ ॥ उदा.–

तिलहँ तिलत्तणु ताउँ पर जाउँ न नेह गलंति ।
नेहि पणट्ठइ ते ज्जि तिल तिल फिट्टवि खल होंति ॥१६॥ (=हे. ४०६.२)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(तिलानां तिलत्वं तावत्परं यावन्न स्नेहा गलन्ति।
स्नेहे प्रनष्टे त एव तिलास्तिला भ्रष्ट्वा खला भवन्ति॥)

जबतक तैल निकाला नहीं है तबतक तिलोंका तिलत्व है। तैलके निकल जानेपर वे तिल, तिल न रहकर खल (खली, दुष्ट) हो जाते हैं।

जाम विसमी कज्जगइ जीवहँ मज्झे एइ।
ताम हँ अच्छउ इयरु जणु सुयणु वि अंतरु देइ॥१७॥ (=हे.४०६.२)

(यावद् विषमा कार्यगतिर्जीवानां मध्ये एति।
तावदास्तामितरो जनः सुजनोऽप्यन्तरं ददाति॥)

जब जीवोंपर विषम कार्यगति आती है, तब इतर जनकी बातही छोडो (किंतु) सज्जनभी अंतर देता है।

जाम न निवडइ कुंभअडि सीहचवेडचडक्क।
ताम समत्तहँ मयगलहँ पइ पइ वज्जइ ढक्क॥ १८॥ (=हे. ४०६.१)

(यावन्न निपतति कुम्भतटे सिंहचपेटादृढाघातः।
तावत्समस्तानां मदकलानां पदे पदे वाद्यते ढक्का॥)

जबतक सिंहके चपेटेका दृढ प्रहार गंडस्थलपर नहीं पडा, तबतक सभी (मदोन्मत्त) गजोंका ढोल पगपगपर बजता है।

डेत्तुलडेवडावियत्कियति च व्यादेर्वतुपः॥ १२॥

इयत् और कियत् इनके, तथा (सूत्रमेंसे) चकारके कारण यावत् और तावत् इनके बारेमें परिमाण अर्थमें जो वतुप् प्रत्यय कहा है, उनके व्यादिको अर्थात् वकारादि और यकारादि अवयवको एत्तुल, एवड ऐसे डित् आदेश होते हैं। उदा.—एत्तुलो। केत्तुलो। एवडो। केवडो॥ १२॥

जेवडु अंतरु पट्टणगामहं तेवडु अंतरु रावणरामहं॥१९॥ (=हे. ४०७.१)
(यावदन्तरं पत्तनग्रामयोः तावदन्तरं रावणरामयोः।)

जितना अंतर नगर और गाँव इनमें है, उतनाही अंतर राम और रावण इनमें है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

डेत्तहे त्रलः ॥ १३ ॥

अपभ्रंशमें सर्वादि (शब्दों)के आगे सप्तमीके अर्थमें (कहे हुए) त्रल् प्रत्ययको डित् एत्तहे ऐसा आदेश होता है। उदा.–जेत्तहे। तेत्तहे ॥ १३ ॥

जेत्तहे तेत्तहे वारि घरि लच्छि विसंठुल धाइ।
पिअपब्भट्ठ व गोरडी णिच्चल कहिँ वि ण ठाइ ॥१९॥ (=हे. ४३६.१)

(यत्र तत्र द्वारे गृहे लक्ष्मीर्विसंष्ठुला धावति।
प्रियप्रभ्रष्टेव गौरी निश्चला कुत्रापि न तिष्ठति ॥)

यहाँ, वहाँ, दरवाजेपर, घरमें (इस प्रकार) चंचल लक्ष्मी दौडती है। प्रियकरसे वियुक्त सुंदरीके समान वह निश्चल रूपसे कहीं नहीं ठहरती ॥

यत्तदोर्डेत्तु ॥ १४ ॥

(इस सूत्रमें ३.३.१३ से) त्रल् पदकी अनुवृत्ति है। यत् और तत् इनके आगे होनेवाले त्रल् प्रत्ययको डित् एत्तु ऐसा यह आदेश होता है। उदा.–जेत्तु ठिदो, यत्र स्थितः। तेत्तु ठिदो, तत्र स्थितः ॥ १४ ॥

कुत्रात्रे च डेत्थु ॥ १५ ॥

अपभ्रंशमें कुत्र और तत्र इनमें रहनेवाला (त्रल्), और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण यद् और तद् इनके आगे आनेवाला त्रल् प्रत्यय, उस त्रल् प्रत्ययको डित् एत्थु ऐसा आदेश होता है। उदा.–केत्थु। एत्थु। जेत्थु। तेत्थु ॥ १५ ॥

जइ सो घडिदि प्रयावदी केत्थु वि लेप्पिणु सिक्खु।
जेत्थु वि तेत्थु वि एत्थु जगि भण तो तहि सरिक्खु ॥२०॥ (=हे.४०४.१)

(यदि स घटयति प्रजापतिः कुत्रापि लात्वा शिक्षाम्।
यत्रापि तत्राप्यत्र जगति भण तर्हि तस्याः सदृक्षः ॥)

यदि वह प्रजापति कहींसे शिक्षा लेकर (प्रजा) निर्माण करता है, तो इस जगत्में जहाँ-तहाँ उस (सुंदरी)के समान कौन है, बताओ।

त्वतलौ प्पणम् ॥ १६ ॥

अपभ्रंशमें भाव अर्थमें जो त्व और तल् प्रत्यय कहे गये हैं, उनको प्पण ऐसा आदेश प्राप्त होता है। उदा.–पडुप्पणं, पटुत्वं पटुता वा। सुक्कप्पणं, शुक्लत्वं शुक्लता वा ॥ १६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साहु वि लोउ तडप्फडइ वड्डप्पणहा तणेण।
वड्डप्पणु परि पाविअइ हत्थि मोक्कलडेण ॥ २१ ॥ (=हे.३६६.१)
(सर्वोऽपि लोकः उत्ताम्यति बृहत्त्वस्यार्थे।
बृहत्त्वं परं प्राप्यते हस्तेन मुक्तेन ॥)

बडप्पनके लिए सभी लोग तडफडते हैं। पर बडप्पन मुक्त हाथसे (दान देनेपर) मिलता है।

(यहाँ) तडप्फडइ यह देशी धातु औत्सुक्य-बोधक शब्दानुकरणी है।

तव्यस्य एव्वइएव्वउएव्वाः ॥ १७ ॥

अपभ्रंशमें तव्य प्रत्ययको एव्वइ, एव्वउ, एव्व तेसे तीन आदेश होते हैं। उदा.–जेव्वइ जेव्वउ जेव्व, जेतव्यः ॥ १७ ॥

एउं गृण्हेप्पिणु धरुं मइं जइ प्रिउ उव्वारिज्जइ।
महु करिएव्वउँ किं पि न वि मरिएव्वउँ पर देज्जइ ॥२२॥ (=हे. ४३८.१)
(एतद् गृहीत्वा यन्मया यदि प्रिय उद्वार्यते।
मम कर्तव्यं किमपि नापि मर्तव्यं परं दीयते ॥)

यह लेकर यदि मैं प्रियकरको छोड देती हूँ तो मुझे मरनाही कर्तव्य रहता है, दूसरा कुछ भी नहीं।

देसुच्चाडणु सिहिकढणु घणकुट्टणु जं लोइ।
मंजिट्ठए अइरत्तिए सव्वु सहेव्वउँ होइ ॥२३॥ (=हे. ४३८.२)
(देशोच्चाटनं शिखिकथनं घनकुट्टनं यल्लोके।
मञ्जिष्ठयातिरक्तया सर्वं सोढव्यं भवति ॥)

जगत्में अतिरक्त मंजिष्ठा (वनस्पति)को (अपने) देशसे (जमीनसे) उच्चाटन (उखाडा जाना), अग्निमें औंटा जाना, और घनसे कूटा जाना, यह सहन करना पडता है।

सोएव्वा पर वारिआ पुप्फवईहिँ समाणु।
जग्गेवा पुणु को धरइ जइ सो वेउ पमाणु ॥ २४ ॥ (=हे. ४३८.३)
(स्वपितव्यं परं वारितव्यं पुष्पवतीभिः समम्।
जागर्तव्यं पुनः को धरति यदि स वेदः प्रमाणम् ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यद्यपि वह वेद प्रमाण है, तथापि रजस्वला स्त्रीके साथ सोनेकी मनाही है, पर जागे रहनेको किसने मना किया है ?

क्त्व इ इउ इवि अवि ॥ १८ ॥

अपभ्रंशमें क्त्वा प्रत्ययको इ, इउ, इवि, अवि ऐसे चार आदेश होते हैं। उदा.–करइ करिउ करिवि करवि, कृत्वा ॥ १८ ॥

इ (आदेशका उदाहरण)—

हिअडा जइ वेरिअ घणा तो किं अम्हि चडाहुं।
अम्हहं बे हत्थडा जइ पुणु मारि मराहं ॥ २५ ॥ (=हे. ४३९.१)

(हृदय यदि वैरिणो घनास्तत्किमम्रे आरोहामः।
अस्माकं द्वौ हस्तौ यदि पुनर्मारयित्वा म्रियामहे ॥)

हे हृदय, यद्यपि मेघ (अपने) वैरी हैं तो हम आकाशपर चढेंगे क्या ? हमारे दो हाथ हैं; (यदि मरनाही है तो उन्हें) मारकरही मरेंगे।

इउ (आदेशका उदाहरण)—

अम्मि पओहर वज्जमा निच्चु ज संमुह ठन्ति।
महु थक्कहा समरंगणि गयघड भंजिउ जन्ति ॥ २६ ॥ (=हे. ३९५.५)

(मातः पयोधरौ वज्रमयौ नित्यं यौ संमुखं तिष्ठतः।
मम स्थितस्य समराङ्गणे गजघटा भङ्क्त्वा यान्ति ॥)

हे माँ, (ये) मेरे स्तन वज्रमय हैं, (कारण) वे नित्य मेरे (प्रियकरके) सामने होते हैं, (और) समरांगणमें गजसमूह भग्न करनेके लिए जाते हैं।

इवि (आदेशका उदाहरण)—

रक्खइ सा विसहारिणी बे कर चुंबिवि जीउ।
पडिबिंबिअमुंजालु जलु जेहिँ अडोहिउँ पीउँ ॥२७॥ (=हे. ४३९.२)

(रक्षति सा विषहारिणी द्वौ करौ चुम्बित्वा जीवम्।
प्रतिबिम्बितमुञ्जालं जलं याभ्यामनवगाह्य पीतम् ॥)

जिसमें मुंजका प्रतिबिंब पडा है ऐसा पानी, पानीमें प्रवेश न करते हुए, जिन हाथोंसे पिया गया है उन हाथोंका चुंबन लेकर, वह जलवाहक बाला जीवकी रक्षा करती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अवि (आदेशका उदाहरण)–

बाह विछोडवि जाहि तुहुँ हउँ तेवँइ को दोसु।
हिअअट्ठिउ जइ नीसरहि जाणउँ मुंज सरोसु ॥२८॥ (=हे. ४३९.३)

(बाहू विच्छोड्य यासि त्वं भवतु तथा को दोषः।
हृदयस्थितो यदि निःसरसि जानामि मुञ्ज सरोषः ॥)

हाथोंको छोडकर तू जा। ऐसा होने दो। उसमें क्या दोष है? (किंतु) यदि तू मेरे हृदयसे निकल जाएगा तो समझूँगी कि मुंज रोषयुक्त है।

एप्प्येप्पिण्वेव्येविणु ॥ १९ ॥

अपभ्रंशमें क्त्वा प्रत्ययको एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु ऐसे चार आदेश होते हैं। उदा.—करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि करेविणु, कृत्वा ॥ १९ ॥

जेप्पि असेसु कसाअबलु देप्पिणु अभउँ जअस्सु।
लेवि महव्वअ सिवु लहहिं झाएविणु तत्तस्सु ॥२९॥ (=हे. ४४०.१)

(जित्वाशेषं कषायबलं दत्वाभयं जगतः।
लात्वा महाव्रतानि शिवं लभन्ते ध्यात्वा तत्त्वम ॥)

कषायरूप संपूर्ण सेनाको जीतकर, जगत्को अभय देकर, महाव्रत लेकर, तत्त्वका ध्यान करके (ऋषि, मुनि) आनंद (शिव) प्राप्त करते हैं।

(इस सूत्रका ३.३.१८ से) पृथक् कहना अगले सूत्रके लिए है।

तुम एवमणाणहमणहिं च ॥ २० ॥

अपभ्रंशमें तुमुन् प्रत्ययको एवं, अण, अणहं, अणहिं ऐसे ये चार, और (सूत्रमेंसे) चकारके कारण एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु ऐसे ये चार, एवं (कुल) आठ आदेश (प्राप्त) होते हैं। उदा.-करेवं करण करणहं करणहिं करेप्पि करेप्पिणु करेवि करेविणु, कर्तुम् ॥ २० ॥

देवं दुक्करु निअअधणु करण न तउ पडिहाइ।
एमइ सुहुँ भुंजणहँ मणु पर भुंजणहिँ न जाइ ॥३०॥ (=हे. ४४१.१)

(दातुं दुष्करं निजकधनं कर्तुं न तपः प्रतिभाति।
एवमेव सुखं भोक्तुं मनः परं भोक्तुं न याति ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपना धन देना दुष्कर है। तप करना (किसीको) नहीं भाता। योंही सुख भोगनेका मन है, पर भोगना नहीं होता।

जेप्पि चएप्पिणु सअल धर लेविणु तउ पालेवि।
विणु संतें तित्थेसरेण को सक्कइ भुवणे वि ॥३१॥ (=हे. ४४१.२)
[जेतुं त्यक्तुं सकलां धरां लातुं तपः पालयितुम्।
विना शान्तिना तीर्थेश्वरेण कः शक्नोति भुवनेऽपि ॥)

संपूर्ण पृथ्वीको जीतना, (जीतकर उसका) त्याग करना, व्रत (तप) लेना और (लेकर उसका) पालन करना, यह [सब] शांति तीर्थेश्वरके विना जगमें और कौन कर सकता है?

गमेस्त्वेप्येपिण्वोरेलुक् ॥ २१ ॥

अपभ्रंशमें गम् (गमि) धातुके आगे एप्पि और एप्पिणु इन आदेशोंके एकारका लोप विकल्पसे होता है। उदा.-गंपि गंपिणु गमेप्पि गमेप्पिणु, गत्वा ॥ २१ ॥

गंपिणु वाणारसिहि नर अह उज्जेणिहि गंपि।
मुअ पप्पुवन्ति परम पउ दिव्वंतरइँ म जंपि ॥ ३२॥ (=हे.४४२.१)
(गत्वा वाराणस्यां नरा अथ उज्जयिन्यां गत्वा।
मृताः प्राप्नुवन्ति परमं पदं दिव्यान्तराणि मा जल्प ॥)

वाराणसीमें जाकर (पश्चात्) उज्जयिनीमें जाकर जो लोग मरते हैं, वे परम पद प्राप्त कर लेते हैं। अन्य तीर्थोंका नाम भी मत लो।

विकल्पपक्षमें—

गंग गमेप्पिणु जो मरइ जो सिवतित्थु गमेप्पि।
कीडदि तिदसावासगउ सअलउ लोउ जएप्पि ॥३३॥ (=हे. ४४२.२)
(गंगां गत्वा यो म्रियते यः शिवतीर्थं गत्वा।
क्रीडति त्रिदशावासगतः सकलं लोकं जित्वा ॥)

जो गंगा या काशी (शिवतीर्थ) जाकर मर जाता है, वह सब लोक जीतकर, देवलोकमें जाकर क्रीडा करता है।

तृनो णअल् ॥ २२ ॥

अपभ्रंशमें तृन् प्रत्ययको लित् (=नित्य) णअ ऐसा आदेश होता है। उदा.-होणउ भविता। सुणउ श्रोता ॥ २२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हत्थि मारणउ लोउ बोल्लणउ।
पडह वज्जणउ सुणउ भसणउ ॥ ३४ ॥ (=हे. ४४३.१)
[हस्ती मारयिता लोकः कथयिता।
पटहो वादयिता शुनको भषिता ॥]

मारनेवाला हाथी, कहनेवाला मनुष्य, बजनेवाला पटह, भूँकनेवाला कुत्ता ॥

छस्य युष्मदादेर्डारः ॥ २३ ॥

अपभ्रंशमें युष्मद्, इत्यादिके आगे आनेवाले छ को डित् आर ऐसा आदेश होता है। उदा.-तुम्हारु युष्मदीयः। अम्हारु अस्मदीयः ॥ २३ ॥

संदेसें काइँ तुम्हारेण जं संगहाँ न मिलिज्जइ।
सुविणंतरि पिएँ पाणिएँण पिअ पिवास किं छिज्जइ ॥ ३५ ॥ (=हे. ४३४.१)
(संदेशेन किं त्वदीयेन यत्संगस्य न मिल्यते।
स्वप्नान्तरे पीतेन पानीयेन प्रिय पिपासा किं छिद्यते ॥)

(तुम्हारा) संग नहीं मिलता, (फिर) तुम्हारे संदेशका क्या उपयोग ? हे प्रिय, सपनेमें पिये जलसे क्या प्यास मिटती है ?

दिक्खि अम्हारा कंतु। बहिणि अम्हारा कंतु (११९)।

जणि जणु नं नइ नावइ नाइ इवार्थे ॥ २४ ॥

अपभ्रंशमें इवके अर्थमें जणि, जणु, नं, नइ, नावइ, नाइ ऐसे छः आदेश होते हैं। उदा.—चंदु जणि, चंदु जणु, चंदु नं, चंदु नइ, चंदु नावइ, चंदु नाइ, चन्द्र इव ॥ २४ ॥

जणि (आदेशका उदाहरण)—

चंपअकुंपलमज्झि सहि भसलु पइट्ठउ।
सोहइ इंदनील जाणि कणइ उविट्ठउ ॥ ३६ ॥ (=हे. ४४४.४)
(चम्पककुड्मलमध्ये सखि भ्रमरः प्रविष्टः।
शोभते इन्द्रनील इव कनके उपविष्टः ॥)

हे सखी, चंपककुसुमके मध्यमें भ्रमर प्रविष्ट है। मानो कनकमें जड़े दिये गये इंद्रनील मणि जैसा वह शोभता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जणु (आदेशका उदाहरण)–
निरुवमरसु पिएं पिअवि जणु [९]। यह पीछेही कहा गया है।

नं (आदेशका उदाहरण)—

मुहकबरिबंध तह सोह धरहिं
नं मल्लजुज्झु ससिराहु करहिँ।
तह सोहहिँ कुरल भमरउलतुलिअ
नं तिमिरडिंभ खेल्लंति मिलिअ ॥ ३७ ॥ (=हे. ३८२.१)

(मुखकबरीबन्धौ तस्याः शोभां धरतः
इव मल्लयुद्धं शशिराहू कुरुतः।
तस्याः शोभन्ते कुरला भ्रमरकुलतुलिता
इव तिमिरडिम्भाः क्रीडन्ति मिलित्वा ॥)

उस (सुंदरी)के मुँह और केशबंध (ऐसी) शोभा धारण करते हैं मानो चंद्र और राहु मल्लयुद्ध करते हैं। भ्रमरसमुदायके समान उसके घुँघराले बाल ऐसे शोभते हैं मानो अंधकारके बच्चे मिलकर खेल रहे हैं।

नइ (आदेशका उदाहरण)–
रविअत्थमणसमाउलेण कंठट्ठिअउ ण छिण्णु।
चक्कें खंडु मुणालिअहि नइ जीवग्गलु दिन्नु ॥ ३८॥ (=हे. ४४४.१)
(रव्यस्तमनसमाकुलेन कण्ठस्थितो न च्छिन्नः।
चक्रेण खण्डो मृणालिकाया इव जीवार्गलो दत्तः ॥)

सूर्यास्तके समय व्याकुल चक्रवाक (पंछी)ने मृणालिका (कमलके देठ)का टुकडा कंठमें डाला पर उसे नहीं तोडा (खाया)। मानो जीवको बाहर न निकल देनेके लिए अर्गला दे दी।

नावइ (आदेशका उदाहरण)–
पेक्खेविणु मुहुँ जिणवरहँ दीहरणअणसलोणु।
नावइ गरुअच्छरभरिउँ जलणि पवेसइ लोणु ॥ ३९॥ (=हे. ४४४.३)
(दृष्ट्वा मुखं जिनवराणां दीर्घनयनसलावण्यम्।
इव गुरुमत्सरभरितं ज्वलने प्रविशति लवणम् ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिनवरोंके दीर्घ नयन और लावण्य इनसे युक्त मुँह देखकर, अति-मत्सरसे भरा हुआ लवण मानो अग्निमें प्रवेश करता है।

नाइ (आदेशका उदाहरण)–

वलआवलिनिवडणभएँण धण उद्धब्भुअ जाइ।

वल्लभविरहम्हादहहु गाह गवेसइ नाइ ॥४०॥ (=हे. ४४४.२)

(वलयावलीनिपतनभयेन धन्या ऊर्ध्वभुजा याति।

वल्लभविरहमहाह्रदस्य गाधत्वमन्विष्यतीव ॥)

कंकणसमूह गिरनेके डरसे, सुंदरी (धन्या) हाथ ऊपर करके जाती है मानो वल्लभके विरहरूपी महासरोवरका थाह ढूँढती है।

तणेण रेसिं रेसि तेहिं केहिं तादर्थ्ये ॥ २५ ॥

अपभ्रंशमें तादर्थ्य (उसके लिए, यह अर्थ) दिखानेके समयपर तणेण, रेसिं, रेसि, तेहिं, केहिँ ऐसे पाँच निपात प्रयुक्त करें। उदा.–रामतणेण रामरेसिं रामरेसि रामतेहिं रामकेहिँ णमोक्कारो, रामार्थं नमस्कारः ॥ २५ ॥

ढोल्ला एँह परिहासडी अइ भण कवणइ देसि।

हउँ झिज्जउँ तउकेहिँ पिअ तुहुँ पुणु अन्नहिरेसि ॥४१॥ (=हेम.४२९.१)

(विट एष परिहासः अयि भण कस्मिन् देशे।

अहं क्षीये तवार्थे प्रिय त्वं पुनरन्यस्या अर्थे ॥)

अरे प्रिय, किस देशमें यह परिहास (किया जाता) है, बताओ। हे प्रियकर, मैं तेरे लिए क्षीण होती हूँ, (पर) तू दूसरीके लिए (क्षीण होता है)।

वड्डप्पणहो तणेण [२१] इसीप्रकार तेहि और रेसिं के उदाहरण लेने हैं।

स्वार्थे डुः पुनर्विनाध्रुवमः ॥ २६ ॥

अपभ्रंशमें पुनः, विना, ध्रुवम् इनके आगे स्वार्थे डित् उ ऐसा प्रत्यय होता है। उदा.-पुणु होइ, पुनर्भवति। पावु विणु, पापं विना। धुवु जम्मु, ध्रुवं जन्म ॥ २६ ॥

सुमरिज्जइ तं वल्लहउँ जं वीसरइ मणाउँ।

जहिँ पुणु सुमरणु जाउँ गउँ तहा णेहहों किं णाउँ ॥ ४२॥ (=हे. ४२६.१)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(स्मर्यते तद्वल्लभं यद्विस्मरति मनाक् ।
यस्य पुनः स्मरणं जातं गतं तस्य स्नेहस्य किं नाम ॥)

जो थोडा भूलनेपरही स्मरण किया जाता है वह प्रिय है। पर जिसका स्मरण होता है और नाश होता है, उस प्रेमका नाम क्या।

चंचलु जीविउँ धवु मरणु पिअ रूसिज्जइ काइं।
होसहिँ दिअहा रूसणा दिव्वइँ वरिससमाइं ॥४३॥ (=हे. ४१८.३)

(चञ्चलं जीवितं ध्रुवं मरणं प्रिय रुष्यते कथम् ।
भविष्यन्ति दिवसा रूषणा दिव्यानि वर्षशतानि ॥)

जीवित चंचल है, मरण निश्चित है। हे प्रियकर, क्यों रूठा जाय। जिन दिन रूठना है वे दिन सौ दिव्य वर्षोंके समान होंगे।

डेंडाववश्यमः ॥ २७ ॥

(इस सूत्रमें २.३.२६ से) स्वार्थे पदकी अनुवृत्ति है। अपभ्रंशमें अवश्यम् (शब्द)के आगे एं और अ ऐसे ये डित् प्रत्यय आते हैं। उदा.-अवसें अवस, अवश्यम् ॥ २७ ॥

जिब्भिंदिउ नायउँ वसि करहुँ जसु अधिन्नइँ अन्नइँ।
मूलि विणट्ठइ तुंबिणिह अवसें सुक्कहिँ पण्णइं ॥४४॥ (=हे. ४२७.१)

(जिह्वेन्द्रियं नायकं वशे कुरुत यस्य अधीनान्यन्यानि।
मूले विनष्टे तुम्बिन्या अवश्यं शुष्यन्ति पर्णानि ॥)

जिसके अधीनमें अन्य इंद्रिय हैं उस प्रधान जिव्हेंद्रियको वशमें करो। मूलके नष्ट होनेपर तुंबिनीके पत्ते अवश्य सूख जाते हैं।

अवस न सुअँ सुहच्छिअइ [१४०]।

परमेकशसोर्डडि ॥ २८ ॥

अपभ्रंशमें परम् और एकशस् इनके आगे स्वार्थे अ और इ ऐसे ये डित (प्रत्यय) यथाक्रम आते हैं। उदा.-पर परम्। एक्कसि एकशः ॥ २८ ॥

गुणहिँ न संपइ कित्ति पर फल लिहिआ भुंजंति।
केसरि लहइ न बोड्डिअ वि गय लक्खेहिँ घेप्पन्ति ॥४५॥ (=हे.३३५.१)

(गुणैर्न सम्पत् कीर्तिः परं फलानि लिखितानि भुञ्जन्ति।
केसरी न लभते कपर्दिकामपि गजा लक्षैर्गृह्यन्ते ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गुणोंसे संपत्ति नहीं मिलती, कीर्ति मिलती है। नसीबसे (ललाटपर) लिखे हुए फल (लोग) भोगते हैं। सिंह एक कौडीभी नहीं प्राप्त करता, पर हाथी लाखों (रुपयों) से खरीदे जाते हैं।

एक्कसि सीलकलंकिअहं देज्जहिँ पच्छित्ताइं।
जो पुणु खंडइ अणुदिअहु तसु पच्छित्तें काइं ॥४६॥ (=हे. ४२८.१

(एकशः शीलकलंकितानां दीयन्ते प्रायश्चित्तानि।
यः पुनः खण्डयत्यनुदिवसं तस्य प्रायश्चित्तेन किम् ॥)

एकबार शील कलंकित होनेवालोंको प्रायश्चित्त दिये जाते हैं। पर जो प्रतिदिन (शील) खंडित करता है उसे प्रायश्चित (देने)का क्या उपयोग ?

अडडुल्लाः स्वार्थिककलुक् च ॥ २९ ॥

अपभ्रंशमें संज्ञाके आगे अ ऐसा, तथा अड और उल्ल ऐसे ये डित् प्रत्यय होते हैं, और उनके सांनिध्यसे स्वार्थिक क-प्रत्ययका लोप होता है। उदा.-बलउ बलडु बलुल्लु, बलम् ॥ २९ ॥

विरहाणलजालकरालिअउ पहिउ पंथि जं दिट्ठउ।
तं मेल्लवि सव्वहिँ पंथिअहिँ सो ज्जि किअउ अग्गिट्ठउ ॥४७॥
(=हे. ४२९.१)

(विरहानलज्वालाकरालितः पथिकः पथि यदा दृष्टः।
तदा मिलित्वा सर्वैः पथिकैः स एव कृतोऽग्निष्ठः ॥)

जब विरहाग्निकी ज्वालासे जलाभुना हुआ पथिक मार्गपर दिखाई पडा, तब सब पथिकोंने मिलकर उसको अग्निपर रख दिया (कारण वह मर गया था)।

महु कंतहु बे दोसडा हेल्लि म जंपहि आलु।
देंतहों हउँ पर उव्वरिअ जुज्झंतहा करवालु ॥४८॥ (=हे. ३७९.१)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(मम कान्तस्य द्वौ दोषौ हे सखि मा जल्प मिथ्या।
ददतोऽहं परमुर्वरिता युध्यमानस्य करवालः ॥)

हे सखी, मेरे प्रियकरके दो दोष हैं। झूठ मत बोल। जब वह दान देता है तो (केवल) मैं अवशिष्ट रहती हूँ, और जब वह युद्ध करता है तब केवल तरवार (अवशिष्ट रहती है)।

एक्क कुडुल्ली पंचहिँ रुद्धी [७६] ॥

तद्योगजाश्च ॥ ३० ॥

अपभ्रंशमें अ, अड और उल्ल इनके परस्परसंयोगसे जो अड, डुल्लअ डुल्लड, इत्यादि बनते हैं, वे भी प्रायः स्वार्थे (प्रत्यय) होते हैं ॥३०॥

उदा.-अड (प्रत्ययका उदाहरण)—

फोडेंति जे हिअडउँ अप्पणउँ ताहँ पराई कवण घिण।
रक्खेज्जहो तरुणहो अप्पणा बालहे जाया विसम थण ॥ ४९ ॥
(=हे. ३५०.२)

(पाटयतो यौ हृदयकमात्मनः तयोः परकीया का घृणा।
रक्ष्यन्तां तरुणा आत्मा बालाया जातौ विषमा स्तनौ ॥)

जो अपनाही हृदय फोडते हैं (ऐसे स्तनोंको) दूसरेके बारेमें क्या दया (होगी)? हे तरुण लोगो, उस बालासे अपनी रक्षा करो। (उसके) स्तन (अभी) संपूर्ण (विषम, हृदय फोडनेवाले) हो गए हैं।

डुल्लअ (प्रत्ययका उदाहरण)—

चूडुल्लउ चुण्णीहोइसइ [१५५]।

डुल्लड (प्रत्ययका उदाहरण)—

सामिपसाअ सलज्जु पिउ सीमासंधिहि वासु।
देक्खिअ बाहुबलुल्लडउ धण मुंचइ नीसासु ॥५०॥(=हे.४३०.१)

(स्वामिप्रसादं सलज्जं प्रियं सीमासन्धौ वासम्।
प्रेक्ष्य बाहुबलं धन्या मुञ्चति निःश्वासम् ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(अपने प्रियकरके ऊपर) स्वामिका प्रसाद, सलज्ज प्रियकर, सीमा-संधिपर वास और (प्रियकरका) बाहुबल देखकर (सुखी) सुंदरी निश्वास छोडती है।

इसी प्रकार बाहुबल्लु, इत्यादि ॥

ङीतः स्त्रियाम् ॥ ३१ ॥

अपभ्रंशमें स्त्रीलिंगमें रहनेवाली संज्ञाके आगे, इससे पूर्व दो सूत्रोंमें (३.३.२९-३०) कहे गए प्रत्ययोंके आगे ङी प्रत्यय होता है ॥ ३१ ॥

उदा.—

पहिआ दिट्ठी गोरडी दिट्ठी मग्गु निअंत।
अंसूसासें कंचुअं तिंतुव्वाण करंत ॥ ५१॥ (=हे. ४३१.१)

(पथिक दृष्टा गौरी दृष्टा मार्गं पश्यन्ती।
अश्रूच्छ्वासैः कञ्चुकं तिमितोद्वातं कुर्वती ॥)

(एक पथिक दूसरे पथिकसे अपनी प्रियाके बारेमें पूछता है)—'हे पथिक, (मेरी) प्रिया (तुमसे) देखी गई?' (दूसरा उत्तर करता है)—'(तेरा) रास्ता देखनेवाली तथा आँसू और उच्छ्वास इनसे कंचुकको गीला करती और सुखाती हुई देखी गई'।

अदन्ताड्डा ॥ ३२ ॥

अपभ्रंशमें अ, डड, डुल्ल इनमेंसे जो अकारान्त प्रत्यय हैं, उनसे अन्त पानेवाली, स्त्रीलिंगमें रहनेवाली, संज्ञाको डा प्रत्यय लगता है। ङी (प्रत्यय लगता है इस) नियमका (३.३.३१) प्रस्तुत नियम अपवाद है ॥ ३२ ॥

पिउ आगअउ पत्तहों झुणि कण्णडइ पइट्ठ।
तहा विरहहों नासंतहा धूलडिआ वि न दिट्ठ ॥५२॥ (=हे. ४३२.१)

(प्रियः आगतः प्राप्तस्य ध्वनिः कर्णे प्रविष्टः।
तस्य विरहस्य नश्यतः धूलिरपि न दृष्टा ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रियकर आया; आये हुए उसकी ध्वनि कर्णमें प्रविष्ट हो गयी। नष्ट होनेवाले उस विरहकी धूलभी न देखी गई ॥

इदतोऽति ॥ ३३ ॥

अपभ्रंशमें स्त्रीलिंगमें रहनेवाली संज्ञाका जो अकार, उसका अत् अर्थात् अकार प्रत्यय आगे होनेपर, इकार होता है। उदा.—धूलडिआ वि न दिट्ठ [५२]। स्त्रीलिंगमें (रहनेवाली संज्ञाके बारेमेंही ऐसा होता है, अन्यथा नहीं। उदा.-) झुणि कण्णडइ पइट्ठ [५२] ॥ ३३ ॥

इदानीमेव्वहि ॥ ३४ ॥

अपभ्रंशमें इदानीम्के स्थानपर एव्वहि ऐसा होता है। उदा.-एव्वहि होइ, इदानीं भवति ॥ ३४ ॥

हरि नच्चाविउ पंगणइ विम्हइ पाडिउ लोउ।
एव्वहि राहपओहरहँ जं भावइ तं होउ ॥५३॥ (=हे. ४२०.२)
(हरिर्नर्तितः प्राङ्गणे विस्मये पातितो लोकः।
इदानीं राधापयोधरयोर्यद् भवति तद् भवतु ॥)

हरिको आँगनमें नचाया गया; लोगोंको आश्चर्यमें डाला गया। अभी राधाके स्तनोंका जो होता है वह होने दो।

एव जि ॥ ३५ ॥

अपभ्रंशमें एव शब्दके स्थानपर जि ऐसा होता है। उदा.-रामु जि, राम एव ॥ ३५ ॥

जाउ म जंतउ पल्लवह देक्खउँ कइ पय देइ।
हिअइ तिरिच्छी हउँ जि पर पिउ डंबरइँ करेइ ॥५४॥ (=हे. ४२०.१)
(यातु मा यान्तं पल्लवथ पश्यामि कति पदानि ददाति।
हृदये तिरश्चीना अहमेव परं प्रियो डम्बराणि करोति ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जाने दो (उसे); उस जानेवालेको (पीछे) मत बुलाओ। देखती हूँ (वह) कितने पैर (आगे) डालता है। उसके हृदयमें मैं टेढी होकर (गडी) हूँ। परंतु (मेरा) प्रियकर (जानेका केवल) आडंबर करता है।

एवंमेम ॥ ३६ ॥

एवं ऐसा अव्यय एम ऐसा होता है। उदा.–एम रामु कुणइ, एवं रामः करोति ॥ ३६ ॥

पियसंगमि कउ निद्दडी पियहों परोक्खहों केम।
मह बिण्णि वि विण्णासिअ निद्द न एम न तेम ॥५५॥ (=हे. ४१८.१)

(प्रियसंगमे कुतो निद्रा प्रियस्य परोक्षस्य कथम्।
मम द्वे अपि विनाशिते निद्रा न एवं न तथा ॥)

प्रियसंगमके समय निद्रा कहाँसे (आयेगी)? प्रियतम संनिध न होनेपर कैसी निद्रा? दोनों (प्रकारकी निद्राएँ) मेरे (बारेमें) नष्ट हुई हैं। मुझे नींद न यों आती है और न त्यों आती है।

नहि नाहि ॥ ३७ ॥

नहि ऐसा अव्यय नाहि ऐसा होता है। उदा.-नाहि धम्मु, न हि धर्मः ॥ ३७ ॥

एत्तहें मेह पिअन्ति जलु एत्तहें वडवाणलु आवट्टइ।
पेक्खु गहीरिम साअरहों एक्क वि कणिअ नाहि ओहट्टइ ॥ ५६ ॥
(=हे. ४१९.४)

(इतो मेघाः पिबन्ति जलं इतो वडवानल आवर्तते।
पश्य गभीरत्वं सागरस्य एकापि कणिका नहि अपहीयते ॥)

इधर मेघ पानी पीते हैं, इधर (उधर) वडवानल क्षुब्ध हुआ है। सागरके गांभीर्य देखो; (जलका) एक कणभी कम नहीं हुआ है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रत्युत पच्चलिउ ॥ ३८ ॥

प्रत्युत ऐसा अव्यय पच्चलिउ ऐसा होता है। उदा.—पच्चलिउ सुहु, प्रत्युत सुखम् ॥ ३८ ॥

सावसलोणी गोरडी नवखी क वि विसगंठि।
भडु पच्चलिउ सो मरइ जासु न लग्गइ कंठि ॥५७॥ (=हे.४२०.३)

(सर्वसलावण्या गौरी नवीना कापि विषग्रन्थिः।
भटः प्रत्युत स म्रियते यस्य न लगति कण्ठे ॥)

सर्वाङ्गसुंदर गौरी नये विषकी गाँठ (के समान) है। परंतु जिसके कंठमें वह नहीं लगती वह वीर मर जाता है।

ग्रन्थिः इस शब्दमें, 'लिङ्गमतन्त्रम्' (३.४.६७) सूत्रानुसार स्त्रीलिंग (हो गया है)।

एवमेव एमइ ॥ ३९ ॥

एवमेव ऐसा अव्यय एमइ ऐसा हो जाता है। उदा.-एमइ लोगु, एवमेव लोकः ॥ ३९ ॥

अंगहिँ अंगु न मिलिउँ हलि अहरें अहरु न पत्तु।
पिअ जोअन्तिहें मुहकवँलु एमइ सुरउ समत्तु ॥ ५८ ॥ (=हे. ३३२.२)

(अङ्गैरङ्गं न मिलितं सखि अधरेण अधरो न प्राप्तः।
प्रियस्य पश्यन्त्या मुखकमलं एवमेव सुरतं समाप्तम् ॥)

हे सखी, (प्रियकरके) अंगोंसे (मेरा) अंग न मिला, अधरसे अधर नहीं चिपटा। प्रियकरके मुखकमल देखते देखतेही (हमारी) सुरतक्रीडा समाप्त हो गई ॥

समं समाणु ॥ ४० ॥

समं ऐसा अव्यय समाणु ऐसा हो जाता है। उदा.-रामेण समाणु, रामेण समम् ॥ ४० ॥

कंतु जं सीहहों उवमिअइ तं मडु खंडिउ माणु।
सीहु अरक्खअ गअ हणइ पिउ पयरक्खसमाणु ॥५९॥ (=हे. ४१८.२)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(कान्तो यत् सिंहस्योपमीयते तन्मम खण्डितो मानः।
सिंहोऽरक्षकान् गजान् हन्ति प्रियः पदरक्षैः समम्॥)

(मेरे) प्रियकरकी तुलना जो सिंहसे की जाती है उससे मेरा मान खंडित हो जाता है। (क्योंकि) सिंह बिना रक्षकके हाथियोंको मारता है, (पर मेरा) प्रियकर रक्षकोंके साथ (उनको) मारता है।

किल किर ॥ ४१ ॥

अपभ्रंशमें किल ऐसा अव्यय किर ऐसा हो जाता है॥ ४१ ॥

उदा.-न किर खाइ न पिअइ न विद्दवइ धम्मि न वेच्चइ रूअडउ।
इह किवणु न जाणइ जह जमहा खणण पहुच्चइ दूअडउ ॥ ६० ॥
(=हे. ४१९.१)

(न किल खादति न पिबति न विद्रवति धर्मे न व्ययति रूपकम्।
इह कृपणो न जानाति यथा यमस्य क्षणेन प्रभवति दूतः॥)

सचमुच कृपण न खाता है, न पीता है, (मनमें) नहीं पिघलता, और धर्मके लिए एक रुपयाभी नहीं खर्च करता। (पर) कृपण यह तो नहीं जानताही है कि यमका दूत एक क्षणमें प्रभावी होगा॥

पग्गिम प्राइम प्राउ प्राइव प्रायसः ॥ ४२ ॥

प्रायस् ऐसा अव्यय अपभ्रंशमें पग्गिम, प्राइम, प्राउ, प्राइव ऐसे चार प्रकारसे प्रयुक्त करें। उदा.-पग्गिम चवलु, प्रायश्चपलः। इत्यादि ॥ ४२ ॥

एसी पिउ रूसेसुँ हउँ रुट्ठी मइँ अणुणेइ।
पग्गिम एइँ मणोरहइँ दुक्करु दइवु करेइ ॥६१॥ (=हे. ४१४.४)

(एष्यति प्रियः रुष्याम्यहं रुष्टां मामनुनयति।
प्राय एतान् मनोरथान् दुष्करं दैवं कारयति॥)

प्रियकर आएगा। मैं रूठ जाऊँगी। रूठी हुई मुझे वह मनाएगा (मेरा अनुनय करेगा)। दुष्ट (दुष्कर) दैव प्रायः ऐसे मनोरथ कराता है।

प्राइम मुणिहँ वि भंतडी ते मणिअडा गणन्ति।
अखइ निरामइ परमपइ अज्ज वि पउ न लहन्ति ॥६२॥ (=हे. ४१४.२)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(प्रायो मुनीनामपि भ्रान्तिः ते मणीन् गणयन्ति।
अक्षये निरामये परमपदे अद्यापि पदं न लभन्ते।।)

प्रायः मुनियोंकोभी भ्रांति है। वे (केवल) मणि गिनते हैं। (पर) अबभी अक्षर, निरामय, परमपदमें वे स्थान नहीं प्राप्त करते।

अन्ने ते दीहर लोअण अन्नु तं मुअजुअलु।
अन्नु सु घणयणहारु अन्नु जि मुहकमलु।
अन्नु सु केसकलाउ अन्नु जि प्राउ विहि।
जेण णिअंबिणि घडिअ स गुणलाअण्णणिहि ।।६३।। (=हे. ४१४.१)

(अन्ये ते दीर्घे लोचने अन्यत्तद् भुजयुगलम्।
अन्यः स घनस्तनभारः अन्यदेव मुखकमलम्।
अन्यः स केशकलापः अन्य एव प्रायो विधिः।
येन नितम्बिनी घटिता सा गुणलावण्यनिधिः।।)

वे दीर्घ लोचन दूसरेही हैं। वे दोनों भुजाएँ कुछ औरही हैं। वह घन स्तनोंका भार निरालाही है। वह मुखकमलभी निराला है। केशकलापभी निराला है। और गुण तथा लावण्य इनका निधि ऐसी उस सुंदरी (नितम्बिनी)को निर्माण करनेवाला वह विधि (ब्रह्मदेव) भी निराला है।

अंसुजलें प्राइव गोरिअह सहि उव्वत्ता नअणसर।
ते संमुह संपेसिआ देंति तिरिच्छी घत्त पर ।।६४।। (=हे.४१४.३)

(अश्रुजलेन प्रायो गौर्याः सखि उद्वान्ते नयनसरसी।
ते संमुखं संप्रेषिते ददतस्तिर्यग् घातं परम् ।।)

हे सखी, (मुझे भाता है कि) सुंदरीके नयनरूपी सरोवर अश्रुजलसे प्रायः लबालब भरे हुए हैं। परंतु वे नयन जब (किसीके) सामने (देखनेके लिए) मुडते हैं तब वे तिरछी चोट करते हैं।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिवा दिवे ॥ ४३ ॥

दिवा ऐसा अव्यय दिवे ऐसा हो जाता है। उदा.-दिव दिवें गंगण्हाणु [८] ॥ ४३ ॥

सह सहुं ॥ ४४ ॥

सह ऐसा अव्यय सहुं ऐसा हो जाता है ॥ ४४ ॥

जइ पवसंतें सहुँ न गय न मुअ विओएं तस्सु।
लज्जिज्जइ संदेसडा देंती सुहअजणस्सु ॥६५॥ (=हे. ४१९.३)

(यदि प्रवसता सह न गता न मृता वियोगेन तस्य।
लज्जते संदेशान् ददती सुभगजनस्य ॥)

चूँकि प्रवासको जाते हुए प्रियकरके साथ (मैं) न गई और न उसके वियोगसे मरी। (इसलिए उस) प्रियकरको (सुभगजन) संदेश देती हुई मैं शरमाती हूँ ॥

मा मं ॥ ४५ ॥

मा ऐसा अव्यय मं ऐसा हो जाता है। उदा.-

मं धणि करहि विसाउ (=हे. ३८५.१)।

(मा धन्ये कुरु विषादम्)। हे सुंदरी विषाद मत कर ॥४५॥

प्रायोग्रहण होनेसे, (मा ऐसा भी रूप प्रयोगमें पाया जाता है)। उदा.-

माणि पणट्ठइ जइ ण तणु तो देसडा चइज्ज।
मा दुज्जणकरपल्लवेंहिँ दंसिज्जन्तु भमेज्ज ॥५६॥ (=हे. ४१८.४)

(माने प्रनष्टे यदि न तनुं ततो देशं त्यजेत्।
मा दुर्जनकरपल्लवैर्दर्श्यमानो भ्रमेत् ॥)

मान नष्ट होनेपर यदि शरीर नहीं तो देशको छोड दे। दुर्जनोंके करपल्लवोंसे दिखाये जाते न घूमे।

कुतः कउ कहंतिहु ॥ ४६ ॥

अपभ्रंशमें कुतः ऐसा अव्यय कउ और कहंतिहु ऐसा हो जाता है। उदा.—कउ गदु कहंतिहु गदु, कुतो गतः ॥ ४६ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

महु कंतहों गुट्ठट्ठिअहों कउ झुंपडा वलन्ति।
अह रिउरुहिरें उल्लवइ अह अप्पणें न भंति ।।६७।। (=हे.४१६.१)

(मम कान्तस्य गोष्ठस्थितस्य कुतः कुटीरकानि ज्वलन्ति।
अथ रिपुरुधिरेणार्द्रयति अथात्मीयेन न भ्रान्तिः ।।)

मेरा प्रियकर घरमें स्थित होनेपर, झोपडे कहाँसे (कैसे) जल रहे हैं (जलेंगे)? शत्रुके या अपने रक्तसे (वह) ठंडा करेगा, इसमें शक नहीं है।

धूम कहंतिहु उट्ठिअउ [७०]।

अथवा मनागहवइ मणाउं ।। ४७ ।।

अथवा और मनाक् ये (अव्यय) अहवइ (और) मणाउं ऐसे हो जाते हैं। उदा--अहवइ ण सुहं ताहु, अथवा न सुखं तस्य। किंपि मणाउं महु पिअहों [६९], किमपि मनाङ् मम प्रियस्य ।। ४७ ।।

जाइज्जइ तहिं देसडइ लब्भइ पिअहों पमाणु।
जइ आवइ तो आणिअइ अहवइ तं जि निवाणु ।।६८।। (=हे. ४१९.२)

(गम्यते तत्र देशे लभ्यते प्रियस्य प्रमाणम्।
यद्यागच्छति तदानीयते अथवा तदेव निर्वाणम् ।।)

उस देशमें चला जाय जहाँ प्रियकरका पत्ता (प्रयाण) मिले। यदि वह आता है तो लाया जाय। (अन्यथा वहींपर) मरा जाय।

विहवि पणट्ठइ वंकडउ रिद्धिएँ जणसामण्णु।
किंपि मणाउं महु पिअहों ससि अणुहरइ न अण्णु ।।६९।।(=हे.४१८.६)

(विभवे प्रनष्टे वक्रः ऋद्धौ जनसामान्यः।
किमपि मनाङ् मम प्रियस्य शशी अनुहरति नान्यः ।।)

वैभव नष्ट होनेपर बाँका, वैभवमें जनसामान्य (हमेशाकी तरह) होनेवाला चंद्रही, और न दूसरा कोई, मेरे प्रियकरका कुछ अनुकरण करता है।

इतसेत्तहे ।। ४८ ।।

इतस् ऐसा अव्यय एत्तहे ऐसा हो जाता है। उदा.-एत्तहें मेह पिअन्ति जलु [५६] ।। ४८ ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पश्चात्पच्छइ ॥ ४९ ॥

अपभ्रंशमें पश्चात् ऐसा अव्यय पच्छइ ऐसा हो जाता है। उदा.—पच्छइ होइ विहाणु [१२८] ॥ ४९ ॥

ततस्तदा तो ॥ ५० ॥

ततस् (और) तदा ये (अव्यय) तो ऐसे हो जाते हैं। उदा.—तो गदु, ततो गतः तदा गतः वा। जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि मज्झु पिएण [७] ॥ ५० ॥

त्वनुसाहावन्यथासर्वौ ॥ ५१ ॥

अन्यथा (और) सर्व ये (शब्द) यथाक्रम अनु (और) साह ऐसे विकल्पसे हो जाते हैं। उदा.-अनु कदु, अन्यथा कृतम् ॥ ५१ ॥

विरहाणलजालकरालिअउ पहिउ कोवि बुड्डिवि ठिअउ।
अनु सिसिरकालि सीअलजलहु धूमु कहंतिहु उट्ठिअउ॥७०॥(=हे.४१५.१)

(विरहानलज्वालाकरालितः पथिकः कोऽपि निमज्य स्थितः।
अन्यथा शिशिरकाले शीतलजलाध्दूमः कुत उत्थितः ॥)

विरहाग्निकी ज्वालासे प्रदीप्त कोई पथिक (जलमें) डूबकर स्थित है। अन्यथा शिशिरकालमें शीतल जलसे धूम कहाँसे उठा?

विकल्पपक्षमें—अन्नहा। साहु वि लोउ तडप्फडइ [२१]।

किं काइंकवणौ ॥ ५२ ॥

अपभ्रंशमें किम् शब्दको काइं और कवण ऐसे आदेश प्राप्त होते हैं ॥ ५२ ॥

जइ सु न आवइ दूइ घरु काँइ अहो मुहु तुज्झु।
वअणु जु खंडइ तउ सहिए सो पिउ होइ न मज्झु ॥७१॥(=हे.३६७.१)

(यदि स नायाति दूति गृहं किमधो मुखं तव।
वचनं यः खण्डयति तव सखि स प्रियो न भवति मम ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हे दूती, यदि वह (प्रियकर) घर नहीं आता तो तुम्हारा मुख क्यों नीचे झुका है? हे सखी, जो तुम्हारा वचन तोडता है वह मुझे प्रिय नहीं है।

काँइ न दूरे पेक्खइ। (=हे. ३४९.१)

(किं न दूरे पश्यति।)

क्यों न दूरतक देखती?

ताहँ पराई कवण घिण [४८] ॥

उन्नविच्चवुत्ता विषण्णवर्त्मोक्ताः ॥ ५३ ॥

विषण्ण, वर्त्म (और) उक्त ये (शब्द) यथाक्रम, उन्न, विच्च तथा वुत्त ऐसे हो जाते हैं ॥ ५३ ॥

मइँ वुत्तउँ तुहुँ धुरु धरहि कसुरेसि विमुक्कइ।
पइँ विणु धवल न चडइ भरु एमइ उन्नउ काइं ॥७२॥ (=हे.४२१.१)

(मया उक्तं त्वं धुरं धर कस्य कृते विमुच्यते।
त्वया विना धवल न आरोहति भरः एवमेव विषण्णः किम् ॥)

मैंने कहा—हे धवल (बैल), तू धुराको धारण कर। (वह) किसलिए (तुमसे) छोडी जाती है? तेरे बिना बोझ नही चलेगा, (पर) अभी तू विषण्ण क्यों है?

जं मणु विच्चि न माइ [११८] ॥

अत्खुः परस्परस्य ॥ ५४ ॥

अपभ्रंशमें परस्पर शब्दको खु यानी आदि अ हो जाता है (अर्थात् परस्पर शब्दके पूर्व अ आता है) ॥ ५४ ॥

ते मुग्गडा हराविआ जे परिविट्ठा ताहं।
अवरोप्परु जोअंताह सामिउ गंजिउ जाहं ॥७३॥ (=हे. ४०९.१)

(ते मुद्गा हारिता ये परिविष्टास्तेषाम्।
परस्परं पश्यतां स्वामी परिभूतो येषाम् ॥)

परस्परको देखनेवाले जिन (सेवकों)का स्वामी परिभूत हो गया उनके बारेमें जो मूँग (अन्न) परोसे गए थे वे नष्ट हो गए।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्यादृशस्याण्णाइसावराइसौ ॥ ५५ ॥

अपभ्रंशमें अन्यादृशको अण्णाइस, अवराइस ऐसे आदेश हो जाते हैं। उदा.-अण्णाइसु। अवराइसु ॥ ५५ ॥

वहिल्लगाः शीघ्रादीनाम् ॥ ५६ ॥

अपभ्रंशमें शीघ्र, इत्यादि (छब्दों)को वहिल्ल, इत्यादि आदेश प्रायः हो जाते हैं ॥ ५६ ॥

शीघ्रको वहिल्ल (आदेश)—

एक्कु कइह वि न आवहि अन्नु वहिल्लउ जाहि।
मइँ मित्तडा प्रमाणिअउँ पइँ जेहउ खलु नाहि ॥७४॥ (=हे.४२२.१)

(एकं कदाचिदपि नायासि अन्यत् शीघ्रं यासि।
मया मित्र प्रमाणितं त्वं यथा खलो नहि ॥)

एक तू कभीभी नहीं आता, दूसरे (आया तोभी) शीघ्रही जाता है। हे मित्र, मैंने जाना है कि तेरे जैसा दुष्ट (अन्य कोई भी) नहीं है।

इस गणमें (स्वार्थे) क (प्रत्यय) का किं होता है। उदा.-

झकटकको घग्घल (आदेश)—

जिम सुउरिस तिम घग्घलइँ जिम नइ तिम वलणाइं।
जिम डोंगर तिम कोट्टरइँ हिआ विसूरहि काइँ ॥७५॥ (=हे.४२२.२)

(यत्र सुपुरुषास्तत्र झकटकाः यत्र नदी तत्र वलनानि।
यत्र पर्वतास्तत्र कोटराणि हृदय खिद्यसे किम् ॥)

जहाँ सत्पुरुष हैं वहाँ झगडालूभी हैं। जहाँ नदी वहाँ (नदीका) घुमाव है। जहाँ पर्वत वहाँ कंदराएँभी हैं। (तो फिर हे हृदय, तुम क्यों खेद करते हो?

रम्य को रवण्ण (आदेश)—

सरिहिँ न सरेहिँ सरवरहिँ नवि उज्जाणवणेहिं।
देस रवण्णा होंति वढ निवसंतेहिँ सुअणेहिं ॥७६॥ (=हे.४२२.१०)

(सरिद्भिर्न सरोभिर्न सरोवरैः नापि उद्यानवनैः।
देशा रम्या भवन्ति मूढ निवसद्भिः सज्जनैः ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रे मूर्ख, न सरिताओंसे, न सरोंसे, न सरोवरोंसे, न उद्यानोंसे और न बनोंसे देश रमणीय होते हैं, (किन्तु) सुजनोंके निवाससे (देश रम्य होते हैं)।

यद्यद् दृष्टं तत्तद् इसको जाइट्ठिआ (आदेश)—

अह रच्चसि जाइट्ठिअएँ हिअडा मुद्धसहाव।
लोहें फुट्टणएण जिम घणा सहेसहि ताव ॥७७॥ (=हे.४२२.१७)

(अथ रज्यसे यद्यद् दृष्टं तत्र हृदय मुग्धस्वभाव।
लोहेन स्फुटता यथा घना सहिष्यसे तावत् ॥)

हे पगले हृदय, जिसे जिसे देखते हो उस उसपर अनुरक्त हो जाते तो फूटनेवाले लोहेको जैसे घनके प्रहार वैसा ताप तुम्हें सहन करना पडेगा।

पृथक् पृथक् इसको जुअंजुअ (आदेश)—

एक्क कुडुल्ली पंचहिँ रुद्धी तहँ पंचहँ वि जुअंजुअ बुद्धी।
वहिणिएँ तं घरु कह किवँ नंदउ जेत्थु कुडुंबउँ अप्पणछंदउ ॥७८॥
(=हे.४२२.१२)

(एका कुटी पञ्चभी रुद्धा तेषां पञ्चानामपि पृथक् पृथक् बुद्धिः।
भगिनि तद् गृहं कथय कथं नन्दतां यत्र कुटुम्बकं आत्मच्छन्दकम् ॥)

एक (शरीररूपी) कुटी (झोपडा) है। उसपर पाँचोंका अधिकार है (रुद्ध)। पांचोंकी बुद्धि पृथक् पृथक् है। हे बहिन, बता कैसे वह घर सानंद रहेगा जहाँ कुटुंब अपनी इच्छासे चलता है।

भय को द्रवक्क (आदेश)—

दिवँहिँ विढत्तउँ खाहि वढ संचि म एक्कु वि द्रम्मु।
को वि द्रवक्कउ सो पडइ जेण समप्पइ जम्मु ॥७९॥ (=हेम. ४२२.४)

(दिवसैरार्जितं खाद मूढ संचिनु मा एकमपि द्रम्मम्।
किमपि भयं तत्पतति येन समाप्यते जन्म ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अरे मूर्ख, दिनोंमें जो प्राप्त किया है उसे खा। एक दाम (द्रम्म, पैसा) भी मत संचित कर। कारण कोई भय ऐसा आता है कि जिससे जीवनकाही अन्त होता है।

मा भैषीः इसका स्त्रीलिंगमें (प्रयुक्त) मब्भीसडी (आदेश)—

सत्थावत्थहँ आलवणु साहु वि लोउ करेइ।
आदन्नहं मब्भीसडी जो सज्जणु सो देइ ॥८०॥ (=हे.४२२.१६)
(स्वस्थावस्थानामालपनं सर्वोऽपि लोकः करोति।
आर्तानां मा भैषीरिति यः सज्जनः स ददाति ॥)

स्वस्थ अवस्थामें रहनेवालोंसे वार्तालाप (आलपन) सभी (लोग) करते हैं। (पर) पीडित लोगोंसे 'डरो मत' ऐसा केवल जो सज्जन है वही कहता है।

अवस्कन्दको दडवड (आदेश)—

चलँहिँ चलंतहिँ लोअणँहिँ जे तइँ दिट्ठा बालि।
तहिँ मअरद्धअदडवडउ पडइ अपूरइ कालि ॥८१॥ (=हे.४२२.१४)
(चलैश्चञ्चलैर्लोचनैर्यैं त्वया दृष्टा बाले।
तेषु मकरध्वजावस्कन्दः पतत्यपूर्णे काले ॥)

हे बाले, तेरे घूमनेवाले चंचल कटाक्षोंसे जो देखे गए हैं उनपर असमयही मदनका हमला हो जाता है।

आत्मीयको अप्पण (आदेश)—

फोडेंति जे हिअडउँ अप्पणउँ [४९] ।

गाढको निच्चट्ट (आदेश)—

विहवे कस्सु थिरत्तणउँ जोव्वणि कस्सु मरट्टु।
सो लेखडउ पठाविअउ जो लग्गइ निच्चट्टु ॥ ८२ ॥ (=हे. ४२२.६)
(विभवे कस्य स्थिरत्वं यौवने कस्य गर्वः।
स लेखः प्रस्थाप्यतां यो लगति गाढम् ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वैभवमें स्थिरता किसकी? यौवनमें गर्व किसका? (तो) वह लेख भेजा जा रहा है जो गाढरूपसे लगे।

क्रीडाको खेड्ड (आदेश)–

खेड्डयं कयम्हेहिं निच्छयं किं पयंपह।
अणुरत्ताउ भत्ताउ अम्हे मा चय सामिअ ॥ ८३ ॥ (=हे. ४२२.९)

(क्रीडा कृतास्माभिर्निश्चयं किं प्रजल्पत।
अनुरक्तान् भक्तानस्मान् मा त्यज स्वामिन् ॥)

हे स्वामिन्, हमने क्रीडा की। आप ऐसा क्यों बोलते हैं? अनुरक्त ऐसे हम भक्तोंको मत छोडिए।

असाधारणको असड्ढल (आदेश)–

कहिँ ससहरु कहिँ मअरहरु कहिँ बरिहिणु कहिँ मेहु।
दूरठिआहँ वि सज्जणहं होइ असड्ढलु नेहु ॥ ८४ ॥ (=हे. ४२२.७)

(कुत्र शशधरः कुत्र मकरगृहं कुत्र बर्हिणः कुत्र मेघः।
दूरस्थितानामपि सज्जनानां भवत्यसाधारणः स्नेहः ॥)

कहाँ चंद्र कहाँ सागर। कहाँ मयूर कहाँ मेह। यद्यपि सज्जन दूर रहनेवाले हों तोभी उनका स्नेह असाधारण होता है।

नवको नवख (आदेश)–

नवखी क वि विसगंठि [५७]।

मूढको नालिअ और वढ (आदेश)—

जो पुणु मणि जि खसिफसिहूअउ चिंतइ देइ न द्रम्मु न रूअउ।
रइवसभमिरु करग्गुल्लालिउ घरहि जि कोंतु गुणइ सो नालिउ ॥ ८५ ॥
(=हे. ४२२.१३)

(यः पुनर्मनस्येव व्याकलीभूतश्चिन्तयति ददाति न द्रम्मं न रूपकम्।
रतिवशभ्रमणशीलः कराग्रोल्लालितं गृहेष्वेव कुन्तं गुणयति स मूढः ॥)

जो मनमेंही व्याकुल होकर चिंता करता है पर एकभी दाम या रुपया नहीं देता (वह एक मूर्ख)। रतिवश होकर घूमनेवाला और घरमेंही अंगुलियोंसे भालेको नचानेवाला वह (एक) मूर्ख।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दिवँहिँ विढत्तउँ खाहि वढ [७७]।

अस्पृश्यसंसर्गको विट्टाल (आदेश)—

जे छड्डेविणु रअणनिहि अप्पउँ तडि घल्लन्ति।
तहँ संखहँ विट्टालु पर फुक्किज्जंत भमन्ति ॥ ८६ ॥ (=हे.४२२.३)

(ये त्यक्त्वा रत्ननिधिमात्मानं तटे क्षिपन्ति।
तेषां शंखानामस्पृश्यसंसर्गः परं फूत्क्रियमाणा भ्रमन्ति ॥)

जो सागरको छोडकर अपनेको तटपर फेंक देते हैं, उन शंखोंका अस्पृश्यसंसर्ग है। (वे) केवल (दूसरोंसे) फूँके जाते हुए घूमते हैं।

अद्भुतस्य ढक्करि (आदेश)—

हिअडा पइँ बहु बोल्लिअउँ महु अग्गइ सयवार।
फुट्टिसु पिएँ पवसंति हउँ भंडय ढक्करिसार ॥८७॥ (=हे. ४२२.११)

(हृदय त्वया बहु उक्तं ममाग्रे शतवारम्।
स्फुटिष्यामि प्रिये प्रवसति अहं भण्डक अद्भुतसार ॥)

हे अद्भुतशक्तियुक्त शठ हृदय, तूने मेरे आगे सैंकडों बार बहुत कहा था कि प्रियकर यदि प्रवासपर जायेगा तो मैं फूट जाऊँगा।

कौतुकको कोड्ड (आदेश)—

कुंजरु अन्नहँ तरुवरहं कोड्डेँण घल्लइ हत्थु।
मणु पुणु एक्कहिँ सल्लइहिं जइ पुच्छह परमत्थु ॥ ८८ ॥ (=हे.४२२.८)

(कुञ्जरोऽन्येषु तरुवरेषु कौतुकेन क्षिपति हस्तम्।
मनः पुनरेकस्यां शल्लक्यां यदि पृच्छत परमार्थम् ॥)

अन्य अच्छे तरुपर हाथी अपनी सूँढ कौतुकसे (खेलके लिए) रगडता है। पर सच पूछो तो उसका मन केवल सल्लकी (वृक्ष) में (लगा रहता) है।

हे सखि इसको हेल्लि (आदेश)—

हेल्लि म जंपहि आलु [४८] ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यदि को छुडु (आदेश)—

विहि विणडउ पीडन्तु गह मं धणि करहि विसाउ।
संपइ कड्ढउँ वेस जिम छुडु अग्घइ ववसाउ ॥८९॥ (=हे.३८५.१)

(विधिर्विनटतु पीडयन्तु ग्रहाः मा धन्ये कुरु विषादम्।
संपदं कर्षामि वेश्येव यदि अर्घति व्यवसायम् ॥)

दैव विमुख होने दो। ग्रह पीडा दें। हे सुंदरी, विषाद मत कर। यदि व्यवसाय मिलेगा तो संपत्तिको वेश्याके समान खींच लाऊँगा।

संबंधिन् को केर और तण (आदेश)—

गअउ सु केसरि पिअहु जलु निच्चिंतइ हरिणाइं।
जसु केरएँ हुंकारडएं मुहहु पडन्ति तिणाइं ॥ ९० ॥ (=हे. ४२२.१५)

(गतः स केसरी पिबत जलं निश्चिन्ता हरिणाः।
यस्य संबंधिना हुंकारेण मुखात् पतन्ति तृणानि ॥)

हे हरिणो, वह सिंह चला गया जिसकी हुंकारसे मुखोंसे तृण गिर पडते हैं। (अब) निश्चिंतरूपसे जल पिओ।

जइ भग्गा अम्हहं तणा [७] ॥

दृष्टिको द्रेहि (आदेश)—

एक्कमेक्कउँ जइ वि पेक्खइ हरि सुट्ठु सव्वायरेंण।
तो वि द्रेहि जहिँ कहिँ वि राही।
को सक्कइ संवरेवि दड्ढनअणा नेहें पलुट्टा ॥ ९१ ॥ (=हे. ४२२.५)

(एकमेकं यद्यपि प्रेक्षते हरिः सुष्ठु सर्वादरेण।
तथापि दृष्टिर्यत्र कुत्रापि राधा।
कः शक्नोति संवरीतुं दग्धनयने स्नेहेन पर्यस्ते ॥)

यद्यपि अच्छी तरहसे सर्वादरपूर्वक हरि एकेक (गोपी) को देखता है, तथापि उसकी दृष्टि वहाँ है जहाँ कहाँ राधा है। स्नेहसे भरे हुए नयनोंको रोकनेके लिए कौन समर्थ है?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हुहुरुघिग्घिगाः शब्दचेष्टानुकृत्योः ॥ ५६ ॥

अपभ्रंशमें हुहुरु, इत्यादि शब्द शब्दानुकरणमें, और घिग्घिग, इत्यादि शब्द चेष्टानुकरणमें यथाक्रम प्रयुक्त करें ॥ ५७ ॥

मइँ जाणिउँ बुड्डीसुँ हउँ पेम्मद्दहि हुहुरु त्ति।
णवरि अचिंतिअ संपडिअ विप्पिअनाव झडत्ति। ९२ ॥ (=हे. ४२३.१)

(मया ज्ञातं मंक्ष्यामि अहं प्रेमह्रदे हुहुरुत्ति।
केवलमचिन्तिता संपतिता विप्रियनौर्झटिति ॥)

मैंने समझा कि हुहुरु शब्द करके मैं प्रेमरूपी सरोवरमें डूब जाऊँगी। पर बिना सोचेही (अकस्मात्) वियोगरूपी नौका (मुझे) मिल गई।

आदि शब्दके ग्रहणसे (ऐसेही अन्य शब्दानुकारी शब्द जानें। उदा.-)

खज्जइ न कसरक्केहिं पिज्जइ नउ घुंटेहिं।
एमइ होइ सुहच्छडी पिएँ दिट्ठे नअणेहिं ॥ ९३ ॥ (=हे. ४२३.२)

(खाद्यते न कसरकैः पीयते न घुण्टैः।
एवमेव भवति सुखासिका प्रिये दृष्टे नयनाभ्याम् ॥)

आँखोंसे प्रियकर देखे जानेपर, (वह) कसर कसर करके नहीं खाया जाता है, न घूँटोंसे पिया जाता है, तथापि सुखस्थिति रहती है।

इत्यादि शब्दानुकरण (के उदाहरण)।

अज्जु वि नाहु महु जिन घरि सिद्धत्था वंदेइ।
ताउँ जि विरहु गवक्खेहिं मक्कडघिग्घिउ देइ ॥९४॥ (=हे. ४२३.३)

(अद्यापि नाथो ममैव गृहे सिद्धार्थान् वन्दते।
तावदेव विरहो गवाक्षेभ्यो मर्कटविभीषिकां ददाति ॥)

मेरा नाथ जिन प्रतिमाओंको वंदन करता अभी घरमेंही है, (प्रवासपर नहीं गया है), तबतकही विरह झरोखेसे मर्कट-विभीषिका दे रहा है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

—आदि शब्दके ग्रहणसे (ऐसे अन्य चेष्टानुकारी शब्द जानें। उदा.-)

सिरि जर खंडी लोअडी गलि मणिअडा न वीस।
तो वि गोट्ठडा कराविआ मुद्धएँ उट्ठबईस ॥ ९५ ॥ (=हे. ४२३.४)

(शिरसि जरा खण्डिता लोमपुटी गले मणयो न विंशतिः।
तथापि गोष्ठस्थाः कारिता मुग्धया उत्तिष्ठोपविश ॥)

(यद्यपि) सिरपर फटी पुरानी कमलीकी टुकडी और गलेमें बीस मनियाँ भी नहीं थीं, तथापि सुंदरीने सभागृहके सभासदोंको उठकबैठक करा दिया।

ऐसे चेष्टानुकरण (के उदाहरण)।

अनर्थका घइमादयः ॥ ५८ ॥

अपभ्रंशमें घइं, इत्यादि निपात निरर्थक (विशेष अर्थ अभिप्रेत न होनेपरभी) प्रयुक्त किए जाते हैं ॥ ५८ ॥

पेम्मडि पच्छायावडा पिउ कलहिअउ विआलि।
घइं विवरीरी बुद्धडी होइ विणासहों कालि ॥९६॥ (=हे. ४२४.१)

(प्रेम्णि पश्चात्तापः प्रियः कलहायितः विकाले।
खलु विपरीता बुद्धिर्भवति विनाशस्य काले ॥)

प्रेममें पश्चात्ताप (और) सायंकालमें प्रियकरसे झगडा (हुआ)। सचमुच विनाशकालमें बुद्धि विपरीत होती है।

(सूत्रमें) आदि शब्दके ग्रहणसे, खाइं, इत्यादि (निपात निरर्थक प्रयुक्त किए जाते हैं)।

— तृतीय अध्याय तृतीय पाद समाप्त —

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चतुर्थः पादः

दिहौ सुपि ॥ १ ॥

(इस सूत्रमें) अपभ्रंशे पदकी अनुवृत्ति है। अपभ्रंशमें, सुप् (=विभक्तिप्रत्यय) आगे रहनेपर, संज्ञाके अन्त्य स्वरके दिहौ यानी दीर्घ और ह्रस्व प्रायः होते हैं। उदा.-रामु रामू, रामः ॥ १ ॥

सु (प्रत्यय आगे होनेपर)–

ढोल्ला सावँला धण चंपअवण्णी।

णाइ सुवण्णरेह कसवट्टइ दिण्णी ॥९७॥ (=हेम. ३३०.१)

(विटः श्यामलो धन्या चम्पकवर्णा।

इव सुवर्णरेखा कषपट्टे दत्ता ॥)

प्रियकर श्यामलवर्ण है (और) प्रिया चंपकवर्णकी है। (वह ऐसे लगती है कि) मानो कसौटीपर सुवर्णकी रेखा खिंची हो।

संबोधन (प्रत्यय आगे होनेपर)–

ढोल्ला मइँ तुहुँ वारिआ मा करु दीहा माणु।

निद्दएँ गमिही रत्तडी दडवड होइ विहाणु ॥९८॥(=हे.३३०.२)

(विट मया त्वं वारितो मा कुरु दीर्घं मानम्।

निद्रया गमिष्यति रात्रिः शीघ्रं भवति प्रभातम् ॥)

हे प्रियकर, मैंने तुझे बरजा कि दीर्घ (काल) मान मत कर। (कारण) नींदमें रात बीत जायेगी और झटपट प्रभात हो जायेगा।

स्त्रीलिंगमें—

बिट्टिए मइँ भणिय तुहुँ मा करु वंकी दिट्ठी।

पुत्ति सकण्णी भल्लि जिम मारइ हिअइ पइट्ठि ॥९९॥ (=हे.३३०.३)

(पुत्रि मया भणिता त्वं मा कुरु वक्रां दृष्टिम्।

पुत्रि सकर्णा भल्लिर्यथा मारयति हृदये प्रविष्टा ॥)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हे बिटिया, मैंने तुझसे कहा था कि बाँकी दृष्टि मत कर। (कारण) हे बिटिया, (यह बाँकी दृष्टि) नोकदार भालेके समान (दूसरोंके) हृदयमें बैठकर (पैठकर) मारती है।

जस् (प्रत्यय आगे रहनेपर)—

एइ ति घोडा एह थलि एइ ति निसिआ खग्ग।
एत्थु मुणीसिम जाणिअइ जे णवि वालइ वग्ग ॥१००॥ (=हे.३३०.४)

(एते ते घोटका एषा स्थली एते ते निशिताः खड्गाः।
अत्र मनुष्यत्वं ज्ञायते ये नापि वलयन्ति वल्गाः ॥)

ये वे घोडे। यह (वह युद्ध-) भूमि। ये वे तीक्ष्ण खड्ग। यहींपर उनके पौरुषकी परीक्षा होती है जो घोडेकी बाग पीछे नहीं खींचता।

इसीप्रकार अन्य विभक्तियोंमें उदाहरण लेने हैं।

स्वम्यत उत् ॥ २ ॥

अपभ्रंशमें सु और अम प्रत्यय आगे होनेपर, (शब्दोंके अन्त्य) अ का उकार होता है। उदा.-रामु! घडु। पडु ॥ २ ॥

